हे भाई जीवो! एक बानीरूप गैया तुमही सब को बिरंचि जे ब्रह्म हैं ते दियो है सो गैया को तात्पर्य जो दूध है ताको तुम न पायो, गैया का "भार अभर ह्वै गयो" तुम्हारो संम्हारो न सम्हारि गयो अर्थात् जो जो बानी में विधि निषेध लिखै है सो तुम्हारो कियो एकौ नहीं ह्वै सकै है सो ये मायिक विधिनिषेध तो तुम्हारे किये ह्वै नहीं सकै है बानी जो तात्पर्यवृत्ति ते बतावै है, सो तो अमायिक है कैसे जानौगे? वह गैया कैसी है सो बतावै हैं नौ कहे नवो जे व्याकरण हैं तिनको जो नारी कहे राह है तिनका जो शब्दरूपी जल है ताको पियै है अर्थात वोही के पेट ते वेद शास्त्र सब निकसै हैं और वही के पेट में ही ते शास्त्र वेद वोही नवो व्याकरण के शब्दरूपी जल ते शोधे जाय हैं अर्थात् वही वाणी में जल समाइ है परन्तु तृषा तबहूँ नाहिं बुझाइ है कहे वोही नवो व्याकरण करिकै शोधै है शास्त्रार्थ करत ही जाय है बोध नहीं होइ है कि शुद्ध ह्वै गयो पुनि प्रतीतम में आर्ष कहि देय है ॥१॥

कोठा बहत्तरि औ लौ लाये, बज्र केवांर लगाई।
खूंटा गाड़ि डोरी दृढ़ बांधो, तेहि वो तोरि पराई ॥२॥

पाताञ्जलिशास्त्र वाले वही गायत्री गैया को बाँधन चह्यो बहत्तरिउ कोठा ते लौ लगाइके कहे स्वास खैंचि कै खेचरीमुद्रा करि घेटी के ऊपर

वज्र कपाट जो लग्यो है ताको जीभ ते टारयो तब वहां अमृत स्रवो तब नागिनी उठी स्वास के साथ ऊपर को चढ़ी ताके साथ आत्मौ खूंटा जो ब्रह्माण्ड है ब्रह्मज्योति तहां पहुंच्यो जाय सो ज्योतिरूप ब्रह्म खूंटा है तामें प्रणागिनी जो गैया है ताको बांध्यो तेहि को तोरि पराई कहे जब समाधि उतरी तब फिरि जसको तस संसारी ह्वै गयो नागिनी शक्ति उतरि आई पुनि जीवन को संसार में डारि दियो ॥२॥

चारि वृक्ष छौ शाखा वाके, पत्र अठारह भाई ।
एतिक लै गैया गम कीन्हो, गैया अति हरहाई ॥३॥

पाताञ्जलि शास्त्र में योगक्रिया है सो काया ते होय ताते अलग कह्यो अब सब मेटि कै कहैहैं चारि वेद जेई हैं तेई वृक्ष हैं और छःउ शास्त्र जे हैं तेई शाखा हैं अठारहौ पुराण पत्र हैं सो एकलै कहे यहां लगे गैया गमन के जात भई कहे प्रवेश कै जात भई सो गैया बड़ी हरहाई है अर्थात् जहां जहां आरोप कियो तौन तौन वह खाय लियो अर्थात् जौन जौन आरोप कियो तौन वाके पेटते बाहर नहीं है भीतरही है ॥३॥

ई सातौ आवरन हैं सातौ, नौ औ चौदह भाई ।
एतिक गैया खाय बढ़ायो, गैया तऊ न अघाई ॥४॥

ये सातौ जे कहि आये छःचक्र और सातौ सहस्रार जहां ब्रह्म ज्योति में जीव को मिलावै है अरु सातौ आवरण जे हैं पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, आकाश, अहंकार, महत्तत्व अथवा सातौ वार काल अरु नौखंड जे हैं अरु चौदहो भुवन जे हैं सो ई सबन को गैया खाय कै बढ़ाइ डारयो तऊ न अघात भई अर्थात् सब वाणीमय ठहरे ॥४॥

खूंटा में राती है गैया, स्वेत सींग हैं भाई ।
अवरन बरन कछू नहिं वाके, भक्ष अभक्षौ खाई ॥५॥
ब्रह्माविष्णु खोज कै आये, शिवसनकादिक भाई ।
सिद्ध अनन्त वहि खोज परे हैं, गैया किनहुं न पाई ॥६॥

सो वह गैया खूंटा जो धोखाब्रह्म है तामे राती है अर्थात् ब्रह्म माया अवलित है अरु यहि गैया के सींग श्वेत हैं कहे सतो गुणो हैं सोई ब्रह्म में बांधिबो है और अवरन कहे असत औ बरन कहे सत ई वाके कोई नहीं हैं अर्थात् सत् असत् से बिलक्षण है अथवा अवरन कहे नहीं है बरन जाके ऐसो निरक्षर ब्रह्म नाम रूपादिक नहीं है जाके और बरन कहे अक्षर ब्रह्म जीव ये दोनों नहीं हैं वाके अर्थात् ई दोनों ते बिलक्षण है और भक्ष अभक्षो खाइ है कहे जो कर्म करावन लायक है सो करावै है और जो कर्म करावन लायक नहीं है सोऊ करावै है अर्थात् विद्यारूपते शुभ कर्म और अविद्या रूपते अशुभ कर्म करावै हैं, सो वाको शिव सनकादिक ब्रह्मा विष्णु महेश अनन्त सिद्ध खोज मरे पर गैया कोऊ न खोज पायो कि सत है कि असत है तात्पर्यऊ न जाने ॥५॥६॥

कहे कबीर सुनो हो सन्तो, जो या पद अरथाई ।
जो या पद को गाइ बिचरिहै आगे ह्वै तरि जाई ॥७॥

श्री कबीर जी कहे हैं कि हे सन्तो ! सुनौ जो या पद को अर्थै है कहे अर्थ बिचारि है और जौन पद हम वर्णन करे आये सब ब्रह्मांड सप्तावरण आदि दैके जे पद हैं कहे स्थान तिनको जो कोई गाइ कहे माया को रूपही बिचारैगो कि ये सब माया ही है सो माया के आगे ह्वै कै साहब को लोक बिचारैगो सोई तरैगो ॥७॥

## शब्द ७

भाई रे दुइ जगदीश कहां ते आये, कहहु कौने भरमाया ।
अल्ला राम करीम केशव हरि, हज़रत नाम धराया ॥१॥
गहना एक कनक ते गहना, तामें भाव न दूजा ।
कहन सुनन को दुइ करि थापे, यक नेवाज यक पूजा ॥२॥

श्री कबीर जी कहे हैं कि हे भाइउ ! दुइ जगदीश कहां ते आये तोको कौने भरमायो है अल्ला राम करीम केशव हरि हज़रत ये तौ सब नाम भेद हैं कहते तो एकही को हैं ॥१॥

जैसे एक गहना को सुवर्ण का गहना कहै गहिलेय कहै सुवर्ण विचारि लेइ तामें भाव दूजा नहीं है यह सुवर्ण है जैसे कोई चूड़ो कोई बिजायठ इत्यादिक नाम कहै हैं परन्तु है सुवर्ण ही तैसे कहिबे सुनिबे दुइ करि थाप्यो है 'येक नेवाज यक पूजा' परन्तु है सब साहब की बन्दगी को ही परम परपुरुष श्रीरामचन्द्र ही को सेवैं हैं ॥२॥

**वही महादेव वही महम्मद, ब्रह्मा आदम कहिये ॥**
**कोइ हिन्दू कोइ तुरुक कहावै, एक जिमीं पर रहिये ॥३॥**

वोही परम पुरुष श्रीरामचन्द्र को महादेव व महम्मद व ब्रह्मा व आदम सब कहिये कहै कहत भये कोई राम कहिकै कोई अल्लाह नाम कहिकै कुरान में लिख्यो है कि सब नामन में अल्लाह नाम ऊपर है और यहां वेद पुराण में लिखै है कि सब नामन में रामनाम ऊपर है तामें प्रमाण

"सर्वेशामपि मंत्राणां राममंत्रफलाधिकमिति"

"सहस्रनाम तत्तुल्यं रामनाम वरानने"

याते सब के मालिक परमपुरुष श्रीरामचन्द्र ही जगदीश हैं दूसरो जगदीश नहीं है उनहीं के अल्लाह नाम को सब नामन ते परे महम्मद कुरान में लिख्यो है, व उनही नाम को महादेव ने तंत्रों में लिख्यो है, और ब्रह्मा वेद में कहत भये, आदम किताब में कह भये, अरु इहां तो एक जे परमपुरुष श्री रामचन्द्र हैं तिनहीं के जिमीं में कहै जगत में रहत भये नाम के भेद ते कोई हिन्दू कोई मुसल्मान कहावै है ॥३॥

**वेद किताब पढ़ै वे कुतुबा, वे मोलना वे पांडे ।**
**बिगत बिगत कै नाम धरायो, यक माटी के भांडे ॥४॥**

जिनके पोथी जमा होय हैं ते कहावै हैं कुतुबा वे वेद पुराण जमा कै कै पढ़ै हैं वे किताब जमा कै कै पढ़ै हैं वे पण्डित कहावै हैं वे मोलना कहावै हैं वेद पढ़िकै पण्डित किताब पढ़ि कै मोलना कहावैं बिगत बिगत कहे जुदा जुदा नाम धराय लेते भये हैं एक ही माटी के भांड़े कहै हैं सब पञ्चभौतिक ही हैं ॥४॥

कह कबीर वे दूनौं भूले, रामहिं किनहुं न पाया।
वे खसिया वे गाय कटावैं, बादै जनम गंवाया ॥४॥

श्री कबीर जी कहै हैं कि हिन्दू तो बोकरा मारिकै मुसलमान गाय मारिकै नाना प्रकार के वादविवाद करिके अथवा बादै कहे वृथा ही दोऊ भूलि के जन्म गंवाय दियो परमपुरुषपर जे श्रीरामचन्द्र तिनको न पावत भये हिन्दू तुरुक के खुदा खाविन्द पर्कई है कोई बिरले जाने हैं ते वहां पहुंचे हैं तामें प्रमाण,

"छोड़ि नासूत मलकूत जबरूत लाहूत हाहूत बाजी।
और साहूत राहूत इहाँ डारिदे कूदि आहूत जाहूत आजी।
आय जाहूत में खुद खाविन्द जहँ वही मक्कान साकेतसाजी॥
कहै कब्बीर ह्यां भश्त दोजख थके वेद कीताब काहूत काजी"॥५॥

## शब्द ८

हंसा संशय छूरी कुहिया, गैया पियै बछरुवै दुहिया॥१॥
घर घर सावज खेलै अहेरा, पारथ ओटा लेई।
पानी माहिं तलफि गै भूभुरि, धूरि हिलोरा देई॥२॥

कबीर जी कहै हैं कि हे हंसा! संशय रूप छूरी ते मारिगयो तोको उलटो ज्ञान ह्वै गयो बछुरुवा जो है तैसो तेरो स्वरूप ज्ञानरूप जो दूध ताको गैया जो माया सो दुहि कै पीलियो ॥१॥

सावज जो यह मन है सो घर घर में कहे शरीर शरीर में शिकार खेलै है 'पारथ' कहे शिकारी जीव सो ओटा लेइ है अर्थात् नाना उपासना नाना ज्ञान करत फिरै है पर मन तोको नहीं छोड़ै है साउज ते नहीं बचे है पानीरूप जो है पानी नाना शास्त्र तीने में 'भूभुरि' जो सूर्यन के तापते तपित भूमि होय है सो भूभुरि कहावै है ऐसे संसार ताप ते तपित जो तेरा अन्तःकरण सो तलफि गयो अर्थात् अधिक अधिक शंका होत भई तिन ते अधिक तप्त भयो शीतल न भयो काहे ते कि धूरि जो सूखा ब्रह्मज्ञान सो हिलोरा देन लग्यो कहे शास्त्रन में वही धोखा ब्रह्म ही देख परन लग्यो शास्त्रन को तात्पर्य जो साहब तिनको न जान्यो ॥२॥

धरती बरसै, बादल भीजै, भीट भया पैराऊ।
हंस उड़ाने ताल सुखाने, चहले बीधा पाऊ ॥ ८ ॥

बुद्धि जो है सो धरती है काहेते सब मतन को आधार यही है बानीरूप पानी बरसै है कहे नाना मतन को निश्चय कै कै प्रकट करै है अरु यह बानी जीवही ते प्रथम निकसी है सो जीव बादल है सो भीजै कहे कोई मतन को ग्रहण कियो यह लोकोक्ति है कि फलाने फलाने में भीजि रहे हैं कहे आसक्त ह्वै रहे हैं, भीट चारयो वेद हैं, मर्यादा ते पैराऊ ह्वै गये कहे उनकी थाह कोई न पावत भयो अर्थात् तात्पर्य करिकै जो परमपुरुष श्रीरामचन्द्र को वर्णन करैहै सो कोई न पावत भयो। ताल सूखे हंस उड़ै हैं यहाँ हंस उड़े ताल सूखे हैं अब हंस उड़ो कहे या जीव निकसि गयो तब ताल जो शरीर है सो सूखि गयो तब बासना जे हैं तेई चहला हैं तिनमें पाँउ बीधि रह्यो जैसे तलाउ जब सूखेउ और पुनि चौमासे में जब जल बरस्यो तब जस को तस ह्वै गयो तैसे बासना में पाँउ फँसि रह्यो है दूसर शरीर जब पायो तब फिर वही शरीर में तलाउ में हंस जीव बूड़न उतरान लग्यो है सो भाव यह कि उड़न को तो करैहै शरीर ताल ते अन्तै नहीं जाय सकै है कोई योनि में रहै ॥ ८ ॥

जौ लगि कर डोलै पग चलई, तौ लगि आस न कीजै।
कह कबीर जेहि चलत न दीखै, तासु बचन का लीजै ॥९॥

जब लग पांव चलै है कर डोलै है कहे शरीर बनो है तब लगि गुरुवालोगन की आश न करिये जो आश करैगो तौ याही भांति बँधि रहैगो सो कबीर जी कहै हैं जे गुरुवालोग नाना पदार्थन में आश लगाइ देत हैं तिनही ते चलत नहीं बनै है तौ तिनको कह्यो बचन कैसे लीजिये कहे कैसे मानिये अर्थात् उनके यहां न जाइये काहे ते कि वे साहब को भुलाइ कै औरै में लगाइ देहिंगे संसार ही में फंसो रहैगो यामें धुनि यह है कि जे संसार ते छूटे हैं रामोपासक हैं तिनही को बचन मानिये तिनही के यहां जाइये ॥ ९ ॥

हंसा हो चित चेत सवेरा, इन्ह परपञ्च करल बहुतेरा ॥ १ ॥
पाखंडरूप रच्यो इन्ह तिरगुन, तेहि पाखंड भूल संसारा।
घर को खसम बधिक भो राजा, परजा काधौं करै बिचारा ॥२॥

हे हंसा जीवो ! सबेरे ते कहे अबही ते चित्त में चेत करौ सबेरे ते कह्यो ताको भाव यह है कि जब काल नियराय आवैगो तब कछू न करत बनैगो तिहारे फांसिबे को यह माया बहुत परपञ्च कियो है ॥१॥

पहिले पाखण्डरूप जो वह धोखाब्रह्म है ताको रच्यो तामें मिलिकै तिरगुन जे सत-रज-तम हैं तिनको तिहारे फाँसिबे को प्रगट कियो सो तीनों गुणाभिमानी जे तीनों देवता हैं अरु पाखण्डरूप जो धोखा-ब्रह्म है तामें सब भूलि गये घर को खसम जब स्त्री को बधिक कहे दुःख देन लाग्यो मारन लाग्यो तब स्त्री कहा करै तैसे जो राजा प्रजा को बधिक कहे मारन लाग्यो दुःख देन लाग्यो, तब बिचारे प्रजा कहा करै सो यह मन तो सब को मालिक ह्वै रह्यो है सो यही जो सब को दुःख देन लाग्यो तौ जीव कहा करै ॥ २ ॥

भक्ति न जानै भक्त कहावै, तजि अमृत बिष कै लिय सारा।
आगे बड़े ऐसही भूले, तिनहुं न मानल कहा हमारा ॥ ३ ॥

भक्ति को जानै नहीं हैं भक्त कहावै हैं अमृत जो है परमपर पुरुष श्रीरामचन्द्र की भक्ति ताको छोड़िकै बिष जो है और और की भक्ति ताको सार मानि लियो है सो आगे जे बड़े बड़े ह्वै गये हैं तेऊ ऐसेही भूलि गये हमारो कह्यो नहीं मान्यो साहब की भक्ति छोड़िकै और और की भक्ति करिकै संसार ही में परत भये ॥ ३ ॥

कहल हमारा गांठी बांधो, निशि बासरहिं होहु हुशियारा।
ये कलि के गुरु बड़ परपञ्ची, डारि ठगौरी सब जग मारा ॥४॥

सो हमारो कह्यो गांठी बांधो जो अबहूँ हमारो कह्यो न मानौगे साहब की भक्ति न करौगे तौ संसार ही में परौगे कलियुग के जे गुरुवा

हैं ते बड़े परपञ्ची हैं सब जग का ठगोरी कहे ठगिकै परमपुरुषपर जो श्रीरामचन्द्र हैं तिनकी भक्ति को छोड़िकै और और मतन में डारि दे रहैं सो निशिवासर हुशियार रहो अर्थात् निशिवासर रामनाम को स्मरण करत रहो साहब को जानत रहो गुरुवा लोगन को कहा न मानो ॥ ४ ॥

बेद किताब दोय फन्द पसारा, ते फन्दे पर आप बिचारा।
कहत कबीर ते हंस न बिछुरे, जेहि मैं मिलो छोड़ावनहारा ॥५॥

वोई जे गुरुवालोग हैं ते आइ ये बेद किताब को फन्द पसारि कै नाना मतन में करत भये सो वही फन्द में आप परत भये व औरहु को वही फन्द में डारि कै नाना मतन में लगाय देते भये बेद किताब को तात्पर्य न जानत भये सो कबीर जी कहै हैं कि जौने जीव को मैं फन्द ते छोड़ावनहार मिल्यो हौं और परमपुरुष में लगाइ दियो ते आज लौं नहीं बिछुरे न बिछुरैंगे सो तुमहूं परखि करिकै मेरो कह्यो मानिकै हे हंस जीवो ! तुमहू फंद छोड़ि परमपुरुषपर जे श्री रामचन्द्र हैं तिनमें लगौ ॥ ५ ॥

---

हंसा प्यारे सरवरते जे *जाय।
जेहि सरवर बिच मोतिया चुनते, बहुबिधि केलि कराय ॥१॥
सुखे ताल पुरइनि जल छोड़े, कमल गयो कुंभिलाय।
कह कबीर जो अबकी बिछुरै, बहुरि मिलै कब आय ॥२॥

हे प्यारे हंस, सरवर जो शरीर है ताते जे जाय कहे जिनके शरीर छूटि जाय हैं जौने सरवर शरीर को प्राप्त होइकै मोतिया चुनै हैं कहे ज्ञानयोगादिक साधन करिकै मुक्ति की चाह करैं हैं और बहुबिधि की केलि करै हैं, जो त्याजे पाठ होय तो यह अर्थ है हे हंसा जीव, प्यारो जो

---

* कहीं कहीं पाठ है "सरवर त्याजे जाय"

सरवर शरीर ताको त्यागे जाय है औम सरवर शरीर में नाना देवतन की उपासना रूप मोती चुने नाना विषयन को भोग कीन्हे सो छोड़े जाय है ॥ १ ॥

सो शरीरकपीताल जब सूक्ष्यो कहे रोग करिके ग्रस्त भयो तब पुरइनि जल छोड़ि दियो अर्थात् यह ज्ञान बुद्धि तुम्हारे न रहिगयो अरु अनुभव जो तुम करत रह्यो सोई कमल है सो कुंभिलाय गयो अर्थात् भूलि गयो सो कबीरजी कहै हैं कि यहि तरह ते जो अब की बिछुरै कहे शरीर छूटि जाय तब पुनि कबै ऐसो शरीर पावैगो, चौरासी लाख योनि भटकैगो तब फेरि कबहुं जैसे तैसे मिलैगो शरीर छूटे ज्ञान योगादिक साधन भूलि जाय हैं तेहिते मानुषशरीर पाइकै साहब को जानै यह शरीरहू छूटे नहीं भूलै है काहे ते कि साहबही आपनो ज्ञान देइहै और हंस स्वरूप देइहै ॥ २ ॥

---

## ॥ अथ चौतीसीप्रारम्भः ॥

ॐकार आदिहि जो जानै ।
लिखिकै मेटि ताहि फिरि मानै ॥
वै ॐकार कहौ सब कोई ।
जिनहुं लखा सो बिरला होई ॥ १ ॥

ओंकार को आदि जो राममाम ताको जो कोई जानै पिण्डाण्ड ब्रह्माण्ड को ताहै लिखिकै कहे उत्पतिकै मेटै कहे नाशकरै फिरि मानै कहे पालन करै सो यह ओंकार को तो सबै कोई कहै हैं परन्तु जिन वाको लखा है सो कोई बिरला है ताके लखिबे को प्रकार हौं कहौ हौं अकार लक्ष्मण को स्वरूप, उकार शत्रुघ्न को स्वरूप, मकार भरत को स्वरूप अर्द्धमात्रा श्रीरामचन्द्रजी को स्वरूप सम्पूर्ण प्रणव श्रीजानकी जी को स्वरूप यहि रीति ते जो कोई प्रणव को जानै सो बिरला है कौनी

रीति ते जप करै त्रिकुटी में अकार कण्ठ में उकार हृदय में मकार नाभि में अर्द्धमात्रा गैबगुफा में सम्पूर्ण प्रणव ऐसे। एक एक मात्रा को अर्थ विचारत घण्टानाद की नाईं जपकरनवारो विरला है। साहबमुख यह अर्थ हम दिग्दर्शन कर दियो है और विस्तारते अर्थ हमारे रहस्य-त्रयग्रंथ में है और सब जगत्मुख अर्थ है॥ १॥

कका कमल किरनि में पावै।
शशि विकसित संपुट नहिं आवै॥
तहां कुसुम्भ रंग जो पावै।
औ गहगह कै गगन रहावै॥ २॥

क कहिये सुख को, सो कका कहे सुख को सुख जो साहब तिनको किरनि जो अर्द्धमात्रा ताको नाभिकमल में ध्यान करि जीव जानै और शशि जो चन्द्र नाड़ी तौन को अमृत सींचि कै विकसित किये रहै, संपुटित न होन पावै व तहैं कुसुंभरङ्ग जो प्रेम ताको पावै तो अगह जो साहब जे मन वचन करि कै नहीं गहे जाइँ तिनको गहि कै गगन जो हृदय आकाश तामें राखै याके आवरण के मंत्र और ध्यान को प्रकार हमारे शान्तिशतक में लिख्यो है। ककार सुख को कहै हैं तामें प्रमाण—

"कः प्रजापतिरुद्दिष्टः को वायुरिति शब्दितः।
कश्चात्मनि समाख्यातः कस्सामान्य उदाहृतः॥ १॥
कं शिरो जलमाख्यातं कं सुखेऽपि प्रकीर्तितम्।
पृथिव्यां कुः समाख्यातः कुः शब्देऽपि प्रकीर्तितः॥ २॥

खखा चाहै खोरि मनावै।
खसमहिं छोड़ि दशहु दिशि धावै॥
खसमहिं छोड़ि छमा ह्वै रहई।
होइ अखीन अछय पद गहई॥ ३॥

ख जो चैतन्याकाश ताहू को चैतन्याकाश अर्थात् ब्रह्मौ को ब्रह्म जो साहब ताको जो चाहै तो अपनी खोरि जो चूक सो मनावै कहे

बकसावै कौन चूक औन खसम जे साहब हैं तिनको छोड़िकै जो दशौ दिशा में धावै है कहे नाना उपासना करै है सो या चूक बकसावै व ख औ चैतन्याकाश सम कहे सर्वत्र पूर्ण ऐसो जो धोखाब्रह्म ताको छोड़ि कै तैं सना हूँ रहु ब्रह्म को वादविवाद न करु होइ अलीन कहे आपनो स्वरूप जानि कै कि मैं साहब को हौं अजय हौं ब्रह्महूँ में लीन भये मेरो जीवत्व नहीं जाय है ऐसो हंस रूप ह्वै कै अक्षयपद जे साहब तिनको गहु ॥ ३ ॥

गगा गुरु के वचनै मानै।
दूसर शब्द करै नहिं कानै ॥
तहां विहंगम कतहुं न जाई।
औ गहि गहि कै गगन रहाई ॥ ४ ॥

ग जो है साहब को गीत ताको ग कहे ते गवैया हैं सो हे जीव! तैं गुरु जे साहब हैं तिनके वचन मानु कौन वचन कि—

अजहूं लेउं छुँड़ाय काल से जो घट सुरति सँभारै।

और दूसर शब्द न कान करु जो घट सुरति संभारै गो तौ विहङ्गम जो जीवत्मा सो कतौं न जाइगो व गह कहे अवगाह जे साहब हैं तिनको गहि कै गगन जो हृदयाकाश ताही में रहैगो अर्थात् जो साहब को गुन गान करैगो तौ तेरो मन जो सर्वत्र डोलै है सो कतौं न जाइगो। तामें प्रमाण

"गो गणपतिरुद्दिष्टो गन्धर्वो गः प्रकीर्तितः।
गं गीते गा तु गीता च.गौश्च धेनुस्सरस्वती" ॥ ४ ॥

घघा घट बिनसे घट होई।
घटही में घट राखु समोई ॥
जो घट घटै घटै फिरि आवै।
घटही में फिरि-घटै समावै ॥५॥

घ जो घट है ताको घा जी नाश है सो करनवारो अर्थात् जनम मरनवारे हे घघा जीव ! घट जे पांचौ शरीर ताके बिनसे घट जो है हंसशरीर सो होइ है कैसे होइ है ताको साधन कहे हैं घट ही में घट राखु समोइ कहे स्थूल सूक्ष्म में, सूक्ष्म कारण में, कारण महाकारण में, महाकारण कैवल्य में, कैवल्य हंसस्वरूप में समोइ राखु अर्थात् एक एक में लीन कै देइ जो यही रीति ते घट जे पांचौ शरीर तिनको घटै घटै फिरि आवै तो घट जो है हृदयाकाश ताही में घट जो हंसशरीर सो समावै अर्थात् जीतै यही शरीर में हंसस्वरूप पाय जाय। घघान को कहै हैं—

घो घटेऽपि समाख्यातः किंकिणी घा प्रकीर्तितः।
हनुमते घा समाख्याता घृ मूर्द्धनि प्रकीर्तितः ॥ ५ ॥

ङ ङा निरखत निशि दिन जाई।
निरखत नयन रहत रतनाई ॥
निमिष एकलौं निरखै पावै।
ताहि निमिष में नयन छिपावै ॥६॥

ङ कहे भयानक ङा कहे विषयवाञ्छा सो ङङा भयानक विषयवाञ्छा निरखत कहे विचारत तो को दिनौ राति जाइ हैंवाही के निरखत में कहे विचारत में नय जो नीति सो नहीं रहत, रतनाइ जो अनुराग विषय में सोई रहि जाइ है कैसी है वह विषय कि एक निमिष लौं निरखौ पावै कहे वामें लगै तो तौंनेन निमिष में भोगोपरान्त नयन छिपाये है नहीं नीक लागै है अर्थात् रूप को देख्यो फिरि नयन में नीर भरि आवै है नहीं नीक लागै है, सुगन्ध बहुत सूंघ्यो उपरान्त नाक बरि उठै है अच्छो भोजन कियो तृप भये पर बिरस परिजाय है गान बहुत सुन्यो फिरि बकवानि लगै है सो ये सब तृप्ति के उपरान्त जो निमिष है तोने निमिष नहीं नीक लागै है। ङ विषय वाञ्छा को कहै हैं तामें प्रमाण,

झकारो भैरवः ख्यातो झा ध्वमावपि कीर्तितः।
झकारस्स्मरणे प्रोक्तो झाकारो विषयस्पृहा" ॥ ६ ॥

चचा चित्र रचो बहु भारी।
चित्र छोड़ि तू चेतु चित्रकारी ॥
जिन यह चित्र विचित्रउ खेला।
चित्र छोड़ि तू चेतु चितेला ॥ ७ ॥

च कहे मन काहे ते कि मन को देवता चन्द्रमा याते च मन को कही और दूसर च चोर को कही सो तेरो मन ओ चोर सो तेरो स्वरूप को चोराय लीन्हो साहब को भुलाय दीन्हो सो यह जगत्‌रूप चित्र जो रच्यो है चित्र विचित्र सो तू छोड़ि दे, हे जीव ! चित्रकारी जो मन ताको चेत करु वही तेरे स्वरूप को भुलाय दियो है। च चन्द्रमा व चोर को कहै हैं—

"च चन्द्रश्च समाख्यातस्तस्करश्च उदाहृतः" ॥ ७ ॥

छछा आहि छत्रपति पासा।
छकि किन रहै छोड़ि सब आसा ॥
मैं तोहीं छन छन समुझाया।
खसम छोड़ि कस आपु बंधाया ॥ ८ ॥

छ कहे निर्मल जीव तैं आपने स्वरूप को भूलि कै साहब को भूलि गयो ताते छा कहे छेद रूप ही ह्वै गयो तेरे स्वरूप की छय ह्वै गई से तैं तो छत्रपती जे परमपुरुष श्रीरामचन्द्र तिनको आहि तिनके पास आयकै ई सब नाना देवन की आशा छोड़ि कै छकि रहु या बात मैं तो को छन छन समझायो परन्तु खसम जे साहब हैं तिनको छोड़ि कै तैं काहे को जगत में अपनपौ बँधाया। छ निर्मल को और छेद को कहै हैं, तामें प्रमाण—

"निर्मलश्छस्समाख्यातः तरणिश्छः प्रकीर्तितः।
छेदे च छः समाख्यातो विद्वद्भिः शब्दशासने" ॥ ८ ॥

जजा ई तन जियतहि जारो।
जोबन जारि जुक्ति जो पारो ॥
घटहि ज्योति उजियारी करै।
जो कछु जानि जानि परजरै ॥ ९ ॥

ज कहिये वेगवंत को व जा कहिये जघन को सो हे जीव ! वेग-धारा जो मन है सोई तेरो जघन है ताही ते भ्रमत फिरै है अर्थात् जनन मरण होत रहै है सो या तनको कहे मनरूप तन को तैं जीतै में कहे यही शरीर को साधन करके जारि दे मरेते न जरैगो दूसर शरीर देइगो जोबन कहे युवा अवस्था को जारि कै यह युक्ति को पारो कहे धारण करो फिर वृद्धावस्था में साधन करिबे की समर्थ नहीं रहै है। ताते युवै अवस्था में इन्द्रिन को विषयसाधन करि जारु कौनी तरह ते जारु कि जो कछु पदार्थ जगत् में जानि राखशो है ते जानि परैं कि जरि गये अर्थात् मन को संकल्पविकल्प छूटि जाइ तबहीं ज्योति जो मन है सो घट में साहब की ओर उजियारो करै है। ज्योति मन को कहै हैं तामें प्रमाण—

"जीवरूप यक अन्तरबासा। अन्तर ज्योति कीन परकासा"

और जकार वेगधारे को व जघन को कहै हैं—

जेति तेजः समाख्यातो जघने जः प्रकीर्तितः" ॥ ९ ॥

झझा अरुझि सरुझि कित जाना।
हीठत ढूंढ़त जाहि पराना ॥
कोटि सुमेरु ढूंढ़ि फिरि आवै।
जो गढ़ गढ़ा गढ़हि सो पावै ॥ १० ॥

झ कहिये झंझा पवन को और झा कहिये नष्ट को सो तैं विषय झंझा में परिकै नष्ट होइ गये सो या में अरुझि कै तैं कहां सरुझि कै जैहै, झ कहिये पीठि को झा कहिये विषयबयारि को, सो विषयबयारि

में अरुझि कै साहब को पीठि दैकै सरुझि कै कित जान चाहै है। ढीठत ढूंढ़त तेरो परान जाइ है नाना उपासना नाना मत करै है अथवा ढीठत ढूंढ़त तेरो परान जाइ है नाना मतन में पै तोको विषयबियारि न छांड़ैगी वाही में अरुझो रहैगो कोटि सुमेरु कहे कोटिन ब्रह्माण्ड भटकि आओ परन्तु जौन मन शरीर गढ़ को गढ़ा है कहे बनावा तौनेन को ध गढ़ कहे शरीर को तपावैगो याते तैं विषयबयारि को छांड़ु साहब के सन्मुख होइ। झ झंझा बात को व नष्ट को कहे हैं तामें प्रमाण—

"झंझावाते झकारः स्यान्नष्टे झस्समुदाहृतः" ॥ १० ॥

ञञा निरखत नगरसनेहू।
आपन करु निरुवारु सँदेहू॥
नहिं देखौं नहिं आपु भजाऊँ।
जहां नहीं तहँ तन मन लाऊँ॥ ११॥

ह्ये सोइबे को ञा कहिये घर्घरध्वनि को सो घर्घर नाक। सोवत कहे अपने स्वरूप को भूलो जीव नाना मतन में वादविवाद करत नगर जो जगत व शरीर ताही को निरखै है व वाहीं में सनेह करै है आपने जो संदेह कि मैं साहब को हौं कि और को हौं ताको तो निरुवारु करु नय यात ते नहीं देखो जेहि में साहब मिलै हैं और न आप भजाऊँ कहे न अपनपौ जान कि मैं कौन को हौं जिन जिन मतन में न साहिबै जनि परै न आपनो स्वरूप जानि परै तामें तैं तन मन को लगाये है। ञ शयन को व घर्घरध्वनि को कहे हैं तामें प्रमाण—

"ञकारः शयने प्रोक्तो ञकारो घर्घरध्वनौ" ॥ ११ ॥

टटा बिकट बात मन माहीं।
खोलि कपाट महल में जाहीं॥
रहे लटपटे जुटि तेहि माहीं।
होहिं अटल तेहि कतहुं न जाहीं॥ १२॥

एक ट कहे जो भाभी में रेफ की ध्वनि उठै है और दूसरो टा कहैं जो सुरतिकमल में गुरु रकार ध्वनि करै है सो दूनो ध्वनि जामें होई सो टटा कहावै है सो हे टटा जीव ! विकट बात की जे बासना तेरे मन में तेई कपाट हैं ताको खोलि कै दूनो रकार की ध्वनि एक कै रामनाम को छइउ मात्रा जपत अर्थ विचारत महल जो साकेत तहां को जाय रहै। लटपटे कहे जैसे होय तैसे रामनाम में जुटि रहु तौ साकेत में जाइकै तैं अटल ह्वै है अथवा विकट बासनन को तेरे मन में टटा ह्वै रहा है सो टटा को खोलि कै महल में जा हे लटपटे ! जौने संसार में लटपट ह्वै रहे हैं कहे नरक स्वर्ग में तैं गिरै उठै है सो तैं साकेत में जुटि रहु जे साकेत में जुटि रहे हैं कहे प्रवेश करि रहे हैं तेई अटल ह्वै रहै हैं उनको जनन मरण नहीं होय वे कतहूँ नहीं जाय हैं। ट ध्वनि को कहै हैं तामें प्रमाण—

"टः पृथिव्यां च कटके टो ध्वनी च प्रकीर्तितः" ॥ १२ ॥

ठठा ठौर दूरि ठग नेरे।
नित के निठुर कीन्ह मन धीरे ॥
जेहि ठग ठग सब लोग सयाना।
सो ठग चीन्हि ठौर पहिचाना ॥१३॥

ठ कहिये बृहद्ध्वनिको और ठा कहिये चन्द्रमंडल को सो बृहत् है ध्वनि कहे कीर्ति जिनकी तीनों ताप के हरनहारे चन्द्रमंडल की नाईं ऐसे परमपुरुषपर जे श्रीरामचन्द्र हैं तिनको ठौर दूरि है और ठग जो मन है सो नेरे है अथवा हे ठट्ठहा मसखरा जीव ! साहब सों मसखरी करनवारो जाते जनन मरण छूटै है वा साहब को ठौर दूरि है ठग जे मन बुद्धि चित्त अहंकार ते नेरे हैं तैं नित्य को निठुर है मा जो माया ताको ना धीरे करत भे सो कहे तेज करते भये ऐसो जो ठग मन जौन सब सयाने लोगन को ठगत भो तौने ठग मन को चीन्हि कै साहब के ठौर को पहिचानो अथवा ठग जे हैं गुरुवा लोग ते साहब ते छोड़ायकै

और और में लगायो ते कहां तेरे मन को धोरे किये नाहीं किये। ठ बृहद् ध्वनि को व चन्द्रमंडल को कहे हैं तामें प्रमाण—

"बृहद्ध्वनिश्च ठः प्रोक्तस्तथा चन्द्रस्य मण्डले" ॥१३॥

डडा डर कीन्हें डर होई।
डरही में डर राखु समोई॥
जो डर डरै डरै फिरि आवै।
डरही में पुनि डरहि समावै॥१४॥

ड कहिये ध्वनि को और डा कहिये त्रास को सो मायारूप बानी को त्रास कहे डर सो या डर तेरे कीन्हे ते होइ है अर्थात् ये मिथ्या हैं तैं ही बनाय लियो है कैसे मिटै सो जिनको तैं डरै है विषयन को तिनको इन्द्रिन में समोइ दे इन्द्रिन को डरै है सो मन जो महाडर है तामें समाइ दे और मन को चित् तन्मात्र ब्रह्म में समोइ दे या रीति ते डर को डर में समोइ कै तैं फिरि आउ साधन करि साहब को जानु। डकार ध्वनि को और त्रास को कहै हैं तामें प्रमाण—

"डकारः शंकरे त्रासे डकारो ध्वनिरुच्यते" ॥ १४ ॥

ढढा ढूंढ़तई कत जाना।
ढागर ढोलहिं जाइ लोभाना॥
जहां नहीं तहँ सब कछु जानी।
जहां नहीं तहँ ले पहिचानी॥१५॥

ढ कहिये बानी को ढा कहिये निर्गुन ब्रह्म को सो हे जीव! बानी में लगि कै निर्गुन ब्रह्म को ढूंढ़त तोको कहां जाना है अर्थात् जहां कछु नहीं है तैं तो साहब को है वा ढागर है जा पुरुष के है तौने को ढोल बाजा बानी रूप पानी तौने में लोभाने तैं जाइ अर्थात् या बानी रूप ढोल बाजा है अहंब्रह्म बुद्धि बतावै है सो दूरि को ढोल सुहावन है जामें कछु नहीं देश काल वस्तु परिच्छेद ते शून्य है हाथ पकौ न लगैगो सो हे जीव! जहाँ कहे जौने साधन में साहब नहीं है तौनेन साधन

को तैं सब कछु जान लीन्हें है सो जहाँ नहीं कहे जहां माया ब्रह्म ये एकहू नहीं हैं तहां साहब को तैं पहिचान ले। ढ निर्गुन को और ध्वनि को कहै हैं तामें प्रमाण—

"ढकारः कीर्तिनो ढक्का निर्गुणो च ध्वनावपि" ॥ १५ ॥

णणा दूरि बसौ रे गाऊं।
रे ण णा टूटै तेरे नाऊं॥
मुये येते जिय जाहीं घना।
मुये यतादिक केतिक बना ॥१६॥

ण कहिये निष्फल को णा कहिये ज्ञान को सो हे जीव ! या धोखा ब्रह्म को ज्ञान तेरो निष्फल है या ज्ञान ते साहब न मिलैंगे साहब को गाउँ जो साकेत है सो दूरि बसै है सो रे निष्फलज्ञानवारे मूढ़ जीव ! टूटै तेरो नाउँ कहे वा धोखाब्रह्म में लगै तेरो जीवत्व को नाउँ टूटि जायगो अर्थात् तैं हूं धोखाब्रह्म कहावन लगैगो सो या ज्ञान में केतौ मरि गये हैं व घना कहे बहुत जीव मुये जाहि हैं और केते गनै यही रीति मरि जैहैं या धोखाब्रह्म निष्फल ज्ञान ते साहब न मिलैंगे। णा निष्फल को या ज्ञान को कहै हैं तामें प्रमाण —

"णकारः कीर्तितो ज्ञाने निष्फलेऽपि प्रकीर्तितः ॥ १६ ॥

तता अतिव्रियो नहिं जाई।
तन त्रिभुवन में राखु छपाई॥
जो तन त्रिभुवन मांहिं छपावै।
तत्वहिं मिले तत्व सो पावै ॥१७॥

त कहिये चोर को ता कहिये सीगट की पूंछ को सो हे जीव ! साहब तें चोर॥ ह्वै के आंखी छपाइ कै सिंह जो साहब ताकी शरन छोड़ि कै सीगट की पूंछ जो धोखाब्रह्म तौने को तैं गहे सो अतिव्रियो कहे आत्मता ताते कहे अत्यन्त कारिउ और व्याप्त त्रिगुणात्मिका माया

---

* इत्यादिक

तीनो भरि तेरी नहीं जाइ है मुक्ति होवे की कहा कहिये सो तन कहे अणुमात्र जो तैं है ताको त्रिभुवन में छुपाय राखति मै माया सो ये जे तेरे पांचो तन हैं तिनको तैं त्रिभुवन में छुपाय दे अर्थात् चारिउ शरीर हैं तिनको संसारी मानि ले व मैं इन ते भिन्न हौं व शरीर को अभिमान जो तैं छाड़ि दे तो तत्त्व जो साहब को यथार्थज्ञान कि मैं साहब को हौं तीन जब तोको मिलै तब तत्त्व जे साहब हैं तिनको पावे। तत्त्व यथार्थ को कहै हैं तामें प्रमाण—

"तत्त्वं ब्रह्मणि याथार्थ्ये"

और साहब तत्त्व कहावै है तामें प्रमाण—

"राम एव परं तत्त्वं राम एव परंतपः"

त थोर को व सीगट की पूंछ को कहै हैं तामें प्रमाण—

"तकारः कीर्तितश्चौरः क्रोष्टुपुच्छेऽपि ता स्मृतः॥ १७॥

थथा थाह थहो नहिं जाई।
इह थोरे वह थीर रहाई॥
थोरे थोरे थिर रहु भाई।
थिनु थम्भे जस मँदिल थँभाई॥१८॥

थ कहिये शिलासमूह को और था कहिये रक्षा को सो। हे जीव! शिलासमूह जो मन तौने के भय ते अपनी रक्षा करु काहे ते थाह है अर्थात् विचार कीन्हे कछु वस्तु नहीं है परन्तु काहू के थहाये नहीं थहाय जाय है, शिलासमूह मन है सो आगे पद में कहि आये हैं—

"पाहन फोरि गंग यक निकसो चहुं दिशि पानी पानी"

सो यह मन थिर होय तौ यह जीवहू थिर रहै ताते तैं थोरे थोरे साधन करु जातें मन थिर होइ जो साधन न करैगो तो मन न थिर रहैगो कैसे जैसे बिना थम्भ कहे खम्भा देवाल, और जो कौनौ यशोवाली बात न करै तो वह यश बनै रहत है मन्दिल थँभै है अर्थात् नहीं थँभै है अथवा थोरे थोरे साधन करि मन थिर कै ले अब मन थिर ह्वै आइगो तब साधन न करन परैगो कैसे जैसे कौनी यश

वाली वात कियो फिर वा यशरूप मन्दिर बिना थम्भे बनो रहै है। थ शिलासमूह को व रक्षा को कहै हैं तामें प्रमाण—

" शिलोच्चये थकारस्स्यात्थकारो भयरक्षणे " ॥ १८ ॥

ददा देखो विनशनहारा।
जस देखौ तस करौ विचारा ॥
दशौ द्वार में तारी लावै।
तब दयाल को दर्शन पावै ॥१६॥

द कहिये कलत्र को व दा कहिये दान को सो हे जीव! या सब कहे यह लोक में जो कलत्रादि व वह लोक स्वर्गादिक विनशनहारा है अर्थात् सब नाशमान है सो जस देखो कहे जैसा नाशमान देखते हो तैसा तुहूँ अपने को बिचार करो कि हमहूं नाश ह्वै जैहैं दशौ द्वार को महामुद्रा करि बन्द करि तालो लावै कहे समाधि करै तब दयालु जे साहब हैं तिनको दर्शन तैं पावैगो। द कलत्र को और दान को कहै हैं तामें प्रमाण—

" दं कलत्रे बुधैरुक्तं छेदे दानेऽपि दातरि " ॥ १६ ॥

धधा अर्ध माहँ अँधियारी।
जस देखै तस करै बिचारी ॥
अर्ध छोड़ि ऊरध मन लावै।
अपा मेटि कै प्रेम बढ़ावै ॥ २० ॥

ध कहिये बन्धन को व धा कहिये धाता को सो हे जीव! माया के बन्धन में परिकै अपने को धाता कहे ब्रह्मा मानि लियो है सो हे जीव! तैं अर्ध कहे अधोगति की अँधियारी में परो है तो को नहीं सूझि परै अज्ञान में परो है सो जस देखै है सुनै है तैसे ही विचार अज्ञानपूर्वक करै है सो तैं न करु अर्ध जो है अधोगति की राह ताको छोड़ि कै उरध कहे साहब के यहां जाबे की जो राह है तामें मन लगाउ अपा मेटि कै

कहे औ आपन सब मान राख्यो है सो सब साहब को मानि के और अपने हूं को साहब को मानि के प्रेम को बढ़ावै। ध बन्धन को और धाता को कहै हैं, तामें प्रमाण—

"धो बन्धने धनाध्यक्षे धाता धीर्मरुतावपि" ॥ २० ॥

नना वो चौथे में जाई।
राम को गद्‌दहह्वै खर खाई॥
नाहिं छोड़ि किय नर्कबसेरा।
नीचहुँ अजौं चित चेतु सबेरा॥ २१ ॥

न कहिये गुण को और ना कहिये निन्दा को सो हे जीव! तैं त्रिगुण में बँधि कै निन्दा रूप ह्वै गयो। अर्थात् निन्दा करिबे लायक ह्वै कै मन बुद्धि चित्त में अहंकार जो चौथ तामें परिकै अर्थात् आपने को ब्रह्म मानि कै राम को तैं ह्वै कै अर्थात् तैं तो श्रीरामचन्द्र को है परन्तु अबरे अबरे में गदहा ह्वै खर खात फिरै है अर्थात् झूर ज्ञान में परो है सो नाह जे परमपुरुष श्री रामचन्द्र हैं तिनको छोड़ि कै नरक में बसेरा कियो सो हे नीच! अबै सबेरो है अजहूं चेतु। न गुन को या निन्दा को कहै हैं तामें प्रमाण—

"नकारः स्याद् गुणे चन्द्रे दुःस्तुतौ च प्रकीर्तितः" ॥ २१ ॥

पपा पाप करै सब कोई।
पाप के धरे धर्म नहिं होई॥
पपा कहे सुनहु रे भाई।
हमरे सेये कछू न पाई॥ २२ ॥

प कहिये श्रेष्ठ को पा कहिये रक्षक को सो हे जीव! तैं साहब को ह्वै कै औरे औरे देवतन को श्रेष्ठ मानै है व रक्षक मानै है, पापई करै है पाप के किये ते धर्म नहीं होयगो अर्थात् औरे देवतन के किये तेरी रक्षा न होयगी काहे ते पपा जे हैं श्रेष्ठ रक्षक जिनको तैं मानै है तेई कहै हैं

हे भाई ! सुनो हमारे सेये कछू न पावैगो, मुक्ति हमारी दीन नहीं दै आइ, मुक्ति श्रीरामचन्द्र ही की दई दै जाइ है। तामें प्रमाण—

"मुक्तिप्रदाता सर्वेषां विष्णुरेव न संशयः"

विष्णु श्रीरामचन्द्रजी को नाम है सो हमारे सर्व सिद्धान्त में लिखो है। प श्रेष्ठ को व रक्षक को कहै हैं, तामें प्रमाण—

" परमे पः समाख्यातो पा पाने चैव पातरि " ॥ २२ ॥

फफा फल लागो बड़ दूरी।
चाखैं सतगुरु देहँ न तूरी ॥
फफा कहै सुनहु रे भाई।
स्वर्ग पताल की खबरि न पाई ॥ २३ ॥

फ कहिये फल को फा कहिये निष्फल भाषण को, सो हे जीव ! जौने फल को तैं भाषण करै है कि ऐसो फल होइगो सो या तेरो भाषणों निष्फल है, फल जे साहब हैं ते बहुत दूरि हैं, सतगुरु जे हैं जे साहब को जानै हैं तेई चाखै हैं व फल वे तूरि कै काहू को नहीं देइ हैं काहे ते वे साहब मन बचन के परे हैं आपही ते आप जानेजाइ हैं अपनी दई इन्द्रिय ते आप देखेजाइ हैं सतगुरु जे बतावै हैं ते साहेब के प्रसन्न होवै को राह बतावै हैं सो हे भाई लोकन में फल की चाह करिकै निष्फल के भाषणवाले जे गुरुवालोग हैं ते कहे हैं कि स्वर्ग पाताल में साहब की खबरि हमहूँ कहूँ नहीं पाई अर्थात् साहब हई नहीं हैं। फ फल को और फा निष्फल भाषण को कहै हैं तामें प्रमाण—

"फंफा वाते फकारः स्यात्फः फलेऽपि प्रकीर्तितः
फकारेऽपिच फः प्रोक्तस्तथा निष्फलभाषणे" ॥ २३ ॥

बबा बरबर कर सब कोई।
बरबर किये काज नहिं होई ॥

घथा बात कहै अरथाई।
फल के मर्म न जानेहु भाई॥ २४॥

घ कहिये घरुण को घा कहिये घट को सो घरुण जल के भीतर रहै हैं ऐसे हे जीव! तुहूँ वाणी के भीतर ह्वै कै घट की नाई भकभकाइ। बरबर सब कोई करो हो सो बरबर के किये काज नहीं होइ है अर्थात् साहब नहीं मिलै है, सो हे बबा! घटकी नाई भकभकानवारे बात तो बहुत अर्थाय कै कहै हैं परन्तु हे भाइ! लोकन के फल को मर्म नहीं जानौ हौ कि या फल भोग करि कुछ दिन में गिरहीं परेंगे। घ घरुण को घ कलश को कहै हैं तामें प्रमाण—

"प्रचेत घः समाख्यातः कलशो घ उदाहृतः॥ २४॥

भभा भर्म रहा भरपूरी।
भभरे ते है नियरें दूरी॥
भभा कहै सुनौ रे भाई।
भभरे आवै भभरे जाई॥ २५॥

भ कहिये आकाश शून्य को भा कहिये भ्रमण को सो हे जीव! भ भरिबो कहावै है डेरावो धोखा या ज्यहि मतन में फल शून्य है तेहीं मतन में तैं भ्रमण करि रहो है, कहै सो बिचार को भ्रमण तेरे पूरि रहो है सो तो को गुरुवा लोग साहब ते डेरवाइ दियो और धोखा में लगाइ दियो सो तोको डर ही डर सर्वत्र देख परै है जब आवै कहै जन्म होइहै तबहूं भभरे आवै है कहै डरै में आवै है और जब जाइ है तबहूँ भभरे कहै डरै में जाइ है वोहू नाना प्रकार के दुःख होइ है सो या भभरे ते नियरे जे साहब हैं ते दुरि ह्वै गये सो भभा जे हैं धोखाब्रह्म के भ्रमण वाले तेई कहै हैं सो हे भाई, सुनो भ्रमै ते आवै है भ्रमते जाइ है महा प्रलय में लीन होइ है पुनि सृष्टि समय में संसार में आये। भ आकाश को भ भ्रमण को कहै हैं तामें प्रमाण—

"नक्षत्रं भं तथाकाशं भ्रमणो भः प्रकीर्तितः
कान्तिर्भा भूस्तथा भूमिर्भी भयं कथिता बुधैः॥ २५॥

ममा सेये मर्म न पाई।
हमरे ते इन्ह मूल गँवाई॥
ममा मूल गहल मनमाना।
मर्मी होइ सो मर्महिं जाना॥ २६॥

म कहिये लक्ष्मी को मा कहिये बन्धन को सो हे जीव! तैं लक्ष्मी के बन्धन में परिकै ऐश्वर्य में परिकै साहब को मर्म तू न पायो हमरे ते कहे यह सब हमार है यह विचार ते यह सब साहब को पहन जानो इहै आपन मानते इन्ह मूल जे साहब हैं तिनको गँवाइ दियो सो हे ममा! मायाबंधन में बँधो जीव, जौन तेरे मन में माना है ताही को मूल मानि गहि लीन्हो है सो तैं मूल न पायो काहे ते कि मर्मी कहे जो कोई साहब को मर्मी होइ है सोई साहब के मर्म को जानै है। मा लक्ष्मी को और बन्धन को कहे हैं। तामें प्रमाण—

" मः शिरश्चन्द्रमा वेधा मा च लक्ष्मीः प्रकीर्तिता।
मश्च मातरि माने च बन्धने मः प्रकीर्तितः "॥ २६॥

यया जगत रहा भरि पूरो।
जगतहुँ ते यया है दूरी॥
यया कहै सुनौ रे भाई।
हमरे सेये जय जय पाई॥ २७॥

य कहिये त्याग को या कहिये प्राप्त को सो हे जीव! त्याग ते नाम संन्यास ते प्राप्त जे साहब होइ हैं ते साहब जगत् में पूरि रहे हैं जौन भरिपूरि कह्यो सो साहब को सौलभ्य गुण दिखायो न जानै ताको जगत् ते दूरि है अर्थात् बाहर है ते यया जे साहब हैं ते कहै हैं कि हे भाई! सुनो हमरे सेये ते कहे हमरेन सेवा ते सब को जयकरनवाला जो काल ताहू ते जय पावै औरी तरह ते काल ते जय नहीं पावै है साहब त्याग ही ते मिलै हैं, तामें प्रमाण—

दोहा

" बिगरी जनम अनेक की, सुधरै अबहीं आज ।
होय राम को राम जपि, तुलसी तजि कुसमाज " ॥ ४ ॥

य त्याग को व प्रस्त को कहै हैं तामें प्रमाण—
"यमो यः कीर्तितः शिष्टैर्यो वायुरिति विश्रुतः ।
याने पातरि या त्यागे कथिता शब्दवेदिभिः " ॥ २७ ॥

ररा रारि रहा अरुझाई ।
राम कहे दुख दारिद जाई ॥
ररा कहै सुनो रे भाई ।
सतगुरु पूँछि कै सेवहु आई ॥२८॥

र कहिये काम को रा कहिये अग्नि को सो हे जीव ! तैं कामाग्नि में अरुझि रह्यो है तामें जरो जाइ है सो यातें दुख दरिद्र न जाइगो, रामनाम कहे ते दुख दरिद्र जाइ है सो हे भाई ! सुनो ररा कहे रसरूप जे साहब तिनको ज्ञानाग्नि ते कर्म लाय कै सतगुरु जे साहब के जाननवारे तिनसों समुझि के रामनाम को सेवहु, रामनाम के सेवन की युक्ति बूझि कै र को काम अर्थ छोड़ि कै। र काम को व अग्नि को कहै हैं, तामें प्रमाण—

"रश्च कामेऽनले सूर्ये रश्च शब्दे प्रकीर्तितः ॥ २८ ॥

लला तुतरे बात जनाई ।
ततुरे पावै परचै पाई ॥
अपना ततुर और को कहई ।
एकै खेत दुनो निरबहई ॥ २९ ॥

ल कही इन्द्र को ला कही लक्ष्मी को सो हे जीव ! तैं इन्द्र की नाई लक्ष्मी पाइ कै तत्व की बातैं जनावै है सो तत्व तब पावैगो जब साधुन ते परचै पावैगो सो हे जीव !

" तत्वं राति गृह्णातीति तत्वरः "

अपना तो तत्वं जे हैं यथार्थ साहब तिनको नहीं जानै है औरको ज्ञान सिखवै है सो एक खेत जो है एक हृदय तेरो तामें दोनों निरबहई अर्थात् का दोनों निरबहे है ? नहीं निरबहे हैं कि तै अज्ञानी बनो रहै है औरको ज्ञान कथै है तौ का और के ज्ञान लगे। है, नहीं लगै है जो तैं हूं ज्ञानी होइ है तौ तेरो ज्ञानो कथिबो और को लगै। और जो तुतरे पाठ होय तो या अर्थ है ; ला इन्द्र को व छेदन को कहै हैं सो हे जीव ! जो यज्ञादिक करि इन्द्रादिक देवतन के सन्तुष्टि के वास्ते पशुच्छेदन करौ हौ सो वेद या तुतरे बात जनाई है जैसे लरिका रोटी को टोटी कहै है परन्तु माता तात्पर्य जानै है कि रोटी ही मांगै है ऐसे वेद जो यज्ञादिक कहै हैं सो दुष्कर्म छुड़ाइ कै यज्ञादिक में लगायो फेरि ज्ञान दैकै येऊ कर्म छुड़ाइ कै तात्पर्य ते साहब को बतावै है सो तुतर ओ है वेद तौ-ने को अर्थ तब पावै जब याके तात्पर्य को पावै सो आप तो तुतर हैं वेद परदा कै कै बात कहै हैं सब जीवन को ए कहै हैं कि जीव और को औरई कहै हैं मेरो तात्पर्य नहीं समुझै है। सो एकै खेत जो संसार है तामें दूनों निबहै हैं अथवा साहब के इहां वेद नहीं पहुंचि सकै है न प्रकट वर्णन करि सकै है, तात्पर्य ही करिकै कहै है जगत् व कर्म याही को प्रकट वर्णन करै है और जीव जे हैं ते जगत् ही में परे रहै हैं जे तात्पर्य जानै हैं तेई साहब के समीप पहुंचे है ताते वेदौ जीवौ एक खेत जो जगत है ताही में निबहै है जो जगत न रहै तो बद्धविषयी मुमुक्षुई न रहि जायँ मुक्त भरि रहि जांय और चारिउ वेद रकार मकार में रहि जायँ। ल इन्द्र को व लक्ष्मी को छेदन को कहै है, तामें प्रमाण—

" ल इन्द्रो लवणो लश्च ला च लक्ष्मी प्रकीर्तिता ॥ २९ ॥

ववा वह वह कह सब कोई।
वह वह कहे काज नहिं होई॥
ववा कहै सुनौ रे भाई।
स्वर्ग पताल की खबरि न पाई॥ ३०॥

व कहिये भक्त को वा कहिये वायु को सो हे जीव ! तैं तो साहब को भक्त है वायु की नाईं जगत में बहुत फिरो हौ वह है ईश्वर यह है ईश्वर या कहा सब कोई कही हौ सो वे नाना ईश्वरन के कहे काज कहे मुक्ति न होइहै सो हे वचा कहनेवारे भाई ! सुनते जाउ तुम स्वर्ग पाताल की खबरि नहीं पाई अर्थात् सब के रखवार साहब को नहीं जानी हौ, तामें प्रमाण—

"स्वर्ग पताल भूमि लौं बारो। एकै राम सकल रखवारी" ॥

वा सात्त्वत को व वायु को कहै हैं तामें प्रमाण—

सात्त्वते वरुणे वाते वकारः समुद्राहृतः ॥ ३० ॥

शशा शर देखै नहिं कोई।
सर शीतलता एकै होई ॥
शशा कहै सुनौ रे भाई।
शून्य समान चला जग जाई ॥ ३१ ॥

श कहिये सुख को शा कहिये शेष को सो हे जीव ! तैं तो सुख सागर जे साहब हैं तिनको शेष है अर्थात् अंश है सो सुखसर जे साहब हैं तिनको तुम कोई नहीं देखी हौ कैसो है वा सर कि जाकी शीतलता एकई है वा शीतलता पाये फिरि जनन मरण नहीं होइ है सो शशा जे साहब के शेष साधु हैं ते कहैं हैं कि जिनको अंश जीव तिनको नहीं जानै है शून्य जो धोखाब्रह्म ताही में जगत् समान जाइ है। श शेष को व सुख को कहै हैं,

"वदन्ति शं बुधाः शेषे शः शान्तश्च निगद्यते ॥
शशश्च शयनमित्याहु र्हिंसा शः समुदाहृतः" ॥ ३१ ॥

षषा षर षर कह सब कोई।
षर षर कहे काज नहिं होई ॥
षषा कहै सुनौ रे भाई।
राम नाम लै जाहु पराई ॥ ३२ ॥

ष कहिये श्रेष्ठ को सो षा दूसरी है सो हे जीव! श्रेष्ठों ते श्रेष्ठ जे साहब हैं तिनको षर षर सांच सांच सबै कहै हैं और को खोटा मानै हैं परन्तु षर षर कहे ते काज जो है मुक्ति सो न होयगी बिना राम नाम के साधन कीन्हे व बिना नीकी प्रकार साहब के जाने, काहे ते षषा कहे श्रेष्ठों से श्रेष्ठ जे साहब हैं ते कहै हैं कि हे भाई! सुनौ तुम राम नाम को लैकै मायाब्रह्म ते पराइ जाउ अर्थात् सब को छोड़िकै राम नाम जपौ। ष श्रेष्ठ को कहै हैं—

"षकारः कीर्तितः श्रेष्ठे षश्च गर्भविमोचने" ॥ ३२ ॥

ससा सरा रचो बरिआई।
सर बेधे सब लोग तबाई॥
ससा के घर सुनुगुन होई।
यतनी बात न जानै कोई॥ ३३॥

स कहिये लक्ष्मी को सा कहिये परोक्ष को, सो हे जीव! तेरो ऐश्वर्य परोक्ष में है अर्थात् साहब के यहां है या देखिबे की लक्ष्मी तेरी नहीं है सो तैं सरा जो कर्म है ताको बरिआई रचि लियो सो वाही सरारूपी शर है कहे कर्मरूपी शर में लोग बेधे हैं ते सब तबाई में परे हैं नर्क स्वर्ग में जाइ आवै हैं सो ससा जो जीव ताके घर कहे हृदय में काहू के शून्य कहे धोखब्रह्म के समान है काहू के गुण जो माया सो समान है सो यतनी बात कोई नहीं जानै है कि येई साहब को चीन्हन न देइ हैं। स लक्ष्मी को ष परोक्ष को कहै हैं।

"स परोक्षे समाख्यातः सा च लक्ष्मीः प्रकीर्तिता" ॥ ३३ ॥

हहा होइ होत नहिं जानै।
जबहीं होइ तबै मन मानै॥
है तौ सही लहै सब कोई।
जब वा होइ तब या नहिं होई॥ ३४॥

ह कहिये विष्कम्भ को हा कहिये त्याग को सो हे जीव ! या विष्कम्भ शरीर को त्याग होत कोई नहीं जानै है जब शरीर त्याग ह्वै जाइ है तबहीं जानै है कि शरीर त्याग ह्वै गयो आमें जीव थँभा रहै है सो शरीर में हंस रूप सही है ता जीव को परन्तु सब कोई नहीं लगै है कहे नहीं पावै है जब वा हंस शरीर होइ जब या शरीर नहीं होइ है वाही हंस शरीर में थँभा रहै हैं। ह विष्कम्भ को व त्याग को कहै हैं तामें प्रमाण—

"हः कोपवारणे मोक्षो हस्स्यादपिच शूलिनी।

हाने ऽपि हः प्रकथितो हो विष्कम्भः प्रकीर्तितः ॥ ३४ ॥

क्षक्षा क्षण परलय मिटि जाई।
क्षेव परे तब को समुझाई॥
क्षेव परे कोउ अन्त न पाया।
कह कबीर अगमन गोहराया॥ ३५ ॥

क्ष कहिये क्षत्र को क्षा कहिये वक्षस्थल को सो हे जीव ! तैं क्षत्र पति जे श्रीरामचन्द्र हैं तिनको वक्षस्थल में तो ध्यान करु तो तेरी प्रलय जनन मरण क्षणै में मिटि आइ जब क्षेत्र कहे तेरो शरीर क्षय ह्वै आइगो तब तोको को समुझावैगो क्षेव परे कहे शरीर क्षय ह्वै गये कोऊ अन्त साहब को नहीं पायो है सो कबीर जी कहै हैं कि याही ते तोको हम आगे ते गोहरावै हैं कि फिरि क्या करैगो। क्ष क्षत्र को व वक्षस्थल को कहै हैं तामें प्रमाण—

"क्षश्च क्षत्रं चाक्षवश्चस्यात् क्षोवक्षसि कथ्यते"

क्षत्र कहे क्षत्र पती को बोध ह्वै जाइ जैसे बलि कहे बलिराम को बोध ह्वै जाइ है ॥ ३५ ॥

॥ इतिः चौतीसी सम्पूर्णम् ॥

॥ अथ वसन्त ॥

जहँ बारहि मास बसन्त होय ।
परमारथ बूझै विरल कोय ॥ १ ॥
जहँ बरषै अग्नि अखण्डधार ।
बन हरियर भो अट्ठारभार ॥ २ ॥

जाके कहे जौने साहब के लोक में बरहौ मास बसन्त बनो रहै है सो या परमार्थ कोई बिरला बूझै है सो वा रूपकातिशयोक्ति अलंकार करि कहै हैं ॥ १ ॥ और बसन्त ऋतु में सूर्य ते अग्नि बरषै है अखण्ड-धार बन जो है अठारहभार बनस्पती सो हरियर होत जाइ हैं और साहब के लोक में कोटिन सूर्य को प्रकाश है परन्तु सब को ताप हरिलेन-वारो है वहां के सब बन सन्तानक आदिक हरियर रहै हैं ॥ २ ॥

पनिया अन्दर तेहि धरे न कोय ।
वह पवन गहे कशमलन धोय ॥ ३ ॥
बिनु तरुवर जहँ फूलो अकास ।
शिव औ विरञ्चि तहँ लेहिं बास ॥ ४ ॥

और बसन्त ऋतु में वृत्तन के अन्दरन में कोई पानी नहीं धरै है चन्द्र जो है सो अमृत को स्रवै है ताही को गहे पवन वृक्षन के कश्मलन को धोय डारै है व साहब को लोक कैसो है कि पनिया अन्दर कहे वा रसरूप है ताको कोई नहीं जानै है वही रसरूप लोक को स्मरण पवन है ताके गहे कहे किये ते कश्मल जे पाप हैं ते धोय जात हैं अथवा कामादि जे कश्मल हैं ते धोय जात है ॥ ३ ॥ और बसन्तऋतु में जहाँ तरुवर नहीं हैं ऐसो जो आकाश सोऊ पुहुपन के परागन करिकै फूलो देखो परै है कैसो है आकाश जहाँ शिव विरंचि बास लेहि हैं अर्थात् बास कीन्हे हैं सुगंधित ह्वै रह्यो है और साहबहि को लोक कैसा है कि जेहि का प्रकाश चैतन्याकाश बिना तरुवरै जगतरूप फूल फूलै है शिव विरंचि आदिक बास लेहि हैं ॥ ४ ॥

सनकादिक भूले भँवर भोय।
तँह लख चौरासी जीव जोय ॥ ५ ॥

बसन्त ऋतु में चौरासी लाख योनि जीवन की कौन गनती सनकादिक जे मुनि हैं तेऊ पुष्पमकरन्द में भोय कै भँवर की नाईं भूलि जाहि हैं और साहब को लोक प्रकाशब्रह्म कैसा है कि सनक, सनन्दन, सनत्कुमार, जाके भँवर में भोयकै कहे परिकै भूलै हैं चौरासी लाख योनि जीवन की कौन गनती है ॥ ५ ॥

तोहिं जो सतगुरु सत कै लखाव।
तुम तासु न छांड़हु चरनभाव ॥ ६ ॥
वह अमरलोक फल लगे चाय।
यह कह कबीर बूझै सो खाय ॥ ७ ॥

सो श्रीकबीर जी कहैं हैं कि ऐसो जो साहब को लोक जहाँ बरहौ मास बसन्त बनो रहै है तौन जो सतगुरु कहे साहब के बताय-देनवारे तोको सत्य कै लखायो होय तो तुम ताके चरन को भाव न छांड़, भाव यह है कि या लोक के मालिक जो साहब हैं तिनहूं को बताय देयंगे वह अमरलोक कैसा है कि जहाँ चारिउ फल अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष आनन्द के फल लगे हैं सो हे जीवो ! या बात जो कोई बूझै है सोई खाय है, साहब के धाम में बरहौ मास बसन्त रहै है, तामें प्रमाण, कबीर की साखी ज्ञानसागर कीः—

सदा बसंत होत तेहि ठाऊँ।
संशय रहित अमरपुर गाऊँ ॥
जहँवां रोग सोग नहिं होई।
सदा अनन्द करै सब कोई ॥
चन्द्र सूर्य देवस नहिं राती।
बरन भेद नहिं जाति अजाती ॥
तहवाँ जरा मरन नहिं होई।
क्रीड़ा विनोद करै सब कोई ॥

पुहुपविमान सदा उजियारा ।
अमृत भोजन करै अहारा ॥
काया सुन्दर को परवाना ।
उदित भये जिमि षोडश भाना ॥
येता एक हंस उजियारा ।
शोभित चिकुर उदय जनु तारा ॥
विमल बास जहवाँ पौढ़ाही ।
योजन चार घ्रान जो जाही ॥
श्वेत मनोहर छत्र शिर छाजा ।
बूझि न परै रङ्क अरु राजा ॥
नहिं तहँ नरक स्वर्ग की खानी ।
अमृत वचन बोलै भल बानी ॥
अस सुख हमरे घरन महँ, कहैं कबीर बुझाय ।
सत्य शब्द को जानहु, अस्थिर बैठे आय ॥

* इति पहिला बसन्त समाप्तम् *

---

## ॥ अथ दूसरा बसन्त ॥

**रसना पढ़ि भूले श्रीबसन्त ।**
**पुनि जाइ परिहौ तुम यम के अन्त ॥१॥**

श्रीबसन्त कहे ऐश्वर्यरूप जो बसन्त ताको रसना में पढ़िकै मन वचन के परे जो साहब के लोक को बसन्त ताको तुम भूलि गयो रसना में पढ़ि जो कह्यो तामें धुनि यह है कि औरै देवतन की उपासना में बड़ो ऐश्वर्य प्राप्ति होइ है यह पोथिन में पढ़ि पढ़ि भुलाइ गयो वाहू को जी मै भरे ते कह्यो कछु प्राप्ति नहीं भै सो तुम फेरि यम के अन्त कहे संसार में परिहौ और जो लेहु पाठ होय तो रसना में श्रीबसन्त को पढ़ि लेहु नहीं तो पुनि यमके अन्त कहे फन्द में परिहौ ॥ १ ॥

जो मेरुदण्ड पर डङ्क दीन्ह ।
सो अष्टकमल पर जारि दीन्ह ॥ २ ॥

और जो या गुमान करो कि हम योगवारे हैं हम यम के अन्त मैं न परैंगे सो जो तुम मेरुदण्ड में प्राण खैंचि कै मेरुदण्ड पर डङ्का दीन्ह्यो और अष्ट जो हैं आठों कमल मूलाधार, विशुद्ध मणिपूरक, स्वाधिष्ठान, अनहद, आज्ञाचक्र, सहस्रारचक्र, अठयें सुरतिकमल जहां परम पुरुष है तामें पहुंचि कै जारि दीन्ह अर्थात् योगी की ख़बरि भूलि गई ॥

तहँ ब्रह्मअग्नि कीन्हो प्रकास ।
तहँ अर्ध ऊर्ध्व बहती बतास ॥ ३ ॥
तहँ नव नारी परिमल सो गाव ।
मिलि सखी पाँच तहँ देखन जाव ॥ ४ ॥

सो या ज्योति में लीन भयो जीवत हैं ब्रह्मअग्नि प्रकाश करत भई य बतास जो अर्ध ऊर्ध्व श्वास सो वहै बहत में अर्थात् बहिरेन आवत भै श्वास वहैं रहत भै या भाँति जीव तखत में बैठि मालिक भयो गांवकारा बसन्त देखै है ॥ ३ ॥ सो यहाँ परिमल कहे गन्ध का गांव है शरीर में पृथ्वीतत्त्व अधिक है सो गन्ध का गांव शरीर है तौने में नौ नारी हैं कहे नौ राह हैं तहां पाँचों जे ज्ञानेन्द्रिय हैं तेई सखी देखन जाय हैं अर्थात् वहैं लीन ह्वै गई हैं ॥ ४ ॥

तहँ अनहद बाजा रहल पूर ।
तहँ पुरुष बहत्तरि खेलैं धूर ॥ ५ ॥
तैं मया देखि कस रहसि भूलि ।
जस बनस्पती बन रहल फूलि ॥ ६ ॥

बसन्त में बाजा बजै है सो अनहद बाजा जहाँ पूरि रह्यो है तहाँ बहत्तरि पुरुष जे बहत्तरि कोठा हैं ते धूरि खेलै हैं अर्थात् चैतन्यता न रहिगै ॥ ५ ॥ सो बसन्त में बनस्पति फूलै हैं ऐसे या माया फूलि रही

है तामें समाधि उतरे फिरि काहे भूले अथवा जैसे बनस्पती फूलै हैं ऐसे गैबगुफा में सुधा पी कैनागिनी फूली है तामें तैं काहे भूलि रहे है कहा या माया के बहिरे है समाधि, नागिनोही के आधार तो समाधिउ है ॥६॥

यह कह कबीर ये हरि के दास।
फगुवा माँगैं बैकुण्ठवास ॥ ७ ॥

सो यह हठयोग करिकै जानैं कि मैं मुक्त होउँगो तो या समाधि में माया ही ते नहीं छूट्यो मुक्त कहां होइगो ताते श्रीकबीर जी कहै हैं कि हे जीवात्मा, हरि के दास ! तैं बैकुण्ठ बास को फगुवा माँगै अर्थात् फगुहार फगुवा खेलाइकै फगुवा मांगै है सो तैं हठयोग कियो ताको फल फगुवा राजयोग मांगु जाते बैकुण्ठबास होइ ॥ ७ ॥

॥ इति दूसरा बसन्त समाप्तम् ॥

---

## ॥ अथ तीसरा बसन्त ॥

मैं आयउँ मेहतर मिलन तोहिं।
अब ऋतु बसन्त पहिराउ मोहिं ॥ १ ॥
है लम्बी पुरिया पाइ झीन।
तेहि सूत पुराना खूंटा तीन ॥ २ ॥

जीव कहै हैं मेह कही बड़े को और जो बड़ा ते बड़ा होइ ताको मेहतर कहै हैं फ़ारसी में सो ईश्वरन ते ब्रह्म ते जो बड़े श्रीरामचन्द्र हैं तिन सो जीव कहै है कि मैं तुमको मिलन आयो हौं सो जौने लोक में सदा बसन्त रहै हैं सो मोको पहिरायो अर्थात् मेरो प्रवेश कराइ दीजै तानारूप जो मेरे शरीर को बसन्त ताते छुड़ाइये ॥ १ ॥ सो लम्बी पुरिया कौन कहावै जो ताना तनै है पूरै है सो मैं वासनानि करि कै बहुत लम्बा ह्वै रह्यो हौं कहे कसनि सो करि कै मैं संसार में फैलि रह्योहौं और पाई या कहावै है जो ताना साफ़करै है सो या आत्मा को साफ करिबे बहुत

कौन है कहे अब कोई विरले सन्त मिलैं तब आत्मा शुद्ध होइ काहे ते कि यह सूत जीव पुरान कहे अनादि काल ते तीन सूत जो हैं सत, रज, तम ता में बँधो है ॥ २ ॥

सर लागै तेहि सै तीनि साठि।
तहँ कसनि बहत्तरि लाग गांठि ॥ ३ ॥
खुर खुर खुर खुर चलै नारि।
बह बैठि जोलाहिनि पलथि मारि ॥ ४ ॥

पाई में सर लागै है सो शरीर में तीन सै साठि हाड़ हैं तेई शर हैं बहत्तरि जे कोठा हैं तिनमें बहत्तरि हज़ार नसन की गांठि एक एक कोठन में लाग हैं तेई कसनी हैं ॥ ३ ॥ व बिनत में जौन बोव है चलावै है सो नारि कहावै है सो या शरीर में नाड़ी जो है सो खुर खुर खुर खुर चलै है और जोलाहिन जो है बुद्धि सो पलथी मारि के बैठो है अर्थात् देह ही में निश्चय करिके बैठी है ॥ ४ ॥

सो करिगह में दुइ चलहिं गोड़।
ऊपर नचनी नचि करै कोड़ ॥ ५ ॥

सो यह तरह को जो शरीर है सो करिगह है जहां जोलाहिनि बैठे है धमारि महल में होय है सो शरीरै महल है सो करिगह में जोला-हिनि दोऊ अंगूठा चलावै है ऊपर ताना में नचनी कोड़ करै है कहे नाचै है इहां शरीररूपी करिगह में बुद्धिरूपी जोलाहिनि बैठिकै कहूँ शुभकर्म में निश्चय करै कहूँ अशुभ कर्म में निश्चय करै है, यही दोऊ अंगूठा को चलाइबो है और वृत्ति बुद्धि की कहूँ शुभ में कहूं अशुभ में जाय है यही नचनी है सो नाचै है और धमारि पक्ष में नाचत में नचनी को गोड़ चलै है ऊपर कोड़ करै है कहे भाव बतावै है ॥ ५ ॥

है पांच पचीसौ दसहु द्वार।
सखी पांच तहाँ राची धमार ॥ ६ ॥

और पाँच जे हैं अविद्या अस्मिता, राग, द्वेष, अभिनिवेश और पचीसौ जे तत्व हैं जीव माया, महत्तत्व, अहंकार, शब्द, रूप, रस, गन्ध,

स्पर्श, दशौ इन्द्रिय, एक मन पञ्चभूतई और ताही में दशौ द्वार ऐसे शरीर में पांच सखी जे हैं पञ्च प्राण ते धमारि रचत भई और ताना पच्च में पांच पचीस तत्व के कहे सब कोरी कै साज़ु आइगै और धरि कहे सब अपने अपने धमारि में लगिगे कौड़ावारे माड़ीवारे पुरियावारे करिगहवारे ताना साफ़करै धारै और धमारि पत्त में पांच सखी धमारि रची हैं दुइ एकबार कियो एक खिलैया भो ॥ ६ ॥

बे रङ्ग थिरङ्गी पहिरैं चीर ।
धरि हरि के चरन गावै कबीर ॥ ७ ॥

पांचों जे सखी हैं पांच तत्वन का रङ्ग बिरङ्ग चीर पहिरें स्वरोदय में लिखे हैं श्वास तत्वन के रङ्ग जुदे जुदे देखे परै हैं और कोरी के घर के अनेक रङ्ग के चीर पहिरें हैं और धमारि पत्त में केशरि कस्तूरी करि कै गुलाल ओड़र करि कै चीर रङ्ग बिरङ्ग होय हैं ते पहिरै हैं सो यहि तरह की धमारि यर संसार में है ताते हरि को चरन धरि कै कबीर गावै है कहैं है या धमारि को प्रथम या कहि आये हैं जौने लोक में सदा बसन्त है तहां प्रवेश करावो और इहां धमारि कहैं हैं तात्पर्य यह कि यह शरीर को ताना बाना जनन मरन में परि रह्यो है या धमारि तुमको दिखायो जो रीझे होहु तो मैं यह फगुआ यही मांगो हौं कि जहां सदा बसन्त है वा लोक में प्रवेश कराओ और न रीझ्यो होहु तौ तुम हरि हौ या ताना बाना धमारि हरि लेहु या कहो कि ऐसी धमारि तैं न रचु कबीर कहैं कि हे जीव ! हरि के चरण धरि ऐसो विनय करु ॥ ७ ॥

* इति तीसरा बसन्त समाप्तम् *

---

## ॥ अथ चौथा बसन्त ॥

बुढ़िया हँसि कह मैं नितहिं बारि ।
मोहि ऐसि तरुनि कहु कौनि नारि ॥ १

बुढ़िया जो माया है सो हँसि कै कहै है कि मैं नित्य ही बारी हौं माया अनादि है या ते बुढ़िया कह्यो है तामें प्रमाण—

"अजामेकांलोहित" इत्यादि ।

और हँसि कै कह्यो याहि या आयो कि साधन करि कै छोटे छोटे या कहै हैं कि हमको माया जीर्ण हो गई है अर्थात् अब छूटि जाइ है मैं नित्य ही बारी हौं सब के कार्यरूप ते उत्पन्न होत रहौं हौ मोरे मोहिं अस तरुनि कौनि नारि है ओ सब जीवन संग करो हौं और बुढ़ाऊँ कबौं नहीं हौं ॥ १ ॥

दांत गये मोर पान खात ।
औ केश गयल मोर गंग नहात ॥ २ ॥

और दांत गये पान खात जो कह्यो सो पान जो है वेद ताको तात्पर्य जो जानै है यही खाय है सो वेद तात्पर्यार्थ जानेते कामादिक जे मेरे दांत हैं जिन ते जीव सज्जनन को ज्ञान खाय लेइ है ते दांत मेरे जात रहे काम क्रोधादिक माया के दांत हैं तामें प्रमाण, रतयोग ग्रन्थ कबीर को " काम क्रोध लोभ मोह माया । इन दांतन सों सब जग खाया " और साहब की जो कथा चरित्ररूप गङ्गा ता में जो नहाय है अर्थात् सुनै है सो कुमतिरूप केश मेरे जात रहे हैं ॥ २ ॥

औ नयन गयल मोर कजल देत ।
अरु बैस गयल परपुरुष लेत ॥ ३ ॥

साहब को ज्ञानरूप कज्जल जो कोई दियो तो मेरे नयन जो निरञ्जन हैं सो जात रहे हैं अर्थात् चैतन्य कै योग करि कै माया देखै है और नयन् को निरञ्जन कहै हैं तामें प्रमाण कबीर जी को " नयन निरञ्जन जानि भरम में मत परै" और बैस जो मोर है सो परम पुरुष जे श्रीरामचंद्र हैं तिन को लेत अपने बस कै बैस मोर जात रहै है अर्थात् चारिउ शरीर मोर नहीं रहते ॥ ३ ॥

औ जान पुरुषवा मोर अहार ।
मैं अनजाने को कर शृँगार ॥ ४ ॥

और ज्ञान पुरुषवा कहे जो या कहै हैं कि हम ब्रह्म को जानि लियो हम हीं ब्रह्म हैं ते ता हमार अहार ही हैं आपने आत्मै को भूलि भये और अज्ञान जे हैं तिनको शृङ्गारै किये हैं नाना विध दैकै लोभाय लेउ हौं अर्थात् ज्ञानौ अज्ञान को विद्या अविद्यारूपी ते बस करि लियो है धुनि या है जिनको साहब आपनो हंसरूप दियो है तेई बचे हैं, या उपसंहार कियो ॥ ४ ॥

कह कबीर बुढ़ि आनँद गाय।
पूत भतारहिं बैठी खाय ॥ ५ ॥

सो श्रीकबीरजी कहै हैं कि बुढ़िया जो माया है सो जैसो या पद कहि आये तैसो आनंद सों गावै है वेद शास्त्रादिकन में वाणीरूप ते सब जीव सुनै हैं परन्तु या नहीं जानै हैं कि जीव व ब्रह्म माया के भितरै है पूत जो जीव है और भतार जो ब्रह्म है ताको बैठि खाय है अर्थात् जब जीव संसारी भयो तब संसार में डारिकै खायो जब ब्रह्म में लीन भयो और सृष्टि समय आयो तब वा ब्रह्मज्ञानहूं नहीं रहिजाइ है ब्रह्म हूं को खायो ॥ ५ ॥

* इति चौथा बसन्त समाप्तम् *

---

## ॥ अथ पांचवां बसन्त ॥

तुम बूझहु पंडित कौन नारि।
कोइ नाहिं बिआहल रह कुमारि ॥ १ ॥
यहि सब देवन मिलि हरिहिं दीन्ह।
तेहि चारहु युग हरि संग लीन्ह ॥ २ ॥

श्रीकबीरजी कहै हैं कि हे पण्डित ! तुम बूझौ तो या शङ्खिनी हस्तिनी, चित्रिणी, पद्मिनी चारि प्रकार की नारिन में कौन नारि है या

माया अर्थात् पक्षी के लक्षण नहीं मिलते, पक्षी के लक्षण जो मिलते तो कुमारि न रहती बिआहि जाती याही ते अब तक कुमारि है ॥ १ ॥

अब समुद्र मथि गयो लक्ष्मी कढ़ी सो सब देव मिलि हरि को देत सो भये हरि चारिहु युग संग ही राखत भये ॥ २ ॥

यह प्रथमहि पद्मिनिरूप आय।
है सांपिनि सब जग खेदि खाय ॥ ३ ॥
या वर युवती वे बार नाह।
अति तेज तिया है रैनि ताह ॥ ४ ॥

प्रथम तो ब्रह्म जे हैं विष्णु तिनकी नाभी में कमलिनी है सो लक्ष्मी-रूप है सो आय अब धनरूप साँपिन हैं संसार को खेदि खाय है ॥ ३ ॥ या माया वर युवती है कहे श्रेष्ठ है बार जे लरिका ब्रह्मा, विष्णु, महेश तेई याके नाह हैं और ताह कहे तौन जो संसाररूपी रैनि है तौने में अति तेज है ॥ ४ ॥

कह कबीर सब जग पियारि।
यह अपने बलकवै रहल मारि ॥ ५ ॥

सो श्रीकबीर जी कहे हैं कि या माया सब जगत को पियारि है, आपन बालक जे जीव तिनको मारि रही है अर्थात् सब जीवन को बांधे है जनन मरन करावे है ॥ ५ ॥

* इति पांचवां बसन्त समाप्तम् *

---

## ॥ अथ छटवां बसन्त ॥

माई मोर मनुष है अति सुजान।
धन्धा कुटि कुटि करै बिहान ॥ १ ॥
बड़े भोर उठि आँगन बहार।
बड़ी खांच लै गोबर डार ॥ २ ॥

बासी भात मनुष लै खाय।
बड़ घैला लै पानी जाय ॥ ३ ॥
अपने सैंयां बाँधी पाट ।
लै रे बेंचौ हाटै हाट ॥ ४ ॥
कह कबीर ये हरि के काज।
जोइया के डिंगर कौन है लाज॥ ५ ॥

जीवशक्ति कहै है कि हे भाई, माया, मोर मनुष जो मन सो बड़ा सुजान है धन्धा जो बाल, पौगण्ड, किशोर ताही को कूटि कूटि कहे कै कै विहान कहे देहान्त कै देइहै सुजान याते कह्यो कि मोको नहीं जान देइ है आप ही जानै है बड़े भोर कहे जब दूसर भयो तब आँगन बहार कहै गर्भवास में ज्ञान दियो, अन्तः करण साफ कियो, यही बहारबो है और बड़ी खांच जो प्रसूतवायु तौने ते गर्भरूप गोबर टारयो अर्थात् बाहर निकारयो और बासी भात जो पूर्वकर्म ताको दुःख सुख आप ही भोगै है और घैला जो बुद्ध है ताको लै के गुरुजन के इहां नाना बानीरूप पानी ताको लेन जाइ है अर्थात् बुद्धि ते निश्चय करै है ऐसो जो मोर सैयां है ताको पाट जो ज्ञान, तामें बांधे पाऊं तो हाट हाट में बेचौं अर्थात् साधुन को संग करिकै अपनो व याको सम्बन्ध छोड़ाय देउँ सो श्रीकबीरजी कहैं हैं कि जोइया जो जीव तौने को डिंगरा जो मन सो हरि जे श्रीरामचन्द्र तिनको काज में जो नहीं लागै तो याको कौन लाज है, पुनि या है जो साहब में लागै तो यह शुद्ध होइ जाय ॥ ५ ॥

* इति छठवां बसन्त समाप्तम् *

---

॥ अथ सतवाँ बसन्त ॥

घर ही में बाबुल बढ़ी रारि ।
अँग उठि उठि लागै चपल नारि ॥ १ ॥

यह बड़ी एक जेहि पांच हाथ ।
तेहिं पँचहुन के पच्चीस साथ ॥ २ ॥

हे बाबू, जीव ! तुम्हारे घट ही में कहे शरीर ही में रारि बढ़ी है काहे ते कि हमेशा उठि उठि चपल नारि जो माया सो तेरे पीछू लगै है ॥ १ ॥ तामें वह एक सब ते बड़ी काया जाके पाँच हाथ कहे पाँच तत्त्व हैं पृथ्वी, अप, तेज, वायु आकाश पुनि एक एक तत्त्वन के साथ पाँच पाँच प्रकृति हैं अस कै कै पचीस प्रकृति हैं सो कहै हैं मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार चौथा पांचो अन्तः करण जामें चारयो ओर रहै हैं ये सब निराकार हैं ऐसे आकाश के साथ है और प्राण, अपान, समान, व्यान, उदान ये कर्म करावै हैं एते वायु के साथ हैं और आंखी, कान, नाक, जिह्वा, त्वचा येऊ विषय को प्रकाश करैं हैं एते अग्नि के साथ हैं और शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध सो येऊ पांचौ तृप्ति कर्त्ता हैं येते जलप्रधान हैं जल के साथ हैं और हाथ पांव, मुख, गुदा, लिङ्ग येऊ आधार भूत हैं एते पृथ्वी के साथ हैं यही रीति पँचहुन तत्वन के साथ पचीसौ प्रकृति हैं ॥ २ ॥

पचीस बतावैं और और ।
वे और बतावैं कई ठौर ॥ ३ ॥

सो ये पचीसौ प्रकृति जे हैं ते और और अपने विषय को बतावैं हैं सो कहै हैं, अन्तःकरण को विषय निर्विकल्प, मन को विषय संकल्प विकल्प, चित्त को विषय वासना, बुद्धि को विषय निश्चय, अहंकार को विषय करतूति, प्राण को विषय चलब, अपान को विषय छोड़ब, समान को विषय बैठब, उदान को विषय उठब, व्यान को विषय पौढ़ब, कान को विषय सुनब, आंखों को विषय रूपदर्शन, नाक को विषय सूँघिबो, जीभ को विषय बोलिबो, त्वचा को विषय स्पर्श, शब्द को विषय रागरस, स्पर्श को विषय कोमलत्व, कठिनत्व, शीतलत्व, उष्णत्व रूप को विषय सुन्दरत्व रस को विषय स्वाद, गन्ध को विषय सुवास, इन को वे पचीसौ प्रकृति

बतावै हैं ई सब कई ठौर और बतावै हैं कहे चौरासी लक्ष योनि जीव को बतावै हैं ॥ ३ ॥

सो अन्तर मद्धे अन्त लेइ ।
झकझेलि झुलाउब जीव देइ ॥ ४ ॥
सब आपन आपन चहैं भोग ।
कहु कैसे परिहै कुशलयोग ॥ ५ ॥
बीबेक विचार न करै कोइ ।
सब खलक तमाशा लखै सोइ ॥ ६ ॥

सो ये विषय कैसे हैं कि अन्तर में अन्त लेइ हैं कहे गड़ि जाते है झकझेलिकै कहे जोरावरी झुलाउब जो आवागमन है सो जीव को देइ है ॥ ४ ॥ सो ये सब आपन आपन भोग चाह्यो तब जीव के कुशल को योग कैसे परै अर्थात् कैसे कल्याण पावै ॥ ५ ॥ सो ये बन्धन को विवेक कहे विचार कोई नहीं करै है कि क्या सांच है क्या झूठ है सब खलक कहे सब संसार के लोग बाणी विषयन को तमाशा देखै हैं और यही में अरुझि रहे है ॥ ६ ॥

मुख फारि हँसै सब राव रङ्क ।
तेहि धरन न पैहौ एक अङ्क ॥ ७ ॥
नीयरे बतावैं खोजैं दूरि ।
यह चहुंदिशि बागुरि रहल पूरि ॥ ८ ॥
है लच्च अहेरी एक जीव ।
ताते पूकारै पीव पीव ॥ ९ ॥

सो यही विषय में परिकै मुख फारिकै राव रङ्क सब हँसैं हैं या दुखदायी है विषय या अङ्क कोऊ नहीं धरन पावै है तेहि को सो वेद शास्त्र पुराण साहब को तो नियरे ही बतावैं हैं, और दूरि खोजै हैं काहे ते कि मायारूप बागुरि सर्वत्र पूरि रही है ॥ ८ ॥ सो ये तो सब शिकारी हैं

और लक्ष्य कहे निशाना एक जीव ही है ताते हे जीव, तैं पीउ पीउ पुकारैं सबही तेरो बनाउ है ॥ ९ ॥

अबकी बारै जो होय चुकाव।
ताकी कबीर कह पूरि दाँव ॥ १० ॥

सो श्रीकबीर जी कहैं है कि अबकी बार जो मानुषशरीर में चुकाव होयगो यह साहब को न जानैगो तो ताकी पूरि दाँव है काहे ते कि अबकी बार के चूके फेरि ठिकाना न लगैगो, चौरासी लाख योनिन में भटकैगो फेरि जो मानुष शरीर पावैगो तब पुनि नाना मतन में लगि कै चौरासी लाख योनि में भटकैगो, उद्धार न होयगो ताते अबकी बार जो समुझै यह साहब को जानै तौ तेरो पूरो दाँव परैं, तामें प्रमाण—

कबीरजीकी साखी 'लखि चौरासी भटकि कै, पौमें अटको आय' अबकी पौ जो ना परै तौ फिरि चौरासी जाय ॥

* इति सातवां बसन्त समाप्तम् *

---

## ॥ अथ आठवां बसन्त ॥

करपल्लव के बल खेलै नारि।
पण्डित होय सो लेइ बिचारि ॥ १ ॥

सो श्रीकबीर जी कहै हैं कि नारि जो माया सो पल्लव जो राम नाम सो कर में लै कै वाही के बल खेलै है जब प्रथम यह जगत की उत्पत्ति भई तब रामनाम लै के बाणी निकली है तामें प्रमाण " रामनाम लै उचरी बाणी "। ताही जगतमुख अर्थ में चारिउ वेद ईश्वर ब्रह्म सब संसार निकसे हैं तामें प्रमाण सायर के। " राम नाम के दोई अक्षर चारिउ वेद कहानी " सो तौने ही के बल ते सब संसार बाँध लियो है सो जो कोई पण्डित होय सो विचारि कै लै लेइ जगतमुख साहब मुख यामें दोऊ अर्थ हैं सो साहबमुख अर्थ रामनाम में लेइ जगतमुख अर्थ केवल माया खेलै है ताको छोड़ि देइ ॥ १ ॥

कपरा नहिं पहिरै रह उघारि ।
निरजीवै सो धन अति पियारि ॥ २ ॥
उलटी पुलटी बाजै सो तार ।
काहुहि मारै काहुहि उबार ॥ ३ ॥

सो वा नारि माया कैसी है की कपरा नहीं पहिरै उघारही रहै है अर्थात् वह माया सबको मूंदे है वाको मूंदनवारो कोई नहीं है जो कहो वाको ब्रह्म मूंदे होइगो तो निर्जीव जो ब्रह्म सो धन जो माया ताको अति पियार है अर्थात वाहू को शवलित किये है ॥ २ ॥ व पुनि कैसी है कि उलटी पुलटी तार बाजै है कहे काहू को अविद्या में डारि कै नरक देइ है और काहू को विद्यारूप ते स्वर्ग सत्यलोकादि देइ है ॥ ३ ॥

कहै कबीर दासन को दास ।
काहू सुखदै काहू उदास ॥ ४ ॥

श्रीकबीरजी कहै हैं कि दासन के दास कहे ब्रह्मादिक जो माया के दास तिनहूं के दास जीव तुम्हारी माया कैसे छूटै वे ब्रह्मादिक माया ते नहीं छूटे या माया कैसी है काहू को तो सुखद है काहू कैति उदास है काहे उनको स्पर्श नहीं करि सकै है अर्थात जे साहब को जाने हैं तिनकी कैति उदास है तिनही के दास तुमहूं होउ तब उबार होइगो माया ब्रह्म जीव के परे श्रीरामचन्द्र ही हैं तामें प्रमाण—

राम एव ब्रह्म परं राम एव परंतपः ।
राम एव परं तत्वं श्रीरामो ब्रह्मतारकम् ॥ इति श्रुतिः ॥ ४ ॥

* इति आठवां बसन्त समाप्तम् *

---

## ॥ अथ नवां बसन्त ॥

ऐसो दुर्लभ जात शरीर ।
रामनाम भजु लागै तीर

//377

गये बेणु बलि गे हैं कंस।
दुर्योधन गये बूड़े बंस ॥ २ ॥
पृत्थु गये पृथ्वी के राव।
विक्रम गये रहे नहिं काव ॥ ३ ॥
छौ चक्रवैमण्डली के झार।
अजहूं हो नल देखु बिचार ॥ ४ ॥
हनुमत कश्यप जनकौ वार।
ई सब रोकैं यम के धार ॥ ५ ॥
गोपीचँद भल कीन्हों योग।
रावन मरिगो करतै भोग ॥ ६ ॥
जात देखु अस सब के जाम।
कह कबीर भजु रामै नाम ॥ ७ ॥

चौरासी लाख योनिन में भटकत भटकत यह शरीर पायो दुर्लभ सो वृथा ही जाय है सो रामनाम को भजु सेवा करु जाते तीर लगै, बेणु, बलि, कंस, दुर्योधन, पृथु, विक्रम, यो छवो चक्रवर्ती भूमिमण्डल के ते शरीर छोड़िकै जात भये सो नर अजहूँ बिचारि कै तू देखु व हनुमत, कश्यप अदिति जनक कहे ब्रह्मा वार कहे सनकादिक ते ये अबलौं रामनाम कहि यम को धार रोकै हैं अर्थात जे उनके मत में जाय रामनाम कहै हैं ते संसार ते छूटि ही जाय हैं उन पै यम को बल नहीं चलै है और गोपीचन्द जोगी रहे रावण भोगी रह्यो पै रामनाम नहीं भजे ते दोऊ मरि गये सो श्रीकबीरजी कहैं हैं कि यही भाँति सबके जाम। जे शरीर ते जात देखै हैं ताते रामनाम भजु, 'भजु सेवायाम्' धातु है ताते तैं हूं रामनाम की सेवा करु तबही संसारसमुद्र के तीर लगै गो नहीं तो बहिजायगो, रामनाम के जपैया नहीं मरे हैं तामें प्रमाण कबीरजी को पद—

हम न मरैं मरिहै संसारा। हमको मिला जिलावनवारा॥
अब ना मरौं मोर मन माना। सोइ मुवा जिन राम न जाना॥
सो कत मरै संतजन जीवै। भरि भरि रामरसायन पीवै॥
हरि मरि हैं तो हमहूं मरि हैं। हरि न मरैं हम काहे को मरि हैं॥
कहि कबीर मन मनहिं मिलावा। अमर भये सुखसागर पावा॥

* इति नवां बसन्त समाप्तम् *

---

## ॥ अथ दसवा बसन्त ॥

सब ही मदमाते कोई न जाग।
सो सँगहि चोर घर मुसन लाग॥ १॥
योगी मदमाते योगध्यान।
पण्डित मदमाते पढ़ि पुरान॥ २॥
तपसी मदमाते तप के भेव।
सन्यासी माते करि हमेव॥ ३॥
मौलना मदमाते पढ़ि मुसाफ़[1]।
क़ाज़ी मदमाते कै निसाफ़॥ ४॥
शुकदेव मते ऊधो अक्रूर।
हनुमत मदमाते लिये लँगूर॥ ५॥
संसार मत्यो माया के धार।
राजा मदमाते करि हँकार॥ ६॥
शिव मात रहे हरिचरणसेव।
कलि माते नामदेव जयदेव॥ ७॥

---

१ मुसहफ़-कुरान।

वह सत्य सत्य कह सुम्रित वेद
जस रावण मारे घर के भेद ॥ ८ ॥
यह चञ्चल मन के अधम काम ।
सो कह कबीर भजु राम नाम ॥ ९ ॥

यह पद को समेटि कै अर्थ करै है यह संसार में सब कोई मद में मातल भयो जागत कोई न भयो सो जिनको जिनको यह पद में गनाय आये तेते प्रथम जैसे रावण घर के भेद से मारे गये तैसे मनके भेद ते मारे गये परन्तु इन सब में जे रामनाम को जप्यो तेई छूटे हैं हनुमदादि शुकादि जे कहि आये यह मन के तो अधम काम हैं जे रामनाम को नहीं जानें ते संसार ही में परे, ताते तैंहू रामनाम को भजु तबहीं तेरो उबार होइगो। औरी भांति संसार ही में परे रहैगे। और संसार सागर को पार करनवालो एक रामनाम ही है तामे प्रमाण—

माधव दुख दारुन सहि न जाइ।
मेरी चपल बुद्धि ताते का बसाइ॥
तन मन भीतर बस मदन चोर।
सब ज्ञानरतन हरि लीन मोर॥
हौं मैं अनाथ प्रभु कहौं काहि।
अनेक बिगूचे मैं को आहि॥
और सनक सनंदन शिव सुकादि॥
आपुन कमलापति ब्रह्मा आदि।
योगी जङ्गम यति जटाधारि॥
अपने अवसर सब गये हारि।
सो कह कबीर करि सन्तसाथ॥
अभिअन्तर हरिसों करहु बात।
मन ज्ञान जान करि करि बिचार॥
श्रीरामनाम भजु होउ पार।

* इति दसवां बसन्त समाप्तम् *

## ॥ अथ ग्यारहँवां बसन्त ॥

शिव काशी कैसी भै तुम्हारि।
अजहुँ हो शिव देखहु विचारि ॥ १ ॥
चोवा अरु चन्दन अगर पान।
सब घर घर स्मृति होइ पुरान ॥ २ ॥
बहु बिधि भवनन में लगैं भोग।
अस नगर कोलाहल करत लोग ॥ ३ ॥
बहु बिधि परजा निर्भय हैं तोर।
तेहि कारण चित है ढीठ मोर ॥ ४ ॥

श्री कबीरजी कहै हैं कि जब मैं बालापन में साधन करत रह्यों है तबहीं देवतन को दर्शन होत रह्यो है सो मैं महादेव जी ते पूछ्यो कि यह काशी तुम्हारी कैसी भई है अजहूँ तो विचारि देखो तुम्हारी काशी में चन्दन, चोवा, अगर लगावै हैं, पान खाय हैं घर घर स्मृति पुराण होइ हैं विविध भाँति के मेवा पकवान भोग लगावै हैं यही रीति ते लोग नगर में कोलाहल कर रहे हैं ऐसे परजा तुम्हारे निर्भय होइ रहे हैं तौने कारण ते मोरो चित ढीठ होइ गयो है ॥

हमरे बालक कर यहै ज्ञान।
तोहीं हरि को समुझावै आन ॥ ५ ॥
जग जो जेहिं सो मन रहल लाय।
सो जिव के मरे कहु कहँ समाय ॥ ६ ॥

सो हम जे सब बालक हैं तिन कर यहै ज्ञान है तुम जे हौ महादेव और हरि जे हैं श्रीरामचन्द्र तिनको तो समुझावै काशीवाले आन हैं काहे ते कि वेदद्वारा यह कहते है कि संसार छूटै है ज्ञान होइ है तब मुक्ति होइ है ये सब जो काशी में मेरे हैं सो मुक्ति होइ जाइ है भोग करै

हैं सो यहू वेद द्वारा कहौं हौं कि कहे बिलक्षण समुझवे है ॥ ५ ॥ जगत् में जो जौने में मन लगावै है सो शरीर छूटे कहो कहां समाय है अर्थात् जाही में मन लगावै है ताही में समाय है यहू वेद में लिखे हैं :—

अन्ते या मतिः सा गतिः ।

सो हम तुम सों पूछै हैं कि विषय में मन लगाये मरे जे काशी के लोग ते कहां जाय हैं ॥ ६ ॥

तहँ जो कछु जाकर होइ अकाज ।
है ताहि दोष साहब न लाज ॥ ७ ॥
तब हर हर्षित ह्वै कहल भेव ।
जहँ हमहीं हैं तहँ दूसर केव ॥ ८ ॥
तुम दिना चार मन धरहु धीर ।
पुनि जस देखेहु तस कह कबीर ॥ ९ ॥

सो जाकर अकाज होइ है ताही को दोष है काहेते वाके कर्म ही ते अकाज होइ, है साहब जो आप हैं श्रीरामचन्द्र तिनको कौन लाज है जो आप काशी के जीवनमुक्ति देइ हैं सो कौने हेतु ते कहो और संसारी जीव आपका न होइ काशी आप का है ॥ ७ ॥ तब हर्षित ह्वै के हर मोसे भेद बतायो कि जहां हम हैं तहां दूसर को है काशी में औ़र सब संसार में जहां हम हैं अर्थात् हमको जे जानै हैं तेके कर्म औ कालई को जोर कै सकै काहे ते कि जब हम ब्रह्मा ते रामनाम पायो है तब जान्यो है ताही ते मुक्ति करै हैं रामनाम को उपदेश करि श्रीरघुनाथजी को ज्ञान देइ है वाको तब मुक्ति होइ है सो काशी हू में रामनाम दै मुक्ति करै है औरहू देश में रामनाम पाइ कै मुक्ति ह्वै जाइ है ॥ ८ ॥ सो दिन चार तुम मन में धीर धरौ पुनि जस देख्यो तस हे कबीर ! तुम कह्यो अर्थात् जैसे हम रामनाम दैके जीवन को उद्धार करते हैं तैसे तुमहूँ करौगे तब तस देखोगे कि रामनाम ते कैसो विषयी होइ पै उद्धारई होइ जाइ है और काशी में रामनाम ही ते मुक्ति होइ है महादेव देइ हैं तामें प्रमाण-

"पेयं पेयं श्रवणपुटके,
रामनामाभिरामं ।
ध्येयं ध्येयं मनसि सततं,
तारकं ब्रह्मरूपम् ॥
जल्प्यं जल्प्यं प्रकृति विकृतौ,
प्राणिनां कर्णमूले ॥
वीथ्यां वीथ्यामटति जटिलः
कोपि काशीनिवासी"

(इति स्कान्दे) ॥ ६ ॥

इति ग्यारहवां बसन्त समाप्तम् *

---

## ॥ अथ बारहवाँ बसन्त ॥

हमरे कहल कर नहिं पतियार ।
आपु बूड़े नल सलिलै धार ॥ १ ॥
अन्धा कहै अन्ध पतियाय ।
जस बिश्वा के लगनै जाय ॥ २ ॥
सो तौ कहिये अतिहि अबूझ ।
खसम ठाढ़ ढिग नाहीं सूझ ॥ ३ ॥

श्रीकबीरजी कहै हैं कि हमरे कहे ये जीव कोई नहीं पतियाय हैं साहब में कोई नहीं लगते हैं आप सुखो बानीरूप सलिल में बूड़े जाते हैं बानी को पानी आगे कहि आये हैं ॥ १ ॥ आँधर जे गुरुवालोग हैं हे नाना मतन को बतावै हैं आँधर जे जीव ते ग्रहण करै हैं साहब को नहीं जाने हैं जैसे वेश्या की लगन व नाना पुरुष ते रमै है एक को जानती ही नहीं है ऐसे नाना उपासना माने हैं सो साहब को मानत ही नहीं हैं ॥ २ ॥ सो ते जीवन को हम अतिही अबूझ कहै हैं काहे ते कि श्रीरामचन्द्र अन्तर्यामी रूपते ढिग में हैं तिन को नहीं सूझै है ॥ ३ ॥

आपन आपन चाहहिं मान।
झुठ परपंच साँच करि जान ॥ ४ ॥
झूठा कबहुं करौ नहिं काज।
मैं तोहिं बरजौं सुनु निरलाज ॥ ५ ॥
छाँड़हु पाखँड मानहुं बात।
नहीं तो परिहौ यम के हात ॥ ६ ॥

आपन आपन मान जो है बड़ाई सिद्धता तौनेको चाहै हैं झूठ परपञ्च जो धोखाब्रह्मआत्मै मालिक है या को सांच मानै हैं ॥ ४ ॥ सो ओ तैं या झूठो विचार करि राखे है कि हमहीं ब्रह्म है आतमा मालिक है सो ये झूठे काज तैं न करु हे निर्लज्ज जीव! केती जन्म मारो गयो है पुनि वही काम करै हैं सो मैं तोको बरजौ हौं तू या काम न करु साहब को जानु ॥ ५ ॥ सो मेरी बात तू मानु पाखण्ड को छोड़ि दे नहीं तो यम जे हैं तिन के हात काहे गड़वा में परिहो यमदूत डाढ़ो पकरि कै डारि देयंगे ॥

कह कबीर नल चले न सोझ।
भटक मुये जस बन के रोझ ॥ ७ ॥

सो श्रीकबीर जी कहै हैं कि हे नल! सोझ कहे सूधो अन्तर्यामी जे साहब समीप तिनको न जान्यो। दूरि हैं जे नाना उपासना तिनमें बनके रोझ की नाईं भटकि कै मरि गये अर्थात रोझ औघट बाग तो है शिकारी सों भेंट भई मारो गयो ऐसे नाना उपासना करत रह्यो यमदूत डाढ़ो पकरि नरक में डारि दियो तामें प्रमाण "हं इ हिस्साब तब ज्वाब का देहुगे पकरि फिरीस्त लै जाय डाढी" और साहिबै के जाने से छूटैगो तामें प्रमाण कबीर जी का पद...

चेतन दे कै रे अगधन्धा।
राम नामको मरम न जानैं माया के रस अन्धा ॥
जनमत तबहिं काह लै आया मरत काह लै जासी।
जैसे तरुवर बसत पखेरू दिवस चारि के बासी ॥

काया थापी और न जानै जनमतही जर काटी।
हरि के भक्ति बिना यहि देही फिर लौटे हिय फाटी॥
काम अरु क्रोध मोह मद मत्सर पर शपवारा सुनिये।
कहै कबीर साधु की संगति रामनामगुन भनिये॥

* इति बारहवां बसन्त समाप्तम् *

* इति बसन्त सम्पूर्णम् *

---

# साखी

## सेवक और दास का अंग

सेवक सेवा में रहै सेवक कहिये सोय।
कहै कबीर सेवा बिना सेवक कबहुँ न होय॥
सेवक सेवा में रहै अनत कहूँ नहिं जाय।
दुख सुख सिर ऊपर सहै कह कबीर समुभाय॥
सेवक स्वामी एक मति जो मति में मति मिलजाय।
चतुराई रीझै नहीं रीझै मन के भाय॥
द्वार धनी के पड़ि रहै धका धनी का खाय।
कबहुँक धनी नेवाजई जो दर छांड़ि न जाय॥
कबीर गुरु सबको चहै गुरु को चहै न कोय।
जब लग आस शरीर की तब लग दास न होय॥
सेवक सेवा में रहै सेव करै दिनरात।
कहै कबीर कुसेवका सन्मुख ना ठहरात॥
निरबंधन बंधा रहै बंधा निरबंध होय।
करम करै करता नहीं दास कहावै सोय॥
गुरु समरथ सिरपर खड़े कहा कमी तेहिं दास।
ऋद्धि सिद्धि सेवा करैं भक्ति न छांड़ै पास॥

दास दुखी तो हरि दुखी आदि अन्त तिहुँ काल ।
पलक एक में प्रगट ह्वै छिन में करै निहाल ॥

दात[1] धनी याचैं नहीं सेव करै दिन रात ।
कह कबीर ता सेवकहिं काल करै नहि घात ॥

सब कछु गुरु के पास है पैये अपने भाग ।
सेवक मन सों प्यार है निसदिन चरनन लाग ॥

सेवक कुत्ता गुरू का मोतिया वाका नांव ।
डोरी लागी प्रेम की जित खैंचे तित जाव ॥

दुर दुर करैं तो बाहिरे तू तू करैं तो जाय ।
ज्यों गुरु राखैं त्यों रहै जो देवै सो खाय ॥

दासातन हिरदे नहीं नाम धरावै दास ।
पानी के पीये बिना कैसे मिटै पियास ॥

भुक्ति मुक्ति मांगौं नहीं भक्ति दान दे मोहिं ।
और कोई यांचौं नहीं निस दिन यांचौं तोहि ॥

धरती अम्बर जायँगे बिनसैंगे कैलास ।
एकमेक होइ जायगे तब कहँ रहैंगे दास ॥

एकमएका होनदे बिनसनदे कैलास ।
धरती अम्बर जानदे मो में मेरे दास ॥

यह मन ताको दीजिये जो सांचा सेवक होय ।
सिर ऊपर आरा सहै तहुन दूजा जोय ॥

काजर केरी कोठरी ऐसा यह संसार ।
बलिहारी वा दास की पैठि के निकसनहार ॥

काजरकेरी कोठरी काजरही का कोट ।
बलिहारी वा दास की रहै नामकी ओट ॥

कबीर गुरु का भावता दूरहि ते दीसन्त ।
तन छीना मन अनमना जग ते रूठि फिरन्त ॥

---

१—दाता ।

अनराते सुख सोवना राते नींद न आय।
ज्यों जल छूटे* माछरी तलफत रैन विहाय॥
राता राता सब कहैं अनराता कहै न कोय।
राता सोही जानिये जातन रक्त न होय॥
जा घट में साईं बसै सो क्यों छाना होय।
जतन जतन करि दाबिये तौ उजियारा सोय॥
कबीर खालिक जागिया और न जागै कोय।
कै जागै विषयाभरा कै दास बन्दगी जोय॥
सब घट मेरा साइयां सूनी सेज न कोय।
बलिहारी वा घट्ट की जा घट परगट होय॥

## सूरमा का अंग

गगन दमामा बाजिया पड़त निसाने चोट।
कायर भाजै कछु नहीं सूरा भाजै खोट॥
गगन दमामा बाजिया पड़त निशाने घाव।
खरा पुकारै सूरमा अब लड़ने का दाव॥
गगन दमामा बाजिया हनहनिया के कान।
सूरा धरै बधावना कायर तजै परान॥
सूरा सोइ सराहिये लड़ै धनी के हेत।
पुरजा पुरजा होइ रहै तऊ न छाँड़ै खेत॥
सूरा सोइ सराहिये अंग न पहिरै लोह।
जूझै सब बँद खोलिके छांड़ै तन का मोह॥
खेत न छांड़ै सूरमा जूझै दो दल मांहि।
आसो जीवन मरन की मन में आनै नांहि॥
अब तो जूझे ही बनै मुड़ चाले घर दूर।
सिर साहेब को सौंपते सोच न कीजै सूर॥

*-सूखना

घायल तो घूमत फिरै राखा रहै न ओट।
जतन किये नहिं बाहुरै लगी मरम की चोट॥
घायल की गति और है औरन की गति और।
प्रेमबान हिरदै लगा रहा कबीरा ठौर॥
सूरा सीस उतारिया छांड़ी तनकी आस।
आगे से गुरु हरखिया आवत देखा दास॥
कबीर घोड़ा प्रेमका ( कोइ ) चेतन चढ़ि असवार,
ज्ञानखड़ग लै काल सिर भली मचाई मार॥
चित चेतन ताजी करै लव की करै लगाम।
सब्द गुरू का ताजना[1] पहुंचै संत सुठाम॥
हरि घोड़ा ब्रह्मा कड़ी विस्नू पीठ पलान।
चन्द सूर होय पायड़ा[2] चढ़सी सन्त सुजान॥
साधु सती औ सूरमा इनकी बात अगाध।
आसा छोड़ैं देहकी तिनमें अधिका साध॥
साधु सती औ सूरमा इन पटतर कोइ नाहिं।
अगम पंथको पग धरैं डिगैं तो ठाहर नाहिं॥
साधु सती औ सूरमा कबहुं न फेरैं पीठ।
तीनों निकस जो बाहुरैं ताको मुंह मति दीठ॥
साधु सती औ सूरमा ज्ञानी औ गजदंत।
एते निकसत बाहुरैं जो जुग जाहिं अनन्त॥
साधु सती औ सूरमा देह न मोड़ै मूंह।
ये तीनों भागे बुरे साहेब जाकी सूंह॥
सिर राखे सिर जात हैं सिर काटे सिर सोय।
जैसे बाती दीप की कटि उजियारा होय॥
धड़ से सीस उतारि के डारि देय ज्यों ढेल।
कोई सूरको सोहसी घर जाने का खेल॥

---

१ ताज़ियाना whip. २ रिकाब।

लड़ने को सबही चले लस्कर बांधि अनेक।
साहेब आगे आपुने जूझैगा कोइ एक॥
जूझैंगे सब कहैंगे अब कछु कहा न जाय।
भीड़ पड़े मनमसखरा लड़ै कि भगि जाय॥
सूरा के मैदान में कायर फंदा आय।
ना भाजै न लड़ि सकै मनहीं मन पछिताय॥
कायर बहुत पमावहीं* बड़क न बोलै सूर।
सारी खलक यों जानहीं केहिके मोहड़े नूर॥
सूरा थोड़ा ही भला सत करि रोपै पग्ग।
घना मिला केहि काम का सावन का सा वग्ग॥
रनहिं धसा जो ऊबरा आगे गिरहनिवास।
धरै बधाया बाजिया और न दूजी आस॥
साईं सेंति न पाइये बातन मिलै न कोय।
कबीर सौदा नाम का सिर बिन कबहुँ न होय॥
आपस्वारथी मेदिनी भक्तिस्वारथी दास।
कबीर नाम सुआरथी छांड़ी तनकी आस॥
ज्यों ज्यों गुरुगुन सांभजै त्यों त्यों लागै तीर।
लागे से भागै नहीं सोइ साध सुवीर॥
ऊंचा तरुवर गगन को फल निरमल अति दूर।
अनेक सयाने पचि गये पंथहि मूए झूर॥
दूर भया तो क्या भया सतगुरु मेला सोय।
सिर सौंपै उन चरन में कारजसिद्धी होय॥
जेता तारा रैन का एता बैरी मुज्झ।
धड़ सूली सिर कांगुरे तऊँ न बिसारूं तुज्झ॥
चौपड़ मांड़ो चौहटे अरध उरध बाजार।
सतगुरु सेती खेलता कबहुं न आवै हार॥

---

* पमाना—to boast

जो हारौं तो सेव गुरु जो जीतो तो दांव ।
सत्त नाम से खेलता जो सिर जाव तो जाव ॥
जोगी को डर बहुत है पल पल पड़ै विजोग ।
मन राखत जो तन गिरै सो तन साहेब जोग ॥
अगिनि आंच सहना सुगम सुगम खड़्ग की धार ।
नेह निभावन एक रस महा कठिन व्योहार ॥
नेह निभाए ही बनै सोचे बनै न आन ।
तन दे मन दे सीस दे नेह न दीजै जान ॥
भाव भाल का सुरति सर धरि धीरज कर तान ।
मनकी मूठ जहां मँडी चोट तहां हीं जान ॥
मेरे संसय कछु नहीं लागा गुरु से हेत ।
काम क्रोध से जूझना चौड़े माड़ा खेत ॥
कायर भया न छूटिहौ कछु सूरता समाय ।
भरम भाल का दूर करि सुमिरन सेल सजाय ॥
कोने परा न छूटि हौ सुनु रे जीव अबूझ ।
कबिरा मँड़ मैदान में करि इन्द्रिन सों जूझ ॥
बांका गढ़ बांका मता बांकी गढ़ की पौल ।
काढ़ि कबीरा नीकला जमसिर घाली रौल ॥
बांकी तेग कबीर की अनी पड़ै दुइ टूक ।
मारा मीर महाबली ऐसी मूठ अचूक ॥
कबीर तोड़ा मानगढ़ पकड़े पांचो स्वान ।
ज्ञान कुल्हाड़ा कर्मबन काटि किया मैदान ॥
कबीर तोड़ा पांच गढ़ मारे पांच गनीम ।
सीस नवाया धनी को साजी बड़ी मुहीम ॥
कबीर पांचो मारिये जा मारे सुख होय ।
भला भली सब कोइ कहै बुरा न कहसी कोय ॥
ऐसी मार कबीर की मुवा न दीसै कोय ।
कह कबीर सोइ ऊबरे धड़ पर सीस न होय ॥

सूरा सार संभालिया पहिरा सहज सँजोग ।
ज्ञानगजंदा चढ़ि चला खेत पड़न का जोग ॥
सीतलता संजोय लै सूर चढ़े संग्राम ।
अबकी भाज न सरत है सिर साहेब के काम ॥
सूरा नाम धराय के अब का डरपै बीर ।
मँडि रहना मैदान में सन्मुख सहना तीर ॥
तीर तुपक से जो लड़ै सो तो सूर न होय ।
माया तजि भक्ती करै सूर कहावै सोय ॥
कबीर सोई सूरमा मन से मांड़ै जूझ ।
पांचो इन्द्री पकरि के दूरि करै सब दूझ ॥
कबीर सोई सूरमा जाके पांचो हाथ ।
जाके पांचो बस नहीं तेहि गुरु संग न साथ ॥
कबीर रन में पैठिके पीछे रहै न सूर ।
सांई से सन्मुख भया रह सो सदा हजूर ॥
जाय पूछ वा घायलै दिवस पीर निसि जागि ।
बाहनहारा जानिहै कै जानै जेहि लागि ॥
कबीर हीरा बनि जिया महंगे मोल अपार ।
हाड़ गला माटी मिली सिर काटे व्यवहार ॥
आगे भली न होयगी कहां धरोगे पांव ।
सिर सौंपो सीधे लड़ो काहे करे कुदाव ॥
सूर सिलाह न पहिरई जब रन बाजा तूर ।
माथा काटै धड़ लड़ै तब जानी जे सूर ॥
जोग से तो जौहर भला घड़ी एक का काम ।
आठ पहरका जूझना बिन खांड़े संग्राम ॥
तीर तुपक बरछी बहै बिगसि जायगा चाम ।
सूरा के मैदान में कायर का क्या काम ॥
सूरा के मैदान में कायर का क्या काम ।
सूरा से सूरा मिलैं तब पूरा संग्राम ॥

बिना पांव का पंथ है मंझि सहर अस्थान ।
बिकट बाट औघट घना कोइ पहुंचै संत सुजान ॥
पंज समाना जब लिया तब रन धसिया सूर ।
दिल सौंपा सिर ऊबरा मुजरा धनी हजूर ॥
रन धंसिया ते ऊबरा पाया गेह निवास ।
घरे बधावा बाजिया औ जीवन की आस ॥
अबलग धड़ पर सीस है सूर कहावै कोय ।
माथा टूटै धर लड़ै कमँद[1] कहावै सोय ॥
सूरा तो सांचै मते सहै जो सन्मुख धार ।
कायर अनी चुभाय कै पाछे झँखै अपार ॥
भाजि कहां लौं जाइये भय भारी घर दूर ।
बहुरि कबीरा खेत रहु दल आया भरपूर ॥
सार बहै लोहा झरै टूटै जिरह जंजीर ।
अबिनासी की फौज में मांड़ा दास कबीर ॥
ज्ञान कमान। लौ गुना तन तरकस मन तीर ।
भलका बहै है सार का मारै हदफ[2] कबीर ॥
कठिन कमान कबीर की पड़ी रहै मैदान ।
केते जोधा पचि गये कोइ खैंचे संत सुजान ॥
घटो बढ़ो जानै नहीं मन में राखै जीत ।
गाड़र लड़ै गयन्द सा देखो उलटो रीत ॥
भुजा फरक्कै सुख में बाजै अनहद्दतूर ।
तकिया है मैदान में पहुंचैगा कोइ सूर ॥
नामरसायन प्रेमरस पीवत बहुत रसाल ।
कबीर पीवन कठिन है मांगै सीस कलाल ॥
कायर भागा पीठ दै सूर रहा रन मांहि ।
पटा लिखाया गुरू पै खरा खजीना खाहि ॥

---

१ कबंध । २ هدف target

## चेतावनी का अंग ।

कबीर गर्व न कीजिये काल गहे कर केस ।
न जानो कित मारिहै क्या घर क्या परदेस ॥
आज काल के बीच में जंगल होगा बास ।
ऊपर ऊपर हल फिरै ढोर चरेंगे घास ॥
हाड़ जरै ज्यों लाकड़ी केस जरै ज्यों घास ।
सब जग जरता देखिकरि भये कबीर उदास ॥
झूठे सुख को सुख कहैं मानत हैं मनमोद ।
जगत चबेना कालका कुछ मुख में कुछ गोद ॥
कुसल कुसलहीं पूंछते जग में रहा न कोय ।
जरा मुई ना भय मुआ कुसल कहां से होय ॥
पानी केरा बुदबुदा अस मानुष की जाति ।
देखत ही छिप जायगा ज्यों तारा परभात ॥
निधड़क बैठा नाम बिनु चेति न करै पुकार ।
यह तन जलका बुद्बुदा बिनसत नाहीं बार ॥
रात गंवाई सोयकरि दिवस गँवायो खाय ।
हीरा जन्म अमोल था कौड़ी बदले जाय ॥
कै खाना कै सोवना और न कोई चीत ।
सतगुरु सब्द बिसारिया आदि अन्त का मीत ॥
यहि औसर चेत्या नहीं पसु ज्यों पाली देह ।
सत्त नाम जान्यो नहीं अन्त पड़ै मुख खेह ॥
लूटि सकै तो लूटि ले सत्तनामभंडार ।
काल कंठ ते पकड़ है रोकै दसो दुआर ॥
आछे दिन पाछे गये गुरु से किया न हेत ।
अब पछतावा क्या करै जब चिड़िया चुग गई खेत
आज कहै कल्ह भजूंगा काल्ह कहै फिर काल ।
आज काल के करतही औसर जासी चाल ॥

काल्ह करै सो आज कर सबहि साज तेरे साथ ।
काल्ह काल्ह तू क्या करै काल्ह काल के हाथ ॥
काल्ह करै सो आज कर आज करै सो अब्ब ।
पल में परलै होयगी बहुरि करैगा कब्ब ॥
पाव पलक की सुधि नहीं करै काल्ह का साज ।
काल अचानक मारसी ज्यों तीतर को बाज ॥
पाव पलक तो दूर है मो पै कह्यो न जाय ।
ना जानू क्या होयगा पाव छिपल के माय ॥
कबीर नौबत आपनी दिन दस लेहु बजाय ।
यह पुर पट्टन यह गली बहुरि न देखौ आय ॥
जिनके नौबत बाजती मंगल बँधते बार ।
एकै सतगुरु नाम बिन गये जनम सब हार ॥
पांचों नौबत बाजती होत छतीसो राग ।
सो मन्दिर खाली पड़ा बैठन लागे काग ॥
ढोल दमामा गड़गड़ी सहनाई अरु भेरि ।
अवसर चले बजाइके है कोई लावै फेरि ॥
कबीर थोड़ा जीवना मांड़ै बहुत मँड़ान ।
सबहि उभै* में लगि रहा राव रंक सुलतान ॥
इक दिन ऐसा होयगा सब से पड़ै बिछोहि ।
राजा राना छत्रपति क्यों नहि सावध होहि ॥
ऊजड़ खेड़े ठीकरी गढ़ि गढ़ि गये कुम्हार ।
रावन सरिखा चलि गया लंका का सरदार ॥
ऊंचा महल चुनावते करते होड़महोड़ ।
सुबरनकली ढलावते गये पलक में छोड़ ॥
कहा चुनावै मेड़ियां लंबी भीति उसारि ।
घर तो साढ़े तीन हथ घना तो पौने चारि ॥

---

* उभय = दुविधा ।

पांच तत्व का पूतला मानुष धरिया नाम ।
दिना चार के कारने फिरि फिरि रोके ठाम ॥
कबीर गर्व न कीजिये देही देखि सुरंग ।
बिछुरे पै मेला नहीं ज्यों केंचलि तजै भुजंग ॥
कबीर गर्व न कीजिये अस जोबन की आस ।
टेसू फूला दिवस दस खंखर भया पलास ॥
कबीर गर्व न कीजिये ऊंचा देखि अवास ।
काल्ह परों भुइं लेटना ऊपर जमसी घास ॥
कबीर गर्व न कीजिये चाम लपेटे हाड़ ।
हयवर ऊपर छत्र तर तौ भी देवैं गाड़ ॥
पक्की खेती देखकर गर्वै कहा किसान ।
अजहूं झोला बहुत है घर आवै तब जान ॥
जेहि घट प्रेम न प्रीतिरस पुनि रसना नहि नाम ।
ते नरपशु संसार में उपजि खये बेकाम ॥
ऐसा यह संसार है जैसा सेमर फूल ।
दिन दस के व्यवहार में झूठे रंग न भूल ॥
कबीर धूल सकेलि के पुड़ी जो बांधी एह ।
दिवस चार का पेखना अन्त खेह का खेह ॥
पांच पहर धंधे गया तीन पहर रहे सोय ।
एको घड़ी न हरि भजे मुक्ति कहां ते होय ॥
कबीर मन्दिर लाखका जड़िया हीरा लाल ।
दिवस चार का पेखना विनसि जायगा काल ॥
सपने सोया मानवा खोल देखि जो नैन ।
जीव परा बहु लूट में ना कछु लेन न देन ॥
मारोगे मरि जाहुगे कोई न लेगा नाम ।
ऊजड़ जाइ बसाहुगे छोड़िके बसता गाम ॥
घर रखवाला बाहरा चिड़िया खाया खेत ।
आधा परधा ऊबरै चेत सकै तो चेत ॥

कबीर जो दिन आज है सो दिन नाहीं काल ।
चेत सकै तो चेतियो मीच रही है ख्याल ॥
माटी कहै कुम्हार को तूं क्या रूंदै मोंहिं ।
इक दिन ऐसा होयगा मैं रूंदूंगी तोहिं ॥
जिन गुरु की चोरी करी गये नाम गुन भूल ।
ते बिधना गादुर रचे रहे उरधमुख भूल ॥
सत्त नाम जाना नहीं लागी मोटी खोरि ।
काया हांडी काठ की ना यह चढ़ै बहोरि ॥
सत्त नाम जाना नहीं हुआ बहुत अकाज ।
बूड़ैगा रे बापुरा बड़े बड़ी की लाज ॥
सत्त नाम जाना नहीं चूके अबकी घात ।
माटी मलत कुम्हार ज्यों घनी सहै सिर लात ॥
कबीर या संसार में घना मनुष मतिहीन ।
सत्त नाम जाना नहीं आये टापा दीन ॥
आया अनआया हुआ जो राता संसार ।
पड़ा भुलावे गाफिला गये कुबुद्धी हार ॥
कहा कियो हम आइके कहा करेंगे जाइ ।
इतके भये न उतके चाले मूल गँवाइ ॥
कबीर गुरु की भक्ति बिन धृग जीवन संसार ।
धूंआ कासा धौरहर जात न लागे बार ॥
जगतहिं में हम राचिया झूंठे कुल की लाज ।
तन छीजै कुल बिनसिहै चढ़े न नाम जहाज ॥
यह तन कांचा कुम्भ है लिये फिरै था साथ ।
टपका लागा फूट गया कछु नहिं आया हाथ ॥
पानी कासा बुदबुदा देखत गया बिलाय ।
ऐसे जियरा जायगा दिन दस ठोली लाय ॥
कबीर यह तन जात है सकै तो ठौर लगाव ।
कै सेवा करु साधकी कै गुरु के गुन गाव ॥

कायामंजन क्या करै कपड़ा धोयमधोय ।
उज्जल होय न छूटसी सुख नींदड़ी न सोय ॥
मोर तोर की जेवरी बटि बांधा संसार ।
दास कबीरा क्यों बँधै जाके नामअधार ॥
जिन जाना निज गेह को सो क्यों जोड़ै मित्त ।
जैसे पर घर पाहुना रहै उठाये चित्त ॥
दुर्लभ मानुष जन्म है देह न बारम्बार ।
तरवर ज्यों पत्ता झड़ै बहुरि न लागै डार ॥
आये हैं सो जायँगे राजा रंक फकीर ।
इक सिंघासन चढ़ि चले इक बांधे जात जँजीर ॥
जो जानहु जिव आपना करहु जीव को सार ।
जियरा ऐसा पहुना मिलै न दूजी बार ॥
बनजारा का बैल ज्यों टाँडा[1] उतर्यो आय ।
एकन कों दूना भया इक चला मूल गँवाय ॥
कबीर यह तन जात है सकै तो राख बहोर ।
खाली हाथों वे गये जिनके लाख करोर ॥
आस पास जोधा खड़े सबी बजावैं गाल ।
मंझ महल से ले चला ऐसा काल कराल ॥
हांको परबत फाटते समुद्र घूंट भराय ।
ते मुनिबर धरती गले क्या कोई गर्ब कराय ॥
या दुनिया में आइके छांड़ि देइ तू पेंठ ।
लेना होय सो लेइले उठी जात है पैंठ ॥
यह दुनिया दुइ रोजकी मत कर या से हेत ।
गुरुचरनन से लागिये जो पूरन सुख देत ॥
तन सराय मन पाहरू मनसा उतरी आय ।
कोउ काहूका है नहीं सब देखा ठोंक बजाय ॥

---

१ वह हाट जहां बनजारे माल लाकर बेंचते हैं ।

मैं मैं बड़ी बलाय है सको तो निकसो भाग।
कहैं कबीर कबलगि रहै रुई लपेटी आग॥
कबीर आप ठगाइये और न ठगिये कोय।
आप ठगे सुख ऊपजै और ठगे दुख होय॥
मौत बिसारी बावरे अचरज कीया कौन।
तन माटी मिलि जायगा ज्यों आटे में नोन॥
जनम मरन दुख याद कर कूड़े काम निवार।
जिन जिन पंथों चालना सोई पंथ सम्हार॥
कबीर खेत किसान का मिरगों खाया झाड़।
खेत बिचारा क्या करै जो धनी करै नहिं बाड़॥
बासर सुख ना रैन सुख ना सुख सपने मांहि।
जे नर बिछुड़े नाम से तिनको धूप न छांहि॥
कबीर सोता क्या करै क्यों नहिं देखै जाग।
जाके संग से बीछुड़ा वाही के संग लाग॥
कबीर सोता क्या करै उठि के जपो दयार*।
एक दिना है सोवना लम्बे पांव पसार॥
कबीर सोता क्या करै सोते होय अकाज।
ब्रह्मा का आसन डिगा सुनी काल की गाज॥
अपने पहरे जागिये ना पड़ि रहिये सोय।
ना जानी छिन एक में किसका पहरा होय॥
चकवी बिछुड़ी रैन की आनि मिलै परभात।
जे नर बिछुरे नाम से दिवस मिलै नहिं रात॥
दीन गवांयो दुनी सँग दुनी न चाली साथ।
पांव कुल्हाड़ी मारिया मूरुख अपने हाथ॥
कुल खोये कुल ऊबरै कुल राखे कुल जाय।
नाम अकुल को भेंटिया सब कुल गया बिलाय॥

---

* दयाल

दुनियां के धोखे मुवा चाला कुल की कानि ।
तब क्या कुल की लाज है जब ले धरै मसान ॥
कुलकरनी के कारने हंसा गया बिगोय ।
तब क्या कुल की लाज है चार पांव का होय ॥
उज्जल पहिरे कापड़े पान सुपारी खाँहिं ।
ते इक गुरु की भक्ति बिन बांधे जमपुर जांहि ॥
मलमल खासा पहिरते खाते नागर पान ।
ते भी होते मानवी करते बहुत गुमान ॥
टोफन माँहीं पौढ़ते परिमल अंग लगाय ।
ते सुपने दीसैं नहीं देखत गये बिलाय ॥
मेरा संगी कोइ नहीं सबै स्वारथी लोय ।
मन परतीति न ऊपजै जिय विश्वास न होय ॥
कबीर बेड़ा जरजरा फूटे छेद हजार ।
हरुए हरुए तरि गये बूड़े जिन सिर भार ॥
कागल ऊपर दौड़ना सुखनींदड़ी न सोय ।
पुन्नो पाया दिवसड़ा ओछी ठौर न खोय ॥
मैं भंवरा तोहि बरजिया, बन बन बास न लेय ।
अटकैगा कहुं बेल से तड़पि तड़पि जिय देय ॥
बाड़ी के बिच भँवर था कलियां लेता बास ।
सो तो भँवरा उड़ि गया तजि बाड़ी की आस ॥
दुनियां सेती दोसती होय भजन में भंग ।
एकाएकी गुरूसों कै साधन की संग ॥
भय बिनु भाव न ऊपजै भय बिनु होय न प्रीति ।
जब हिरदे से भय गया मिटी सकल रसरीति ॥
भय से भक्ति करै सबै भय से पूजा होय ।
भय पारस है जीव को निर्भय होय न कोय ॥
डर करनी डर परम गुरु डर पारस डर सार ।
डरत रहै सो ऊबरै गाफिल खावै मार ॥

खलक मिला खाली हुआ बहुत किया बकवाद।
बांझ हिलावै पालना तामें कौन सवाद॥
यह जग कोठी काठ की चहुं दिसि लागी आगि।
भीतर रहा सो जरिमुआ साधू उबरे भागि॥
यहि बिरिया तो फिर नहीं मन में देख बिचार।
आया लाभ के कारने जनमजुआ मत हार॥
बैल गढ़ंता नर गढ़ा चूका सींग अरु पौंछ।
एकहि गुरु के नाम बिन धिक दाढ़ी धिक मौंछ॥
कहै कबीर पुकारि के चेतै नांही कोय।
अबकी बेरियां चेतत है सो साहेब का होय॥

## शब्द का अंग

कबीर सब्द शरीर में बिन गुन बाजै तांत।
बाहर भीतर रमि रहा ताते छूटी भ्रांत॥
जो जन खोजी सब्द का धन्य सन्त है सोय।
कह कबीर सब्दै गहे कबहूँ न जाय बिगोय॥
सब्द सब्द बहु अंतरा सब्द सारका सीर।
सब्द सब्द का खोजना सब्द सब्द का पीर॥
सब्द सब्द बहु अंतरा सार सब्द चित देय।
जा सब्दै साहेब मिलै सोई सब्द गहि लेय॥
सब्द सब्द सब कोइ कहै वो तो सब्द विदेह।
जिभ्या पर आवै नहीं निरखि परखि करि देह॥
एक सब्द सुखरास है एक सब्द दुखरास।
एक सब्द बंधन कटै एक सब्द गलफांस॥
सब्द सब्द सब कोइ कहै सब्द के हाथ न पांव।
एक सब्द औषधि करै एक सब्द करै घाव॥
सीखे सुनै बिचारि ले ताहि सब्द सुख देय।
बिना समझ सब्दै गहै कछु न लाहा लेय॥

सब्द हमारा आदि का पल पल करिये याद ।
अन्त फलैगी माहि* की बाहर की सब बाद ॥
सब्दहि मारे मरि गये सब्दहि तजिया राज ।
जिन जिन सब्द पिछानियां सरिया तिनका काज ॥
सब्द गुरू को कीजिये बहुतक गुरू लबार ।
अपने अपने लोभ को ठौर ठौर बटमार ॥
सब्द हमार हम सब्द के सब्दहि लेय परक्ख ।
जो तू चाहै मुक्ति को अब मत जाय सरक्ख ॥
सब्द हमार हम सब्द के सब्द ब्रम्ह का कूप ।
जो चाहै दीदार को परख सब्द का रूप ॥
एक सब्द गुरुदेव का जाका अनँत बिचार ।
पंडित थाके मुनिजना बेद न पावै पार ॥
सब्द बिना स्रुति आँधरी कहो कहां को जाय ।
द्वार न पावे सब्द का फिरि फिरि भटका खाय ॥
यही बड़ाई सब्द की जैसे चुम्बक भाय ।
बिना सब्द नहिं ऊबरै केता करै उपाय ॥
सही टेक है तासु की जाके सतगुरु टेक ।
टेक निबाहै देह भरि रहै सब्द मिलि एक ॥
काल फिरै सिर ऊपरै जीवहिं नज़िर न आइ ।
कह कबीर गुरु सब्द गहि जम से जीव बचाइ ॥
ऐसा मारा सब्द का मुआ न दीसै कोय ।
कह कबीर सो ऊबरै धड़ पर सीस न होय ॥
सब्द बराबर धन नहीं कोई जानै बोल ।
हीरा तो दामों मिलै सब्दहिं मोल न तोल ॥
सब्द दुराया ना दुरै कहौं जो ढोल बजाय ।
जो जन होवै जौहरी लेहै सीस गढ़ाय ॥

---

* मध्य—अन्तर

सब्द पाय स्रुति राखहीं सो पहुँचै दरबार।
कह कबीर तंह देखई बैठे पुरुष हमार॥

औरै दारू सब करी पै सुभाव की नांहि।
सो दारू सतगुरु करी रहै सब्द के मांहि॥

सब्द उपदेस जो मैं कहूं जो कोइ मानै संत।
कहैं कबीर बिचारि कै ताहि मिलाओ कंत॥

मता हमारा मंत्र है हमसा होय सो लेय।
सब्द हमारा कल्पतरु जो चाहै सो देय॥

बैन समानी भानु में भानु अकासे मांहि।
अकास समाना सब्द में सब्द परे कछु नांहि॥

सब्द कहां से उठत है कहँ को जाइ समाय।
हाथ पांव वाके नहीं कैसे पकरा जाय॥

सहस कँवल ते उठत है सुन्नहि जाय समाय।
हात पांव वाके नहीं स्रुति से पकरा जाय॥

सब्द कहां से आइया कहां सब्द का भाव।
कहां सब्द का सीस है कहां सब्द का पाव॥

सब्द ब्रह्मँड ते आइया मध्य सब्द का भाव।
ज्ञान सब्द का सीस है अज्ञान सब्द का पाव॥

सीतल सब्द उचारिये अहं आनिये नांहि।
तेरा प्रीतम तुज्झ में सत्रू भी तुझ मांहि॥

सब्द भेद तब जानिये रहै सब्द के मांहि॥
सब्दे सब्द प्रगट भया दूजा दीसै नांहि॥

सोई सब्द निज सार है जो गुरु दिया बताय।
बलिहारी वा गुरू की सिष्य बिगोय न जाय॥

यह मोती मत जानियो पुहै पोत के साथ।
यह तो मोती सब्द का बेधि रहा सब गात॥

बलिहारी वह दूध की जिसमें निकसत घीव।
आधी साखि कबीर की चार बेद को जीव॥

सब्द अहै गाहक नहीं वस्तु गरुआ मोल।
बिना दाम को मानवा फिरता डांवा डोल॥
रैनितिमिरि नासत भयो जबहीं भान उगाय।
सार सब्द के जानते कर्म भर्म मिटिजाय॥
जंत्र मंत्र सब झूठ है मत भरमो जग कोय।
सार सब्द जाने बिना कागा हंस न होय॥
सत्त सब्द निज जानि के जिन कीन्हा परतीत।
कागकुमति तजि हंस ह्वै चले सो भवजल जीति॥
सब्दखोज मन बसि करै सहज जोग है एहि।
सत्त सब्द निज सार है यह तो झूठी देहि॥
सार सब्द जाने बिना जिव परलै में जाय।
काया माया थिर नहीं सब्द लेहु अरथाय॥
भर्म फन्द जग फंदिया जप तप पूजा ध्यान।
जेहि सब्द तें मुक्ति है सो न परै पहिचान॥
सतजुग त्रेता द्वापरा यहि कलिजुग अनुमान।
सार सब्द इक सांच है और झूठ सब ज्ञान॥
पृथ्वी अपहूं तेज नहिं नहीं बायु आकास।
अनल पच्छ तहँ ह्वै रहै सत्त सब्द परकास॥

## सांच का अंग

सांच बराबर तप नहीं झूठ बराबर पाप।
जाके हिरदै सांच है ता हिरदे गुरु आप॥
सांई से सांचा रहौ साँई सांच सुहाय।
भावै लम्बे केस रख भावै घोट मुड़ाय॥
साँचे स्राप न लागई सांचे काल न खाय।
साँचे को साँचा मिलै सांचे मांहि समाय॥
सांचै सौदा कीजिये अपने जिव में जानि।
सांचै हीरा पाइये झूठै मूलहुं हानि॥

जो तू सांचा बानियां सांची हाट लगाय।
अन्दर झाड़ू देह के कूड़ा दुरि बहाय॥
तेरे अन्दर सांच जो बाहर कछु न बनाव।
जाननहारा जानि है अन्तर गति का भाव॥
जाकी सांची सुरति है ताको सांचा खेल।
आठ पहर चौसठ घड़ी साँई सेती मेल॥
सांच बिना सुमिरन नहीं भय बिन भक्ति न होय।
पारस में परदा रहै कंचन केहि विधि होय॥
अब तो हम कंचन भये तब हम होते कांच।
सतगुरु की किरपा भई दिल अपने का सांच॥
कंचन केवल हरिभजन दूजा कांचकथीर।
झूंठ जाल जंजाल तजि पकड़ा सांच कबीर॥
प्रेम प्रीति का चोलना पहिरि कबीरा नाच।
तन मन तापर वारहूँ जो कोइ बोलै सांच॥
सांच सब्द हिरदै गहा अलख पुरुष भरपूर।
प्रेम प्रीति का चोलना पहिरे दास हजूर॥
साधू ऐसा चाहिये सांची कहै बनाय।
कै टूटै कै फिरि जुरै कहे बिन भरम न जाय॥
जिन नर सांच पिछानियां करता केवल सार।
सो प्रानी काहे चलै झूठे कुल की लार॥
कबीर लज्जा लोक की बोलै नाहीं सांच।
जानि बूझि कंचन तजै क्यों तू पकरै काँच॥
झूठ बात नहि बोलिये जब लगि पार बसाय।
अहो कबीरा सांच गहु आवागवन नसाय॥
सांचे कोइ न पतीजई झूठे जग पतियाय।
गली गली गोरस फिरै मदिरा बैठि बिकाय॥
सांच कहूं तो मारिहैं झूठे जग पतियाय।
ये जग काली कूकरी जो छेड़ै तो खाय॥

सांचे को सांचा मिलै अधिका बढ़ै सनेह ।
झूठे को सांचा मिलै तड़दे टूटै नेह ॥
जाके बोलीबन्ध नहि साँच नहीं मन मांहि ।
ताके संग न चालिये छांड़ै पैंड़े मांहि ॥
कबीर पूंजी साहु की तू मत खोवै ख्वार ।
खरी बिगूंचन होयगी लेखा देतीबार ॥
लेखा देना सहज है जो दिल सांचा होय ।
सांई के दरबार में पला न पकरै कोय ॥
जो तेरे दिल साँच है बाहर नाहि जनाव ।
जाननहारा जानहीं अन्तरगति का भाव ॥
सांच सुनै अरु सत कहै सत्तनाम की आस ।
सत्तनाम को जान करि जग से रहै उदास ॥
सांच हुआ तो क्या हुआ जो नाम न साँचा जान ।
साँचा ह्वै सांचे मिलै तब साँचै माहिं समान ॥
साँचा सब्द कबीर का हिरदय देख बिचार ।
चित दै समझत है नहीं मोहिं कहत भये जुग चारि ॥

## बिचार का अंग

आगि कहै दाझै नहीं पाव न दीजै माहँ ।
जो पै भेद न जानई नाम कहा तो काह ॥
कबीर सोचि बिचारिया दूजा कोई नाहिं ।
आप परे जब चीन्हिया उलटि समाना माहिं ॥
पानीकेरा पूतला राखा पवन संचार ।
नाना बानी बोलता जोति धरी करतार ॥
आधी साखी सिर कटै जोरे बिचारा जाय ।
मनहिं प्रतीत ना ऊपजै राति दिवस भरि गाय ॥
एक सब्द में सब कहा सबही अर्थ बिचार ।
भजिये निर्गुन नाम को तजिये विषय बिकार ॥

बोली तो अनमोल है जो कोई जानै बोल ।
हियेतराजू तोल के तब मुख बाहर खोल ॥
सहज तराजू आन करि सब रस देखा तोल ।
सब रस माहीं जीभरस जो कोइ जानै बोल ॥
ज्यों आवै त्यों ही कहै बोलै नाहिं संभारि ।
हतै पराई आतमा जीभ लेइ तरवारि ॥
बोलै बोल बिचारि कै बैठै ठौर संभारि ।
कहै कबीर या दास की कबहुं न आवै हारि ॥
बोली हमरी पलटिया या तन याही देस ।
खारी सों मीठी करी सतगुरु के उपदेस ॥
कबीर उलटे ज्ञान का कैसे करूं बिचार ।
थिर बैठे मारग कटै चला चली नहिं पार ॥
जो कछु करै बिचारि के पाप पुन्य तें न्यार ।
कह कबीर इह जानि कै आय पुरुष दरबार ॥
आचारी सब जग मिला बिचारी मिला न कोय ।
कोटि अचारी वारिये इक बिचारि जो होय ॥

## बिबेक का अंग ।

फूटी आँखि बिबेक की लखै न संत असंत ।
जाके संग दस बीस हैं ताको नाम महंत ॥
साधू मेरे सब बड़े अपनी अपनी ठौर ।
सब्दबिबेकी पारखी सो माथे को मौर ॥
जब लग नाहिं बिबेक मन तब लग लगै न तीर ।
भवसागर नाहीं तरै सतगुरु कहैं कबीर ॥
गुरपसु नरपसु नारिपसु बेदपसू संसार ।
मानुष सोई जानिये जाहि बिबेक बिचार ॥
प्रगटै प्रेम बिबेक दल अभय निसान बजाय ।
कर्म ज्ञान उर आवतौं यह सुनि मोह दुराय ॥

कर बन्दगी बिबेक की भेष धरै सब कोय ।
वा बन्दगी बहि जान दै जहं सब्द बिबेक न होय ॥
कहै कबीर पुकारि के कोइ सन्त बिबेकी होय ।
जामें सब्द विबेक है छत्रधनी है सोय ॥
जीव जन्तु जलहर बसै गये विवेक जो भूल ।
जल के जलचर यों कहैं हम उड़गन सम तूल ॥
सत्तनाम सब कोइ कहैं कहिये मांहि बिबेक ।
एक अनेकै फिरि मिलै एक समाता एक ॥
समझा समझा एक है अनसमझा सब एक ।
समझा सोई जानिये जाके हृदय बिबेक ॥

॥ इति ॥

# SRI RAIDAS

The saint Raidas, one of the famous disciples of Swami Ramanand, was a *chamar* by caste and as remarked by my esteemed friend P. Shyambihari Misra, in the Second Triennial Report of the Search for Hindi Manuscripts, " it is very creditable to the Vaishnava sect to have embraced in its fold and assigned honourable position to persons of such castes as *Dom* (Nabha) and *Chamdr* Raidas."

According to the Sant Bani Series, his father was Raghu and his mother was Ghurbinia. He was initiated by Swami Ramanand while yet a child aud given **the** name Ravidas subsequently changed to Raidas. It may be noted here that Raidas's hymns appear in the Adi Granth Sahib and there he is called Ravidd,?.

One of his disciples was a Rani of Chittor. Some believe that this Rani was the famous Mira Bai. In the *Bhaktamal* however she is Jhali whereas Mira was *Merti*, of the family of *Merta* Rathors.

Raidas is said to have died at the age of **120 years.**

**We** have not been able to find out the dates of **his** birth and death but he flourished in the middle of the fifteenth century of the Christian era or the beginning of the sixteenth century of the Vikrama **era.**

Raidas's principal works are *Raidas ji hi Bani* and *Raidas ji ke pad.* The following extraots are **taken from the** Adi Granth Sahib.

# रविदास ( रैदास )

मेरी संगति पोच सोच दिन राती ।
मेरी कर्म कुटिलता जन्म कुभांती ॥
राम गुसैयां जीय के जीवन ।
मोहि न बिसारेहु मैं जन तेरा ॥ रहाउ ॥
मेरी हरहु बिपति जन करहु सुभाई ।
चरण न छाड़ौं शरीर कल जाई ॥
कहु रविदास परो तेरी सामा ॥१॥
बेगि मिलहु जन करि न बिलँबा ॥

बेगमपुरा[१] शहर को नाउं ।
दुख अंदोहु[२] नहीं तेहि ठांउ ॥
ना तसवीस[३] खिराज[४] न माल ।
खौफ[५] न खता[६] न तरस[७] जुवाल[८] ॥
अब मोहि खूब वतनगह[९] पाई ।
जहां खैर सदा मेरे भाई ॥
काइम[१०] दाइम[११] सदा पतिशाही ।
दोम[१२] न सेम[१३] एक सो आही ॥

१—بیغم پورہ the town of no sorrows. २—اندوہ grief. ३—تشویش anxiety. ४—خراج revenue. ५—خوف fear. ६—خطا mistake-fault. ७—ترس fear. ८—زوال decline. ९—وطن گہہ home. १०—قائم established. ११ دائم for ever. १२—دوم second. १३—سوم third.

आबादान[१] सदा मशहूर ।
ऊहां गनी[२] बसहि मामूर[३] ॥
त्यों त्यों सैल करहि जो भावै ।
महरम[४] महलन को अटकावै ॥
कहि रविदास खलास[५] चमारा ।
जो हमसहरी[६] सो मीतु हमारा ॥ २ ॥
घट अवघट डूगर घना इकनिर्गुण बैल हमार ।
रमैये सो इक बिनती मेरी पूंजी राखु मुरारि ॥
को बनजारो रामको मेरा टांडा लदा जाइरे ॥ रहाउ ॥
हौं बनजारो राम को सहज करौ व्यापार ॥
मैं रामनाम धन लादा बिषु लादी संसार ॥
उर वार पार के दानिया लिख लेहु आलपताल ।
मोहियम दंड न लागई तजि ले सब जंजाल ॥
जैसा रंग कुसुम्भ का तैसा इहु संसार ।
मेरे रमैये रंग मजीठ का कहु रविदास चमार ॥३॥
कूप परो जैसे दादरा कछु देश बिदेश न बूझ ।
ऐसे मेरा मन बिषय बिमोहियो कछु वरा पार न सूझ ॥
सगल भुवन के नायका इकु छिन दरश दिखाय ।
मलिन भई मति माधवा तेरी गति लखी न जाइ ।
करहु कृपा भ्रम चूकइ मोरि सुमरत देहु समझाइ ॥
योगी सर पावहिं नही तुष गुण कथन अपार ।
प्रेम भक्ति के कारणै कहु रविदास चमार ॥ ४ ॥
सत युग सत त्रेता भगति द्वापर पूजा चार ।
तीनों युग तीनों दृढे कलि केवल नाम अधार ॥

१—آبادان papulated. २—غني rich, independent. ३—معمور prosperous. ४—محرم ladies. ५—خلاص pure. ६—هم شهري fellow-townsman.

पार कैसे पाइबो रे।
मो सों कोउ न कहै समुझाइ।
जाते आवागवन बिलाइ॥ रहाउ॥
बहुविधि धर्म निरूपियै करता दीसै सब लोइ।
कवन कर्म ते छूटियै जिहि साधे सब सिधि होइ॥
कर्म अकर्म बिचारियै शंका सुनि बेद पुरान।
संशय सद हिरदै बसै कौन हरे अभिमान॥
बाहर उदक पखारियै घट भीतर बिबिध बिकार।
शुद्ध कवन पर होइ शुच कुंजरबिधिब्योहार॥
रवि प्रकाश रजनी यथा गति जानत सब संसार।
पारस मानो तांबो छुये कनक होत नहिं बार॥
परम परस गुरु भेटियै पूरबलिखितलिलाट।
उनमन मन मनही मिले खुलत न बजरकपाट॥
भक्ति युक्ति मति संति करी भ्रमबंधन काटि बिकार।
सोई बसि रसि मन मिले गुन निर्गुन एक बिचार॥
अनेक यत्न निग्रह किये टारो न टरै भ्रमफांस।
प्रेम भक्ति नहिं ऊपजै ताते रविदास उदास॥
मृग मीन मृग पंतग कुंजर एक दोषबिनाश।
पंच दोष असाध जामहिं ताकी केतक आश॥ ४॥
माधव अविधा हित कीन।
बिबेकदीप मलीन॥ रहाउ॥
त्रिगदयोनि अचेतसंभव पुन्न पाप अशोच।
मानुषाअवतार दुल्लभ तिही संगति पोच॥
जीव जंतु जहाँ जहाँ लग करम के बस जाइ।
कालफाँस अबद्ध लागे कछु न चलै उपाइ॥
रविदास दास उदास भ्रमतपन तपु गुरुज्ञान।
भगत जनभयहरन परमानंद करहु निदान॥ ५॥

संत तुही तन संगति प्रान ।
सतगुरु ज्ञान जानै संत देवादेव
संत की संगति संतकथारस
संतत प्रेम माझै दीजै देवादेव ॥ रहाउ ॥
संत आचरण संत को मारग संत का ओलग ओलगनि ।
और इक मागौ भगतिचिंतामनि ॥
जनि लखावहु असंत पापी सन ।
रविदास भनै जो जानै सो जान ॥ ६ ॥

संत अनंतहि अंतर नाहीं ॥

तुम चंदन हम इरंड बापुरे संग तुम्हारे बासा ।
नीच रूख ते ऊँच भये हैं गंध सुगंधनिवासा ॥
माधव सतसंगति सरन तुम्हारी ।
हम औगुन तुम उपकारी ॥
तुम मखतूल सुपेद सपीअल हम बपुरे जस कीरा ।
सतसंगति मिलि रहियै माधव जैसे मधुपमखीरा ॥
जाती ओछी, पांती ओछी, ओछा जनमु हमारा ।
राजा राम की सेव न कीनी कहि रविदास चमारा ॥ ७ ॥

कहा भयो जौ तन भयो छुन छुन ।
प्रेम जाइ तौ डरपै तेरो जन ॥
तुझहि चरनअरबिंद भवन मन ।
पान करत पायो अमेय धन ॥
सम्पति विपति पटल मायाधन ।
ता महि मगन होत न तेरो जन ॥
प्रेम की जेवरी बांध्यो तेरो जन ।
कहि रविदास छूटिबो कौन गुन ॥ ८ ॥
हरि हरि हरि हरि हरि हरि हरे ।
हरि सुमरत जन गये निस्तरि तरे ॥
हरि के नाम कबीरउजागर ।

जनम जनम के काटे कागर ॥
निमत नामदेव दूध पिआया ।
तौ जग जनम संकट नहिं आया ॥
जन रविदास रामरंगराता ।
गुरुपरसादि नरक नहिं जाता ॥ ९ ॥
माटी को पुतरा कैसे नचतु है ।
देखै देखै सुनै बोलै दौरयो फिरतु है ॥
जब कछु पावै तब गरब करतु है ।
माया गई तब रोवन लगतु है ॥
मन बच क्रम रसकसहि लुभाना ।
बिनसि गया जाइ कहूँ समाना ॥
कह रविदास बाजी जगु भाई ।
बाजीगर सौं मोहि प्रीति बनिआई ॥ १० ॥
दूधत बछरै थनहु बिटारयो ।
फूलभँवरि जल मीन बिगास्यो ॥
भाई गोबिंदपूजा कहा लै चरावौ ।
अवरन फूल अनूपम पावौ ॥
मलयागिर पर रहै भुअंगा ।
बिषु अमृत बसहि इक संगा ॥
धूप दीप नैबेदहि बासा ।
कैसे पूज करहि तेरी दासा ॥
तन मन अर्पौं पूज करावौ ।
गुरुपरसाद निरंजन पावौ ॥
पूजा अरचा आहि न तोरी ।
कहि रविदास कवन गति मोरी ॥ ११ ॥

जब हम होते तब तू नाहीं अब तू ही मैं नाहीं ।
अनल अगम जैसे लहरि पयोदधि जल केवल जल माहीं ॥

माधव क्या कहियै भ्रम ऐसा ।
जैसा मानियै होइ न तैसा ॥ रहाउ ॥
नरपति एक सिंहासन सोया सपने भया भिखारी ।
अछतराज बिछुरत दुख पाया सो गति भई हमारी ॥
राज भुअंग प्रसंग जैसे है अब कछु मर्म जनाया ।
अनेक टक जैसे भूले परे अब कहते कहन न आया ॥
सर्वे एक अनेकै स्वामी सब घट भोगै सोई ।
कहि रविदास हाथ पै नेरे सहजे होय सु होई ॥
जो हम बांधे मोहफांस हमे प्रेमबंधनि तुम बांधे ।
अपने छूटन को यत्न करहु हम छूटे तुम आराधे ॥ १२ ॥

माधव जानत जैसी तैसी ।
अब कहा करहुगे ऐसी ॥ रहाउ ॥

मीन पकरि फांश्यो अरु काट्यो राँधि कियो बहु बानी ।
खंड खंड कर भोजन कीनो तऊ न बिसरयो पानी ॥
आपन ब्यापै नहीं किसी को भावन को हरि राजा ।
मोहपटल सब जगत बियाप्यो भगत नहीं संतापा ॥
कहि रविदास भगति इक बाढ़ी अब यह कासों कहियै ।
जा कारन हम तुम आराधे सो दुख अजहूं सहियै ॥ १३ ॥
दुर्लभ जन्म पुन्य फल पायो बृथा जात अविवेकै ।
राज इन्द्र सम सरि गृह आसन बिनु हरिभगति कहहु किहि लेखै ॥
न बिचास्यो राजाराम को रसु जिहि रस आनरस बिसरि जाहीं,
जानि अजान भये हम बाबर शोच अशोच दिवस जाहीं ।
इंद्री सबल निबल बिवेक बुधि परमारथ प्रवेश नाहीं ॥
कहियत आन आचरियत आन कछु समुझ न परै अपर माया ।
कहि रविदास उदास दास मति परिहरि कोप करहु दाया ॥
सुखसागर सुरतरु चिंतामनि कामधेनु बस जाके ।
चारि पदारथ अष्टदशासिधि नवनिधि करतल ताके ॥ १४ ॥

हरि हरि हरि न जपहिं रसना ।
और सब त्याग बचन रचना ॥
नाना अख्यान पुरान वेद बिधि चौंतिस अच्छर माहीं ।
व्यास बिचारि कह्यो परमारथ रामनाम सरि नाहीं ॥
सहज समाधि उपाधि रहत पुनि बड़े भागि लवलागी ।
कहि रविदास प्रकास हृदै धरि जन्ममरनभय भागी ॥ १५ ॥
जो तुम गिरिवर तो हम मोरा ।
जो तुम चंद जो हम भये हैं चकोरा ॥
माधव तुम न तोरहु तो हम नहिं तोरहिं ।
तुम सों तोरि कौन सों जोरहिं ॥
जो तुम दियना तो हम बाती ।
जो तुम तीरथ तो हम जाती ॥
सांची प्रीति हम तुम सों जोरी ।
तुम सों जोरि और सँग तोरी ॥
जहँ जहँ जाउँ तहां तेरी सेवा ।
तुम सों ठाकुर और न देवा ॥
तुम्हरे भजन कटहि यमफांसा ।
भगति हेत गावै रविदासा ॥ १६ ॥
जल की भीति पवन का थंभा रकत बूंद का गारा ।
हाड़ मास नाड़ी को पिंजर पंखी बसै बिचारा ॥
प्रानी क्या मेरा क्या तेरा ।
जैसे तरवर पंखि बसेरा ॥
राखहु कंध उसारहु नीवां ।
साढ़े तीनि हाथ तेरी सीवां ॥
बांके बाल पाग सिर डेरी ।
इहु तन होइगो भस्म की ढेरी ॥
ऊँचे मंदिर सुंदर नारी ।
रामनाम बिन बाजी हारी ॥

मेरी जाति कमीनी पांति कमीनी ओछा जन्म हमारा ।
तुम शरनागति राजा रामचँद कहि रविदास चमारा ॥१७॥

चमरट्टा गाँठि न जाई,
लोग गढ़ावैं पनहीं ॥
लोग गाँठि गाँठि खरा बिगूचा ।
हौं बिन गांठे जाइ पहुंचा ॥
रविदास जपै रामनामा ।
मोहि यम सों नाहीं कामा ॥ १८ ॥

हम सरि दीन दयाल न तुम सरि अब पतियार क्या कीजै ।
बचनी तोर मोर मन मा जन को पूरन दीजै ॥

हौं बलि बलि जाँउ रमय्या,
कारन कौन अबोल ॥ रहाउ ॥

बहुत जन्म बिछुरे थे माधव इहु जन्म तुम्हरे लेखे ।
कहि रविदास आस लगि जीवौ चिरभयो दर्शन देखे ॥ १९ ॥
चित्त सुमरन करौं नयन अवलोकनो श्रवन बानी सुयश पूर राखौ ।
मन सुमधुकरकरौ चरन हिरदे धरौ रसन अमृत रामनाम भाखौ ॥

मेरी प्रीति गोविंद सों जिनि घटै ।
मैं तो मोल मँहगी लई जीय सटै ॥ रहाउ ॥
साधसंगति बिना भाव नहिं ऊपजै,
भाव बिन भगति नही होइ तेरी ॥
कहै रविदास इक बती हरिसों ।
पैज राखहु राजाराम मेरी ॥ २० ॥
नाथ कछू ना जानौ ।
मन माया के हाथ बिकानौ ॥
तुम कहियत हौ जगत गुरुस्वामी ।
हम कहियत कलियुग के कामी ॥
इन पंचन मेरो मन जु बिगारयो ।
पल पल हरि ते अंतर पारयो ॥

जहं देखौ तहं दुख की राशी ।
अजौं न पत्याइ निगम भये साखी ॥
गोतमनारि उमापति स्वामी ।
शीश धरनि सहसभगगामी ॥
इन दूतन खल बधकरि मारयो ।
बड़ो निलज अजहूं नहिं हारयो ॥
कर रविदास कहा कैसे कीजै ।
बिन रघुनाथ सरन काकी लीजै ॥ २१ ॥
शाह की सार सुहागिन जानै ।
तजि अभिमान सुख रलिया मानै ॥
तन मन देइ न अंतर राखै ।
अवरा देखि न सुनै अभाखै ॥
सो कत जानै पीर पराई ।
जाके अंतर दरद न पाई ॥
दुखी दुहागिन दुइपख हीनी ।
जिन नाह निरंतर भगति न कीनी ॥
पुर सलात का पंथ दुहेला ।
संग न साथी गवन अकेला ॥
दुखिया दरदबंदु दरिआया ।
बहुत पियास जो आब न पाया ॥
कहि रविदास सरनि प्रभु तेरी ।
ज्यों जानहु त्यों करु गति मेरी ॥ २२ ॥
जो दिन आवहिं सो दिन जाहीं ।
करना कूच रहिनि थिरु नाहीं ॥
संग चलत है हम भी चलना ।
दूरि गवन सिर ऊपर मरना ॥
क्या तू सोया जागइ जाना ।
तै जीवन जगि सचु करि जाना ॥

जिन जिउ दिया सु रिजक अंबरावै ।
सब घट भीतर हाट चलावै ॥
करि बंदगी छांड़ि मैं मेरा ।
हिरदै नाम सम्हारि सवेरा ॥
जन्म सिरानो पंथ न संवारा ।
सांझ परी दस दिशि अंधियारा ॥
कहि रविदास निदान दिवाने ।
चेतसि नहिं दुनिया फनखाने ॥ २३ ॥
ऊंचे मंदर शाल रसोई ।
एक घरी पुनि रहनि न होई ॥
इहु तन ऐसा जैसे घास की टाटी ।
जलि गयो घास रलि गई माटी ॥ रहाउ ॥
भाई बंध कुटंब सहेरा ।
ओइ भी लागे काढु सवेरा ॥
घर की नारि उरहि तन लागी ।
वह तो भूत भूत करि भागी ।
कहि रविदास सबै जग लूटे ।
हम तो एक राम कहि छूटे ॥

दारिद देखि सब कोइ हँसै ऐसी दशा हमारी ।
अष्टदशा सिधि करतलै सब कृपा तुम्हारी ॥
तू जानत मैं कछु नहीं भवखण्डन राम ।
सकल जीव सरनागतो प्रभु पूरनकाम ॥
जो तेरी सरनागति को नाहीं भार ।
ऊँच नीच तुम ते तरे आलम संसार ॥
कहि रविदास अकथ कथा बहु काह करीजै ।
जैसा तू तैसा तुही क्या उपमा दीजै ॥ २४ ॥
जेहि कुल साधु वैष्णव होइ ।
बर्न अबर्न रंक नहीं ईसुरबिमलबास जानियै जग सोइ ॥

ब्राह्मन बैस सूद अरु छत्री डोम चँडार मलेच्छ न सोइ ।
होइ पुनीत भगवंतभजन ते आप तरै तारै कुल दोइ ॥
धन्य सो गाऊँ धन्य सो ठाऊँ धन्य पुनीत कुटंब सब लोइ ।
जिन पिया साररस तजे आनरस होइ रसमगन डारे विष खोइ ॥
पंडित सूर छत्रपति राजा भगत बराबर और न कोइ ।
जैसे पुरइन पात रहैं जल समीप मीन रविदास जन्मे जग ओइ ॥ २६ ॥

मुकुंद मुकुंद जपहु संसार ।
बिन मुकुंद तन होइ उहार ॥
सोई मुकुंद मुकति का दाता ।
सोई मुकुंद हमारा पितु माता ॥
जीवत मुकुंदे मरत मुकुंदे ।
ताके सेवक को सदा अनंदे ॥
मुकुंद मुकुंद हमारे प्रानं ।
जपि मुकंद मस्तक नीशानं ॥
सेव मुकंद करै बैरागी ।
सोइ मुकंद दुर्बल धन लाधी ॥
एक मुकंद करै उपकार ।
हमरा कहा करै संसार ॥
मेटी जाति हुए दरबारि ।
तुही मुकंद योग युग तारि ॥
उपज्यो ज्ञान हुआ परकास ।
कर किरपा लीने करि दास ॥
कहु रविदास अब तृष्णा चूकी ।
जपि मुकंद सेवा ताहू की ॥ २७ ॥
जे बहु अठसठि तीरथ नावै ।
जे बहु द्वादश शिला पुजावै ॥
जे बहु कूप तटा देवावै ।
करै निंद सब बिरथा जावै ॥

साधका निंदक कैसे तरै ।
सर पर जानहु नरक ही परै ॥ रहाउ ॥
जे बहु ग्रहन करै कुल खेति ।
अर्पै नारि सिंगार समेति ॥
सगली सिमृति श्रवननि सुनै ।
करै निंद कवनै नहि गुनै ॥
जे बहु अनेकै प्रसाद करावै ।
भूमि दान शोभा मंडप पावै ॥
अपन बिगारि बिराना सांडै ।
करै निंद बहु योनी हांडै ॥
निंद्रा कहा करहु संसारा ।
निंदक का परगट पाहारा ।
निंदक शोधि साधि बीचारा ।
कहु रविदास पापी नरक सिधारा ॥ २७ ॥
पढ़िये गुनियै नाम सब सुनियै ,
अनुभवभाउ न दरसै ।
लोहा कंचन हिरन होइ कैसे,
जौ पारसहि न परसै ॥
देवा, संशय गाँठि न छूटे ।
काम क्रोध माया मद मत्सर
इन पांचहु मिलि लूटे ॥
हम बड़ कवि कुलीन हम पंडित,
हम योगी सन्यासी ।
ज्ञानी गुनी शूर हम दाता,
इह बुधि कबहिं न नासी ॥
कहु रविदास सबै नहिं समझसि,
भूलि परे जैसे बौरे ।
मोहि अधार नाम नारायन ,

जोबन मीन धन मोरे ॥ २८ ॥
ऐसी लाल तुम बिन कौन करै।
गरीबनिवाज गुसैयाँ मेरे माथे छत्र धरै ॥
जाको छूति जगत को लागै तापर तुही ढरै।
नीचहु ऊंच करे मेरा गोबिंद काहू ते न डरै ॥
नामदेव कबीर तिरलोचन सधना सैन तरै।
कहि रविदास सुनहु रे संतो हरिते सबै सरै ॥ २८ ॥
सुखसागर सुरतरु चिंतामनि,
कामधेनु बसि जाके रे।
चारि पदारथ अष्ट महासिधि,
नवनिधि करतल ताके रे।
हरि हरि हरि न जपसि रसना।
और सब छांड़ि बचनरचना ॥ रहाउ ॥
नानाख्यान पुरान बेद बिधि,
चौतिस अक्षर माहीं।
ब्यास बिचारि कह्यो परमारथ,
रामनाम सरि नाहीं ॥
सहज समाधि उपाधि रहत होइ
बड़े भागि लव लागी।
कहि रविदास उदास दासमति,
जन्म मरन भय भागी ॥ २९ ॥
षटकर्म कुल संयुक्त है,
हरि भगति हिरदै नाहिँ।
चरनारबिंद न कथा भावै,
सुपच तुल्य समाहिँ ॥
रे चित चेति चेत अचेत,
काहे न बालमीकहि देखि।
किसु जाति ते किहि पदहि अमरयो,

रामभगति विशेषि ॥
श्वान शत्रु अजात सबते,
कृष्ण लावै हेतु ।
लोग बपुरा क्या सराहै,
तीन लोक प्रवेश ॥
अजामिल पिंगला लुभतु,
कुंजर गये हरि के पास ।
ऐसे दुर्मति निस्तरे तू,
क्यों न तरहि रविदास ॥ ३० ॥
बिन देखे उपजै नहिं आसा ।
जो दीसै सो होइ बिनासा ॥
बर्न सहित जो जापै नाम ।
सो योगी केवल निहकाम ॥
परचै राम रवै जो कोई ।
पारस परसै दुबिधा न होई ॥ रहाउ ॥
सो मुनिमन की दुबिधा खाइ ।
बिनु द्वारे त्रैलोक समाइ ॥
मन का सुभाव सब कोई करै ।
कर्ता होइ सु अनभै रहै ॥
फल कारन फूली बन राई ।
फल लागा तब फूल बिलाई ॥
ज्ञानै कारन कर्म अभ्यास ।
ज्ञान भया तहँ कर्मह नास ॥
घृत कारन दधि मथै सयान ।
जीवनमुक्त सदा निर्वान ॥
कहि रविदास परम बैराग ।
हृदै राम किन जपसि अभाग ॥ ३१ ॥
तुझहि सुझंता कछू नाहिं ।

पहिरावा देखे ऊबि जाहिं ।
गर्बवती का नाही ठाउँ ।
तेरी गर्दन ऊपरि लवै काउ ॥
तू क्या गर्बहि बावली ।
जैसे भादौं खुंभराज तू ताते खरी उतावली ॥
जैसे कुरंग नहीं पायो भेदु ।
तन सुगंध ढूंढै परदेशु ॥
अपत न काजी करे बिचारु ।
तिसु न होय कंकर करे खुआर ॥
पुत्र कलत्र का करहि अहंकारु ।
ठाकुर लेखा मंगनहारु ॥
फेड़े का दुख सहै जीउ ।
पाछे किसहि पुकारहि पीउ पीउ ।
साधू की जो लेहि ओट ।
तेरे मिटहि पाप सब कोटि कोटि ।
कहि रविदास जो जपहि नाम ।
तेहि जाति न जन्म न यानि काम ॥ ३२ ॥
नागर जना मेरी जाति विख्यात चंमार ।
हिरदै राम गोविंद गुन सार ॥
सुरसरीसलिलकृत वारुनी रे,
संत जन करत नहीं पान ।
सुरा अपवित्र करि मानियै रे,
जैसे कागरा करत बिचार ॥
भगति भाग उत लिखियै,
तिहि उपरे पूजियै करि नमस्कार ॥
मेरी जाति कुटंबो ढलाढोर ढोवंता,
नितहि बनारसी आस पासा ।
अब विप्र परधान तेहि करहिं डंडौत,

तेरे नाम शरनाइ रबिदास दासान दासा ॥

हरि जपत तेऊ जना पद्म कैलासपति ,
तासु सम तुल्य नहीं आन कोऊ ।
एक ही एक अनेक ह्वै बिस्तरयो ।
आन रे आन भर पूरि सोऊ ॥
जा को भागवत लेखियै अवर नहिं पेखियै ,
तास की जाति आछोप छीपा ।
ब्यास महि लेखियै सनक महि पेखियैं ,
नाम की नाम ना सपतदीपा ॥
जाकै ईदि बकरीदि कुल गऊ रे बध करहिं ,
मानियहिं शेख सहीद पीरा ।
जाकै बाप वैसी करी पूत ऐसी ,
सरी तिहु रे लोक परसिध कबीरा ॥
जाके कुटंब के ढेढ़ सब ढोर ढोवंत ,
फिरहि अजहु बनारसी आस पासा ।
आचार सहित बिप्र करहि डंडवत ,
तिन तनै रबिदास दासानुदासा ॥

---

## फुटकर पद

अब मैं हारयो रे भाई ।
थकित भयौ सब हाल चाल ते,
लोक न बेद बड़ाई ॥
थकित भयो गायन अरु नाचन,
थाकी सेवा पूजा ।
काम क्रोध ते देह थकित भ
कहौं कहाँ लौं दूजा ॥

राम न जानहुँ भगत कहाऊँ ।
चरन पखारूं न देवा ।
जोइ जोइ करौं उलटि मोहि बाँधैं,
तातें निकट न भेवा ॥
पहिले ज्ञान क किया चाँदना
पाछे दिया बुझाई ।
सुन्न सहज मैं दोऊ त्यागे,
राम न कहुँ दुखदाई ॥
दूर बसे षट कर्म सकल अरु,
दूरऊ कीन्हे सेऊ ।
ज्ञान ध्यान दूर दोउ कीन्हे,
दूरिउ छाँड़े तेऊ ॥
पाँचो थकित भये हैं जहँ तहँ,
जहाँ तहाँ थिति पाई ।
जा कारन मैं दौरो फिरतो,
सो अब घट मैं आई ॥
पांचो मेरी सखी सहेली,
तिन निधि दई दिखाई ।
अब मन फूलि भयो जग महियाँ,
आप में उलटि समाई ॥
चलत चलत मेरो निज मन थाक्यो,
अब मो से चलो न जाई ।
साईं सहज मिलौ सोइ सनमुख,
कह रैदास बड़ाई ॥ १ ॥
अखिल खिलै नहिं का कहि पंडित,
कोई न कहै समुझाई ।
अबरन बरन रूप नहिं जाके,
कहँ लौ लाइ समाई ।

चंद सूर नहि रात दिवस नहिं,
धरनि अकास न भाई।
करम अकरम नहिं सुभ असुभ नहिं,
का कहि देव बड़ाई॥
सीत वायु ऊसन नहिं सरवत,
काम कुटिल नहिं होई।
जोग न भोग क्रिया नहिं जाके,
कहौं नाम सत सोई॥
निरंजन निराकार निरलेपी,
निरविकार निसासी।
काम कुटिल ताही कहि गावैं,
हर हर आवै हाँसी॥
गंगनधूर धूप नहिं जाके,
पवन पूर नहिं पानी।
गुन निर्गुन कहियत नहिं जाके,
कहौ तुम बात सयानी।
याही सों तुम जोग कहत हौ,
जब लग आस की पासी।
छूटै तबहिं जब मिलै एकही,
भन रैदास उदासी॥ २॥
ऐसी भगति न होइ रे भाई।
रामनाम बिन जो कुछ करिये,
सो सब भरम कहाई॥
भगति न रस दान, भगति न कथै ज्ञान,
भगति न बन में गुफा खुदाई।
भगति न ऐसी हाँसी भगति न आसी पासी,
भगति न यह सब कुलकाम गंवाई॥
भगति न इन्द्री बाँधा भगति न जोग साधा,

भगति न अहार घटाई ये सब करम कहाई ।
भगति न इन्द्री साधे भगति न बैराग बाँधे ,
भगति न ये सब बेद बड़ाई ॥
भगति न मूड़ मुड़ाये भगति न माला दिखाये,
भगति न चरन धुवाये सब गुनी जन कहाई ।
भगति न तौलौं जाना आपको आप बखाना,
जोइ जोइ करे सो सो करम बड़ाई ॥
आपो गयो तब भगति पाई ऐसी भगति भाई ,
राम मिल्यो आपोगुन खोयो रिधि सिधि सबै गँवाई ।
कह रैदास छूटी आस सब तब हरि ताहीके पास
आसा थिर भई तब सबही निधि पाई ॥ ३ ॥
माधौ संगत सुरति तुम्हारी,
जग जीवन कृष्ण मुरारी ॥
तुम मखतूल चतुरभुज,
मैं बपुरो जस कीरा ।
पीवत डाल फूल फल अम्रित,
सहज भई मति हीरा ॥
तुम चंदन हम अरँड बापुरे,
निकट तुम्हारे बासा ।
नीच बिरिछ से ऊँच भये हैं
तेरी बास सुबासन बासा ॥
जाति भी ओछी जनम भी ओछा
ओछा करम हमारा ।
हम रैदास रामराई को,
कह रैदास बिचारा ॥ ४ ॥
अबिगत नाथ निरंजन देवा ।
मैं क्या जानूँ तुम्हरी सेवा ॥
बांधूं न बांधन छांऊं न छाया ।

तुमहीं सेऊँ निरंजन राया ॥
चरन पताला सीस असमाना ।
सो ठाकुर कैसे संपुट समाना ॥
सिव सनकादिक अंत न पाये ।
ब्रह्मा खोजत जनम गँवाये ॥
तोड़ूं न पाती पूजूं न देवा ।
सहज समाधि करूँ हरिसेवा ॥
नख प्रसाद जाके सुरसरिधारा ।
रोमावली अठारह भारा ॥
चारो बेद जाके सुमिरत साँसा ।
भगति हेत गावै रैदासा ॥ ५ ॥
जग में बेद बेद मानीजै ।
इनमें और अकथ कछु औरै,
कहौ कौन परि कीजै ॥
भौजल ब्याधि असाधि प्रबल अति
परम पंथ न गहीजै ।
पढ़े गुने कछु समुझि न परई,
अनुभव पद न लहीजै ॥
चखबिहीन करतारि चलतु हैं,
तिनहिं न अस भुज दीजै ॥
कह रैदास बिबेकतत्त बिनु,
सब मिल नरक परीजै ॥ ६ ॥
त्राहि त्राहि त्रिभुवन पतिपावन ।
अतिसय सूल सकल बलिजावन ॥
काम क्रोध लंपट मन मोर ।
कैसे भजन करूँ मैं तोर ॥
बिषय बिहंगम दुंदनकारी ।
असरन सरन सरनभौहारी ।

देव देव दरबार तुम्हारे ।
राम राम रैदास पुकारै ॥ ७ ॥
नाम तुम्हारो आरति भंजन मुरारे ।
हरि के नाम बिन झूठे सकल पसारे ॥
नाम तेरो आसन नाम तेरो उरसा ,
नाम तेरो केसरि लै छिड़कारे ॥
नाम तेरो अमिला नाम तेरो चंदन ,
घसि जपै नाम ले तुझ कूंना रे ॥
नाम तेरो दीपा नाम तेरो बाती ,
नाम तेरो तेलै ले माहि पसारे ॥
नाम तेरे ही जोति जगाई,
भयो उंजियार भवन सगरा रे ॥
नाम तेरो धागा नाम फूलमाला ,
भाव अठारह सहस जुहारे ॥
तेरो कियो तुझे का अरपूं ,
नाम तेरो तुझे चंवर डुलारे ।
अष्टादस अठसठ चारि खानि हूं ,
बरतन है सकल संसारे ।
कह रैदास नाम तेरो आरति
अंतरगति हरि भोग लगा रे ॥

# 4.-NAMDEV.

The famous saint Namdev, though a native of Fandharipur in the Sholapur district of the Bombay Presidency, is now universally admitted to be a Hindi writer. A number of hymns composed by him in Bhasha appear in the *Granth Sahib* and there is no reason to believe that they wore rendered into Hindi for insertion in that sacred collection.

The author of the *Bhaktamal*, with his usual conciseness, devotes one stanza to Namdev. This stanza describes the three miracles performed by him and concludes with the remark that his resolves were maintained (by the Lord) like that of the Votary of Narsinha (Prahlad) in the Treta Yuga.

The commentator Priyndas however gives some details, which will be discussed further on.

Like most great men, a birth *in* the ordinary course of nature is denied to him by Vaishnavas. They piously believe that he was begotten on his virgin widow mother by the Lord Krishna Himself. His own countrymen however, say that he was abandoned by his natural mother and picked up by the virgin- and the virgin's father initiated him in the service of the Lord. In this part of the country he is considered to have been a *Chhipa* (calico-printer), the caste to which his adopted parents belonged. His country-men say that he was a tailor. The saintly editor of the *Bhaktamal* distinctly says that Namdev was a *Chhipa*, a calico-printer, and not a tailor. We are of opinion that he was tailor, and the mistake is

easily explained. *Shimpi* in Marathi means a tailor and *shimpi* can be easily transformed into *Chhipa.*

There is another word *Chhippi* in Hindi which means a calico-printer in the United Provinces north of the Jumna and a brazier in Bundelkhaud. Bat the fact that *Shimpi* of the Marat hi was translated into *Chhipa* of the United Provinces shows that Naindev's activities were confined to this part of the country and that whatever may haven the land of his birtti, he received his inspiration in Northern India and composed his hymns in the language making the nearest approach to the Brijbhaṡlni slightly tinged with Marathi as we find still spoken by natives of Bombay Presidency who have settled in Benares and elsewhere. His early life seems to have been spent with his adopted parents Dama Seth and Goa Bai in Pandharipur. The *Bhaktamal* gives Damdev as the name of his wife's father.

Some Deccan writers are of opinion that Namdev flourished in the 12th century and thus preceded Swami Ramanand. The compiler of the Saints of India series however gives the following reasons for believing, as we do, that Namdev belonged to the 15th century of the Christian era and was, thus, a contemporary of Kabir.

" The reference in this and other minor stories in Namdev's life to Mahomedan persecution, and the reference in one of ibis poems also to a destruction of idols by the Turks, seem to show that Namdev should flourished some time after the advent of Mahomedans into the Deccan. The first inroad and establishment of the Mahomedan power in the Deccan took place in the beginning of the 14th century A. D.

It may also be said that we find no reference to the Mahomedans in Mahipathi's life of Dyandev. Another fact too, according to Sir Bhandarkar, points the same way. The strong dislike of idolatry which is attributed to Vitlioba Khesar, aad which through him, according to the story and one of Namdev's own poems, descended to Namdev himself, must to some extent have been the result of Mahomedau influence.* A third factor in determining the period of Namdev is found in the fact that, while Dyandev's style is highly archaic, Namdev's is more modern. From these, it may be safely inferred that Namdev flourished in the latter part of the 14th century (1370-1440 A, D. may, for the present, be taken as provisional dates), and the date 1270 A.D. (Saka 1192) which is traditionally given as the date of Namdev's birth should be considered as antedated by at least one hundred years."

This would make him a contemporary of Kabir and Swami Ramanand and a mere casual reader of Namdev would find the influence of both in his writings, and more especially of the former.

We shall now describe some of the miracles of Namdev. According to the gloss on the *Bhaktamal* his grandfather Namdev used to worship the Lord With offerings of boiled milk. *On* one occasion he went out leaving Namdev to perform the worship. Namdev was a child and believed that the Lord actually drank the milk offered to the image. He prepared the milk and offered it to the image. The

* Is not safer to presume that this is due to the influence of **Kabir's** teachings ?

milk however remained untouched. N&mdev thought that the milk had not been properly prepared and refused to take any food. The next day he prepared the milk as best as he could and placing it before the image, said, " How is it that you do not drink the milk offered by me ? My grandfather will be displeased." The milk however remained untouched as before. The third day Namdev brought the milk and said holding a knife in his hand, " I f you do not drink the milk what shall I say to my grandfather ? I shall cut my throat." The image smiled and forthwith drank up the milk. When Damdev returned he asked if the image had been worshipped where upon Ndmdev in his innocence told him the whole-story. Dam would not believe it whereupon N&m took the bowl of milk and placed it before the image. The image did not drink. Namdev said, "You drank up the milk yesterday and now you are making a liar of me. Remember I have still that knife with me " ; and the milk was quaffed as before, to the great astonishment of Damdev.

Another miracle is the turning of the temple, Namdev in one of the visits tied up his shoes in **his** *dhoti* evidently for fear of their being stolen and according to Vaishnavas to prevent a distraction of his attention in worship for fear of theft of shoes. The shoes were noticed and Namdev was turned out. He went behind the temple and began to sing his hymns. It is said that the temple turned towards Námdev and the very men who had insulted Namdev now fell on his feet.

This story has a different version in the Deccan and we give it in extract below from the **book** N&mdev in the Saints of India Series.

# Namdev's Pilgrimage.

NAMDEV'S pilgrimage extended as far as Hastinapur and Badrikashram in the north. His visits to those shrines seemed to have comprised nothing more than the usual routine of worship and prayer ; but, on his return journey through Berar, an interesting incident is recorded by Mahipathi to have happend at a place of Saivite pilgrimage, called Avinda Nagnath. The story is interesting as it agrees well with the gentle and tender spirit of Namdev and also bears testimony to the easy persecution that befell the reformer or the faithful preacher of those days. Happening to arrive at Avinda Nagnath on the day of Maha Sivaratri, Namdev and his fellow-pilgrims bathed and went and worshiped Siva in the shrine. A little time after, Namdev moved by deep devotion took the cymbals in his hands and began to sing and preach. Large numbers of men gathered and sat to hear him. Namdev's words and songs engrossed the hearts of the listeners. "As the sea swells at the sight of the full moon," runs the description of Mahipathi, "so did the hearts of the audience swell with devotion at the words and songs of the Deccan saint." As the preacher and audience were thus immersed in one stream of devotion and music, the priests and Brahmans of the temple appeared, smeared all over with ashes, beads round their necks, holy water in hand and articles of worship. Seeing the crowdod audience that blocked the passage to the inside of the shrine, the Brahmans spoke aloud in angry tones, " Make way, touch us not." The assembled people demurred saying, " What is there of pollution here! you may go." But the haughty

Brahmans would not, and, approaching Namdev, said " Avaunt ! thou wretch ! Thy *bhakti* lore has ruined the holy principles of religion. Go behind the shrine and there carry on thy mad dance and song." The words fell like a bolt from the blue. The audience were perturbed and Namdev was struck with grief and sorrow beyond all measure. His thoughts instantly turned to the shrine of his kind and gracious Vithal where there was none high or low and where song and prayer were never despised. Though inwardly grieved, he moved with his audience, according to the bidding of the Brahmins, to the western courtyard of the temple, and there continued his songs and preaching. To the surprise of all present and of the Brahmins in question, the image and temple suddenly turned west, in order, it is said, to please and honour Namdev; and it is said that to this day the Siva temple at Avinda Nagnath remains facing the west (generally Hindu temples face the east). His pilgrimage over, Namdev returned to Pandharipur and spent his life at the feet and in the presence of, his beloved Vittoba.

The Sikhs and Punjabi followers of Namdev say that he was cremated at Ghuman in the Gurdaspur district of the Punjab, This Ghuman had gradually sprung up over the place of his cremation and a fine domed building was erected in his memory by Sirdar Jassasingh Ramgavhir.

The following hymns are taken from the *Granlh Sahib.*

# नामदेवजी

देवा पाहन तारीअले ।
राम कहत जन कस न तरे ॥
तारीले गनिका बिनरूप कुबिजा,
ब्याध अजामिल तारीअले ।
चरनबधिक जन तेऊ मुकति भये ,
हौं बलि बलि जिन राम कहे ॥
दासीसुत जन बिदुर, सुदामा,
उग्रसेन को राज दिये ।
जपहीन, तपहीन, कुलहीन, कर्महीन,
नामे के स्वामी तेऊ तरे ॥ १ ॥
एक अनेक बियापक, पूरक,
जित देखौं तित सोई ।
माया चित्र बिचित्र बिमोहित,
बिरला बूझै कोई ॥
सब गोविंद है सब गोविंद है,
गोविंद बिन नहि कोई ।
सूत एक मनि सतसहंस जैसे,
ओतप्रोत प्रभु सोई ॥ रहाउ ॥
जलतरंग अरु फेनबुदबुदा,
जल ते भिन्न न होई ।
यहु परपंच पारब्रह्म की,
लीला बिचरत आन न होई ।

मिथ्या भ्रम अरु स्वप्न मनोरथ,
सत्य पदारथ जाना ।
सुकृत मनसा गुरु उपदेशी,
आगत ही मन माना ॥
कहत नामदेव हरि की रचना,
देखहु हृदै विचारी ।
घट घट अंतर सरब निरंतर,
केवल एक मुरारी ॥ २ ॥
आनीले कुंभ ले उदक,
ठाकुर कौ असनान करौ ।
बयालीस लाख जीव जल माहिं हो,
ते बीठलु भैला, काइ, करौ ॥
यत्र जाउ तत बीठल भैला ।
महाआनंद करे सद केला ॥ रहाउ ॥
आनीले फूल परोइले माला,
ठाकुर की हौं पूज करौ ।
पहिले बासु लई है भँवरह,
बीठल भैला काइ करौ ॥
आनीले दूध री धाई ले खीर,
ठाकुर को नैवेद करो ।
पहिलै दूध बिटारयो बछुरै,
बीठल भैला काइ करौ ॥
ईभै बीठल ऊभै बीठल,
बीठल बिन संसार नहीं ।
थान थनन्तर नामा प्रनवै,
पूरि रह्यो तूं सर्व मही ॥ ३ ॥
मन मेरो गज जिह्वा मेरी काती ।
मपि मपि काटो यम की फांसी ॥

कहा करौ जाती कहा करौ पांती ।
राम को नाम जपौ दिनराती ॥ रहाउ ॥
रोग निरोगौ सीवनि सीवौ ।
रामनाम बिनु घरिय न जीवौ ॥
भगति करौ हरि के गुनगावौ ।
आठ पहर अपना खसम धियावो ॥
सोने की सुई रूपे का धागा ।
नामे का चितु हरि सौं लागा ॥ ४ ॥
साँप कुंच छाँड़ै बिष नहिं छाँड़ै ॥
उदक माहिं जैसे बगु ध्यान माँड़ै ॥
काहे को कीजै ध्यान जपना ।
जब ते शुद्ध नहीं मन अपना ॥
सिंघचा भोजन जो नर जानै ।
ऐसे ही ठग देष बखानै ॥
नामे के स्वामी लाहिले झगरा ।
रामरसायन पीउ रे दगरा ॥ ५ ॥
पारब्रह्म जि न चीनसी आशाते न भावसी ।
रामा भगति चेति अले अचिंत मन राखसी ॥
कैसे मन तरहिगा रे संसार ।
सागर विषय को बना ।
झूठी माया देखिकै भूला रे मना ।
छीपे के घर जनम दैला
गुरु उपदेश भैला ।
संतह के परसाद नामा हरि भेटुला ॥ ६ ॥
जौ राज देहि तौ कवन बड़ाई ।
जौ भीख मँगावहि तो क्या घटि जाई ॥
तूं हरि भजु मन मेरो पदनिर्बानु ।
बहुरि न होइ तेरा आवनजानु ॥ रहाउ ॥

सबते उपाई भरम भुलाई ।
जिस तूं देघहि तिसहि धुझाई ॥
सतिगुरु मिलै ते सहसा आई ।
किसु ही पूजौ दूजा नजरि न आई ॥
एकै पाथर कीजै भाउ ।
दूजे पाथर धरिये पाउ ॥
जो वहु देव तो वहु भी देवा ।
कहि नामदेव हम हरि के सेवा ॥ ७ ॥
जब देखा तब गावा ।
तौ जन धीरज पावा ॥
नादि समाइलो रे सतिगुरु भेट ले देवा ,
जहँ झिलमिलकार दिसंता ।
तहँ अनहद शब्द बजंता ॥
ज्योती ज्योति समानी ।
मैं गुरुपरसादी जानी ॥
रतन कमल कोठरी ।
चनकार बीजुल तही ॥
नेरै नाहीं दूरि ।
निज आतमै रहा भरपूरि ॥
जहँ अनहद सूर उजियारा ।
तहँ दीपक जलै छंछारा ॥
गुरुपरसादी जाना ।
जन नामा सहज समाना ॥ ८ ॥
पार पड़ोसिन पूछिले ,
नामा का यहि छानि छुवाई हो ।
तो यहि दुगुनी मजूरी दैहौ ,
मोकौ बेठी देहु बताई हो ॥
री बाई बेठी देतु न जाई ।

देखु बेटी रह्यो समाई ॥
हमारे बेटी प्राणअधारा ।
बेटी प्रीतिमजूरी मांगै ,
जौ कोऊ छानि छवावै हो ।
लोग कुटंब सबहु ते तोरै ,
तौ आपन बेटी आवै हो ॥
ऐसी बेटी बरनि न सकौ ,
सब अंतर सब ठाईं हो ॥
गूंगे कहा अमृत रस चाखा ,
पूछे कहनु न आई हो ॥
बेठी के गुण सुनु री बाई ,
जलधि बाँधि ध्रु व थाप्यो हो ।
नामे के स्वामी सीय बहोरी ,
लंक बिभीषण आप्यो हो ॥ ९ ॥
आन भड़िया मंदलु बाजै ।
बिनु सावन घन हरु गाजै ॥
बादल बिन बर्षा होई ।
जो तत्त्व बिचारै कोई ॥
मोकौ मिलियो राम सनेही ।
जिह मिलांये देह सुदेही ॥
मिलि पारस कंचन होया ।
मुख मनसा रतन परोया ॥
निज भाउ भया भ्रम भागा ।
गुरु पूछे मन पतिपागा ॥
जल भीतर कुंभ समाना ।
सब राम एक करि जाना ॥
गुरु चेले है मन माना ।
जन नामै तत्त्व पिछाना ॥ १० ॥

गहरी करिके नींव खुदाई ।
मार्कण्डेते को अधिकाई ॥
ऊपर मंडप छाये ।
जिन तृण धरि मूंड बलाये ॥
हमरो कर्ता राम सनेही ।
काहे रे नर गर्व करतहहु,
बिनसि जाइ झूठी देही ॥
मेरी मेरी कौरव करते दुर्योधन से भाई ।
बारह योजन छत्र चलै था देही गिरझन खाई ॥
सर्व सोने की लंका होती ,
रावन से अधिकाई ।
कहा भयो धरि बांधे हाथी ,
खिन महि भई पराई ॥
दुर्बासा सो करत ठगौरी ,
यादव ये फल पाये ।
कृपा करी जन अपने ऊपर
नामदेव हरिगुन गाये ॥ ११ ॥
दश बैरागनि मोह बश कीनी ,
पंचहु का मिट नावौ ।
सत्तर छेप भरे अमृत सरि ,
बिष को मारि कढ़ावौ ॥
पाछे बहुरि न आवन पावौ ॥ रहाउ ॥
अमृत बानी घटते उचरौं ,
आतम को समझावौं ।
बज्र कुठार मोहि है छीना ,
करि मिन्नति लगि पावौं ॥
संतन के हम उलटे सेवक ,
भगतन ते डर पावौं ।

यह संसार ते तबही छूटौ ॥
जौ माया नहिं लपटावौ ॥
माया नाम गर्भ योनी का
तिह तजि दर्शन पावौं ॥
हितु करि भगति करहि जो जन,
तिन भव सगल चुकाइये ।
कहत नामदेव बाहर क्या भर्मेहु,
इह संयम हरि पाइये ॥ १२ ॥
मारवाड़ जैसे नीर बालहा*,
बेलि बालहा करहला ।
ज्यों कुरंग निशिनादु बालहा,
त्यों मेरै मन रामय्या ।
तेरा नाम रूढ़ो रूप रूढ़ो,
अति रंग रूढ़ो मेरो रामय्या ॥ रहाउ ॥
ज्यौं धरणी कौ इंदु बालहा,
कुसुम बास जैसे भँवरला ।
ज्यों कोकिल कौ अंब बालहा,
त्यो मेरे मन रामय्या ॥
चकवी की जैसे सूर बालहा,
मान सरोवर हँसुला ।
ज्यौं तरुणी को कंत बालहा,
त्यो मेरे मन रामय्या ॥
बारिक † को जैसे षीर बालहा,
चात्रिक मुख जैसे जलधारा ।
मछली को जैसे नीर बालहा,
त्यों मेरै मन रामय्या ॥
साधकसिद्ध सकल मुनि चाहहि,

* वल्लभ † बालक

बिरले काहू डीठुला ।
सगल भुवन तेरो नाम बालहा
त्यों नामेमन बीठुला ॥ १३ ॥
पतितपावन नाम माधव बिरद तेरा ।
धन्य ते वै मुनिजन जिन
ध्यायो हरि प्रभु मेरा ॥
मेरै माथै लागीले धूरि ,
गोविंदचरनन की ।
सुर नर मुनिजन तिनहूं ते दूरि ॥
दीन का दयाल माधव गर्वप्रहारी ॥ रहाउ ॥
चरनशरन नामा बलि तिहारी ॥
कोई बोलै निरवा कोई बोलै दूरि ।
जल की मछुली चरै खजूरि ॥
कोइ रे बकवाद लायो ।
जिन हरि पायो तिनहि छुपायो ॥
पण्डित होइकै वेद बखानै ।
मूरख नामदेव रामहि जानै ॥
कौन को कलंक रह्यो रामनाम लेतही ।
पतित पवित्र भये राम कहत ही ॥
राम संगि नामदेव जन कौ प्रतिज्ञा आई ।
एकादशी ब्रत रहै काहे को तीरथ जाई ॥
भनति नामदेव सुकृत सुमति भये ।
गुरुमति राम कहि को न बैकुंठ गये ॥ १४ ॥
तीनि छंदे खेलु आछै ॥
कुंभार के घर हांडी आछै ,
राजा के घर सांडी गो ॥
बामन के घर रांडी आछै
रांडी सांडी हांडीगो ॥

बनिये के घर हींगु आछै
भैसर माथे सींगुगो ।
देवल मध्ये लींगु आछै
लींगु सींगु हींगुगो ॥
तेली के घर तेल आछै
जंगल मध्ये बेलगो ॥
माली के घर केल आछै
केल बेल तेलगो ।
संता मध्ये गोविंद आछै ,
गोकुल मध्ये श्यामगो ।
नामे मध्ये राम आछै ,
राम श्याम गोविंदगो ॥ १५ ॥
मैं अंधुले की टेक तेरा नाम खुंदकारा ।
मैं गरीब मैं मिसकीन तेरा नाम है अधारा ॥
करीमा रहीमा अल्लाह तू गनी ।
हाजराहजूर दरवेश तूं मनी ॥
दरियाव तू दिहंद तू बिसियार तू धनी ।
देहि लेहि एक तू दिगर कोइ नहीं ॥
तूं दाना तूं बीना मैं बिचारा क्या करी ।
नामे चे स्वामी बख़्शिंद तू हरी ॥
हले यारां हले यारां खुशख़बरी ॥
बलि बलि जाउँ हौ बलि बलि जाउँ ।
नीकी तेरी बिगारियाले तेरा नाउँ ॥
कुजा आमदी कुजा रफ़ती कुजा मेरवी ।
द्वारिका नगरी राशि बु गोई ॥
खूब तेरी पगरी मीठे तेरे बोल ।
द्वारिका नगरी काहे के मगोल ॥
चंदी हज़ार आलम एक लखानां ।

हम सुमीं पातिशाह सांवले घर मां ॥
अश्वपति गजपति नरह नरिंद ।
नामे के स्वामी मीर मुकुंद ॥ १६ ॥
सफल जन्म मौ कौ गुरु कीना ।
दुख विसारि सुख अन्तर लीना ॥
ज्ञान अञ्जन मोकौ गुरु दीना ।
रामनाम बिन जीवन मनहीना ॥
नामदेव सुमरन करि जाना ।
जगजीवन सों जीव समाना ॥
अश्वमेध जग जाने ।
तुला पुरुष दाने ।
प्राग अस्नाने ।
तौ न पुजहि हरि कीरति नामा ॥ १७ ॥
अपने रामहिं भजु रे मन आलसिया ।
गया पिंड भरता ।
बनारस असि बसता ।
मुख बेद चतुर पढ़ता ।
सगल धर्म अछिता ।
गुरु ज्ञान इंद्री दढ़ता ।
षट कर्म सहित रहता ।
शिवा शक्ति संवादं ।
मन छोडि छोड़ि सगल भेदं ॥
सुमिर सुमिर गोविंदं ।
भजु नामा तरसि भवसिंधं ॥
नाद भ्रमे जैसे मिरगाये ।
प्रान तजे वाको ध्यान न जाये ॥
ऐसे रामा ऐसे हेरौ ।
राम छोड़ि चित अनत न फेरौ ॥

ज्यों मीना हेरै पशुआरा।
सोना गढ़ते हिरै सुनारा॥
ज्यों बिषयी हेरै परनारी।
कौडा डारत हिरै जुआरी॥
जहँ जहँ देखौ तहँ तहँ रामा।
हरि के चरन नित ध्यावै नामा॥ १८॥
मोकौ तारिले रामा तारिले।
मैं अज्ञान जन तरिबे न जानौं,
बाप बीठुला बाँह दे॥
नर ते सुर होइ जात निमिषमें,
सतगुरु बुधि सिखलाई।
नर ते उपजि स्वरग को जीत्यो,
सो औषध मैं पाई॥
जहाँ जहाँ ध्रुव नारद टेके
नैकु टिकावहु मोहि।
तेरे नामअवलंब बहुत जन,
उधरे नामे की निज मति एहि॥ १६॥
मोहि लागती तालाबेली।
बछरे बिन गाय अकेली॥
पनिया बिन मीन तलफै।
ऐसे रामनामा बिन बापरो नामा।
जैसे गाय का बाछा छूटला।
थन चोखता माखन घूटला॥
नामदेव नारायन पाया।
गुरु भेटत अलख लखाया॥
जैसे बिषय हेत परनारी।
ऐसे नामे प्रीति मुरारी॥
जैसे ताप ते निर्मल घामा।

तैसे रामनाम बिन बापरो नामा ॥२०॥
हरि हरि करत मिटे सब भर्मा।
हरि को नाम लै उत्तम धर्मा॥
हरि हरि करत जाति कुल हरी।
सो हरि अंधरे की लाकरी॥
हरये नमस्ते हरये नमह।
हरि हरि करत नहीं दुख यमह॥
हरि हरनाकस हरे परान।
अजामिल कियो बैकुंठहि थान॥
सुआ पढ़ावत गनिका तारी।
सो हरि नयनहुं की पूतरी॥
हरि हरि करत पूतना तरी।
बालघातनी कपटहि भरी॥
सुमिरत द्रोपदसुता उद्धरी।
गौतमसती शिला निस्तरी॥
केशीकंसमथन जिन किया।
जीव दान काली को दिया॥
प्रणवै नामा ऐसो हरी।
जासु जपत भय अपदा टरी॥२१॥
भैरव भूत शीतला धावै।
खर बाहन वह छार उड़ावै॥
हौं तौ एक रमय्या लैहौं।
आन देव बदला बनि दैहौं॥
शिव शिव करतै जो नर ध्यावै।
बरद चढ़े डौंरू ढमकावै॥
महामाई की पूजा करै।
नर से नारि होइ अवतरै॥
तू कहियत ही आदि भवानी।

मुकति की बेरिया कहाँ छपानी ॥
गुरुमतिराम नाम गहु मीता ।
प्रणवै नामा यों कहै गीता ॥ २२ ॥
आजु नामे बीठल देखा ,
मूरख को समझाऊँ रे ॥
पांडे तुमरी गायत्री लोधे का खेतु खाती थी ।
लैकरि ठेगा टँगरी तोरी ,
लांगत लांगत जाती थी ॥
पांडे तुमरा महादेव धौले बलद ,
चढाया आवत देखा था ।
मोदी के घर खांडा पाका ,
वाका लड़का मारा था ॥
पांडे तुमरा रामचंद
सोभी आवत देखा था ।
रावन सेती सरबर होई ,
घरकी जोय गवाई थी ॥
हिंदू अन्धा तुरकी काना
दुहांते ज्ञानी सयाना ॥
हिन्दू पूजै देहरा मुसलमान मसीत ।
नामे सोई सेविया जहँ देहरा न मसीत ॥ २३ ॥
आनिले कागद काटिले गूड़ी
आकाश मध्ये भर्मियले ।
पंच जनासो बात बतौआ,
चीत सु डोरी राखियले ॥
मन रामनामा बेधियले ।
जैसे कनिक कला चितु मांडियले ॥
आनीले कुंभ भराइले ऊदकं ,
राजकुआरि पुरंदरिये ।

हँसत बिनोद बिचार करति है ,
चीत सु गागरि राखियले ॥
मंदिर एक द्वार दश जाके
गऊ चरावन छांड़ियले ।
पांच कोश पर गऊ चरावत,
चीत सु बछुरा राखियले ॥
कहत नामदेव सुनहु त्रिलोचन
बालक पालन पौढ़ियले ॥
अंतर बाहर काजबिरूधी
चीत सु बारिक राखियले ॥ २४ ॥
वेद पुरान शास्त्र अनंता
गीत कवित्त न गावौंगे ।
अखंड मंडल निरंकार महि
अनहद बेनु बजावौंगे ॥
बैरागी रामहि गावैंगो ।
शबद अतीत अनाहदिराता ,
आकुल कै घर जावैंगो ॥
ईड़ा पिंगला और सुषमना ,
पौनै बांधि रहाऊँगो ।
चंद सुरज दुइ समकरि राखौ,
ब्रह्मजोति मिलि जाऊँगो ॥
तीरथ देखि न जल महिं पैसौ
जीबु जंत न सताऊँगो ।
अठसठि तीरथ गुरू दिखाये ।
घट ही भीतर न्हाऊँगो ॥
पंच सहाई जनकी शोभा ,
भलो भलो न कहाऊँगो ।
नामा कहै चित हरिसौं राता ,

शुन्न समाधि समाऊँगो ॥ २५ ॥
माइ होती बाप न होता ,
कर्म न होती काया ।
हम नहिं होते तुम नहिं होते ,
कौन कहां ते आया ॥
राम कोइ न किस ही केरा ।
जैसे तरवर पंखि बसेरा ॥
चंद न होता सूर न होता ,
पानी पवन मिलाया ।
शास्त्र न होता वेद न होता ,
करम कहां ते आया ॥
खेचर भूचर तुलसीमाला ,
गुरुपरसादी पाया ॥
नामा प्रणवै परमतत्व है ,
सतगुरु होइ लखाया ॥ २६ ॥
बनारस तप करै उलटि तीरथ मरै,
अग्नि दहै कायाकलप कीजै ।
अश्वमेध यज्ञ कीजै सोनागर्भ दान दीजै,
रामनाम सरि तऊ न पूजै ॥
छोड़ि छोड़ि रे पाखंडी मन कपट न कीजै ।
हरि का नाम नित नितहि लीजै ॥
गंगा जाउ गोदावरि जाइयै ।
कुंभी जौ केदार नहाइयै ॥
गोमती सहस गऊदान कीजै ।
कोटि जौ तीरथ करै तन जौ हिवाले गारै ,
रामनाम सरि तऊ न पूजै ॥
अश्वदान गजदान शय्या नारी भूमिदान
ऐसो दान नित नितहि कीजै ॥

आतम औ निर्माइल कीजै ।
आप बराबरि कंचन दीजै ॥
रामनाम सरि तऊ न पूजै ॥
मनहि न कीजै रोष यमहि न दीजै दोष,
निर्मल निर्वाणपद चीन्हि लीजै ।
दशरथराय नंदराजा मेरा रामचंद
प्रणवै नामा तत्त्वरस अमृत पीजै ॥ २८ ॥
धन्य धन्य ओ राम बेनु बाजै ।
मधुर मधुर धुनि अनहद गाजै ॥
धनि धनि मेघारोमावली ।
धनि धनि कृष्ण ओढ़ै काँवली ॥
धनि धनि तू माता देवकी ।
जिह गृह रमय्या कवलापती ॥
धनि धनि बनखंड वृन्दावना ।
जहँ खेलै श्रीनारायना ॥
बेनु बजावै गोधन चरै ।
नामे का स्वामी आनन्द करै ॥ २८ ॥
मेरो बाप माधव तू धन,
केशव साँवले ओ बीठुलाइ[1] ॥
कर धरे चक्र बैकुंठ ते आये,
गजहस्ती के प्रान उधारिअले ॥
दुःशासन की सभा द्रोपदीअंबर,
लेत उबारिअले ।
गोतमनारि अहल्या तारी,
पावन केतक तारिअले ।
ऐसा अधम अजाति नामदेव,

१—विष्णु

तब शरनागति आइअले ॥ २६ ॥
सबै घट राम बोलै राम बोलै,
राम बिना को बोलै रे ।
एकल माटी कुंजर चींटी
भाजन है बहु नान्हा रे ।
स्थावर जंगम कीट पतंगम
घट घट राम समाना रे ।
एकल चिंता राखु अनंता,
और तजहु सब आशा रे ।
प्रणवै नामा भये निष्कामा,
को ठाकुर को दासा रे ॥ ३० ॥
चारि मुक्ति चारै सिधि मिलिकै,
दूलह प्रभु की शरनि परयो ।
मुक्त भयो चौहूं युग जान्यो,
यश कीरति माथै छत्र धरयो ॥
राजाराम जपत को को न तरयो ।
गुरु उपदेश साध की संगति,
भगत भगत ताको नाम परयो ॥
शंख चक्र माला तिलक बिराजत,
देखि प्रताप यम डरयो ।
निर्भव भये रामबल गर्जित'
जन्म मरन संताप हरयो ॥
अंबरीष कौ दियो अभयपद,
राज विभीषण अधिक करयो ।
नव निधि ठाकुर दई सुदामै,
ध्रुव अटल अजहूं न टरयो ॥
भगत हेत मारयौ हरनाकस,
नरसिंहरूप होइ देह धरयो ।

बामा कहै भगतिबस केशव,
अजहूँ बलि के द्वार खरो ॥ ३१ ॥
रे जिह्वा करौ शतखंड।
जामें न उच्चरसि श्रीगोविंद।
रंगिले जिह्वा हरि कै नाइ।
सुरँग रंगीले हरि हरि ध्याइ ॥
मिथ्या जिह्वा औरे काम।
निर्वाणपद इक हरि को नाम।
असंख कोटि अान पूजा करी।
एक न पूजसिन।मै हरी।
प्रणवै नामदेव इहु करना।
अनन्त रूप तेरे नारायना ॥ ३२ ॥
परधन पर दारा परिहरी।
ताके निकट बसै नरहरी ॥
जो न भजन्ते नारायणा।
तिनका मैं न करौं दर्शना ॥
जिनकै भीतर है अंतरा।
जैसे पशु तैसे वे नरा।
प्रणवति नामदेव नाकहि बिना।
नासो है बत्तीस लक्खना ॥
दूध कटौरै गडुवै पानी।
कपिला गाइ नमि दुहि आनी ॥
दूध पीउ गोबिंदेराइ।
दूध पीउ मेरो मन पतिआइ ॥
नाही त घर को बापु रिसाइ ॥
सोनकटोरी अमृत भरी।
लै नामै हरि आगे धरी ॥
ए भगत मेरे हिरदे बसै।

नामे देखि नरायन हँसै ॥
दूध पियाइ भगत घर गया ।
नामे हरिका दर्शन भया ॥ ३३ ॥
मैं बौरी मेरा राम भतारु ।
रचि रचि ताकौ करै सिंगारु ।
भले निंदौ भले निंदौ भलै निंदौ लोगु ।
तन मन राम पियारेयोगु ॥
बाद बिबाद काहु सों न कीजै ।
रसना रामरसायन पीजै ॥
अब जिय जानि ऐसी बनिआई ।
मिलौ गुपाल निशान बजाई ॥
अस्तुति निंदा करै नर कोई ॥
नामे श्रीरंगु भेटल सोई ॥
कबहुं खीर खांड घीउ न भावै ।
कबहुं घर घर टूक मँगावै ॥
कबहुं कूरनु चुनै बिनावै ॥
ज्यों राम राखै त्यों रहियै रे भाई ।
हरि की महिमा कछु कथन न जाई ॥
कबहुं तेरे तुरंग नचावै ।
कबहुं पाइ पनहिवो न पावै ॥
कबहुं खाट सुपेदी सुवावै ।
कबहुं भूमि पयार न पावै ॥
भनति नामदेव इक नाम निस्तारै ।
जिहि गुरु मिलै तेहि पारि उतारै ॥ ३४ ॥
हसँत खेलत तेरे देहरे आया ।
भगति करत नामा पकरि उठाया ॥
हीनड़ी जाति मेरी यादवराया ।
छीपे के जन्मि काहे कौ आया ॥

लै कमली चलियो पलटाइ ।
देहरै पाछै बैठा आइ ॥
ज्यौं ज्यौं नामा हरिगुण उचरै ।
भगतजनां को देहरा फिरै ॥ ३५ ॥
जैसी भूखे प्रीति अनाज ।
तृषावंत जलसेंती काज ॥
जैसी मूढ़ कुटंब परायन ॥
ऐसी नामे प्रीति नरायन ॥
नामे प्रीति नारायन माँगी ।
सहज सुभाइ भयो बैरागी ॥
जैसी परपुरषारत नारी ।
लोभी नरधन का हितकारी ॥
कामी पुरष कामिनी प्यारी ।
ऐसी नामे प्रीति मुरारी ॥
सोई प्रीति जिआये लाये ।
गुरुपरसाद्दी दुबिधा जाये ॥
कबहु न तूटसि रहा समाइ ।
नामे चितु लाया सचि नाइ
जैसी प्रीति बालक अरुमाता ।
ऐसा हरिसेंती मन राता ॥
प्रनवै नामदेव लागी प्रीत ।
गोबिंद बसै हमारे चीत ॥
घर की नारि तियागै अंधा ।
परनारी सो घालै धंधा ॥
जैसे सिंबल देखि सुआ बिगसाना ।
अंतकी बार मुआ लपटाना ॥
पापी का घर अगने माहिँ ।
जलत रहै मिटवै कब नाहिँ ॥

हरि की भगति न देखै जाइ ।
मारग छोड़ि अमारग पाइ ॥
मूलहु भूला आवै जाइ ।
अमृत डारि लादिं बिष खाइ ॥
ज्यों वेश्या के परै अरसरा ।
कापरु पहिरि करै सिंगारा ॥
पूरे तालनिहाले साँस ।
वाके गले यम का है फाँस ॥
जाके मस्तक लिखियो करमा ।
सो भजि परि है गुरु की शरना ॥
कहत नामदेव इहु बीचारु ।
इन बिधि संतन उतरहु पारि ॥ ३७ ॥
संडा मर्कट जाइ पुकारे ।
पढ़ै नहीं हमही पचि हारे ॥
राम कहै करताल बजावै ,
चटिया सबै बिगारे ॥
रामनाम जपिबो करै ।
हिरदै हरि जी को सुमरन करै
बसुधा बसि कीनी सब राजे
बिनती करै पटरानी ।
पूत प्रहलाद कह्या नहिं मानै ,
तिनतौ औरै ठानी ॥
दुष्टसभा मिलि मंत्र उपाया ,
कर सह औध घनेरी ।
गिरितर जल ज्वाला मे राख्यो
राजा राम माया फेरी ॥
काढि खड्ग काल भय कोप्यो,
मोहि बताउ जु तुझि राखै ।

पीत पीताम्बर त्रिभुवनधनी
थंभ माहि हरि भावै ॥
हरनाकस जिन नखहिँ बिदाख्यो
सुर नर किये सनाथा ।
कहि नामदेव हम नरहरि ध्यावहिं,
राम अभयपद दाता ॥ ३८ ॥

सुलतान पूछै सुन बे नामा ।
देखौ राम तुमारे कामा ॥
नामा सुलताने बांधिला ।
देखौ तेरा हरि बीठुला ॥
बिसमिल[1] करू देहु जिआइ ।
नातर गर्दन मारो ठांइ ।
बादिशाह ऐसी क्यों होइ ।
बिसमिल किया न जीवै कोइ ॥
मेरा किया कछू न होइ ।
करि है राम होइहै सोइ ॥
बादिशाह चढ्यो अहंकारि ।
गजहस्ती दीनो चमकारि ॥
रुदन करै नामे की माइ ।
छोडि राम की न भजहि खुदाइ ॥
न हौं तेरा पूंगड़ा न तू मेरी माइ ।
पिंडु पड़ै तउ हरिगुन गाइ ॥
करै गजिंदु शुंड की चोट ।
नामा उबरै हरिकी ओट ॥
काजी मुल्लां करहि सलाम ।
इन हिन्दू मेरा मला मान ॥

---

१ بسمل = Sacrificed.

बादिशाहि बिनती सुनेहु ।
नामे सर भर सोना लेहु ॥
माल लेउं तौ दोजक परौं ।
दीन छोडि दुनिया कौ भरौं ॥
पाँयहु बेडी हाथहु ताल ।
नामा गावै गुन गोपाल ॥
गंगा यमुना जौ उलटी बहै ।
तौ नामा हरि करता रहै ॥
सात घड़ी जब बीती सुनी ।
अजहु न आयो त्रिभुवनधनी ॥
पांखतन बाज बजाइला ।
गरुड़ चढ़े गोबिंद आइला ॥
अपने भगत पर की प्रतिपाल ।
गरुड़ चढ़े आये गोपाल ॥
कहहि त धरनि इकोडी करौं ।
कहहि त ले करि ऊपर धरौं ॥
कहहि त मुई गऊ देउ जियाइ ।
सब कोइ देखै पतियाइ ॥
नामा प्रणवै सेलमसेल ।
गऊ दुहाई बछुरा मेलि ॥
दूधहि दुहि जब मटुकी भरी ।
ले बादशाह के आगे धरी ॥
बादशाहु महल महि जाइ ।
औघट की घट लागी आइ ॥
काजी मुल्ला बिनती फुर्माइ ।
बख़्शी हिंदू मैं तेरी गाइ ॥
नामा कहै सुनहु बादशाह ।
इहु किछु पतिया मुझै दिखाइ ॥

इस पतिया का है परवानं ।
साँचशील चालहु सुलतान ॥
नामदेव सब रहा समाइ ।
मिलि हिंदू सब नामे पहि जाइ ॥
जौ अबकी बार न जीवै गाइ ।
तौ नामदेव का पतिया जाइ ॥
नामे की कीर्ति रही संसार ।
भगतजना लेउ धरापार ॥
सकल कलेस निन्दक भया खेद ।
नामे नारायन नाहीं भेद ॥ ३६ ॥
जौ गुरुदेव त मिलै मुरारि ।
जौ गुरुदेव त उतरै पार ॥
जौ गुरुदेव त बैकुंठ तरै ।
जौ गुरुदेव त जीवत मरै ॥
सति सति सति सति सति गुरुदेव ।
झूठ झूठ झूठ झूठ आन सब सेव ॥
जौ गुरुदेव त नाम दृढ़ावै ।
जौ गुरुदेव त दस दिशि धावै ॥
जौ गुरुदेव पंच ते दूरि ।
जौ गुरुदेव त मरिबो झूरि ॥
जौ गुरुदेव त अमृत बानी ।
जौ गुरुदेव त अकथ कहानी ।
जौ गुरुदेव त अमृत देह ।
जौ गुरुदेव नाम जपि लेह ॥
जौ गुरुदेव भुवन त्रय सूझै ।
जौ गुरुदेव ऊंच पद बूझै ॥
जौ गुरुदेव त शीश अकास ।
जौ गुरुदेव सदा साबास ॥

जौ गुरुदेव सदा बैरागी ।
जौ गुरुदेव परनिंदा त्यागी ॥
जौ गुरुदेव बुरा भला एक ।
जौ गुरुदेव लिलाटहि लेख ॥
जौ गुरुदेव कंध नहीं हिरै ।
जौ गुरुदेव देहुरा फिरै ॥
जौ गुरुदेव त छापर छाई ।
जौ गुरुदेव सिँहज निकसाई ॥
जौ गुरुदेव त अठसठि न्हाया ।
जौ गुरुदेव त निचक्र लगाया ॥
जौ गुरुदेव त द्वादश सेवा ।
जौ गुरुदेव सबै विष मेवा ॥
जौ गुरुदेव त संशा टूटै ॥
जौ गुरुदेव त यम ते छूटै ॥
जौ गुरुदेव त भवजल तरै ।
जौ गुरुदेव त जन्मि न मरै ॥
जौ गुरुदेव अठदश व्योहार ।
जौ गुरुदेव अठारह भार ॥
बिन गुरुदेव और नहिं जाई ।
नामदेव गुरु की शरनाई ॥ ४० ॥
आउ कलंदर केशवा ।
करि अबदाली भेसवा ॥
जिन आकाश कुलह शिर कीनी ,
कौसै सप्त पयाला ।
चमरपोसका मंदर तेरा ,
इह बिधि बने गुपाला ॥
छप्पन कोटि का पेहन तेरा
सोलह सहस इजारा ।

भार अठारह मुद्‌गर तेरा,
सहनक सब संसारा ॥
देही महजिदि मन मौलाना,
सहज नियाज गुजारै।
बीबी को लासौ काइन तेरा,
निरंकार आकारै ॥
भगति करत मेरे ताल छिनाये,
केहि पहि करौं पुकारा।
नामे का स्वामी अंतर्यामीं,
फिरै सगल बेदेशवा ॥ ४१ ॥
साहिब संकट तै सेवक भजै।
चिरंकाल न जीवै दोऊ कुल लजै ॥
तेरी भगति न छोड़ौं भावै लोग हँसै।
चरनकमल मेरे हियरे बसै ॥
जैसे अपने धनहि प्रानी मरन मांड़ै ॥
तैसे संतजनां रामनाम न छांड़ै ॥
गङ्गा गया गोदावरी संसार के कामा।
नारायन सु प्रसन्न होइ त सेवक नामा ॥ ४२ ॥
लोभ लहरि अति नीभर बाजै,
काया डूबै केशवा ॥
संसार समुंदे तारि गुबिंदे,
तारि लै बाप बीठुला।
अनिल बेड़ा हो खे न सकौ,
तेरा पार न पायपा बीठुला ॥
होइ दयाल सतिगुर मेलि तू।
मोकौ पार उतारे केशवा।
नामा कहै हौं तरि भी न जानौं,
मोकौ बांह देहि बांह देहि बीठुला ॥ ४३ ॥

सहज अवलि धूरि मनि गाड़ी चालती।
पीछे तिनका ले करि हांकती॥
जैसे पनक तबूटिटि हांकती॥
सरि धोवन चाली लाडुली॥
धोबी धोवे बिरह बिराता।
हरिचरन मे राम न राता॥
मनति नामदेव रमि रंगा।
अपने भगति पर करि दया॥ ४३॥
काहे रे मन विषयावन जाइ।
भूली रे ठग मूरी खाइ॥
जैसे मीन पानी महिँ रहै।
काल जाल की सुधि नहिँ लहै॥
जिह्वा स्वादी लीलित लोह।
ऐसे कनिक कामनी बाँध्यो मोह॥
ज्यों मधु मक्खी संचै अपार।
मधु लीनो मुख दीनो छार॥
गऊ बाछु को संचै छीर।
गला बांधि दुहि लेइ अहीर॥
माया कारन श्रम अति करै।
सो माया लै गाड़ै धरै॥
अति संचै समझै नहिं मूढ़।
धन धरतीतर होइ गया धूर॥
काम क्रोध तृष्णा अति जरै।
साधु संगति कबहूँ नहिं करै॥
कहत नामदेव ताची आनि।
निर्भय होइ भजियै भगवान॥ ४५
बदहु किन होड़ माधव मोसों।
ठाकुर ते जन, जन ते ठाकुर,

खेल परयो है तोसों ॥
आपन देव, देहुरा आपन,
आप लगावै पूजा ।
जल ते तरंग तरंग ते है जल,
कहन सुनन को दूजा ।
आपहि गावै आपहि नाचै ,
आप बजावै तूरा ।
कहत नामदेव तू मेरो ठाकुर
जन ऊरा तू पूरा ॥ ४६ ॥
दास अनन्य मेरो निज रूप ।
दर्शन निमिष तापत्रयमोचन ,
परस मुक्त करत गृहकूप ॥
मेरी बांधी भगति छुड़ावै ,
बांधै भगत न छूटै मोहि ।
एक समय मोको गहि बांधै ,
तौ पुन मो पै जवाब न होइ ॥
मैं गुनबंध सकल की जीवनि ,
मेरी जीवनि मेरे दास ।
नामदेव जाके जिय ऐसी ,
तैसो ता के प्रेमप्रगास ॥ ४७ ॥
मोको तू न बिसार तू न बिसार ,
तू न बिसार रमय्या ॥
आलावंती यहु भ्रम जोहै
मुझ ऊपर सब कोपिला ।
सूदु सूदु करि मारि उठायो ,
कहा करौ बाप बीठुला ॥
मुये हुये जौ मुक्ति देहुगे
मुक्ति न जानै कोइला ।

ये पंडा मोको ढेढ कहत
तेरी पैज पिछौड़ी होइला ॥
तू जु दयालु कृपालु कहियतु है
अति भुज भयो अपारला ।
फेरि दिया देहरा नामे कौ
पंडन कौ पिछवारला ॥
ऐसो रामराय अन्तर्यामी ।
जैसे दरपन माहिँ बदन परवानी ॥
बसै घटा घटलीपन छीपै ।
बंधन मुकता जातु न दीसै ॥
पानी माहिँ देखु मुख जैसा ।
नामे को स्वामी बीठलु ऐसा ॥ ४८ ॥
मन की बिथा मनही जानै ,
कै बूझल आगै कहिये ।
अंतरयामी रामरवाई,
मैं उर कैसे चहिये ॥
बेधिअले गोपाल गुसांई ।
मेरा प्रभु रमिया सरबे ठाइँ ॥
मानै हाटु मानै पाटु मानै है पसारी ।
मानै बासै नाना भेदी भ्रमतु है संसारी ॥
गुरुकै शबदि एहु मन राता,
दुबिधा सहजि समानी ।
सबहो हुकम हुकम है आपे
निर्भौ समति बिचारी ॥
जो जन जानि भजहिं पुरुषोत्तम,
ताची अबिगतु बानी ।
नामा कहै जग जीवन पाया,
हिरदै अलख बिड़ानी ॥

आदि युगादि युगादि युगोयुग,
ताका अंत न जाना ॥
सर्व निरंतर राम रहा,
रवि ऐसा रूप बखाना ।
गोविंद गाजै शबद बाजै ।
आनन्द रूपी मेरो रामय्या ।
बावन बीखू बानै बीखे,
बासुते सुख लागिला ॥
सर्वे आदि परमलादि,
काष्ट चंदन भैइला ॥
तमचे पारस हमचे लोहा,
संगे कंचन भैइला ।
तू दयाल रतन लाल,
नामा सचिरु स माइला ॥
अकुल पुरुष कुचलि तु उपाया
घटि घटि अंतरि ब्रह्म लुकाया ॥
जीय की जोति न जानै कोई ।
तै मै किया सुमालुम होई ॥
ज्यों परकासा माटी कुंभेउ ।
आपही कर्ता बीठलु देउ ॥
जीय का बंधन कर्म बियापै,
जो किछु किया सु आपे आपै ॥
प्रणवति नामदेव इहु,
जीउ चितवै सु लहै ।
अमर होइ सद आकुल रहै ॥ ४८ ॥

# 5-MIRABAI

Mirabai, according to Sir George Grierson, the one great poetess of India, was the daughter of Raja Ratan Singh Rathor, second son of Duda and grandson of Rao Jodha, founder of Jodhpur. Duda's brother, Bika, was the founder of Bikaner and Duda himself restored the old and deserted town of Merta on the road from Ajmer to Jodhpur at a distance of 80 miles from the latter. Ratan Singh had received twelve villages of Merta State and founded a village named Ratnas. One of the villages allotted to Ratan Singh was Kurki and here Mirabai was born. The country about 40 miles around is still called Mirabai ka Des (Mirabai's country). She was married to Bhojraj, eldest son of the famous Rana Sanga of Chittor. It was expected that Mira would in time become queen of Chittor but unfortunately Bhojraj predeceased his father. The date of Bhoj's death has not yet been ascertained but it was evidently between 1573 and 1583 V,E. Duda, Viram and Jaimal were well known Vaishnavas and a temple of Chaturbhuj built by Duda is still an object of worship in Merta. There is no wonder, therefore, that Mira from her very childhood imbibed that love of Lord Krishna which is prominent in her writings and has secured for her a high place among the votaries of the Lord. A pretty story is told of how she attached herself to Krishna in her childhood. It is said that a marriage party was passing near the windows of the palace with a child bridgroom. Mira

in a fit of childish curiosity asked her mother who, her bridegroom would bo. The mother smiled and pointed out the image of Krishna Rancher installed *in* a temple inside the palace.

In her husband's family, Mira took the image which she worshipped and to which she sang songs, and even danced in ecstasy. She always slept on a deer-skin spread on the ground and mixed freely with sadhus. This irritated her husband's family and several conversations between Mira and her husband's sister, TJda, still preserved, depict her unshaken love for the Lord Krishna and her high regard for sadhus. It is said that vexed by the treatment in her husband's family, she went over to Brindaban where she was worshipped like a saint, iler husband repented and putting on the dress of an ordinary beggar, went to the temple in Brindaban where Mirabai lived, and prayed for alms. Mira said "What can you expect from a beggar woman? I can only give you my blessings." Bhojraj said, "You alone can give me what I require." Mira said, "What can I do for you." Bhojraj thereupon -saii," Pardon, me"and laid aside his beggar's dress, Mira recognised her husband, at once forgave him and at his request went back to Ohittor.

Mira's persecution, however commenced shortly after Bhojraj's death. It is said that she applied to Tulsi Das for advice. The following is popularly believed to have embodied the query :—

श्री तुलसी सुखनिधान दुखहरन गुसाईं ।
बारहि बार प्रणाम करहुं अब हरहु सोकसमुदाई ॥
घर के स्वजन हमारे जेते सबन उपाधि बढ़ाई ।
साधु संग अरु भजन करत मोंहि देत कलेस महाई ॥

बालपने से मीरा कीन्ही गिरिधरलालमिताई ।
सो तो अब छूटत नहिं क्योंहुं लगी लगन बरियाई ॥
मेरे मात पिता के सम हौ हरिभक्तनसुखदाई ।
हम को कहा उचित करिबो है सो लिखियो समुझाई ॥

To which Tulsi Das replied as fallows :

जिनके प्रिय न राम वैदेही ।
तजिये तिनहि कोटि बैरी सम यद्यपि परम सनेही ॥
तात मात भ्राता सुत पति हित इन समान कोउ नाहीं ।
रघुपतिबिमुख जानि लघु तृन इव तजत न सुकृति डेराहीं ॥
तज्यो पिता प्रहलाद, बिभीषन बन्धु, भरत महतारी ।
गुरु बलि तज्यो, कन्त व्रजबनितन, भे सब मंगलकारी ॥
नातो नेह रामको मानिय सुहृद सुसेव्य जहांलौं ।
अंजन कौन आंखि जो फूटै बहुतै कहौं कहांलौं ॥
तुलसी सोइ सब भांति आपनो पूज्य प्राण ते प्यारो ।
जाके होइ सनेह राम सों सोई मतो हमारो ॥

On receiving this reply, Mira was confirmed in **her** resolve and left Chittor. Various stories of her persecution by Ratan Singh have been handed down to us. The most famous of these is an .attempt to poison her. Ratan Singh, on the advice of a bania courtier of the Bijawargi tribe, had a cup of deadly poison prepared. The courtier took it to the gates of palace and sent it to her remarking and it was a cup of *charanamrita* sent by the Rana for her, Mira took the cup and drank the poison. The following song is believed to have **been** composed by Mira on the occasion :—

राणा जी जहर दियो हम जानी ।
अपने कुल को परदा राख्यो मैं अबला बौरानी ॥
राणा जी परधान पठायो सुन ओ जी थे रानी ।

जो साधन को संग निवारो करूं तुम्हें पटरानी ॥
कोड़ भूप साधन पै वारूं जिनकी मैं दासी कहानी ।
इथलु थो राणा जी संग जुड़ियां गिरिधरवर पटरानी ।
मीरा को पति एक रमैयो चरणकमल लपटानी ॥
राणा जी जहर दियो हम जानी ॥

' We have, however, reason to believe that it is not a composition of Mira as she could not become the Buna's Queon *(patrani).*

Another story is that Mira died after drinking the poison but cursed the courtier saying that his family would never have both wealth and progeny and the Bijawargis of Jodhpur still believe that on account *of* this curse they are either childless or poor. It is also a fact that no Bijawargi is ever trusted in the management of the State or receives a high office. The following distich shows the public opinion regarding Bijawargi Banias :

बीजावरगी बानियो दुजो गूजर गौड़ ।
तीजो मिल जो दाहिमो करै टापरो चौड़ ॥

"A Bijawargi Binia, a Gujar, and a Dahima Brahmaa combined are sure to ruin a family."

According to some, Mirabai went over taMerta and the date of her departure from Clůtter also marks the advent of the series of calamities on the Sisodia family.

A number of miracles are recorded in Vaishnava books as haying been performed by Mira. Jaimal was also a Vaishnava and a companion of Mira in davation. In 1610 V.E. Maldev attacked Jaimal. Jaimal was then worshipping the Lord and the Lord himself riding a gray charger fought for him in the field of

battle, and won the victory. This was found afterwards when an ear-ring (Kundal) usually worn by the image wns picked up in the battle-field. The place where the earring was found is still called Kundal. She is also said to have blessed Jaimal in the following lines:—

वहुत वध्रे तेरो परिवार
नहीं होय कजिया में हार ।

"Thy family will hicroasse and will never be defeated on the battlefield"

There is still a saying among the Mertiallatkors :

जानरा ऊदनें, मरण नें दूदा ।

wich means, "Uda's descendants are magnificient in a procession and Duda's children are splendid on the battle-field. As an instance of her ready wit, it is said that when she went to Brindaban there was a famous saint there who refused to see young Avomen. Mira sent word to him that the only man in Brindaban was Lord Krishna and thai it was arrogance for any one else to consider himself other than a woman. The holy man was struck by the reply and readily welcomed Mira. Mira died in 1603 V.E. Various myths are current about her death. The most famous of them in this part of the country says that the Lord himself was sitting besides her in loving conversation when information was given to the liana. The Rana appeared immediately sword in hand, to find in the temple only Mira and the image of Krishna. The Rana wanted to kill her but she ran towards the image and disappeared. In the Modern Vernacular literature of Hindustan a slightly different account is given. "She became the patroness of vagrant Vaishnavas, and visited in pilgrimage, Brindaban and Dwarika. Previous

to leaving the latter place she visited the temple of her tutelary diety to take leave of him, when on the completion of the adoration, the image opened, and Mira leaping into the fissure, it closed and she finally disappeared." "She is believed to have composed a commentary on the *Gita Govinda* of Jayadeva. Her other works are *Rag Govind. Narsai ka Maira'* and *Rag Sorath he pad.* To Mira belongs the honour of being the model votary and Lover of the Lord in the mode of worship formulated by Vallabhacharya and Chaitanya. She looked upon the Lord as her Lover and upon herself as His mistress. Her Bhakti was entirely her own though in one of her songs she distinctly says that she received her inspiration from Uavidds (Raidas), a disciple of Swami Ramanand.

Various collections of Mira's hymns have been published. The following extracts are taken from the one printed in the *Sant Bani Series* published by the Belvedere Printing "Works Allahabad, with the kind permission of the Manager.

# मीराबाई की शब्दावली

## चेतावनी का अंग

भज मन चरनकँवल अविनासी।
जेताइ दीसे धरनि गगन बिच तेताइ सब उठिजासी[1] ॥
कहा भयो तीरथ व्रत कीन्हे कहा लिये करवत[2] कासी।
इस देही का गरब न करना माटी में मिलजासी ॥
यो संसार चहर[3] की बाजी सांझ पड़्या उठिजासी।
कहा भयो है भगवा पहिरयां घर तज भये सन्यासी।
जोगी होय जुगति नहिं जानी उलटि जनम फिर आसी ॥
अरज करों अबला कर जोरे स्याम तुम्हारी दासी।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर काटो जम की फाँसी ॥

## उपदेश का अंग

मन रे परस हरिके चरण।
सुभग सीतल कँवल कोमल त्रिबिधिज्वालाहरण।
जिण चरण प्रहलाद परसे इन्द्रपदवीधरण ॥
जिन चरण ध्रुव अटल कीणे राखि अपणी सरण।
जिण चरण ब्रह्मांड भेटयो नख सिख सिरी धरण ॥
जिण चरण प्रभु परसि लीणो तरी गोतमघरण।
जिण चरण कालीनाग नाथ्यो गोपिलीलाकरण ॥
जिण चरण गोबरधन धारयो इन्द्र को गर्वहरण।
दासि मीरा लाल गिरिधर अगम तारण तरण ॥

---

1—This is Rajputani for जायगी. 2—करवट. 3—चटक a little bird.

रामनाम रस पीजे मनुआँ, राम नाम रस पीजे ।
तज कुसंग सतसंग बैठ नित हरिचरचा सुण लीजे ॥
काम क्रोध मदलोभ मोह कूं चित से बहाय दीजे ।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर ताहि के रंग में भीजे ॥

---

## बिरह और प्रेम का अंग।

मैं हरि बिन क्यों जिऊं री माय।
पिय कारन बौरी भई जस काठहि घुन खाय।
औषधि मूल न संचरै मोहि लागो बौराय ॥
कमठ दादुर बसत जल महँ जलहिं ते उपजाय।
मीन जल के बीछुरे तन तलफि के मरि जाय ॥
पियढूँढ़न बन बन गई कहुं मुरलीधुनि पाय।
मीरा के प्रभु लाल गिरिधर मिलि गये सुखदाय ॥

---

मैं अपने सैंया संग सांची।
अब काहेकी लाज सजनी प्रगट ह्वै नाची ॥
दिवस भूख न, चैन कबहि न नींद निसु नासी।
बेधवार[1] को पार ह्वै गो ज्ञान गुह[2] गांसी ॥
कुल कुटुम्ब सब आनि बैठे जैसे मधुमासी[3]।
दासि मीरा लाल गिरिधर मिटी जग हांसी ॥

---

मेरो मन बसिगो गिरिधरलाल सों।
मोर मुकुट पीताम्बरो गल बैजन्ती माल।
गउवन के संग डोलत हो जसुमति को लाल ॥

---

1—Pierced. 2—गुझ. 3—मक्खिका.

कालिन्दी के तीर हो कान्हा गउवां चराय ।
सीतल कदम की छांहियां हो मुरली बजाय ॥
जसुमति के दुअरवाँ ग्वालिन सब जाय ।
बरजहु आपन दुलरुवा हमसों अरुझाय ॥
बृन्दावन क्रीड़ा करै गोपिन के साथ ।
सुरनर मुनि सब मोहेहो ठाकुर यदुनाथ ॥
इन्द्र कोप घन बरखो मूसल जलधार ।
बूड़त ब्रज को राखेऊ मेरे प्रानअधार ॥
मीरा के प्रभु गिरिधर हो सुनिये चितलाय ।
तुम्हरे दरस की भूखी हों मांहिं कछु न सोहाय ॥

---

सखी री मैं तो गिरिधर के रंग राती ।
पचरंग मेरा चोला रंगा दे मैं झुरमुट खेलन जाती ।
झुरमुट में मेरा सांई मिलैगा खोल अडम्बर गाती ॥
चंदा जायगा सुरजा जायगा , जायगा धरण अकासी ।
पवन पाणी दोनों ही जायँगे अटल रहे अबिनासी ॥
सुरत निरत का दिवला[1] सँजोले मनसाकी कर बाती ।
प्रेमहटी का तेल बना ले जगा करै दिन राती ॥
जिनके पिय परदेस बसत हैं लिख लिख भेजैं पाती ।
मेरे पिय मो माहिं बसत हैं कहूं न आती जाती ॥
पीहर बसूं न बसूं सासघर सतगुर सब्द संगाती ।
ना घर मेरा ना घर तेरा मीरा हरिरंगराती ॥

---

ऐसी लगन लगाय कहां तू जासी ।
तुम देख्यां बिन कल न पड़त है तलफ तलफ जिय जासी ॥
तेरे खातर जोगण हूंगी करवत लूँगी कासी ।

---

1—दीप.

मीरा के प्रभु गिरिधर नागर चरणकँवल की दासी ॥

---

जोगिया तू कब रे मिलेगो आई ।
तेरे हि कारण जोग लियो है घर घर अलख जगाई ॥
दिवस न भूख रैन नहिं निद्रा तुझ बिन कछु न सुहाई ।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर मिलकर तपन बुझाई ॥

---

चलो अगम के देस काल देखत डरे ।
वहँ भरा प्रेम का हौज हंस केलाँ[1] करे ॥
ओढ़न लज्जाचीर धीरज को घांघरो ।
छिमता काँकण हाथ सुमत को मुन्दरो ॥
कांचो है बिस्वास चूड़ो नित ऊजलो ।
दिल दुलड़ी दरियाव साँच को दोवड़ो ॥
दांतों अमृत मेख दया को बोलणो ।
उबटन गुरु को ज्ञान ध्यान को धोवणो ॥
कान अखोटा ज्ञान जुगत को भूठणो ।
बेसर हरि को नाम काजल है धरम को ॥
जीहर सील सँतोष निरत को घूंघरो ।
बिंदली गज और हार तिलक गुरु ज्ञान को ॥
सज सोलह सिंगार पहर सोने की राखड़ी ।
सांवलिया सूं प्रीति औरों से आखड़ी ॥
पतिबरता की सेज प्रभू जी पधारिया ।
गावै मीराबाई दासी करि राखिया ॥

---

तुम्हरे कारण सब कुछ छोड़्या अब मोहिं क्यूँ तरसावो ।
बिरहबिथा लागी उर अन्दर सो तुम आय बुझावो ॥

---

१—केलि Sport.

अब छोड़्यां नहिं बनै प्रभुजी हँसकर तुरत बुलावो।
मीरा दासी जनम जनम की अंग सूं अंग लगावो॥

---

प्रेमनी[1] प्रेमनी प्रेमनी रे, मन लागी कटारी प्रेमनी रे।
जल जमुना मां भरवा गयातां, हती गागर माथे हेमनी रे॥
कांचे ते तांतने हरि जी ये बांधी जेम खेंचे तेमनी रे[2]।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर सांवली सूरत सुभ एमनी रे॥

---

मीरा मन मानी सुरत सैल असमानी।
जब जब सुरत लगे वा घरकी पल पल नैनन पानी।
ज्यों हिये पीर तीर सम सालत कसक कसक कसकानी॥
रात दिवस मोंहि नींद न आवत भावै अन्न न पानी।
ऐसी पीर बिरह तन भीतर जागत रैन बिहानी॥
ऐसा बैद मिलै कोइ भेदी देस बिदेस पिछानी।
तासों पीर कहूं तनकेरी फिर नहिं भरमों खानी॥
खोजत फिरों भेद वा घर को कोई न करत बखानी।
रैदास संत मिले मोंहि सतगुरु दीन्ह सुरत सहदानी॥
मैं मिली जाय पाय पिय अपना तब मेरी पीर बुझानी।
मीरा खाक खलक सिर डारी, मैं अपना घर जानी॥

---

आली रे मेरे नैनन बान पड़ी।
चित्त चढ़ी मेरे माधुरी मूरत उर बिच आन अड़ी।
कबकी ठाढ़ी पंथ निहारूं अपने भवन खड़ी॥
कैसे प्रान पिया बिन राखूं जीवनमूल जड़ी।
मीरा गिरिधरहाथ बिकानी लोग कहै बिगड़ी॥

---

१—Gujerati for प्रेम की. २—Gujerati for तैसी.

आओ हरि निरमोहड़ा रे, जाणी थाँरी[1] प्रीति ।
लगन लगी जब और प्रीति छी अब कुछ अँवली रीति ॥
अमृत थाय विषै क्यूं दीजै कौण गांव की रीति ।
मीरा कहे प्रभु गिरिधर नागर आप गरज के मीत ॥

---

मेरे प्रीतम प्यारे रामनें लिख भेजूंरी पाती ।
स्याम सनेसो कबहुं न दीन्हो जान बूझ गुझ बाती ॥
ऊंची चढ़ चढ़ पंथ निहारूं रोय रोय अँखियाँ राती ।
तुम देख्यां बिन कल न परत है हियो फटत मेरी छाती ॥
मीरा कहै प्रभु कब रे मिलोगे पूर्व जनम के साथी ॥

---

स्याम को सँदेसो आयो पतियाँ लिखाय माय ।
पतियाँ अनूप आई छतियाँ लगाय लीनी ,
अंचल की दै दै ओट ऊधो पै बंचाई है ॥
बालकी जटा बनाऊं अंग तो भभूत लाऊं ,
फाड़ूं चीर पहरूं कंथा जोगण बण जाऊंगी ॥
इन्द्रके नगाड़े बाजे बादल की फौज आई ,
तोपखाना पेसखाना उतरा आय बाग में ॥
मथुरा उजाड़ कीन्हीं गोकुल बसाय लीन्ही ,
कुबिजा सूं बाँध्यो हेत मीरा गाय सुनाई है ॥

---

भरमारी रे बानाँ मेरे सतगुरु बिरह लगाय के ।
पावन पंगा कानन बहिरा सूझत नाहीं नैना ।
खड़ी खड़ी रे पंथ निहारूं मरम न कोई जाना ॥

---

1—Rajputani for तुम्हारी

सतगुरु औषद ऐसी दीन्ही रूम रूम भइ चैना ।
सतगुरु जस्या[1] बैद न कोई पूछो बेद पुराना ।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर अमर लोक में रहना ॥

---

मैं बिरहिन बैठी जागूँ जगत सब सोवै री आली ।
बिरहिन बैठी रंगमहल में मोतियन की लड़ पोवै ।
इक बिरहिन हम ऐसी देखी अँसुवन की माला पोवै ॥
तारा गिण गिण रैण बिहानी सुखकी घड़ी कब आवै ।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर मिल के बिछुड़ न जावै ॥

## शब्द १७

अब से मोंहिं नंदनँदन दृष्टि पड़यो माई ।
तब से परलोक लोक कछू ना सोहाई ॥
मोरन की चन्द्रकला सीस मुकुट सोहै ।
केसर को तिलक भाल तीन लोक मोहै ॥
कुंडल की अलक झलक कपोलन पर छाई ।
मनो मीन सरवर तजि मकर मिलन आई ॥
कुटिल भृकुटि तिलक भाल चितवनि में टोना ।
खंजन अरु मधुप मीन भूले मृगछौना ॥
सुन्दर अति नासिका सुग्रीव तीन रेखा ।
नटवर प्रभु भेष धरे रूप अति बिसेषा ॥
अधर बिंब अरुन नैन मधुर मंद हांसी ।
दसन दमक दाडिम दुति चमकै चपला सी ॥
छुद्रघंट किंकिनी अनूप धुनि सोहाई ।
गिरिधर के अंग अंग मीरा बलि जाई ॥

---

## बिनती और प्रार्थना का अंग

अब तो निभायाँ बनैगा बांह गहे की लाज ।

---

१—जैसा.

समरथ सरण तुम्हारी सांइयाँ सरब सुधारण काज ॥
भवसागर संसार अपरबल तामें तुम हो जहाज ।
निरधारां आधार जगतगुर तुम बिन होय अकाज ॥
जुग जुग भीर हरी भक्तन की दीन्ही मोच्छसमाज ।
मीरा सरण गही चरणन की पेज रखो महराज ॥

---

छोड़ मत आज्यो हो जी महाराज ।
मैं अबला बल नाहिं गुसाईं तुमहिं मेरे सिरताज ।
मैं गुणहीन गुण नांहिं गुसाईं तुम समरथ महराज ॥
रावली होइ के किनरे जाऊं तुम हौ हिवड़ा रो साज ।
मीरा के प्रभु और न कोई राखो अब के लाज ॥

---

अब मैं शरण तिहारी जी मोहिं राखो कृपानिधान ।
अजामील अपराधी तारे तारे नीच सदान[1] ।
जल डूबत गजराज उबारे गणिका चढ़ी बिमान ॥
और अधम तारे बहुतेरे भाखत संत सुजान ।
कुबजा नीच भीलनी तारी जानै सकल जहान ॥
कहँ लगि कहूं गिनत नहिं आवै थकि रहे बेद पुरान ॥
मीरा कहै मैं सरण रावली सुनियो दोनों कान ॥

---

म्हाँरो जनम मरन को साथी थाँने नहिं बिसरूं दिन राती ।
तुम देख्यां बिन कल न पड़त है जानत मेरी छाती ।
ऊंची चढ़ चढ़ पंथ निहारूं रोय रोय अंखियां राती ॥
यो संसार सकल जग झूंठो झूंठा कुलरा नाती ।
दोऊ कर जोड़या अरज करत हूं सुण लीज्यो मेरी बाती ॥
यो मन मेरो बड़ो हरामी ज्यूं मदमातो हाथी ।

---

१—सदन the butcher.

सतगुरु दस्त[1] धर्‌यो सिर ऊपर आँकुस दे समझाती ॥
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर हरिचरणा चितराती ।
पल पल तेरा रूप निहारूं निरख निरख सुख पाती ॥

---

स्वामी सब संसार के हो सांचे श्रीभगवान ।
थावर जंगम पावक पाणी धरती बीच समान ॥
सब में महिमा तेरी देखी कुदरत के कुरबान ॥
सुदामा के दारिद खोये बारे की पहिचान ।
दो मुट्ठी तंदुल की चाबी दीन्हो द्रव्य महान ॥
भारथ में अर्जुन के आगे आप भये रथवान ।
उनने अपने कुल को देखा छुट गये तीर कमान ॥
ना कोइ मारे ना कोई मरता तेरा यह अज्ञान ॥
मुझ पर तो प्रभु कृपा कीजे बंदी अपनी जान ।
मीरा गिरिधर शरण तिहारी लगै चरण में ध्यान ॥

---

मीरा को प्रभु सांची दासी बनाओ ।
झूठे धंधों से मेरा फंदा छुड़ाओ ॥
लूटे ही लेत बिबेक का डेरा ।
बुधिबल यदपि करूं बहुतेरा ॥
हाय राम नहिं कछु बस मेरा ।
मरत हूं बिबस प्रभु धाओ सबेरा ॥
धर्म उपदेस नित प्रति सुनती हूं ।
मन कुचाल से भी डरती हूं ॥
सदा साधु सेवा करती हूं ।
सुमिरण ध्यान में चित धरती हूं ॥
भक्ति मार्ग दासी को दिखाओ ।
मीरा को प्रभु सांची दासी बनाओ ॥

---

1—Persian hand

## मीराबाई और कुटुम्बियों की कहा सुनी ।

म्हांना गुरु गोबिन्द री आण गोरल ना पूजाँ ।
(सास)–ओरज पूजै गोरज्या जी थे क्यूं पूजो न गोर ।
मन वंछुत फल पावस्यो जी थे क्यूं पूजो ओर ॥
(मीरा)–हम नहिं पूजा गोरज्या जी नहिं पूजा अनदेव ।
परम सनेही गोविन्दो थे काँई जानो म्हाँरो भेव ॥
(सास)–बाल सनेही गोविन्दो साध संताँ को काम ।
थे बेटी राठौड़ की थाने राज दियो भगवान ॥
(मीरा)–राज करै ज्यानाँ करणे दीज्यो मैं भगताँ री दास ।
सेवा साधू जनम की है म्हांरे राममिलन की आस ॥
[सास]– लाजै पीहर सासरो माइतणो मोसाल ।
सबही लाजै मेड़तिआ जी थाँसूँ बुरा कहे संसार ॥
[मीरा] चोरी कराँ न मारगी नहिं मैं करूं अकाज ।
पुन्न के मारग चालतां झक मारो संसार ॥
नहि मैं पीहर सासरी रे नहीं पियाजी री साथ ।
मीरा ने गोविन्द मिल्या जी गुरू मिल्या रैदास ॥

---

अब नहिं मानूं राणा थारी, मैं बर पायो गिरधारी ।
मनि कपूर की एक गति है कोऊ कहो हजारी ।
कंकर कंचन एक गति है गुंज मिरच इक सारी ॥
अनण[1] धणी को सरणो लीनो हाथ सुमिरनी धारी ।
जोग लियो जब क्या दिलगीरी गुरु पाया निज भारी ॥
साधूसंगत महँ दिलराजी, भई कुटुम्ब सो न्यारी ।
क्रोड़ बार समुझायो मोंको चालूँगी बुद्धि हमारी ॥
रतन जड़ित की टोपी सिरपै हार कंठ को भारी ।
चरण घूंघरू घमस पड़त है, म्हें कराँ स्याम सूँ यारी ॥

लाज सरम सबही मैं डारी यौ तन चरणअधारी ।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर झक मारौ संसारी ॥

---

फागुन के दिन चार रे होली खेल मना रे ।
बिन करताल पखावज बाजे अनहद की झनकार रे ।
बिन सुरराग छतीसूं गावे रोम रोम रंग सार रे ॥
सील सन्तोष की केसर घोली प्रेम प्रीत पिचकार रे ।
उड़त गुलाल लाल भये बादल बरसत रंग अपार रे ।
घट के पट सब खोलि दिये हैं लोक लाज सब डार रे ।
होली खेल प्यारी पिय घर आये सोइ प्यारी पिय प्यार रे ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर चरन कँवल बलिहार रे ।

---

बादल देख झरी हो स्याम मैं बादल देख झरी ।
काली पीली घटा उमंगी बरस्यो एक घरी ।
जित जाऊँ तित पानिहि पानी हुई सब भोम हरी ।
जाका पिव परदेस बसत है भीजै बार खरी ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर कीज्यो प्रीत खरी ।

---

सुनी मैं हरि आवन की आवाज ।
महल चढ़ि चढ़ि जोऊं मोरी सजनी कब आवै म्हाराज ॥
दादुर मोर पपीहा बोलै कोइल मधुरे साज ।
उमग्यो इन्द्र चहुंदिसि बरसै दामिन छोड़ी लाज ॥
धरती रूप नवा नव धरिया इन्द्र मिलन के काज ॥
मीरा के प्रभु गिरधर नागर बेग मिलौ म्हाराज ॥

---

नँदनंदन बिलमाई बदरा ने घेरी माई ।
इत घन लरजे उत घन गरजे चमकत बिज्जु सवाई ।

उमड़ घुमड़ चहुँ दिस से आया पवन चले पुरवाई ॥
दादुर मोर पपीहा बोलै कोयल शब्द सुनाई ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर चरनकमल चित लाई ॥

## राग सोरठ ।

हरि तुम हरो जनकी भीर ।
द्रोपदी की लाज राख्यो तुम बढ़ायो चीर ॥
भक्त कारन रूप नरहरि धरयो आप सरीर ।
हरनकस्यप मार लीन्हो धरयो नाहिन धीर ॥
बूड़ते गजराज राख्यो कियो बाहर नीर ।
दासमीरा लालगिरधर दुख जहाँ तहँ पीर ॥

## राग देवगन्धार ।

बसो मेरे नैनन में नंदलाल ।
मोहनी मूरति सांवरि सूरति बने नैन बिसाल ॥
अधर सुधारस मुरली राजित उर बैजन्ती माल ।
छुद्र घंटिका कटितट सोभित नूपुर शब्द रसाल ।
मीरा प्रभु संतन सुखदाई भक्तबछल गोपाल ॥

## राग कल्यान ।

मेरो मन रामहि राम रटै रे ।
राम नाम जपि लीजै प्राणी कोटिक पाप कटै रे ॥
जनम जनम के खत जु पुराने नामहि लेत फटै रे ।
कनककटोरे अमृत भरियो पीवत कौन नटै रे ॥
मीरा कहे प्रभु हरि अबिनासी तन मन ताहि पटै रे ॥

## मिश्रित अंग

अच्छे मीठे चाख चाख बेर लाई भीलणी ।
ऐसी कहा अचारवती रूप नहीं एक रती ,

नीच कुल ओछी जात अति ही कुचीलणी ॥
झूंठे फल लीन्हे राम प्रेम की प्रतीत जाण ,
ऊंच नीच जाने नहीं रस की रसीलणी ।
ऐसी कहा बेद पढ़ी छिन में बिमाण चढ़ी ,
हरि जी सूँ बाँध्यो हेत बैकुंठ में झूलणी ।
ऐसी प्रीत करै कोइ दासमीरा तरै जोइ ,
पतितपावन प्रभु गोकुल अहीरणी ॥

---

करम गति टारे नाहिं टरे ।
सतबादी हरिचँद से राजा सो तो नीच घर नीर भरे ॥
पांच पुत्र अरु कुंती द्रोपती हाड़ हिमालय गरे ।
जज्ञ किया बलि लेन इन्द्रासन सो पाताल धरे ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर बिष से अमृत करे ॥

---

मेरे तो एक रामनाम दूसरा न कोई ।
दूसरा न कोई साधो सकल लोक जोई ॥
भाई छोड्या बन्धु छोड्या छोड्या सगा सोई ।
साध संग बैठ बैठ लोक लाज खोई ॥
भगत देख राजी हुई जगत देख रोई ।
नैन नीर सींच सींच प्रेम बेल बोई ॥
दधि मथ घृत काढ़ लिये डार दई छोई ।
राणा विष को प्यालयो भेज्यो पीय मगन होई ॥
अब तो बात फैल पड़ी जाणे सब कोई ।
मीरा रामलगण लागी होनी होइ सो होई ॥

---

मीरा मगन भई हरि के गुण गाय ।
सांप पेटारा राणा भेज्या मीरा हाथ दियो जाय ॥
न्हाय धोय जब देखण लागी सालिगराम गई पाय ।

जहर का प्याला राणा भेज्या अमृत दीन्ह बनाय।
न्हाय धोय जब पीवण लागी हो अमर अँचाय॥
सूल सेज राणा ने भेजी दीज्यो मीरा सुलाय।
सांझ भई मीरा सोवण लागी मानो फूल बिछाय॥
मीरा के प्रभु सदा सहाई राखे बिघन हटाय।
भजन भाव में मस्त डोलती गिरिधर पै बलि जाय॥

---

राणा जी मैं गिरिधर रे घर जाऊं।
गिरधर म्हाँरो सांचो प्रीतम देखत रूप लुभाऊं॥
रैन पड़ै तब ही उठ जाऊँ भोर भये उठ आऊँ।
रैन दिनाँ वाके संग खेलूं ज्योँ रीझै त्यों रिझाऊँ॥
जो वस्त्र पहिरावे सोई पहिरूं जो दे सोई खाऊँ।
मेरे उनके प्रीत पुरानी उन बिन पल न रहाऊँ॥
जहँ बैठावे तित ही बैठूँ बेंचे तो बिकजाऊँ।
जन मीरा गिरधर के ऊपर बार बार बल जाऊँ॥

---

सीसोदियो राणो प्यालो म्हाँ ने क्यूँ रे पठायो।
भली बुरी तो मैं नहिँ कीन्ही राणा क्यूँ है रिसायो॥
थाँने म्हाँने देह दिवी है ज्याँ रो हरिगुण गायो।
कनक कटोरो ले विष घोल्यो दयाराम पंडो लायो।
अठीउठी तां मैं नहिँ देख्यो कर चरणामृत पायो॥
आज काल की मैं नहिँ राणा जद यह ब्रह्मंड छायो।
मेडतियाँ घर जन्म लियो है मीरा नाम कहायो॥
प्रहलाद की प्रतिज्ञा राखी खंभ फाड़ बेगो धायो।
मीरा कहे प्रभु गिरिधर नागर जन को बिड़द बढ़ायो॥

# 6. GURÚ NÁNAK.

Gurú Nának flourished in the fifteenth [century of the Christian era. "According to all ancient Sikh records," says Macauliffe "the founder of the Sikh religion, was born, in the early morning of the third day of the light half of the month of *Baisdk* (April-May) in the year 1469; hut for convenience's sake his anniversary is now observed by the Sikhs on the occasion of the full moon in the month of *Kartik* (October-November)." His father Kalu was an accountant in the village Talwandi fcin Lahore district and his mother Tripta is said to have been very much devoted to her son.

From his early years Nának was a very thoughtful and pious child. His education commenced at the early age of seven and within a short time he acquired a fair knowledge of Persian. "It is highly probable," says Macauliffe, "that his habit of free thought and toleration for other men's opinion were assisted by his perusal of Mahomedan writings with which the Persian language abounds."

Kalu tried his son in various occupations but Nanak persisted in doing no useful work and Kalu in dispair is reported to have said, "Thou art lost to us." He was next advised to enter government service. He was employed as a store-keeper and discharged his duties to the entire satisfaction of the governor. It was here that Mardana Dum came to Nanak and was employed by him as a private servant. He does not

appear to have stayed long with the governor. He seems to have constantly associated with *Sadhus* and having formulated his doctrines started on his mission. His biographer says that he visited Kurukshetra, Brindaban, and Benares, "the birth place of the renowned Kabir—then dead but not forgotten"—everywhere making converts and refuting the arguments of his opponents. On reaching Kamrup, like founders of some other religions, he is said to have been tempted by Kaliyug, a Hindu prototype of the Devil, but in vain. He is said to have gone as far as Mecca, disguised in the blue dress of a Mohamedan pilgrim. "When the Guru arrived, weary and footsore, in Mecca, he went and sat in the great mosque where pilgrims were engaged in their devotions. His disregard of Moslem customs soon involved him in difficulties. When he lay down asleep at night he turned his feet towards the Kaaba. An Arab priest kicked him and said, 'Who is this sleeping infidel ? Why hast thou, 0 sinner, turned thy feet to wards God?' The Guru replied, 'Turn my feet in a direction in which God is not." Upon this the priest seized the Guru's feet and dragged them in the opposite direction, whereupon, it is said, the temple turned round, and followed the revolution of his body. Some understand this in a spiritual sense, and say it means that Guru Nanak made all Mecca turn to his teaching. Those who witnessed this miracle were astonished and saluted the Guru as a supernatural being/'

"The high priest asked Nának if the Itindus who read the Vedas, and the Musalmans who read the Quran, should or should not find God. The Guru courageously **replied** in the following outspoken **hymn** of **Kabir:—**

O, brethren, the Vedas and the Quran are false and free not the mind from anxiety.

If for a moment thou restrain thy mind, God will appear before thee.

O man, search thy heart daily, that thou mayest not again fall into despair.

This world is a magic show which hath no reality. Men are pleased when they read falsehood, and quarrel over what they do not understand.

The truth is, Creator is contained in the creation; He is not of a blue clour in the guise of Vishnu. Thou shouldst have bathed in the river which floweth in heaven.

Take heed; ever fix thine eyes on Him who is everywhere present.

God is the purest of the pure; shall I doubt whether there is another equal to him ?

Kabir, he to whom the Merciful hath hown mercy, knoweth Him."

This great teacher died at Kartarpur, on the 10th day of the light half of the month *of Assu, Sambat 1555.*

## NANAK'S TEACHINGS.

"His mission was to preach the Truth and to lead the misguided Hindus towards the path of righteousness. To reform the corrupt practices which had become a part and parcel of a people's life is not an easy affair. Very few people can rapidly imbibe the spirit of reform and as a rule communities are averse and slow to change. Time is the great reformer as it is also the great healer, though a strong personality is equally essential to divert the minds of the people from

the habitual grooves of thought andactiou. To set up the worship of one God in place of many gods and goddesses in a land which had lost its hold on the sublime teaching of Hinduism, and where people had fallen into a sleep of indifference and social torpor and had become fossilised through centuries of superstition and ignorance—to set up a purified form of worship in such a land is a task which required stupendous effort, Nának's hands were not strong enough for the purpose. In other parts of India we find a wave of religious renaissance spreading rapidly and preparing the way for the new ideas of reform that were in the air. Saints like Kabir, Ramanujand Ramanand in the North of India and Tuka Earn in the South were working in the same direction a little before Nának as did Nának in the 15th century in the Punjab. Their systems were influencing Hindu thought and we find many people who followed them....Sikhism had the advantage of becoming crystallised under very special historical circumstances of which we will take note as we proceed, The vitality of a sect, it may be remembered, does not necessarily depend upon its high philosophical doctrines but on the simplicity and practicability of its teachings and on the spirit of devotion and sincerity it infuses into the followers through a great and a noble teacher.

"Sikhism as preached by Nának fulfilled all these conditions amply. If I were to define Sikhism, it would be something like this "Sikhism is a creed of devotion or *bhakti* towards one Almighty Being, a Being that is Timeless and Deathless, the Creator of the Universe, who is self—existent and incomprehensible. Faith in Him is the source of all joy, and the service

of his children, our fellow men, is oneness with Him. We are all children of the same Father and His worship consists in service of our fellow brethren. Devotion and Service are therefore the great ideals which early Sikhism placed before the Hindus. Sikhism even now is known in the Punjab for these two great ideals.

"The Sacred Book of the Sikhs is a compilation of devotional songs tuned to Indian Music. It comprises hymns from the first five Sikh *gurus* and the ninth *guru* and also contains the hymns from the lips of Kabir (weaver), Farid (Mussalman Saint), Jaya Dov(the author of *Git Govind),* Dhana (Jat), Namdeo (calico-printer), and Sadhna (a butcher). One is struck by the simplicity and straightforwardness of the teaching and the spirit of humility and devotion that pervades every page of this book.

"The passages are typical of the spirit of devotion and fearlessness that distinguished and characterised this movement. You must have noticed the name of Nanak at the end of each hymn. These hymns were not all compositions of Nanak but all the successors of Nanak assumed the name Nanak and that shows that they were continuing the same mission and were the followers of the same founder. The language of the *Granth* is pure Hindi and not Punjabee as some are led to think. Only the character or script is a corrupted form of Hindi, which was given the name Gurumukhi by the "second *Guru"**

The following extracts are taken from *Granth Sahib* with the spelling slightly modified*

***The *Sikhs* by Sirdar Pritam Singh M.A., Hindustan Review, April 1919**

# गुरु नानक

राग रामकली

## दखनी ओंकारु

१ ॐ सतिगुरप्रसादि

ओंकार ब्रह्मा उतपत्ति ।
ओंकार कीया जिन चित्ति ॥
ओंकार सैल जुग भये ।
ओंकार वेद निरमये ॥
ओंकार शबद उद्धरे ।
ओंकार गुरमुखि तरे ॥
उनम्[1] अक्षर सुनहु बिचारु ।
उनम् अक्षर त्रिभुवनसारु ॥
सुन पांडे क्या लिखहु जँजाला ।
लिखु रामनाम गुरमुखि गोपाला ॥ १ ॥ रहाउ ॥
ससै सब जग सहज उपाया[2] तीन भुवन इक जोती ।
गुरमुखि वस्तु परापत होवै चुनले मानिक मोती ॥
समझै सूझै पढ़ि पढ़ि बूझै अंत निरन्तर सांचा ।
गुरमुखि देखै सांचु सम्हाले बिनु सांचे जगकांचा ॥ २ ॥
धधै धरमु धरै धरमापुरि गुणकारी मनुधीरा ।
धधै धूल पड़ै मुख मस्तक कंचन भये मनूरा[3] ॥
धन धरनीधर आप अयोनी तोलि बोलि सचु पूरा ।
करते कीमति करता जानै कै जानै गुर सूरा ॥ ३ ॥
ज्ञान गवाया दूजा भाया गरब गले विष खाया ।
गुररस गीतबादु[4] नहि भावै सुनिये गहिर गभीर गवाया ॥

1—A form of ॐ 2 उपजाया * बाघ 3 منور ४ वाद

गुरु सचु कहिया अमृत लहिया, मनि तनि सांच सुखाया।
आपै गुरमुखि आपै देवै आपै अमृत पियायो ॥ ४ ॥
एको एक कहै सब कोई ही में गरब बियापै ।
अन्तर बाहर एक पछानै ई घर महलु सियांपै ॥
प्रभु नेरे हरि दूर न जानहु एकी सृष्टि सबाई ।
एक ओंकार और नहि दूजा नानक एक समाई ॥ ५ ॥
इस करते को क्यों गहि राख्यो अफ़रयो तुलो न जाई ।
माया के दीवाने प्रानी झूँठ ठगोरी पाई ॥
लबि लोभ मुहताज बिगूते इब तब फिरि पछुताई ।
एक सरोता गति मति पावै आवनु जान रहाई ॥ ६ ॥
एक आचार रंग इक रूप ।
पौन पानि अगनी असरूप ॥
एको भँवर भँवै तिहु लोई ।
एक बूझै सूझै पति होई ॥
ज्ञान ध्यान लै समसरि रहै ।
गुरमुख एक बिरला को लहै ॥
जिस नो देह कृपा ते सुख पाये ।
गुरु दुआरे आखि सुनाये ॥ ७ ॥
ऊरम धूरम जोति उजाला ।
तीन भुवन महँ गुरु गोपाला ॥
ऊगविया अस रूपु दिखावै ।
करि किरपा अपुने घर आवै ॥
ऊनइ बरसै नीझर धारा ।
ऊतम शबद सँवारनहारा ॥
इस एकै का जानै भेव ।
आपै करता आपै देव ॥ ८ ॥
उगवै सूरु असुरु सँहारै ।
ऊँचौ देखि शबद बीचारै ॥

ऊपर आदि अंति तिहुँ लोय ।
आपे करे कथै सुनै सोय ॥
उहु बिधाता मनु तनु देइ ।
उहु बिधाता मनि मुखि सोइ ॥
प्रभु जगजीवन औरु न कोइ ।
नानक नाम रते पति होइ ॥ ९ ॥
राजन राम रवै हितकारि ।
रन महँ भूलै मनुआ मारि ॥
राति दिनंत रहै रंगिराता ।
तीन भुवन जुग चारे जाता ॥
जिन जाता सो तिसही जेहा ।
अति निरमायल सीझसि देहा ॥
रहसी राम हृदै इक भाये ।
अंतरि शबद सांच लव लाये ॥ १० ॥
रोस न कीजै अमृत पीजै रहन नहीं संसारे ।
राजे राय रंक नहिं रहना आये जाये जुग चारे ॥
रहन कहन ते रहै न कोई किसु पै करहु बिनंती ।
एक शबद रामनाम निरोधर गुर देवै पति मती ॥ ११ ॥
लाज मरंती मरि गई घूंघुट खोलि चली ।
सासु दिवानी बावरी सिर ते संक टली ॥
प्रेमि बुलाई रली सो मन महँ शबद अनंदु ।
लालि रती लाली भई गुरमुखि भई निचंदु ॥ १२ ॥
लाहा नामरतनु जपि सारु ।
लब लोभ बुरा अहंकारु ॥
लाड़ी चाड़ी ला इतबारु ।
मन मुख अंधा मुगधु गंवारु ॥
लाहे कारन आया जग ।
होइ मजूर गया ठगाइ ठग ॥

लाहा नाम पूंजी बेसाहु ।
नानक सची पति साचा पतिसाहु ॥ १३ ॥
आप विगूता जग जमपंथ ।
आइ न मेटन को समरथ ॥
आथि सैल नीच घरि होइ ।
आथि देखि निवै जिसु दोइ ॥
आथि होइ ता मुगध सयाना ।
भगति बिहूना जग बौराना ॥
सब महिं बरतै एको सोइ ।
जिसनो क्रिपा करै तिसु प्रगट होइ ॥ १४ ॥
जुगि जुगि थापि सदा निरवैरु ।
जनम मरन नहीं धंधा धैरु ॥
जो दीसे सो आपै आपि ।
आपि उपाइ आपै घट थापि ॥
आपि अगोचर धंधै लोई ।
जोग जुगति जगजीवन सोई ॥
करि आचारु सांच सुखु होई ।
नामबिहून मुकति कब होई ॥ १५ ॥
बिनु नावे वेरोधु सरीर ।
क्यों न मिलहि काटहि मनपीर ॥
बाट बटाऊ आवै जाये ।
क्या लै आया क्या पलै पाये ॥
बिनु नावे तोटा सब थाय ।
लाहा मिलै जा देइ बुझाय ॥
बनज व्यापार बनजै व्यापारी ।
बिनु नावे कैसी पतिसारी ॥ १६ ॥
गुनहि बिचारै ज्ञानी सोइ ।
गुन महि ज्ञानु परापति होइ ॥

गुन दाता हिरला संसारि ।
सांची करनी गुर बीचारि ॥
अगम अगोचर कीमति नहिं पाइ ।
ता मिलिये जा लये मिलाइ ॥
गुनमंती गुन सारे नीत ।
नानक गुरमति मिलिये मीत ॥ १७ ॥
काम क्रोध काया को गालै ।
ज्यों कंचन सोहागा ढालै ॥
कसि कसवटी सहै सो ताउ ।
नदरि सराफ वनीस चड़ाउ ॥
जगत पसू अहंकार कसाई ।
कर कर ते करनी कर पाई ॥
जिने कीती तिन कीमति पाई ।
होरु क्या कहिये कछु कहनु न जाई ॥ १८ ॥
खोजत खोजत अमृत पीया ।
खिमा गही मनु सतिगुर दीया ॥
खरा खरा आखै सब कोइ ।
खरा रतन जुग चारै होइ ॥
खात पियंत मुए नहिं जानिया ।
खिन महि मुये जा सबद पछानिया ॥
अस्थिर चीतु मरन मन मानिया ।
गुर किरपा ते नामु पछानिया ॥ १९ ॥
गगन गंभीर गगन तर बास ।
गुन गावै सुख सहज निवास ॥
गया न आवै आइ न जाइ ।
गुरप्रसादि रहै लघ लाइ ॥
गगन अगम्म अनाथ अजोनी ।
असथिर चीतु समाधि सगोनी ॥

हरिनाम चेति फिर पावहि न जूनी ।
गुरमति सारु होर,नामबिहूनी ॥ २० ॥
घर दर फिर थाकी बहुतेरे ।
जाति असंख अंत नहिँ मेरे ॥
केते मात पिता सुत धीया ।
केते गुरु चेले फुनि हूआ ।
कांचे गुरु ते मुकुति न हुआ ॥
केती नारि वरु एकु सम्हालि ।
गुरमुखि मरनु जिवनु प्रभु नालि ॥
दह दिस ढूढ़ि घरै महँ पाया ।
मेल भया सतिगुरू मिलाया ॥ २१ ॥
गुरमुखि गावै गुरमुखि बोलै ।
गुरमुखि तोलि तोलावै तोलै ॥
गुरमुखि आवै जाइ निसंगु ।
परहर मैल जलाइ कलंकु ॥
गुरमुखि नाद बेद बीचार ।
गुरमुखि मजनुचजु अचार ॥
गुरमुखि शबद अमृत है सार ।
नानक गुरुमुखि पावै पार ॥ २२ ॥
चंचल चित्त न रहई ठाइँ ।
चोरी मिरग अंगूरी खाइँ ॥
चरनकमल उर धारो चीत ।
चिर जीवन चेतन नित नीत ॥
चिंतत ही दीसै सब कोइ ।
चेतहि एक तहीं सुखि होइ ॥
चित्त बसै राचै हरिनाइ ।
मुकति भया पति सोधर जाइ ॥ २३ ॥
छीजै देह खुलै एक गंठि ।

छेया नित देखहु अगि हंठि ॥
धूप छांह जे सम कर जानै ।
बंधन काटि मुकति घर आनै ॥
छाया छूंछी जगत भुलाना ।
लिखिया करत धुरे परवाना ॥
छीजै जोबन जरुआ, सिरि काल ।
काया छीजै भई सिवाल ॥ २४ ॥
जापै आप प्रभु तिह लोइ ।
जुग जुग दाता और न कोइ ॥
ज्यों भावै त्यों राखहि राखु ।
जसु जाचौ देवै पति साखु ॥
जागतु जाग रहा तुधु भावा ।
जा तू मेलहि ता तुझै समावा ॥
जैजैकार जपहु जगदीस ।
गुरमति मिलिये बीस इकीस ॥ २५ ॥
झखि बोलन क्या जग सो वादु ।
झूरि मरै देखै परमादु ॥
जनमि मुये नहीं जीवन आसा ।
आइ चले भये आस निरासा ॥
झुरि झुरि झष माटी रल जाइ ।
काल न चापै हरिगुन गाइ ॥
पाई नवनिधि हरि के नाइ ।
आपै देवे सहज सुभाइ ॥ २६ ॥
ज्ञानी बोलै आपै बूझै ।
आपे समझै आपे सूझै ॥
गुरु का कहिया अंक समावै ।
निरमल सूचे साचो भावै ॥

१—जरा

गुर सागरु रतनी नहिं तोट ।
लाल पदारथ साच अखोट ॥
गुर कहिया साकार कमावहु ।
गुर की करनी काहे धावहु ।
नानक गुरमति साच समावहु ॥ २७ ॥
टूटै नेहुकि बोलहि सही ।
टूटै बाह दुहु दिस गही ॥
टूटि प्रीति गई बुरबोलि ।
दुरमति परिहरि छाड़ी ढोलि ॥
टूटै गंठि पड़े बीचार ।
गुरशबदी घरि कारजु सार ॥
लाहा सांचु न आवै तोटा ।
त्रिभुवनठाकुर प्रीतम मोटा ॥ २८ ॥
ठाकहु मनुआं राखहु ठाइ ।
ठहकि मुई अवगुन पछिताइ ॥
ठाकुर ऐक सबाई नारि ।
बहुते बेस करै कुड़िआरि ॥
पर घर जाती ठाकि रहाई ।
महलि बुलाई ठाकि न पाई ॥
सबद सवारी साचि पिआरी ।
सोई सोहागनि ठाकुर धारी ॥ २९ ॥
डोलत डोलत हे सखी फाटे चीर सिंगार ।
डाहपनि तनि सुख नहीं बिनु डर बिनठी डारि ॥
डरपि मुई घर आपने डीठी कंति सुजानि ।
डर राखिया गुर आपनै निरभौ नाम बखानि ॥
डूगरि वास तिखा घनी जब देखा नहिं दूर ।
तिखा निवारी शबद मनि अमृत पिया भरपूर ॥
देहि देहि आखै सब कोई जे भावै ते देइ ।

गुरू दुआरे देवसी तिखा निवारै सोइ ॥ ३० ॥
ढंढोलत ढूंढत हौ फिरो ढहि ढहि पवन करारि ।
भारे ढहते ढहि पये हौले निकसे पारि ॥
अमर अजाची हरि मिले तिन के हौं बलि जावँ ।
तिनकी धूड़ि अघुलियै संगति मेल मिलावँ ॥
मनु दीया गुरि आपने पाया निर्मल नाव ।
जिनि नाम दीथा तिहु सेवसा तिसु बलिहारे जाव ॥
जो उसारै सो ढाहसी तिस बिनु और न कोइ ।
गुरप्रसादि तिस संभला ता तनि दूख न होइ ॥ ३१ ॥
ना को मेरा किस गही ना को हुआ न होग ।
आवन जान विगूचिये दुबिधा व्यापै रोग ॥
नाम विहूने आदयी कलर कंध गिरंत ।
बिनु नावै क्यों छूटियै जाइ रसातलअंत ॥
गनत गनावै अखरी अगनतु सांचा सोय ।
अज्ञानी मतिहीन है गुर बिन ज्ञान न होय ॥
टूटी तंत रबाब की बाजै नहीं बिजोगि ।
बिछुड़िया मेलै प्रभु नानक कर संजोगि ॥ ३२ ॥
तरवर काया पंखि मन तरवर पंखी पंच ।
तत्त चुगहि मिल एक से तिन कौ फास न रंच ॥
उडहि त बेगुल बेगुले ताकहि चोग घनी ।
पंख तुटे फाही पड़ी अवगुन भीड़ बनी ॥
बिनु सांचे क्यों छूटिये हरि गुन करमिमनी ।
आप छुड़ाये छूटिये बड़ा आप धनी ॥
गुरपरसादी छूटिये किरपा आप करेय ।
अपने हाथ बड़ाइयां जे भावै जे देय ॥ ३३ ॥
थर थर कंपै जीयरा थान बिहूना होय ।
थानि मानि सचु एकु है काज न फिटै कोय ॥
थिरु नारायण थिरु गुरू थिरु सांचा बीचारु ।

सुरनरनाथह नाथ तू निरधाराआधार ॥
सरबे थान थनंत्री तू दाता दातारु ।
जहं देखा तहँ एक तू अंत न पारावारु ।
थान थनंतरि रवि रहा गुरशबदी बीचारु ॥ ३४ ॥
अनमंगिया दातु देवसी बड़ा अगम अपारु ।
दयादातु दयालु तू करि करि वेखनहार ।
दया करहि प्रभु मेलि लेहि खिन महि ढाहि उसार ॥
दाना तू बीना तुही दाना कै सिरिदातु ।
दालदुभंजन दुखदलन गुरमुख ज्ञातु ध्यातु ॥३५॥
धनि गइये बहि झूरिये धन महि चीत गवार ।
धनु बिरली सचु संचिया निरमल नाम पियार ॥
धनु गइया ता जान देहि जे राचहि रंगि एक ।
मनु दीजै सिरु सौंपियै भी करते की टेक ॥
धंदा धावत रहि गये मन महि सबद अनंद ।
दुरजन ते साजन भये भेटे गुरगोबिन्द ॥
बन बन फिरती ढूढती बसत रही घर बारि ।
सतिगुर मेली मिल रही जनम मरन दुख निवारि ॥ ३६ ॥
नाना करत न छूटी बिनु गुन जमपुर जांहि ।
ना तिसु एह न ओह है अवगुन फिरि पछुतांहि ॥
ना तिसु ज्ञान न ध्यान है ना तिसु धरम धियानु ।
बिनु नावै निरभौ कहा क्या जाना अभिमान ॥
थाकि रही किव अपड़ा हाथ नहीं ना पार ।
ना साजन से रंग ले किस पहि करी पुकार ॥
नानक पिउ पिउ जे करी मेले मेलनसार ।
जिन बिछुड़ी सो मेलसी गुर कै हेति अपार ॥ ३७ ॥
पाप बुरा पापी को पियारा ।
पाप लदे पाथे पाप पसारा ॥
परहरि पापु पछाने आपु ।

ना तिस सोग विजोगु सँतापु ॥
मर कि पड़ंती क्यों रहै क्यों बंचो जम कालु ।
क्यों आवण जाना बीसरै झुठ बुराखै काल ॥
मनु जंजाली वेड़िया भी जंजाला माहि ।
बिनु नावै क्यों छूटिये पापे पचहिंपचाहि ॥ ३८ ॥
फिरि फिर फाही फासे कौआ ।
फिर पछुताना अब क्या हुआ ॥
फाथा चोग चुगे नहीं बूझै ।
सतिगुर मिलै त आखी सूझै ॥
ज्यों मछुली फाथी जमजालि ।
बिनु गुरदाते मुकत न भालि ॥
फिरि फिरि आवै फिरि फिरि जाइ ।
इक रंगि रचै रहै लिव लाइ ।
इव छूटै फिरि फाँस न पाइ ॥ ३६ ॥
बीरा बीरा करि रही बीर भये बेराइ ।
बीर चले घर आपने बहिन बिरह जलि जाइ ॥
बाबुल[1] के घर बेटड़ी बाली बालै नेहि ।
जे लोड़हि वरु कामनी सतिगुर सेवै तेहि ॥
बिरलो ज्ञानी बूझनो सतिगुरु सांचि मिलेय ।
ठाकुर हाथ बडाइयां जे भावै ते देय ॥
बानी बिरल बिचारसी जेको गुरमुख होइ ।
इह बानी महापुरुष की निज घरवासा होइ ॥ ४० ॥
भनि भनि घड़िये घड़ि भड़ि फजै ढाहि उसारै उसरे ढाह ।
सरवर सोखै भीभर पोखै समरथ बेपरवाह ॥
भरमि भुलाने भये दिवाने बिनु भागा क्या पाइये ।
गुरमुख ज्ञानडोरी प्रभु पकड़ी जिन खिंचै तिन जाइये ॥
हरि गुन गाये सदा रंगराते बहुरि न पछिताइये ।

1, Father in Punjabi

भभै भालहि गुरमुखि बूझहि ता निज घरवासा पाइये ॥
भभै भौजल मारग बिखड़ा आस निरासा तरिये ।
गुरप्रसादी आपौ चीने जीवति या इव मरिये ॥ ४१ ॥
माया माया करि मुये माया किसै न साथि ।
हंस चले उठ डुंमनी माया भूली आथि ॥
मनु झूठा जमि जोहिया अवगुन चलहि नाल ।
मन महँ मन उलटो मरै जे गुन होवहि नाल ।
मेरी मेरी करि मुये बिनु नावै दुख भाल ॥
गढ़ मंदर महिला कहा ज्यों बाजी दीवान ।
नानक सचे नाम बिनु झूठा आवन जान ।
आपे चतुर सरूप है आपे जानु सुजान ॥ ४२ ॥
जो आवहि से जाहि फुनि आइगये पछुताहि ।
लख चौरासी मेदनी घटै न वधै उताहि ॥
से जन उभरे जिन हरि भाया ।
धंधा मुआ विगूती माया ॥
जो दीसै सो चालसी किस को मीत करेव ।
जीउ समर्पौ आपना तन मन आगे देव ॥
असथिर करता तू धनी तिसही की मैं ओट ।
गुन की मारी हौं मुई सबदि रती मनि चोट ॥ ४३ ॥
राना राउ न को रहै रंगु न तुंग फकीर ।
वारी आपौ आपनी कोइ न बंधे धीर ॥
राहु बुरा भी हावला सर डूगर असगाह ।
मै तनि अवगुन झुरि मुई बिन गुन क्यों घर जाह ॥
गुनिया गुन ले प्रभु मिले क्यों तिन मिलो पियारि ।
तिनही जैसी थी रसा जपि जपि हृदय मुरारि ॥
अवगुनी भरपूर है गुन भी वसहि नालि ।
बिनु सतिगुर गुन न जापनी जिचरु शबद न करै बीचारु ॥४४॥
ससकरिया घर संभले आये वजहु लिखाइ ।

कार कमावहि सिरि धनी लाहा पले पाइ ॥
लभ लोभ बुराइयां छोड़े मनहुं बिसारि ।
गड़ि दोही पातिसाह की कदे न आवै हारि ॥
चाकर कहिये खसम का ही हे ऊतर देइ ।
वजहु गवाये आपना तखति न बैसहि सेइ ॥
प्रीतम हाथ बडाइयां जे भावै ते देइ ।
आप करै किसु आखिये और न कोइ करेइ ॥ ४५ ॥
बीजो सूझै को नहीं बहै दुलीचा पाय ।
नरक निवारनु नरह नर सांचो सांचे नाय ॥
बन तृन ढूंढ़त फिरि रही मन महँ करो बिचार ।
लाल रतन बहु मानकी सतिगुर हाथ भंडार ॥
ऊतम होआ प्रभु मिले इक मन एकै भाय ।
नानक प्रीतम रस मिलै लाहा लै परथाय ॥
रचना राचि जिन रची जिन सिरिया आकारु ।
गुरमुख वे अंत ध्याइये अंत न पारावारु ॥ ४६ ॥
ड़ाड़ै रूड़ा हरि जिउ सोई ।
तिस बिन राजा और न कोई ॥
ड़ाड़ै गारुड़ तुम सुनो हरि बसै मन माहिं ।
गुरप्रसादि हरि पाइयै मति को भरम भुलाहिं ॥
सो साहा साचा जिस हरिधनरासि ।
गुरमुखि पूरा तिस सावासि ॥
रूड़ी बानी हरि पाया गुरशबदी बीचारि ।
आपु गया दुख काटिया हरिबर पाया नारि ॥ ४७ ॥
सोना रूपा संचिये धन काचा बिख छार ।
साहु सादए संचु धनु दुबिधा होय खुआर ॥
सचियारी सचु संचिया सांचौ नाम अमोल ।
हरि निरमायल ऊजलो पति सांची सच बोल ॥
साजन मीत सुजान तू तू सरवर तू हंस ।

सांचौ ठाकुर मन बसै हौं बलिहारी तिस ॥
माया ममता मोहनी जिन कीयो सो जान।
बिषया अमृत एक है बूझै पुरुष सुजान ॥ ४८ ॥
खिमा बिहूनै खपि गये खूहनि लाख असंख।
गनत न आवै क्यों गनी खपि खपि मुये बिसंख ॥
खसम पछानै आपना खूले बन्धन पाइ।
सबद महली खरा तखिमा सच सुख पाइ ॥
खरच खरा धन ध्यान तू आपे बसहि सरीर।
मनि तनि मुख जापै सदा गुन अंतरि मन धीर ॥
होमै खपै खपायसी बीजो बथ बिकार।
जंत उपाइ बिच पायअनु करता अलग अपार ॥ ४९ ॥
स्रिष्टे भेव न जानै कोय।
स्रिष्टा करै सो निहचौ होय ॥
संपै को ईसर ध्याइये।
संपै पुरबि लिखे की पाइये ॥
संपै कारन चाकर चोर।
संपै साथि न चालै होर ॥
बिनु सांचे नहीं दरगह मान।
हरि रस पीवै छुटै निदान ॥ ५० ॥
हेरत हेरत हे सखी होय रही हैरान।
हौं हौं करती मैं मुई सब दरवै मन ज्ञान ॥
हार डोर कंकन घने करि थाकी सींगार।
मिल प्रीतमसुख पाइया सगल गुना गलहार ॥
नानक गुरुमुख पाइये हरि सों प्रीत पियार।
हरि बिन किन सुख पाया देखहु मन बीचार ॥ ॥
हरि पढ़ना हरि बूझना हरिसों रखहु पियार।
हरि जपिये हरि ध्याइये हरिका नाम अधार ॥ ५१ ॥
लेख न मिटई हे सखी सो लिखिया करतार।

आपे कारन जिन किया करि किरपा पगु धारि ॥
करते हथि वडियाइयां बूझो गुरु बिचारि ।
लिखिया फेरि न सकियै ज्यों भावी त्यों सारि ॥
नदरि तेरी सुख पाया नानक शबदविचार ।
मन सुख भूले पचि मुये उबरे गुरुबिचार ॥
जि पुरुष निदरि न आवई तिसका क्या कहिया जाइ ।
बलिहारी गुरु आपने जिन हिरदै दिता दिखाइ ॥ ५२ ॥
पाधा पड़िया आखिये बिद्या बिचरै सहजसुभाइ ।
बिद्या सोधै ततु लहै रामनाम लिव लाइ ॥
मन मुख बिद्या बिक्रदा बिख खटे बिख खाइ ।
मूरख सबद न चीनई सूझ बूझ नह काइ ॥ ५३ ॥
पाधा गुरुमुख आखिये चाटड़िया मत देइ ।
नामु संभालो नाम संगरहु लाहा जग महि लेइ ॥
सच्ची पटी सच मति पड़िए सबद सुसार ।
नानक सो पड़िया सो पंडित बीना जिस रामनाम गलहार ॥

---

## १ ओंकार सतिगुरु प्रसादि ।

### श्रीराग

आपै गुन आपै कथै आपै सुनि बीचारु।
आपै रतन परक्खि तूं आपै मोलु अपारु।
सांचौ मान महत्त तू आपै देवनहारु ।
हरि जू तू करता करतारु ।
ज्यों भावै त्यों राखु तू हरि नाम मिलै आचारु ॥ रहाउ ॥
आपै हीरा निर्मला आपै रंग मजीठ ।

आपै मोती ऊजला आपे भगत बसीठ[1] ॥
गुरु के शब्द सलाहना घट घट डीठ अडीठ ॥
आपै सागर बोहिता आपै पारु अपारु ।
सांची बाट सु जान तू शब्द लघावनहारु ॥
निडुरिया डरु जानिये बाकु गुरु गुब्बारु ।
अस्थिर करता देखिये केती आवै जाय ॥
आपै निर्मल एक तू ( होर ) बंधी धंधे पाय ।
गुरु राखै से ऊबरै सांचे सो लव लाय ॥
हरिजी शबद पछानिये साँचि रते गुरुबाकु ।
तिस तन मैल न लागई सब घर जिस ओताकु ।
नदरि करे सचु पाइये बिन नावैं क्या साकु ॥
जिननी सच पिछानिया से सुखिये जुग चारि ।
जग महि लाल इकु नाम पाइय गुरू बिचारि ॥
सांचऊ वक्खर लादिये लाभु सदा सचु रासि ।
साची दरगह बैसई भगति सची अरदासि ।
पति सों लेखा निब्बड़े राम नाम परगासि ॥
ऊंचा ऊंचउ आखिये कहउ न देखा जाय ।
जहं देखा तहँ एक तू सतगुरु दिया दिखाय ।
जोति निरंतर जानिये नानक सहज सुभाय ॥
मन जूठै तन जूठ है जिह्वा जूठी होय ।
मुख झूठे झुठ बोलना क्यों करि सूचा होय ।
बिन अभ शबद न मांजिये सांचे ते सचु होय ॥
मुंधे गुन हीनी सुख केहि ।
पिर रलिया रस मानसी साचि शब्द सुख नेहि ॥ ( रहाउ )
पिर परदेसी जेथिये धन वाढ़ी झूरेइ ।
ज्यों जल थोड़े माछुली करन पलावे करेइ ।

---

1.—This refers to the Musalman belief in a *rasul* رسول or messenger, बसीठ of God.

पिर भावै सुख पाइये जा आपै नदरि करेइ ॥
पिर लाला ही आपना सखी सहेली नालि ।
तब सोहै मन मोहिया रत्ती रंग निहालि ॥
शब्द सवारी सोहिनी पिरावै गुण नालि ।
पिर कै कामिनि आवई बोले फादिल बादि ।
दरिया टिढोई नालि है छूटी दुजै सादि ॥
पंडित बांचै पोथियां ना बूझही बिचारि ।
अन को मत्तो दे चलहि माया का वापारु ।
कथनी झूठी जग भवै रहनी शब्द सुसारु ॥

## राग सारंग चौपदे

अपने ठाकुर की हौं चेरी ।
चरन गहे जगजीवन प्रभुके हौं मैं मारि निबेरी ॥
पूरन परमजोति परमेसर प्रीतम प्रान हमारे ।
मोहन मोह लिया मन मेरा समुझसि शब्द बिचारे ॥
मन मुख होन ओछी मति झूठी मन तन पीर शरीरे ।
अब की राम रंगीलै राती राम जपत मन धीरे ॥
हौं मै छोड़ि भई बैरागिन तब सांची सुरत समानी ।
अकुल निरंजन सों मन माना बिसरी लाज लोकानी ॥
भूत भविष नाहीं तुम जैसे मेरे प्रीतम प्रानअधारा ।
हरि के नाम रती सोहागिनि नानक राम भतारा ॥

# 6. GURÚ ARJAN.

Gurú Arjan, the fifth Gurú, Avas born at Goindwal on Tuesday the seventh day of the dark half of *Vaisdkh*, 1020 V.E. (15(53 ) His father was Gurú Ramdas and his mother Bibi *Bha*ni was a daughter of Gurú Amardás. It was in his time and under his auspices that the sacred tank at Amritsar was constructed and the llarmandir, now known as the Golden Temple, built in the middle of it. It was he who laid down the rules for his followers in the performance of their daily religious duties and expiatory rites. "This course could reduce his religion to consistency, and hinder divergent tenets and rituals. That consummation, however, could only be attained when the exact words of the Gurús were permanently recorded in one grand volume. Guru Amardas, in the twenty-third and twenty-fourth *pauris* of the Anand, bad decided that only the real hymns of the Gurus should be repeated and reverenced by Sikhs." An attempt was therefore made to collect the hymns composed by the first four Gurus. The followers of the principal Indian saints, Hindu and Muhammadan, since the days of Jayadeva, were also invited by the Guru to attend and suggest suitable hymns for insertion in the sacred volume. They repeated hymns of their respective sects ; and such as conformed to the spirit of reform then in vogue, or were not wholly inconsistent with the Guru's teaching were adopted and incorporated in the Granth. It may bo here conceded that those

hymus received some alterations in the process of transmission from the saints to their followers who were contemporaries of Guru Arjan ; and this will explain whyjso many Panjabi words are found in the *Bhagats'* writings, and why they differ from their compositions preserved in other parts of India. The Granth Salieb is likened to a city and the hymns from the Gurus are so many different Mahal las or streets. The hymns of the first Guru, Mahalla I, come first, then those of the second Guru, Mahalla I I , and so on. After the Guru's hymns the hymns of *Bhagats* or Indian saints who had previously conceived reformatory ideas, were inserted, though without any fixed precedence. The contents of the Granth have been succintly described at page 168 of this book.

Several bards who had accepted the Sikh religion appeared before the Guru, and offered him panegyrics of himself and his predecessors. The Guru graciously gave such compositions a place in the sacred volume.

"When all the hymns for insertion had been determined on, the Guru sat within his tent and dictated them to Bhai Gurdas. After much time and labour the volume was completed on the first day of the light half of *Bhadon,* Sambut 1661 (1604)."

The *Sukhmani,* an extract from which has been given, is a composition of this Guru and is divided into twenty-four *ashtapadis,* a word which means eight *pads.* A *pad* contains ten lines, and thus somewhat resembles the English sonnet. Each *ashtapadi* therefore contains eighty lines. The word *Sukhmani* means peace of mind. This composition is repeated in the morning by every earnest Sikh after the Japji.

# सुखमनी

१ ॐ सतिगुरप्रसादि

## गउड़ी सुखमनी म: ५

सलोकु

आदि गुरए नम: जुगादि गुरए नमः ।
सति गुरए नमः श्री गुरदेवए नमः ।

अष्टपदी

सिमिरउ सिमिरि सिमिरि सुख पावउ ।
कलि कलेश तन माहिं मिटावउ ॥
सिमिरउ जासु बिसंभर एकै ।
नामु जपत अगनत अनेकै ।
बेद पुरान सिमृत सुधाखर ।
कीने रामनाम इक आखर ।
किनका एक जिसु जीय बसावै ।
ताकी महिमा गनी न आवै ।
कांखी[1] एकै दरस तुहारो ।
नानक उन संगि मोहिं उधारो ॥
सुखमनी सुख अंमृत प्रभुनाम ।
भगत जना के मन बिस्राम ॥ १ ॥ रहाउ ॥
प्रभु कै सिमरनि गरभ न बसै ।
प्रभु कै सिमरनि दुख जम नसै ।
प्रभु कै सिमरनि कालु परिहरै ।
प्रभु कै सिमरनि दुशमनु टरै ।
प्रभु सिमरतु कछु बिघन न लागै ।
प्रभु कै सिमरनि अनुदिनु जागै ।

---

१.—कांखी ।

प्रभु कै सिमरनि भउ न बियापै ।
प्रभु कै सिमरनि दुख न संतापै ।
प्रभु का सिमरनु साध कै संगी ।
सरब निधान नानक हरिरंगी ॥ २ ॥
प्रभु कै सिमरनि रिधि सिधि नउनिधि ।
प्रभु कै सिमरनि ज्ञान ध्यानु ( तत ) बुद्धि ।
प्रभु कै सिमरनि जप तप पूजा ।
प्रभु कै सिमरनि बिनसै दूजा ।
प्रभु कै सिमरनि तीरथ इसनानी ।
प्रभु कै सिमरनि दरगहमानी ।
प्रभु कै सिमरनि होइ सुभला ।
प्रभु कै सिमरनि सुफल फला ।
से सिमरहि जिन आप सिमराए ।
नानक ताकै लागउ पाए ॥ ३ ॥
प्रभु का सिमरन सब ते ऊँचा ।
प्रभु कै सिमरनि उधरे मूचा,[1] ।
प्रभु कै सिमरनि त्रिशना बुझै ।
प्रभु कै सिमरनि सब किछु सुझै ।
प्रभु कै सिमरनि नाहीं जमत्रासा ।
प्रभु कै सिमरनि पूरन आसा ।
प्रभु कै सिमरनि मनकी मल जाय ।
अमृत नामु रिद[2] माहि समाय ।
प्रभुजो बसहि साध की रसना ।
नानक जन का दासनि दसना ॥ ४ ॥
प्रभु कउ सिमरहि से धनवंते ।
प्रभु कउ सिमरहि से पतिवंते ।
प्रभु कउ सिमरहि से जन परवान ।

---

१.—मृत्यु-मुच्छा । २—हृदय ।

प्रभु कउ सिमरहि से पुरखु प्रधान।
प्रभु कउ सिमरहि सि बेमुहताजे।
प्रभु कउ सिमरहि सि सरब के राजे।
प्रभु कउ सिमरहि सि सुखवासी।
प्रभु कउ सिमरहि सदा अबिनासी।
सिमरन ते लागे जिन आप दयाला।
नानक जन की मंगे रवाला[1] ॥ ५ ॥
प्रभु कउ सिमरहि से परउपकारी।
प्रभु कउ सिमरहि तिन सद बलिहारी।
प्रभु कउ सिमरहि से मुख सुहावे।
प्रभु कउ सिमरहि तिन सुख बिहावै।
प्रभु कउ सिमरहि तिन आतम जीता।
प्रभु कउ सिमरहि तिह निरमल रीता।
प्रभु कउ सिमरहि तिन आनंद घनेरे।
प्रभु कउ सिमरहि बसहि हरि नेरे।
संत कृपा ते अनुदिन जागि।
नानक सिमरन पूरे भागि ॥ ६ ॥
प्रभु कै सिमरनि कारज पूरे।
प्रभु कै सिमरनि कबहु न झूरे।
प्रभु कै सिमरनि हरि गुनबानी।
प्रभु कै सिमरनि सहजि समानी।
प्रभु कै सिमरनि निहचल आसन।
प्रभु कै सिमरनि कमल बिगासन।
प्रभु कै सिमरनि अनहद झुनकार।
(सुख) प्रभु सिमरनि का अंत न पार।
सिमरहि से जिन कउ प्रभु माया।

१.—विकाश।

नानक तिन जन सरनी पाया ॥ ७ ॥
हरिसिमरनु करि भगत प्रगटाए ।
हरिसिमरनि लगि बेद उपाए ।
हरिसिमरनि भए सिध जती दाते ।
हरि सिमरनि नीच चहु कुट जाते ।
हरि सिमरन धारी सब धरना ।
सिमरि सिमरि हरि कारन करना ।
हरि सिमरनि कीयो सगल अकारा ।
हरि सिमरनि महि आपि निरंकारा ।
करि किरपा जिसु आपि बुझाया ।
नानक गुरमुखि हरि सिमरन तिन पाया ॥ ८ ॥

सलोकु

दीन दरद दुख भंजना घटि घटि नाथ अनाथ ।
सरन तुमारी आइओ नानक के प्रभु साथ ॥ १ ॥

असटपदी

जहँ मात पिता सुत मीत न भाई ।
मन उहां नाम तेरै संगि सहाई ।
जहँ महां भइ आन दूत जम दलै ।
तहँ केवल नाम संगि तेरै चलै ।
जहँ मुशकल होवै अति भारी ।
हरि को नाम खिन माहि उधारी ।
अनिक पुनचरन करत नहीं तरै ।
हरि को नाम कोटि पाप परहरै ।
गुरमुखि नाम जपहु मन मेरे ।
नानक पावहु सुख घनेरे ॥ १ ॥
सगल स्रिष्टि को राजा दुखिया ।
हरि का नाम जपत होय सुखिया ।
लाख करोरी बंधन परै ।

हरि का नाम जपत निसतरै ।
अनिक माया रंगि तिसन बुझावै ।
हरि का नाम जपत अघावै ।
जहँ मारग इहु जात इकेला ।
तहँ हरि का नाम संगि होत सुहेला ।
ऐसा नाम मन सदा ध्याइये ।
नानक गुरमुखि परम गत पाइये ॥ २ ॥
छूटन नाहीं कोट लखबाही ।
नाम जपत तहं पीर पराही ।
अनिक बिघन जहं आइ संघारै ।
हरि का नाम ततकाल उधारै ।
अनिक जोनि जनमै मर जाम ।
नाम जपत पावै बिस्राम ।
हो मैला मलु कबहु न धोवै ।
हरि का नाम कोट पाप खोवै ।
ऐसा नाम जपहु मन रंगि ।
नानक पाइऐ साध कै संगि ॥ ३ ॥
जिह मारग के गने जाहि न कोसा ।
हरि का नाम उहां संग तोसा ।
जिह पैंडे महँ अंध गुबारा ।
हरि का नाम संगि उजियारा ।
जहां पंथ तेरा को न सियान ।
हरिका नाम यह नालि पछान ।
जहं महां भयान तपति बहु घाम ।
तहि हरिके नाम की (तुम) ऊपर छाम ।
जहां तृखा मन तुझ आकरखै ।
तहं नानक हरि हरि अमृत बरखै ॥ ४ ॥
भगत जना की बरतन नाम ।

संत जना कै मनबिस्राम ।
हरि का नाम दास की ओट ।
हरि कै नाम उधरे जन कोटि ।
हरिजस करत संत दिन रात ।
हरि हरि औखधु साध कमात ।
हरि जन कै हरिनाम निधान ।
पारब्रह्म जन कीनो दान ।
मन तन रंगि रते रंगि एकै ।
नानक जन कै बिरति बिबेकै ॥ ५ ॥
हरि का नाम जन की मुकतजुगति ।
हरि कै नाम जन की त्रिपति भुगति ।
हरि का नाम जन का रूप रंगु ।
हरिनाम जपत कब परै न भंगु ।
हरि का नाम जन की बडिआई ।
हरि कै नाम जन शोभा पाई ।
हरि का नाम जन कौ भोग योग ।
हरिनाम जपत कछु नाहिं बियोगु ।
जन राता हरिनाम की सेवा ।
नानक पूजै हरि हरि देवा ॥ ६ ॥
हरि हरि जन कै माल खजीना ।
हरिधन जन कौ आप प्रभु दीना ।
हरि हरि जन कै ओट सतानी ।
हरिप्रताप जन अवर न जानी ।
ओतिपोति जन हरिरस राते ।
सुन्न समाधि नाम रसमाते ।
आठ पहर जन हरि हरि जपै ।
हरि का भगत प्रगट नहिं छुपै ।
हरि की भगति मुकति बहु करे ।

नानक जन संग केते तरे ॥ ७ ॥
पारजातु इहु हरि को नाम ।
कामधेन हरि हरिगुणगाम ।
सबते उत्तम हरि की कथा ।
नाम सुनत दरद दुख लथा ।
नाम की महिमा संत रिद वसै ।
संतप्रताप दुरतु सब नसै ।
संत का संगु वड़भागी पाइयै ।
संत की सेवा हरिनाम धियाइयै ।
नाम तुलि[1] कछु अवर न होइ ।
नानक गुरमुखि नाम पावै जन कोइ ॥ ८ ॥ २ ॥

सलोकु

बहु सास्तर बहु सिमृती पेखे सरब ढंढोलि ।
पूजसि नाही हरि हरे नानक नाम अमोल ॥ १ ॥

असटपदी

जाप ताप ज्ञान सब ध्यान ।
षट सास्तर सिम्मृति वाख्यान ।
योग अभ्यास कर्म धर्म किरिया ।
सगल त्यागि बनमध्ये फिरिया ।
अनिक प्रकार किये बहु यतना ।
पुन्न दान होमे बहु रतना ।
सरीर कटाइ होमै करि राती ।
बरत नेम करै बहु भांती ।
नही तुलि रामनाम बिचार ।
नानक गुरमुखिनाम जपियै इक वार ॥ १ ॥
नव खण्ड पृथमी फिरै चिर जीवै ।
महां उदास तपीसर थीवै ।

---
१. तुल्य ।

अगनि माहि होमत परान ।
कनक अस्व हैवर भूमि दान ।
न्योली कर्म करै बहु आसन ।
जैनमारग संजम अति साधन ।
निमख निमख करि सरीर कटावै ।
तौभी हौमै मैलु न जावै ।
हरि के नाम सम सरि कछु नाहि ।
नानक गुरमुखि नाम जपत गति पाहिं ॥ २ ॥
मनकामना तीरथ देह छुटै ।
गर्ब गुमान न मन ते हुटै ।
शौच करै दिनसु अरु राति ।
मन की मैल न तन ते जाति ।
इस देही कौ बहु साधना करै ।
मन ते कबहु न बिखया टरै ।
जल धोवै बहु देह अनीति ।
सुध कहा होइ काची भीति ।
मन हरि के नाम की महिमा ऊच ।
नानक नाम उधरे पतित बहु मूच ॥ ३ ॥
बहुत सियाणप जम का भौ ब्यापै ।
अनिक यत्न करि तृषण ना ध्रापै ।
भेख अनेक अगनि नही बूझै ।
कोटि उपाइ दरगह नही सीझै ।
छूटसि नाही ऊभ पयाल ।
मोहि बियापहि मायाजाल ।
अवर करतूति सगली जम डानै ।
गोबिंदभजन बिन तिल नही मानै ।
हरि का नाम जपत दुख जाई ।
नानक बोलै सहजि सुभाई ॥ ४ ॥

चारि पदारथ जे कोउ मांगै ।
साधजना की सेवा लागै ।
जे कोउ अपना दुख मिटावै ।
हरि हरि नाम रिदै सद गावै ।
जे कोउ अपनी सोभा लोरै ।
साध संगी इह हौमै छोरै ।
जे कोउ जनम मरण ते डरै ।
साध जना की सरनी परै ।
जिस जन को प्रभुदरस पियासा ।
नानक ताकै बलि बलि जासा ॥ ५ ॥
सगल पुरुष मह पुरुष प्रधानु ।
साध संगि जाको मिटै अभिमानु ।
आपस कौ जो जानै नीचा ।
सोई गनिये सबते ऊचा ।
जा का मन होइ सगल की रीना ।
हरि हरिनामु तिन घट घट चीना ।
मन अपने ते बुरा मिटाना ।
पेखै सगल सृष्टि साजना ।
सूख दूख जन सम दृष्टेता ।
नानक पाप पुंन नही लेपा ॥ ६ ॥
निरधन कौ धन तेरो नाउँ ।
निथावे कौ नाउ तेरा थाउँ ।
निमाने कौ प्रभु तेरो मान ।
सगल घटां कौ देवहु दान ।
करन करावन-हार स्वामी ।
सगल घटां के अंतर्यामी ।
अपनी गति मति जानहु आपे ।
आपन संगि आपि प्रभु राते

तुमरी उस्तति तुम ते होई ॥
नानक अवर न जानसि कोई ॥ ७ ॥
सर्ब धर्म महि श्रेष्ठ धर्म ।
हरि को नाम जपि निर्मल कर्म ।
सगल क्रिया महि ऊतम किरिया ।
साधु संगि दुर्मति मलु हरिया ।
सगल उद्यम मे उद्यम भला ।
हरि का नाम जपहु जीय सदा ।
सगल बनी महि अमृत बानी ।
हरि को जस सुन रसन बखानी ।
सगल थान ते ओहि ऊतम थानु ।
नानक जिह घटि बसै हरिनामु ॥ ८ ॥ ३ ॥

सलोकु

निरगुनियार इयानिया सो प्रभु सदा समालि ।
जिन कीया तिसु चीत रख नानक निबही नालि ॥ १ ॥

असटपदी

रमैया के गुन चेत परानी ।
कवन मूल ते कवन द्रिष्टानी ।
जिन तू साजि सँवार सिगारा ।
गरभअगिन महा जिनहि उबारा ।
बार बिवस्था तुझहि पियारै दूध ।
भरि जोबन भोजन सुख सूध ।
बिरध भया ऊपर साक सैन ।
मुख आपि आओ बैठ की दैन ।
इह निरगुन गुन कछू न बूझै ।
बखशि लेहु तौ नानक सीझै ॥ १ ॥
जिह प्रसाद धर ऊपर सुख बसहि ।
सुत भ्रात मीत बनिता संग हँसहि ।

जिह प्रसादि पीवहि सीतल जला ।
सुखदाई पवनु पावकु अमला ।
जिह प्रसादि भोगहि सब रसा ।
सगल समग्री संगि साथ बसा ।
दीने हस्त पाव करन नेत्र रसना ।
तिसे त्यागि अवर संग रचना ।
ऐसे दोष मूढ़ अंध बियापे ।
नानक काढ़ि लेहु प्रभु आपे ॥ २ ॥
आदि अंत जो राखनहारु ।
तिस सो प्रीति न करै गँवारु ।
जाकी सेवा नवनिधि पावै ।
तासों मूढ़ा मन नहीं लावै ।
जो ठाकुर सद सदा हजूरे ।
ताको अंधा जानत दूरे ।
जाकी टहल पावै दरगह मान ।
तिसहि बिसारै मुग्ध अजान ।
सदा सदा इह भूलनहारु ।
नानक राखनहारु अपारु ॥ ३ ॥
रतन त्यागि कौड़ी संग रचै ।
साँच छोड़ झूठ संग मचै ।
जो छड़ना सो असथिर करि मानै ।
जो होवन सो दूर परानै ।
छोड़ जाइ तिस का स्रम करै ।
संगि सहाई तिस परहरै ।
चंदन लेपु उतारे धोय ।
गरदभ प्रीति भसम संग होय ।
अंध कूप महि पतित बिकराल ।
नानक काढ़ लेहु प्रभु दयाल ॥ ४ ॥

करतूत पसू की मानसजाति ।
लोकपाचरा करे दिन राति ।
बाहिर भेष अंतरि मलु माया ।
छपसि नाहि कछु करै छपाया ।
बाहिर ग्रान ध्यान इसनान ।
अंतर ब्यापै लोभसुआन ।
अंतर अगनि बाहर तन स्वाह ।
जल पाथर कैसे तरै अथाह ।
जाके अंतर वसै प्रभु आप ।
नानक ते जन सहज समात ॥ ५ ॥
सुनि अंधा कैसे मारग पावै ।
कर गहि लेहु ओड़ निबहावै ।
कहा बुझारत बूझै डोरा ।
निस कहिऐ तौ समझै भोरा ।
कहा बिशुनपद गावै गुंग ।
जतन करै तौभी सुरभंग ।
कह पिंगल परबत पर भवन ।
नहीं होत उहां उस गमन ।
करतार करुणामय दीन बिनती करै ।
नानक तुमरी किरपा तरै ॥ ६ ॥
संग सहाई सुआवै न चीति ।
जो बैराई तासो प्रीति ।
बलुआ के गृह भीतर बसै ।
अनंद केलि माया रंगि रसै ।
दृढ़ करि मानै मनहि प्रतीति ।
काल न आवै मूढ़े चीत ।
बैर बिरोध काम क्रोध मोह ।
झूठ बिकार महां लोभ ध्रोह ।

याहू युगति विहाने कई जनम।
नानक राखि लेहु आपिन करि कर्म। ७।
तू ठाकुर तुम पहि अरदासि।
जीउ पिंडु सब तेरी रासि।
तुम मात पिता हम बालक तेरे।
तुमरी कृपा महँ सुख घनेरे।
कोइ न जानहि तुमरा अंत।
ऊँचे ते ऊँचा भगवंत।
सगल समग्री तुमरै सूत्रधारी।
तुम ते होइ सु आज्ञाकारी।
तुमरी गति मिति तुमही जानी।
नानकदास सदा कुरबानी ॥ ८ ॥ ४ ॥

# 8. GURÚ TEG BAHÁDUR.

"Guru Teg Bahadur, the ninth Sikh Guru, was the youngest son of the sixth Gurú, Har Govind and his wife Nanaki, and was born in what is now called Gurú ke Mahal of Amritsar, in the Punjab, on Sunday, the fifth day of the dark half of the month of *Baisdkh,* a watch and a quarter before day in the Sambat year 1679 (A.D. 1622)"*

He was married to Gujari, daughter of Lai Chand, a native of Kartarpur in the Jalandhar district. Teg Bahadur ascended the Gadi at the age of 43. He at first refused to accept the office saying that he would rather be *Deg* Bahddur (Lord of the cooking-pot-hospitality) than *Teg* Bahadur (Lord of the sword), meaning thereby that he preferred to support the poor and feed the hungry rather than be a warrior. The assembled Sikhs hailed this as a most auspicious offer of unbounded hospitality, and acted up to the maxim *'Jiska deg uska Teg'* (My services are at the disposal of him who feedeth me.) by flocking in great numbers under his banner.

Teg Bahadur seems to have travelled far and wide. In his visit to Kara in Allahabad district he met the famous saint Maluk Das. Maluk Das is popularly believed in this part of the country to have been as great if not a greater saint than Teg Bahadur and the miracle attributed in Sikh writings which humbled Maluk Das seems to be a hyperbole. He

* Macauliffe's Sikh Religion, Vol, IV pp. 331.

stayed for six mouths in Allahabad whore his wife conceived and subsequently brought forth the famous Gurú Govind Singh at Patna.

He next went to Benares where he is said to have stayed in a house now known as the *Bari Sanyat* in *Resham Katra.* From Benares he proceeded to Gaya and thence to Patna. Here he loft his wife, who was far advanced in pregnancy, in the present local Har Mandir, a magnificient edifice, constructed by the Sikhs of the place. From Patna he accompanied Raja Bam Singh in his expedition against the rebel Raja of Kamrup. It is said that at Gurú Teg Bahádur's intervention, the expedition was terminated without bloodshed and a reconciliation was effected between Ram Singh and the Raja of Kamrup, Gurú Teg Balnidur did not stay long in Patna. Leaving his family he went back to his country. In the Punjab a deputation waited on him from Kashmir complaining against the oppression of Aurangzeb, who had ordered to convert all people in the Punjab and Kashmir to the Muslim faith. The Gurú advised the Kashmiris to represent to the Emperor that Guru Teg Bahadur was seated on the Gadi of Guru Nanak and that if ho could be converted to Islam there would be a great accession of Hindu and Sikh converts. Aurangzeb at once invited him to come to his court. The Gurú promised to comply, but for various reasons his visit to Delhi was delayed and it was understood that he had concealed himself. Orders were at once issued for his arrest. He was eventually found in Katkar in Patiala State and sent under escort to Delhi.

The Emperor asked him to embrace Islam but he refused to do so. Anrangzob said that it was his pleasure

that there should be but one religion in the world and that Hinduism and all other religious ware false. The Gurú replied, "Oh Emperor, thou and I and all people must act according to God's will. If it were the will of God that there should be only one religion, He would not have allowed the Mohammedan and the Hindu religion to exist at the same time. He hath no partner, and He can do as He ploaseth. Neither thou nor I can oppose Him."

The advice fell flat on the bigot and Teg Bahadur was ordered to be imprisoned. The Gurú still persisted that his was the only true religion and was finally beheaded on an absurd charge of some breach of etiquette and propriety.

The following *slok* is said to be his last message to his son Govind Itai.

"My strength is exhausted; I am in fetters and; have no resource." Sayeth Nanak, 'God is my refuge, He will succour me as He did the elephant.'

"My associates and companions have deserted me ; no one remaineth with me to the last: sayeth. Nanak, "In this calamity God is my only support'."

Guru Tog Bahadur was the first Sikl martyr in the cause of religion and his death marks an epoch of that upheaval in the Sikh community which sheek the foundations of the Moghul Empire.

The following Hindi *sloks* and songs of Guru Teg Bahadur have been taken from the *Hindi JPanj-Oranthi* published by Lal Bihari Sinha Khatri and are recited every day by pious Sikhs.

# गुरु तेगबहादुर के

## शब्द[1]

राग गौरी ।

साधो मन का मान तियागो[2] ।
काम क्रोध संगति दुरजन की,
ताते अहनिसि भागो ॥
सुख दुख दोऊ सम करि जानैं,
और मान अपमाना ।
हरष सोग ते रहै अतीता,
तिन जगततु पहिचाना ॥
असतुति निन्दा दोऊ तियागै,
खोजै पद निर्बाना ।
जन नानक यह खेल कठिन है
किनहूँ[3] गुरमुख जाना ॥ १ ॥

साधो रचना राम बनाई ।
इक बिनसे इक अस्थिर[4] मानै,
अचरज लख्यो न जाई ।
काम किरोध मोह बस प्रानी
हरसूरत बिसराई ।
झूठा तन सांचा कर मान्यो,
जिउँ सुपना रैनाई[5] ।

१. A translation of these hymns appears in Macauliff's 'Sikh Religion' Vol. IV p. 493 *et seq.*
२. Punjabi form of त्यागो
३. Punjabi for किसी किसी ने
४. Punjabi for स्थिर
५. रात का

जो दीसै सो सकल बिनासै,
जिउँ बादर की छाईं।
जन नानक जग जान्यो मिथ्या,
रह्यो रामसरनाई ॥ २ ॥
साधो यह मन गह्यो न जाई।
चंचल त्रिसना संग बसतु है
याते थिर न रहाई।
कठिन क्रोध घटही के भीतर
जिह सुध सब बिसराई।
रतनज्ञान सब को हरिलीना
ता सों कछु न बसाई।
जोगी जतन करत सब हारे
गुनी रहे गुन गाई।
अब नानक हर भए दयाला
तौ सब बिधि बनिआई ॥ ३ ॥
साधो गोबिंद के गुन गावो।
मानसजनम अमोलक पायो,
बिरथा काहे गँवावो।
पतितपुनीत दीनबन्धू हरि
सरन ताहि तुम आवो।
गज को त्रास मिट्यो जेहि सिमिरत,
तुम काहे बिसरावो।
तजि अभिमान मोह माया फुन,
भजन राम चित लावो।
नानक कहत मुकुतिपंथ यह
गुरमुख होइ तुम पावो ॥ ४ ॥
साधो रामसरन बिसरामा।
बेद पुरान पढ़े को इह गुन,

सिमरे हरि का नामा ॥
लोभ मोह माया ममता पुनि,
औ बिषयन की सेवा ।
हरष सोग परसे जिह नाहिन,
सो मूरति है देवा ॥
सुरग नरक अमृत बिष ए सब,
तिउँ कंचन अरु पैसा ।
असतुति निन्दा ए सम जाके
लोभ मोह फुनि तैसा ॥
दुख सुख ये बांधे जिह नाहिन
तिह तुम जानौ ज्ञानी ।
नानक मुकत ताहि तुम मानौ
यहि बिधि को जो प्रानी ॥ ५ ॥
मन रे कौन कुमति तैं लीनी ।
परदारानिंदारस रचियो
रामभगति नहिं कीनी ॥
मुक्तिपंथ जान्यो तैं नाहिनि,
धनजोरन को धाया ।
अंत संग काहू नहिं दीना,
बिरथा आप बँधाया ॥
ना हरि भज्यो न गुरुजन सेयो,
नहि उपज्यो कछु ज्ञाना ।
घट ही माहिं निरंजन तेरे,
तैं खोजत उद्याना ॥
बहुत जन्म भरमत तै हारयो,
अस्थिर मति नहि पाई ।
मानुषदेह पाइ पद हरि भजु,
नानक बात बताई ॥ ६ ॥

मन रे प्रभु की सरनि बिचारो।
जिह सिमरत गनिका सी उधरी,
ताको जस उर धारो ॥
अटल भयो ध्रुव जाकै सिमरन
अरु निर्भयपद पाया।
दुखहर्त्ता इहि बिधि को स्वामी
तै काहे बिसराया ॥
जबही सरन गही किरपानिधि
गज गराह तें छूटा।
महिमा नाम कहाँ लौ बरनौं
राम कहत बंधन तिहि तूटा ॥
अजामल्ल पापीजग जाने
निमिष माहि निस्तारा।
नानक कहत चेत चिंतामनि
तैं भी उतरहि पारा ॥ ७ ॥
इह जग मीत न देख्यो कोई।
सगल जगत अपनै सुख लाग्यो
दुख में संग न होई ॥
दारा मीत पूत सम्बन्धी,
सगरे धन सों लागे।
जबही निर्धन देख्यो नर को
संग छाड़ि सब भागे ॥
कहौं कहा ये मन बौरे को,
इन सों नेह लगायो।
दीनानाथ सकल भयभंजन,
जस ताको बिसरायो ॥
श्वानपूछ ज्यों भयो न सूधो,
बहुत यत्न मैं कीनौ।

नानक लाज बिरद की राखहु
नाम तुम्हारो लीनौ ॥ ८ ॥
प्रीतम जानि लेहु मन माहीं ।
अपने सुख सों ही जग फांध्यो,
कोऊ काहू को नाहीं ॥
सुख मै आनि बहुत मिलि बैठत
रहत चहूं दिशि घेरे ।
विपति परी सब ही संग छाड़त
कोऊ न आवत नेरे ॥
घर की नारि बहुत हित जासों
सदा रहत संग लागी ।
जबही हंस तजी यह काया
प्रेत प्रेत करि भागी ॥
इह विधि को व्योहार बन्यो है
जासों नेहु लगायो ।
अंतबार नानक बिन हरि जी
कोऊ काम न आयो ॥ ९ ॥
काहे रे बन खोजन जाई ।
सर्वनिवासी सदा अलेपा
तोही संग समाई ॥
पुहुप मध्य ज्यों बास बसत है,
मुकुर माहि जैसे छांई ।
तैसेही हरि बसै निरंतर,
घट ही खोजहु भाई ॥
बाहर भीतर एको जानहु;
यहु गुरु ज्ञान बताई ।
जन नानक बिन आपा चीन्हे
मिटै न भ्रम की काई ॥ १० ॥

साधो इहु जग भरम भुलाना ।
रामनाम का सिमरन छोड़ा
माया हाथ बिकाना ॥
मात पिता भाई सुत बनिता,
ताके रस लपटाना ।
जोबन धन प्रभुता के मद में
अहिनिशि रहै दिवाना ॥
दीनदयाल सदा दुखभंजन,
तासौं मन न लगाना ।
जन नानक कोटिन में किनहूं
गुरुमुख होइ पछाना ॥ ११ ॥
तेहि योगी को युगति न जानौ ।
लोभ मोह माया ममता फुनि
जिहि घट मांहि पछानौ ॥
परनिंदा अस्तुति नहिं जाके
कंचन लोह समानो ।
हर्ष सोग ते रहै अतीता
योगी ताहि बखानो ॥
चंचल मन दह दिशि को धावत
अचल जाहि ठहरानो ।
कहु नानक इहि विधि को जो नर
मुकत ताहि तुम मानो ॥ १२ ॥
अब मैं कौन उपाव करौं ।
जिहि विधि मन को संशा चूकै,
भवनिधिपार परौं ॥
जन्म पाइ कछु भलो न कीनो
ताते अधिक डरौं ।
मन बच क्रम हरिगुन नहिं गाये

यह जिय शोच धरौं ॥
गुरुमति सुनि कछु ज्ञान न उपज्यो
पशु ज्यों उदर भरौं ।
कहु नानक प्रभुविरद पछानौं
तब हौं पतित तरौं ॥ १३ ॥
भूल्यो मन माया उरझायो ।
जो जो कर्म कियो लालच लगि,
तिहि तिहि आप बंधायो ॥
समुझि न परी विषय रस राच्यो,
जस हरि को बिसरायो ।
संग स्वामी को जान्यो नाहिन,
बन खोजन को धायो ॥
रतन नाम घट ही के भीतर,
ताको ज्ञान न पायो ।
जन नानक भगवन्तभजन बिन
बिरथा जन्म गँवायो ॥ १४ ॥
हरि जू राखि लेहु पति मेरी ।
यम को त्रास भयो उर अंतर
शरन गही किरपानिधि तेरी ॥
महापतित मुगध लोभी फुनि
करत पाप अब हारा ।
भय मरिबे को बिसरत नाहिन
तिहि चिंता तनु जारा ॥
किये उपाव मुक्ति के कारन,
दह दिशि को उठि धाया ।
घट ही भीतर बसै निरंजन,
ताको मर्म न पाया ॥
नाहिन गुन नाहिन कछु जप तप

कौन कर्म अब कीजै ।
नानक हारि परयो शरनागत
अभयदान प्रभु दीजै ॥ १५ ॥
मन रे सांचा गहो बिचारा ।
रामनाम बिन मिथ्या मानो,
सगरो इहु संसारा ॥
जाको योगी खोजत हारे.
पायो नहि तिह पारा ।
सो स्वामी तुव निकट पछानो,
रूप रेख ते न्यारा ॥
पावन नाम जगत मैं हरि को,
कबहूँ नाहि संभारा ।
नानक सरन परयो जगबंधन
राखहु बिरद तुहारा ॥ १६ ॥
प्रानी नारायन सुधि लेह ।
छिन छिन औधि घटै निसि बासर,
वृथा जात है देह ॥
तरुनापो बिषयन सों खोयो,
बालापन अज्ञाना ।
बिरध भयो अजहूँ नहिं समुझै
कौन कुमति उरझाना ॥
मानसजनम दियो जेहि ठाकुर,
सो तैं क्यों बिसरायो ।
मुकुति होत नर जाके सिमिरे
निमिष न ताको गायो ॥
माया को मद कहा करत है
संग न काहू जाई ।
नानक कहत चेत चिंतामनि,

है है अंत सहाई ॥ १७ ॥

हरि को नाम सदा सुखदाई ।
जाको सिमिरि अजामल उधरयो
गनिका हू गति पाई ॥
पंचाली को राजसभा में
रामनाम सुधि आई ।
ताको दुःख हरयो करुणामय
अपनी पैज बढ़ाई ॥
जिहि नर जस किरपानिधि गायो
ताको भयो सहाई ।
कहु नानक मैं इही भरोसे
गही आन सरनाई ॥ १८ ॥

माई मैं मन को मान न त्यागयौं ।
माया के मद जनम सिरायो,
रामभजन नहिं लाग्यौं ॥
यम को डंड परयो सिर ऊपर
तब सोवत ते जाग्यौं ।
कहा होत अबके पछितायेः
छूटत नाहिन भाग्यौं ॥
इह चिंता उपजी घट में जब,
गुरुचरनन अनुराग्यौं ।
सुफल जन्म नानक तब हूआ,
जो प्रभुजस में पाग्यौं ॥ १९ ॥

हरि बिन तेरो कौन सहाई ।
काकी मात पिता सुत बनिता,
को काहू को भाई ॥
धन धरनी अरु सम्पति सगरी,
जो मान्यो अपनाई ।

तन छूटे कछु संग न चालै,
कहा ताहि लपटाई।
दीनदयाल सदा दुखभंजन,
तासों रुचि न बढ़ाई।
नानक कहत सकल जग मिथ्या,
ज्यों सुपना रैनाई ॥२०॥
कहा मन बिषया सों लपटाही।
या जग में कोउ रहन न पावै,
इक आवै इक जाही॥
काको तन धन सम्पति काकी,
कासों नेहु लगाही।
जो दीसै सो सगल बिनासै,
ज्यों बादर की छांही॥
तजि अभिमान सरन संतन गहु,
मुकति होहि छिन माही।
जन नानक भगवन्त भजन बिन,
सुख सुपने भी नाहीं॥ २१ ॥
जगत में झूंठी देखी प्रीति।
अपने ही सुख सों सब लागे,
क्या दारा क्या मीत॥
मेरो मेरो सबै कहत हैं,
हित सों बांध्यो चीत।
अंतकाल संगी नहिं कोऊ,
इह अचरज है रीत॥
मन मूरख अजहूँ नहि समझत,
सिख दै हारयो नीत।
नानक भवजलपार परै जो,
गावै प्रभु के गीत॥ २२ ॥

सलोक

गुन गोबिंद गायो नहीं जन्मु अकारथ कीन्ह ।
कहु नानक हरि भजु मना जिहि बिधि जल के मीन ॥
बिषयन सों काहे रच्यो निमिष न होहि उदास ।
कहु नानक भजु हरि मना परै न यम को फांस ॥
तरुनापो यौंही गयो लियो जरा तनु जीत ।
कहु नानक भज हरि मना औधि जातु है बीत ॥
बिरध भयो सूझै नहीं काल पहुँच्यो आन ।
कहु नानक नर बावरे क्यों न भजै भगवान ॥
धन दारा संपति सगल जिन अपुनी करि मानि ।
इनमें कछु संगी नहीं नानक साची जानि ॥
पतितउधारन भयहरन हरि अनाथ के नाथ ।
कहु नानक तिह जानियै सदा बसत तुम साथ ॥
तन धन जेहि तो को दियो तांसों नेहु न कीन ।
प्रश्न

मेरौ रूप भूमि है कि मेरौ रूप आप है कि,
मेरौ रूप तेज है कि मेरौ रूप पौन है।

मेरौ रूप व्योम है कि मेरौ रूप इंद्री है कि,

अन्तहकरण है कि बैठो है कि गौन है।

मेरौ रूप त्रिगुण कि अहंकार महत्तत्व,

प्रकृति पुरुष किधौं बोलै है कि मौन है।

मेरौ रूप स्थूल हैं कि शून्य आहि मेरौ रूप,

सुंदर पूछत गुरु मेरौ रूप कौन हैं॥

उत्तर

तूं तो कछु भूमि नाहिं आप तेज वायु नांहिं,

व्योम पंच विषै नाहिं सो तो भ्रमकूप है।

तूं तौ कछु इन्द्री अरु अंतहकरण नाहिं,

तीनौं गुणऊ तूं नाहिं सोऊ छांह धूप है।

तूं तौ अहंकार नाहिं पुनि महत्तत्व नाहिं,

प्रकृति पुरुष नाहिं तू तौ सु अनूप है।

सुन्दर बिचारि ऐसे शिष्य सौं कहत गुरु,

नाहिं नाहिं करतैं रह सु तेरौ रूप है॥

देहई नरकरूप दुःख कौ न वारपार,

देहई जु स्वर्गरूप झूठौ सुख मान्यौ है॥

देहई कौ बंध मोक्ष, देहई अमोक्ष मोक्ष,

देहई के क्रियाकर्म सुभासुभ ठान्यौ है।

देहई में और देह खुशी ह्वै बिलास करै,

ताही को समुझि बिन आतमा बखान्यौ है।

दोऊ देह में अलिप्त दोऊ कौं प्रकाश कहैं,

सुंदर चेतनरूप न्यारौ करि जान्यौ है॥

प्रश्नोत्तर

देह यह कौन को है देह पंचभूतनि कौं,

पंचभूत कौन तें हैं तामसाहंकार ते।

अंहकार कौन तें हैं जासौं महत्तत्व कहैं,

महत्तत्व कौन हैं प्रकृति मंझार ते।

प्रकृति हू कौन तें हैं पुरुष है जाकौ नाम,
पुरुष सौं कौन तें हैं ब्रह्म निरधार ते।
ब्रह्म अब जान्यौ हम जान्यो है तो निश्चै करि,
निश्चै हम कियौ है तौ चुप मुखद्वार तें॥
भूमि परै अप. अपहू के परै पावक है,
पावक के परै पुनि वायु हू बहतु है।
वायु परै व्योम, व्योम हू कै परै इंद्री दश,
इंद्रीन के परै अंतः करण रहतु है।
अंतःकरण परै तीनौं गुण अहंकार,
अहंकार परै महत्तत्व कौ लहतु है।
महत्तत्व परै मूल माया, माया परै ब्रह्म,
ताहीं ते परातपर सुन्दर कहतु हैं॥
देह जड देवल मैं आतमा चैतन्यदेव,
याही कौ समुझि करि यासौं मन लाइये।
देवल कौं बिनसत वार नहिं लागै कछु,
देव तौ सदा अभंग देवल मैं पाइये।
देवकी शकति करि देवल की पूजा होइ,
भोजन विविध भांति भोग हू लगाइये।
देवल तें न्यारौ देव देवल मैं देषियत,
सुंदर बिराजमान और कहां जाइये॥
प्रीति सी न पाती कोऊ प्रेम से न फूल और,
चित्त सौं न चंदन सनेह सौ न सेहरा।
हृदै सौ न आसन सहज सौं न सिंघासन,
भाव सी न सौंज और शून्य सौं न गेहरा।
शील सौं सनान नांहि, ध्यान सौं न धूप और,
ज्ञान सौ न दीपक अज्ञानतम के हरा।
मन सी न माला कोऊ सोऽहं सौं न जाप और,
आतमा सो देव नाहिं देह सौं न देहरा।

क्षीर नीर मिलि दोऊ एक ठौर होइ रहे,
नीर छांड़ि हंस जैसे क्षीर कौं गहतु है ।
कंचन मैं और धातु मिलि करि श्याम परयो,
शुद्ध करि कंचन सुनार ज्यौं लहतु है ।
पावक हू दार मध्य दार ही सौं ह्वै है रह्यो,
मथि कर काढ़ै वाही दार कौं दहतु है ।
तैसे ही सुंदर मिल्यो आतमा अनातमा जू,
भिन्न भिन्न करिये सु तौ सांख्या कहतु है ॥

अन्नमय कोश सु तौ पिंड है प्रगट यह,
प्रानमय कोश पांच वायुहू बषानिये ।
मनोमय कोश पंच कर्म इंद्रिय प्रसिद्ध,
पंच ज्ञान इंद्रिय विज्ञानकोश जानिये ।
जाग्रत रु स्वप्न बिषै कहिये चत्वारकोश,
सुषुप्ति मांहि कोश आंनदमय मानिये ।
पंच कोश आतमा को जीव नाम कहियतु है,
सुंदर शंकरभाष्य साष्य यह आनिये ॥

जाग्रत अवस्था जैसें सदन मैं बैठियतु,
तहां कछु होइ ताहि भली भांति देषिये ।
स्वप्न अवस्था जैसें षोवरे मैं बैठे जाइ,
रहैं रहैं उहाऊं की बस्तु सब लेखिये ।
सुषुपति भौहरें मैं बैठे ते न सूझि परै,
महाअंध घोर तहां कछुब न पेषिये ।
व्योम अनसूत घर षोवरे भौंहरे मांहिं,
सुंदर साक्षी स्वरूप तुरिया बिशेषिये ॥

सवैया छंद

देह सराव तेल पुनि मारुत बाती अंतःकरण बिचार ।
प्रगट जोति यह चेतन दीसै जातैं भयो सकल उजियार ।
व्यापक अग्नि मथन करि जोये दीपक बहुत भांति बिस्तार ।

सुंदर अद्भुत रचना तेरी तूंही एक अनेक प्रकार ॥

तिल मैं तेल दूध मैं घृत है दार माहिं पावक पहिचानि ।
पुहपु माहि ज्यौं प्रगट वासना इखु माहिँ रस कहत बषानि ।
पोसत मांहि अफीम निरंतर बनस्पती मैं सहत प्रवानि ।
सुंदर भिन्न मिल्यो पुनि दीसत देह माहिं यौं आतम जानि ॥

## विचार को अंग

मनहर छंद

देषै तौ बिचार करि सुनै तौ बिचार करि,
बोलै तौ बिचार करि करै तौ बिचार है ।
षाइ तौ बिचार करि पीवै तौ बिचार करि,
सोवै तौ बिचार करि तौही तौ उबार है ।
बैठै तौ बिचार करि ऊठै तौ बिचार करि,
चलै तौ बिचार करि सोइ सतसार है ।
देइ तौ बिचार करि लेइ तौ बिचार करि,
सुन्दर बिचार करि याही निरधार है ॥

इंदव छंद

एकही कूप के नीर ते सींचंत, इखु अफीमहि अंब अनारा ।
होत उहै जल स्वाद अनेकनि, मिष्ठ कटूक षटा अरु षारा ।
त्यौं ही उपाधिसंजोग ते आतम, दीसत आहि मिल्यौ सौ बिकारा ।
काढ़ि लिये जु बिचार बिधस्वत, सुन्दर शुद्ध स्वरुप है न्यारा ॥
रुप परा कौ न जानि परै कछु, ऊठत है जिहिं मूल ते ज्ञानी ।
नाभि बिषै मिलि सप्त स्वरन्नि, पुरुष सँयोग पश्यंति बषानी ।
नादसँयोग हदै पुनि कंठ जु, मध्यमा याही बिचार तें जानी ।
अक्षर भेद लिये मुखद्वार सु, बोलत सुन्दर बैषरि बानी ॥
कर्मशुभाशुभ की रजनी पुनि, अर्द्ध तमोमय अर्द्ध उजारी ।
भक्ति सु तौ यह है अरुणोदय, अंत निसादिन संधि बिचारी ।
ज्ञानी सुभानसदोदित बासर, वेद पुरान कहैं जु पुकारी ।
सुन्दर तीन प्रभाव बषानत यौं निहचै समुझै बिधि सारी ॥

## ब्रह्म निःकलंक को अंग

मनहर छंद

जैसें जलजंतु जल ही में उतपन्न हांहिं,
जलही में बिचरत जल के अधार हैं।
जलही में क्रीड़त बिबिध बिहार होत,
काम क्रोध लोभ मोह जल में संहार हैं।
जल को न लागै कछु जीवन के रोग दोष,
उनही के क्रिया कर्म उनही की लार हैं।
तैसेही सुन्दर यह ब्रह्म में जगत सब,
ब्रह्म को न लागै कछु जगतबिकार हैं॥
स्वेदज जरायुज अंडज उद्भिज पुनि,
चारि षानि तिनके चौराशी लक्ष जंत हैं।
जलचर थलचर व्योमचर भिन्न भिन्न,
देह पंच भूतन की उपजी षपंत हैं।
शीत घाम पवन गगन मैं चलत आइ,
गगन अलिप्त जामें मेघहू अनंत हैं।
तैसेही सुन्दर यह सृष्टि एक ब्रह्म माहिं,
ब्रह्म निःकलंक सदा जानत महंत हैं॥

## आत्मा अनुभव को अंग

इंदव छंद

है दिल में दिलदार सही अंखियां उलटी करि ताहि चितैये।
आब में षाक में बाद मे आतश जान में सुन्दर जानि जनैये।
नूर में नूर है तेज में तेज है ज्योति में ज्योति मिलै मिलि जैये।
क्या कहिये कहतै न बने कछु जो कहिये कहते ही लजैये॥
जासों कहूं सब में वह एक तौ सो कह कैसो है आंखि दिषैये।
जौ कहुं रूप न रेष तिसै कछु तौ सब झूठ के माने कहैये।
जौं कहुं सुन्दर नैनन मांझि तौ नैन हूं बैन गये पुनि हैये।
क्या कहिये कहतै न बनै कछु जो कहिये कहते ही लजैये॥

होत विनोद जु तौ अभिअंतर सो सुख आप मैं आपुहि पैये।
बाहिर कौं उमग्यौ पुनि आवत कंठ ते सुन्दर फेरि पठैये।
स्वाद निवेर निवेरयो न जात मनो गुर गूंगे ही ज्यौं नित षैये।
क्या कहिये कहतै न बनै कछु जो कहिये कहतै ही लजैये॥
एक कि दोइ न एक न दोइ उहीं कि इहीं न उहीं न इहीं है।
शून्य कि थूल न शून्य न थूल जहीं कि तहीं न जहीं न तहीं है।
मूल कि डाल न मूल न डाल वहीं की महीं न वहीं न महीं है।
जीव कि ब्रह्म न जीव न ब्रह्म तो है कि नहीं कछु है न नहीं है॥
एक कहूँ तौ अनेक सौं दीषत एक अनेक नहीं कछु ऐसौ।
आदि कहूं तिहि अंतहु आवत आदि न अंत न मध्य सु कैसौ।
गोपि कहूं तौ अगोपि कहा यह गोपि अगोपि न ऊभौ न वैसौ।
जोई कहूँ सोई है नहीं सुन्दर है तौ सही परि जैसे को तैसौ॥

मनहर छंद

छिति भ्रम, जल भ्रम, पावक पवन भ्रम,
व्योम भ्रम तिनकौ शरीर भ्रम मानिये।
इंद्री दश तेऊ भ्रम, अंतहकरण भ्रम,
तिनहूं के दैवता सु भ्रम ते बषानिये।
सत्व रज तम भ्रम, पुनि अहंकार भ्रम,
महत्तत्व प्रकृति पुरुष भ्रम भानिये।
जोई कछु कहिये सु सुन्दर सकल भ्रम,
अनुभौ किये तै एक आतमा ही जानिये॥

## निरसंशय को अंग

मनहर छंद

भावै देह छूटि जाहु काशी माहिं गंगातट,
भावै देह छूटि जाहु क्षेत्र मगहर मैं।
भावै देह छूटि जाहु बिप्र के सदन मध्य,
भावै देह छूटि जाहु स्वपच के घर मैं।

भावै देह छूटौ देश आरज अनारज मैं,
भावै देह छूटि जाहु वन मैं नगर मैं।
सुन्दर ज्ञानी के कछु संशै नहिं रह्यौ कोइ,
स्वर्ग नरक सब भाजि गयौ भरमैं॥

## अद्वैत ज्ञान को अंग

इंदव छंद

उत्तम मध्यम और शुभाशुभ भेद अभेद जहाँ लग जो है।
दीसत भिन्न तयो अरु दर्पन वस्तु बिचारत एकहि लोहै।
जो सुनिये अरु दृष्टि परै पुनि वा बिनु और कहो अब को है।
सुन्दर सुन्दर व्यापि रह्यो सब सुन्दर ही महिं सुन्दर सोहै॥
ज्यौं बन एक अनेक भये द्रुम नाम अनंतिन जातिहु न्यारी।
वापि तड़ाग रु कूप नदी सब हैं जल एक सु देषौ निहारी।
पावक एक प्रकाश बहू विधि दीप चिराग मसालहु बारी।
सुन्दर ब्रह्म बिलास अषंडित षंडित भेद की बुद्धि सु टारी॥

मनहर छंद

तोहीं मैं जगत यह तूं ही है जगत माँहि,
तो मैं अरु जगत मैं भिन्नता कहां रही।
भूमि ही ते भाजन अनेक भांति नाम रूप,
भाजन बिचारि देषैं उहै एक है मही।
जल मैं तरंग भई फेन बुद्बुदा अनेक,
सोऊ तौ बिचारे एक वहै जल है सही।
महापुरुष जेते हैं सब कौ सिद्धांत एक,
सुन्दर खल्विदं ब्रह्म अंत वेद है कही॥
ब्रह्म मैं जगत यह ऐसी बिधि देषियत,
जैसी बिधि देषियत फूलरी महीर मैं।
जैसी बिधि गिलम दुलीचे मैं अनेक भांति,
जैसी विधि देषियत चूनंरी ऊ चीर मैं।

जैसी विधि कांगरे ऊ कोट पर देषियत,
जैसी बिधि देषियत बुदबुदा नीर मैं।
सुन्दर कहत लीक हाथ पर देषियत,
जैसी बिधि देषियत शीतला शरीर मैं॥
ब्रह्म अरु माया जैसे शिव अरु शक्ति पुनि,
पुरुष प्रकृति दोऊ करि कै सुनाये हैं।
पति अरु पतनी ईश्वर अरु ईश्वरी ऊ,
नारायण लक्ष्मी ह्वै बचन कहाये है।
जैसे कोऊ अर्द्धनारी नाटेस्वर रूप धरै,
एक बीज ही ते दोइ दालि नाम पाये है।
तैसे ही सुन्दर वस्तु ज्यौं है त्यौं ही एक रस,
उभय प्रकार होइ आप ही दिषाये हैं॥

इंदव छंद

आदिहु तौ सोइ अंत रहै पुनि मध्य कहा कछु और कहावै।
कारण कारय नाम धरे युग कारय कारण मांहि समावै।
कारय देषि भयौ बिचि विभ्रम कारण देखि विभ्रम्म बिलावै।
सुन्दर या निहचै अभिअंतर द्वैत गये फिरि द्वैत न आवै॥

## जगत्‌मिथ्या को अंग

मनहर छंद

मृतिका समाइ रही भाजन के रूप मांहि,
मृतिका कौ नाम मिटि भाजनई गह्यौ है।
कनक समाइ त्यौं ही होइ रह्यो आभूषन,
कनक न कहै कोउ आभूषन कह्यो है।
बीजऊ समाइ करि बृक्ष होइ रह्यो पुनि,
बृक्षहू को देखियत बीज नहिं लह्यो है।
सुन्दर कहत यह यौंही करि जानै सब,
ब्रह्मई जगत होइ ब्रह्म दूरि रह्यो है॥

कहत है देह मांहि जीव आइ मिलि रह्यो,
कहां देह कहां जीव वृथा चौंकि पर्‍यो है।
बूड़वे के डर तें तिरन कौ उपाइ करै,
ऐसे नांहि जानै यह मृगजल भर्‍यो है।
जेवरे कौ सांप जैसे सीप विषै रूपौ जानि,
और कौ और देषि योंही भ्रम कर्‍यौ है।
सुंदर कहत यह एकई अषंड ब्रह्म,
ताहीकौ पलटि कैं जगत नाम धर्‍यौ है॥

# साषी

## उपदेशचितावनी को अंग

सुंदर मनुषादेह की महिमा कहिये काहि,
जाकौं बंछै देवता, तू क्यौं षोवै ताहि ॥१॥
सुंदर पछी बिरछ पर, लियो बसेरा आनि।
राति रहे दिन उडि गये, त्यौं कुटंब सब जानि ॥२॥
सुंदर यौंही देषते, औसर बीत्यौ जाइ।
अंजुरी मांही नीर ज्यौं, किती वार ठहराइ ॥३॥

## कालचेतावनी को अंग

काल ग्रसत है बावरे, चेतत क्यों न अजान।
सुंदर कायाकोट में, होय रह्यौ सुलतान ॥
जो जौ मन मै कल्पना, सो सो कहिये काल।
सुंदर तू निःकल्प हो, छांड़ि कल्पनाजाल ॥

## नारीपुरुषश्लेष को अंग

नारी पुरुष सनेह, अति, देखे जीवै सोइ।
सुंदर नारी बीछुरे, आपु मृतक तब होइ ॥

## तृष्णा को अंग

पल पल छीजै देह यह, घटत घटत घट जाय।
सुंदर तृष्णा ना घटै, दिन दिन नोतन थाय ॥

## मन को अंग

मन कौं राषत हटकि करि, सटकि चहूँ दिशि जाइ।
सुंदर लटकि ललालची, गटकि बिषैफल षाइ ॥

झटकि तार कौं तोरि दे, भटकत सांझ रु भोर ।
पटकि सीस सुंदर कहै, फटकि जाइ ज्यौं चोर ॥
सुंदर यह मन चपल अति, ज्यौं पीपर कौ पान ।
बार बार चलिबो करै, हाथी को सौ कान ॥

## वचनविवेक को अंग

सुंदर तब ही बोलिये, समझि हिये मैं पैठि ।
कहिये बात बिवेक की, नहितर चुप ह्वै बैठि ॥
सुंदर मौन गहे रहै, जानि सकै नहिं कोइ ।
बिन बोलै गुरवा कहै, बोलै हरवा होइ ॥

## साधु को अंग

संत समागम कीजिये, तजिये और उपाइ ।
सुंदर बहुते उद्धरे, सतसंगति मैं आइ ॥
सुंदर या सतसंग मैं, भेदाभेद न कोइ ।
जोई बैठे नाव मैं, सो पारंगत होइ ॥

## समर्थाई आश्चर्य को अंग

सुंदर समरथ राम कौ, करत न लागै बार ।
पर्वत सौं राई करै, राई करै पहार ॥
जड़ चेतन संयोग करि, अद्भुत कीयौ ठाट ।
सुंदर समरथ रामजी, भिन्न भिन्न करि घाट ॥

## स्वरूपविस्मरण को अंग

सुंदर भूलो आप कौं, खोई अपनी ठौर ।
देह मांहि मिलि देह सौं, भयौ और का और ॥
जा घट की उनहारि है, जैसौ दीसत आहि ।
सुंदर भूलौ आपही, सो अब कहिये काहि ॥

## सांख्यज्ञान को अंग

पंच तत्व की देह जड़, सब गुन मिलि चौबीस ।
सुंदर चेतन आतमा, ताहि मिलैं पच्चीस ॥

छब्बीसों सु ब्रह्म हैं सुंदर साक्षीभूत।
यौं परमातम आतमा, यथा बाप के पूत॥
जाकी सत्ता पाय करि, सबगुन ह्वै चैतन्य।
सुंदर सोई आतमा, तुम जनि जानहु अन्य॥
सूक्षम देह सथूलकौ, मिल्यौ करमसंयोग।
सुंदर न्यारौ आत्मा, सुख दुख इनको भोग॥

## बिचारको अंग

जैसे जल महिं कमल है, जल ते न्यारो सोइ।
सुंदर ब्रह्म बिचार करि, सबते न्यारौ होइ॥

## अद्वैतज्ञानको अंग

सुंदर हू नंहि और कछु, तूं कछु और न होइ।
जगत कहा कछु और है, एक अखंडित सोइ॥
सुंदर हूँ नहि तू नहीं, जगत नहीं ब्रह्मंड।
हूं पुनि तूं पुनि जगत पुनि, व्यापक ब्रह्म अखंड॥
सुंदर मैं सुन्दर जगत, सुंदर है जग मांहि।
जल सु तरंग तरंग जल, जल तरंग द्वै नांहि॥
आतम अरु परमातमा, कहन सुनन कौ दोइ।
सुंदर तब ही मुक्ति है, जबहिं एकता होइ॥
जगत जगत सब को कहै, जगत कहो किहिं ठौर।
सुन्दर यह तो ब्रह्म है, नाम धरयौ फिरि और॥

# पद

## पद १

सोइ सोइ सब रैनि बिहानी।
रतन जन्म की षबरि न जानी॥ टेक॥
पहिलै पहर मरम नहिं पावा, मातपिता सौं मोह बधावा।
खेलत खात हँस्या कछु रोया, बालापन ऐसैं ही षोया॥१॥
दूजै पहर भया मतवाला, परधन परत्रिय देखि घुसाला।
कामअंध कामिनि संग जाई, ऐसै ही जोबन गयौ सिराई॥२॥
तीजै पहर गया तरनापा, पुत्र कलत्र का भया सँतापा।
मेरै पीछै कैसा होई, घरि घरि फिरि हैं लरिका जोई॥३॥
चौथे पहर जरा तन व्यापी, हरि न भज्यौ इहि मूरख पापी।
कहि समुझावे सुंदरदासा, रामबिमुख मरि गया निरासा॥४॥

## पद २

है कोई योगी साधै पौना।
मन थिर होई बिंद नहि डोलै,
जितेंद्री सुमिरै नहि कौना॥टेक॥
यम अरु नेम धरै दृढ़ आसन, प्राणायाम करै मन मौना।
प्रत्याहार धारणा ध्यानं, लै समाधि लावै ठिकठौना॥१॥
इडा पिंगला सम करि राखै, सुषमन करै गगन दिशि गौना।
अहनिशि ब्रह्मअगिन परजारै, सांपनि द्वार छांडि दै जौना॥२॥
बहुदल षटदल दशदल षोजै, द्वादशदल तहां अनहद भौना।
षोड़शदल अमृत रस पीवै, ऊपरि द्वै दल करै चतौना॥३॥
चढ़ि आकाश अमरपद पावै, ताकौं काल कहे नहिं पौना।
सुन्दरदास कहै सुनि अवधू, महाकठिन यह पंथ अलौना॥४॥

पद ३

मुक्ति तो धोखेकी नीसानी।
सो कतहूं नहि ठौर ठिकाना जहाँ मुक्ति ठहरानी ॥ टेक ॥
को कहै मुक्ति व्योम के ऊपर को पाताल के मांहीं।
को कहै मुक्ति रहे पृथ्वी पर ढूंढ़े तो कहुं नाहीं ॥१॥
बचन बिचार न कीया किनहूँ सुनि सुनि सब उठि धाये।
गोंदड़ा[1] ज्यौं मारग चालै आगे षोज बिलाये ॥२॥
जीवत कष्ट करै बहुतेरे, मुये मुक्ति कहै जाई
धोषै ही धोषै सब भूलै आगे ऊबाबाई ॥३॥
निज स्वरूप कों जानि अखंडित ज्यों का त्यौं ही रहिये।
सुंदर कछू अहै नहिं त्यागै वहै मुक्तिपथ कहिये ॥४॥

पद ४

नटवट रच्यौ नटवै एक।
बहु प्रकार बनाइ बाजी किये रूप अनेक ॥टेक॥
चार षानी जीव तिनकी और औरे जाति।
एक एक समान नाहीं करी ऐसी भांति ॥१॥
देव भूत पिशाच राक्षस मनुष पशु अरु पंषि।
अगिन जलचर कीट कृमिकुल गनै कौन असंषि ॥ २ ॥
भिन्न भिन्न सुभाव कीये भिन्न भिन्न अहार।
भिन्न भिन्न हि युक्ति राषी भिन्न भिन्न बिहार ॥३॥
भिन्न बानी सकल जानी एक एक न मेल।
कहत सुंदर मांहि बैठा करै ऐसा षेल ॥४॥

पद ५

ऐसी भक्ति सुनहु सुखदाई।
तीन अवस्था में दिन बीतै,
सो सुख कह्यो न जाई ॥टेक॥
जाग्रत कथा कीरतन सुमिरन स्वप्नै ध्यान लै लावै।

१—गुबरैला

सुषुपति प्रेम मगन अंतर गति सकल प्रपंच भुलावै ॥१॥
सोई भक्ति भक्त पुनि सोई सो भगवंत अनूपं ।
सो गुरु जिन उपदेश बतायो सुंदर तुरिय स्वरूपं ॥.

पद ६

हम देषि बसंत कियो बिचार ।
यह माया खेलै अति अपार ॥टेक॥
यहु छिन छिन मांहि अनेक रंग ।
पुनि कहुं बिछुरै कहुं करै संग ॥
यहु गुन धरि बैठी कपट भाइ ।
यहु आपुहि जन्मै आपु खाइ ॥१॥
यहु कहुं कामिन कहुं भई कंत ।
यहु कहुं मारै कहुं दयावंत ॥
यहु कहूं जागै कहुं रही सोइ ।
यहु कहुँ हंसे कहुं उठै रोइ ॥२॥
यहु कहुँ पाती कहुं भई देव ।
पुनि कहूं युक्ति करि करै सेव ॥
यहु कहुं मालिन कहुं भई फूल ।
यहु कहुं सूछम ह्वै कहुं सथूल ॥३॥
यहु तीन लोक मैं रही पूरि ।
भागी कहां कोई जाइ दूरि ॥
जौ प्रगटै सुंदर ज्ञान अंग ।
तो माया मृगजल रज्जु भुजंग ॥४॥

# 12. MALÚKDÁS.

Malukdas's famous distich is repeated by every Hindu girl who teaches a parrot to speak,

अजगर करै न चाकरी, पंछी करै न काम।
दास मलूका यों कहैं, सब के दाता राम॥

and is the watchword of many a lazy man in this country. Malúkdás however was one of those men who did not consider the householder's life incompatible with that of a saint. He flourished in the reign of Aurangzeb. It is said that lie lifted one of the emperor's ships which was sinking in the sea. Numerous other miracles are attributed to him.

Malúkdds was born in Kará in 1631 V.E. the year of the publication of the famous R*amayan* of Tulasidas and in the life of Tulasidas published in the Khadgavilas Press a miracle of Malúkdás is recorded in which he sent a bag of money from Kará to Allahabad by floating it in the Ganges.

He was also visited by the ninth Sikh Guru, Teg Bahadur,

The gaddis of his sect are still extent in Multan Patna, Nepal, Kabul and other places. His principal works as *Ratnakhan* and *Jnanbodh.*

He died in Jagnnnathpuri in 1739 V. E., and his shrine can still be seen close to the temple.

# मलूकदास की बानी ।

## सतगुरु और निज रूप की महिमा

शब्द

नाम तुम्हारा निर्मला, निर्मोलक हीरा ।
तू साहेब समरत्थ हम मलमूत्रके कीरा ॥
पाप न राखे देह में जब सुमिरन करिये ।
एक अच्छर के कहत ही भौसागर तरिये ॥
अधम उधारन सब कहैं प्रभु बिरद तुम्हारा ।
सुनि सरनागत आइया तब पार उतारा ॥
तुझ सा गरुवा औ धनी जा में बड़इ समाई ।
अरत उबारे पांडवा ताती बाव न लाई ॥
कोटिक औगुन जन करै प्रभु मनहिं न आनै ।
कहत मलूकादास को अपना,करि जानै ॥

## भेद बानी

शब्द

मुरसिद मेरा दिल दरियाई, दिल गहि अन्दर खोजा ।
जा अन्दर में सत्तर काबा मक्का तीसो रोजा ॥
सातो तबक औलिया जा में भेद न होय जुदाई ।
सम्स कमर ठाढ़े निमाज में दरसै जहां खोदाई ॥
हवा हिरिस खुदी मे खोवा अनलहक तहं जानी ।
बिन चिराग रोसन सब खाना तामे तख़ सुभानी ॥
बिना आब जहँ बहु गुल फूले अब्र बिना जहं बरसै ।
हूर बिना सरोद सब बाजै चस्म बिना सब दरसै ॥
ता दरगाह मुसल्ला डारे बैठा कादिर काजी ।

न्याव करै सीने की जानै सब को राखै राजी ॥
जो देखै तो कमला होवै तब कमाल पद पावै ।
साहेब मिलि तब साहेब होवै ज्यों जलबूंद समावै ॥
तिसके पल दीदार किये ते नादिर होय फकीरा ।
मारै काल कलन्दर दिल सों दरदमंद धर धीरा ॥
ऐसा होय तब पीर कहावै मनी मान जब खोवै ।
तब मलूक रोसन-जमीर ह्वै पांवँ पसारे सोवै ॥

## प्रेम

### शब्द १

तेरा मैं दीदार-दिवाना ।
घड़ी घड़ी तुझे देखा चाहूं सुन साहेब रहमाना ॥
हुआ अलमस्त खबर नहिं तन की पीया प्रेम पियाला ।
ठाढ़ होउं तो गिरि गिरि परता तेरे रंग मतवाला ॥
खड़ा रहूं दरबार तुम्हारे ज्यों घर का बंदाजादा ।
नेकी की कुलाह सिर दीये गले पैरहन साजा ॥
तौजी और निमाज न जानूं ना जानू धरि रोजा ।
बांग जिकिर तबहीं से बिसरी, जब से यह दिल खोजा ॥
कहै मलूक अब कजा न करि हौं दिलही सों दिल लाया ।
मक्का हज्ज हिये में देखा पूरा मुरसिद पाया ॥

### शब्द २

मेरा पीर निरंजना मैं खिजमतगार ।
तुहीं तुहीं निस दिन रटौं ठाढ़ा दरबार ॥
महल मियां का दिलहो में औ महजिद काया ।
छूरी देता ज्ञान की जब तैं लौ लाया ॥
तसबी फेरों प्रेम की हिया करौं नेवाज ।
जहं तहं फिरौं दिदार को उसही के काज ॥
कहै मलूक अलेख के अब हाथ बिकाना ।
नाहीं खबर वजूद की मैं फकीर दिवाना ॥

## चेतावनी

शब्द १

जा दिन का डर मानता सोइ वेला आई।
भक्ति न कीन्ही राम की ठकमूरी खाई ॥
जिन के कारन पचि मुआ सब दुख की रासी।
रोइ रोइ जन्म गंवाइया परी मोह की फांसी ॥
तन मन धन नहिं आपना नहिं सुत औ नारी।
बिछुरत बार न लागई जिय देखु बिचारी ॥
मनुषजन्म दुर्लभ अहै बड़े पुन्न पाया।
सोऊ अकारथ खोइया नहिं ठौर लगाया ॥
साध संगत कब करोगे यह औसर बीता।
कहै मलूका पांच में बैरी एक न जीता ॥

शब्द २

बाबा मुरदे मूंड़ उठाया।
लागी अंग बाय दुनियां की रामनाम बिसराया ॥
आये पहिरि करम की बेड़ी हाथ हाथ करि गाढ़ी।
फूले फिरैं जनु अमर भये हैं प्रीति विषय सौं बाढ़ी ॥
काहू के मन चार पांच की कहू के मन बीस।
काहू के मन सात आठ की सब बांधे जगदीस ॥
अब भये सौतिन हाथ केरे घर बीघा सौ कीन्ह।
मेरी मेरी कहि उमर गँवाई कबहुं राम ना चीन्ह ॥
दिना चार के घोड़े सोड़े दिना चार के हाथी।
कहत मलूका दिना चार में बिछुरि जायँगे साथी ॥

शब्द ३

सोते सोते जनम गंवाया।
माया मोह में सानि पड़ो सो रामनाम नहिं पाया ॥
मीठी नींद सोये सुख अपने कबहूं नहिं अलसाने।
गाफिल हो के महल में सोये फिर पाछे पछताने ॥

अजहूं उठो कहां तुम बैठे बिनती सुनो हमारी ।
चहुं ओर मैं आहट पाया बहुत भई भुइं भारी ॥
बन्दीछोर रहत घट भीतर खबर न काहू पाई ।
कहत मलूक राम के पहरा जागो मेरे भाई ॥

शब्द ४

अवधू याही करो बिचार ।
दस औतार कहां ते आये किन रे गढ़े करतार ॥
केहि उपदेस भये तुम जोगी केहि बिधि आतम जारा ।
केहि कारन तुम काया सताई केहि बिधि आतम मारा ॥
थोथे बांटि बांधि के भोंदू यहि बिधि जाव न पारा ।
ऋद्धि सिद्धि में बूड़ि मरोगे पकड़ो खेवनहारा ॥
अगल बगल का पेंड़ा पकड़ा दिन दिन चढ़ता भारा ।
कहत मलूक सुनो रे भोंदू अबिगत मूल बिसारा ॥

शब्द ५

नाम हमारा खाक है हम खाकी बन्दे ।
खाकहिं ते पैदा किये अति गाफिल गन्दे ॥
कबहुं न करते बन्दगी दुनियां में भूले ।
असमान को ताकते घोड़े चढ़ि फूले ॥
जोरू लड़के खुस किये साहिब बिसराया ।
राह नेकी की छोड़ि के बुरा अमल कमाया ॥
हर दम तिस को याद कर जिन वजूद सँवारा ।
सबै खाक दर खाक है कुछ समुझ गँवारा ॥
हाथी घोड़े खाक के खाक खानखानी ।
कहैं मलूक रहि जायगा औसाफ़ निसानी ॥

## उपदेश

शब्द १

अब तो अजपा जपु मन मेरे ।
सुर नर असुर टहलुवा जाके मुनि गंधर्ब जाके चेरे ॥

दस औतार देखि मत भूलो ऐसे रूप घनेरे।
अलख पुरुष के हाथ बिकाने जब ते नैन निहारे॥
अविगत अगम अगोचर अवधू संग फिरत हैं तेरे।
कह मलूक तू चेत अचेता काल न आवै नेरे॥

शब्द २

किरपा कर गुरु जगत बताई।
आपा खोजो भरम नसाई॥
आपा खोजे त्रिभुवन सूझै।
गुरुपरताप काल से जूझै॥
सब्दब्रह्म का करै बिचार।
सोई चलै जियत होइ छार॥
संतन की सेवा चित लावै।
पाहन पूजि न मन भरमावै॥
कामिनि कनक कलह का भंडा।
इन ठगनिन लाग जग डंडा॥
होत न हँसै मरत ना रोवै।
ताको रंड कबहु न बिगोवै॥
परम तत्व जो दृढ़ कर रहै।
माया मोह में कबहुं न बहै॥
गुरु के बचन करै परतीत।
सोई सिद्ध जाय जग जीत॥
सत संतोष हिये में राखै।
सो जन रामरसायन चाखै॥
काटे कटै न जारे जरै।
आधा नाम भजन करि तरै॥
न्यारे होय पिता औ माई।
अगिन बुझे सीतल होइ जाई॥
मनुवां मार करै नौखंड।

कबहुं न सहै देह का दंड ॥
गुरुगोबिन्द सार मत दीन्ह ।
भला भया जो आतम चीन्ह ॥
बड़े भाग से आतम जागा ।
कहत मलूक सकल भ्रम भागा ॥

शब्द ३

सब से लालच का मत खोटा ।
लालच ते बैपारी सिद्धी दिन दिन आवै टोटा ॥
हाथ पसारे आंधर जाता पानी परहि न भाई ।
मांगे ते मकु मीच भली अस जीने कौन बड़ाई ॥
मांगे ते जग नाक सिकोरै गोबिन्द भला न मानै ।
अनमांगे राम गले लगावै बिरला जन कोइ जानै ॥
जब लग जिवका लोभ न छूटै तब लग तजै न माया ।
घर घर द्वार फिरै माया के पूरा गुरु नहिं पाया ॥
यह मैं कही जे हरिरँगराते संसारी को नांही ।
संसारी तो लालचबंधा देस देसान्तर जांही ॥
जो मांगै सो कछू न पावै बिन मांगे हरि देता ।
कहै मलूक निकाम भजै जे ते आपन करि लेता ॥

शब्द ४

मनतें इतने भरम गँवावो ।
चलत बिदेस बिप्र जनि पूँछो दिनका दोष न लावो ॥
संझा होय करो तुम भोजन बिन दीपक के बारे ।
जौन कहैं असुरन की बेरियां मूढ़ दई के मारे ॥
आप भले तो सबहि भलो है बुरा न काहू कहिये ।
जाके मन कछु बसै बुराई तासों भागे रहिये ॥
लोक बेद का पैंड़ा औरहि इनकी कौन चलावै ।
आतम मारि पषानै पूजैं हिरदै दया न आवै ॥
रहो भरोसे एक राम के सूरे का मत लीजै ।

संकट पड़े हरज नहिं मानो जियका लोभ न कीजै ॥
किरियाकरम अचार भरम है यही जगत का फंदा ।
माया जाल में बांधि अड़ाया क्या जानै नर अंधा ॥
यह संसार बड़ा भौसागर ताको देखि सकाना ।
सरन गये तोहिं अब क्या डर है कहत मलूक दिवाना ॥

शब्द ५

रस रे निर्गुण राग से गावै कोइ जाग्रत जोगी ।
अलग रहै संसार से सो (इस) रस का भोगी ॥
भरम करम सब छांड़ अनूठा यह मत पूरा ।
सहजै धुन लागी रहै बाजै अनहदतूरा ॥
लहरैं उठती ज्ञान की बरसै रिम झिम मोती ।
गगनगुफा में बैठ के देखै जगमग जोती ॥
सिवनगरी आसन किया सुन ध्यान लगाया ।
तीनो दसा बिसार के चौथा पद पाया ॥
अनुभय उपजा भय गया हद तज बेहद लागा ।
घट उँजियारा होइ रहा जब आतम जागा ॥
सब रंग खेलै सम रहै दुबिधा मनहिं न आनै ।
कह मलूक सोइ रावला मेरे मन मानै ॥

## मिश्रित

शब्द १

सबहिन के हम सबै हमारे ।
जीव जंतु मोहिं लगैं पियारे ॥
तीनो लोक हमारी माया ।
अंत कतहुं से कोइ नहिं लाया ॥
छत्तिस पवन हमारी जात ।
हमहीं दिन औ हमहीं रात ॥
हमहीं तरवर कीट पतंगा ।
हमहीं दुर्गा हमहीं गंगा ॥

हमहीं मुल्ला हमहीं काजी ।
तीरथ बरत हमारी बाजी ॥
हमहीं पंडित हमीं बैरागी ।
हमहीं सूम हमीं हैं त्यागी ॥
हमहीं देव और हमहीं दानौ ।
भावै जाको जैसा मानो ॥
हमहीं चोर हमहीं बटपार ।
हम ऊंचे चढ़ि करैं पुकार ॥
हमहीं महावत हमहीं हाथी ।
हमहीं पाप पुन्न के साथी ॥
हमहीं अस्व हमहीं असवार ।
हमहीं दास हमहीं सरदार ॥
हमहीं सूरज हमहीं चन्दा ।
हमहीं भये नन्द के नन्दा ॥
हमहीं दसरथ हमहीं राम ।
हमरै क्रोध हमारै काम ॥
हमहीं रावन हमहीं कंस ।
हमहीं मारा आपन बंस ॥
हमहीं जियावैं हमहीं मारैं ।
हमहीं बोरैं हमहीं तारैं ॥
जहां तहां सब जोति हमारी ।
हमहीं पुरुष हमहीं हैं नारी ॥
ऐसी बिधि कोई लव लावै ।
सो अविगत से टहल करावै ॥
सहै कुसब्द औ सुमिरै नाव ।
सब जग देखै एकै भाव ॥
या पद का कोइ करै निबेरा ।
कह मलूक मैं ताका चेरा ॥

शब्द २

मन नहिं तौलै यार, करे तौलै बनियां ।
घाट बाट सोध लेइ सम रहै न कुनियां ।
बिसरै ना सुरति नांहि फेरि होय नफियां ॥
पांच औ पचीस चोर लूटहिं दुकनियां ।
सुनहिं ना गोहार कोउ हाकिम है रनियां ॥
कहत मलूकदास तौले जब चार रास ।
साहेब मिल साहु होय मिलै तब दमनियां ॥

शब्द ३

दीनबन्धु दीनानाथ मेरी तन हेरिये ।
भाई नांहि बन्धु नांहि कुटुम्ब परिवार नांहि,
ऐसा कोई मित्र नांहि जाके ढिग जाइये ।
सोने की सलैया नांहि रूपे का रुपैया नांहि,
कौड़ी पैसा गाँठ नहीं जासे कछु लीजिये ॥
खेती नांहि बारी नांहि बनिज ब्योपार नांहि,
ऐसा कोई साहु नांहि जासों कछु मांगिये ।
कहत मलूकदास छोड़ दे पराई आस;
रामधनी पाइकै अब काकी सरन जाइये ॥

## कबित्त

परम दयाल रायरायाँ परसोतम जी,
ऐसो प्रभु छांड़ि और कौन के कहाइये ।
सीतल सुभाव जाके तामस को लेस नहीं,
मधुर बचन कहि राखे समुझाइये ।
भगतबछल गुनसागर कलानिधान;
जाको जसपांत नित बेदन में गाइये ।
कहत मलूक बल जाँउ ऐसे दरस की,
अधम उधार जाके देखे सुख पाइये ॥१॥
बीर रघुबीर पयगम्बर खुदाय मेरे,

कादिर करीम काजी माया मत खोई है।
राम मेरे प्रान रहमान मेरे दीनिमान,
भूल गयो भैया सब लोक लाज धोई है।
कहत मलूक मैं तो दुबिधा न जानौ दूजी,
जोई मेरे मन में है नैनन में सोई है।
हरि हजरत मोहि माधव मुकुन्द की सौं,
छाँड़ि केशवराय मेरो दूसरो न कोई है ॥२॥
बार बार कर्ता हूं नसीहत मैं तेरे तईं,
काहे बे हरामखोर साईं तू बिसारा है।
जिस्का नित नोन खात मुतलक भी ना डरात,
अच्छा तू वजूद पाय औरत से हारा है।
कौल से बेकौल हुआ किसी की न लेत दुआ,
दोजख के लिये दिल कौन कौन मारा है।
कहता मलूक अब तोबा कर साहब से,
छांड़ि दे कुराह जिन जारे पर जारा है ॥ ३ ॥
भील कद करी थी भलाई जिया आप जान,
फील कद हुआ था मुरीद कहु किसका।
गीध कद ज्ञान की किताब का किनारा छुआ,
व्याध और बधिक निसाफ कहु तिसका।
नागकद माला लैके बन्दगी करी थी बैठ,
मुझ को भी लगा था अजामिल का हिसका।
एते बदराहों की बदी करी थी माफजन,
मलूक अजाती पर एती करी रिस का ? ॥ ४ ॥

# 13. ANANYA

Born 1710. A Kayastha of Senuhra in Dattia State, He was diwan of Raja Prithichand, son of Raja Dalpatrai of Dattia, a contemporary of Maharaja Chliatrasal of Panna and his *guru.* It is said that on one occasion he was displeased, left the court and went away to a secluded spot. Search was made for him and the Raja went in person to conciliate him. Ananya was lying on the ground with his legs stretched and did not pay any heed to the Raja. The Raja thereupon said पावँ पसारा कब से "When did you stretch your legs'[1] to which the prompt reply was हाथ समेटा अब से "From the time that I have made up my mind not to take any thing from any body." He was invited by the Maharaja of Panna but refused to go. He was a sanyasi and a master of the Vedantic system of philosophy. He is also known as Akshara Ananya, and was the first to translate the *Durgasaptashatl* in Hindi Verse. He is also the author of *Rajyog, Vijnanyog, Dhdnyog* and *Sidhhantbodha, Vivekadipikd, Brahmajnan, Ananyaprakash* and other works.

# राजयोग

---

आतम ज्ञान सों ज्ञान वहै परमातम ध्यान सो ध्यान सुरेसुर।
वेदविधान विधान वहै सतपात्रहि दान सुदान धनेसुर॥
अन्तरभक्ति सो भक्ति वहै गति अन्तर की परखै परमेसुर।
वेद प्रमान अनन्य भनै यह भेद सुनौ प्रथिचंद नरेसुर॥

यह भेद सुनौ प्रथिचन्द राय।
फल चारहु को साधन उपाय॥
यह लोक साध लौकीक लोग।
जानहु कमान रुचि कामभोग॥
यह लोक सधै सुख पुत्र बाम।
परलोक नसै बस नरकधाम॥
परलोक सधै इक है अनित्त।
तप बर तीरथबर कष्ट नित्त॥
यह लोक न तिनको सुखबिलास।
परलोक साध सुख स्वर्गवास॥
परलोक लोक दोइ सधै आय।
सोइ राजजोग सिद्धान्त आय॥
निज राजजोग ज्ञानी करन्त।
हठ मूढ़ धर्म साधन अनन्त॥
इक पवन खैंचि आसन्न जोर।
इक हाथ पांव कटि ग्रीव ओर॥
इक घाम सीत जल सहत अंग।
इक पांच अगिन तप देह भंग॥
इक लँघन वृत्ति जो पवन खात।
इक भ्रमत फिरत तीरथन जात॥

इक बिबिध पंथ काया कलेश ।
दुर्लभ कर पावनपद प्रवेश ॥
जैसे भुंजग बामी मँझार ।
इक खोदि काढ़ि काढ़त प्रचार ॥
हठ कर पकरै तो काटि खाय ।
हठधरमी तिनको पंथ राय ॥
इक ऊपर नहिं खोदन करन्त ।
पढ़ि मंत्र जंत्र पकरैं तुरन्त ॥
त्यों राजजोग सुख सहज मांहि ।
सिद्धान्त लहत तन कष्ट नांहि ॥
ऊपर बिलास बिलसै समस्त ।
निज ध्यान ज्ञान मनसा दुरस्त ॥
अपने कर कुछ नहिं रहै मान ।
सब ईश्वर ही को विभव जान ॥
धर त्रिकुटि बीच धुनि शब्द मूल ।
सोइ मनसा सुमिरन प्रेम फूल ॥
बैठे सबमें रहिये सुखेन ।
देखिये सब कुछ नहिं मूंद नैन ॥
करिये सब कुछ करने जो होय ।
मनसा सुमिरन धुनि सहज सोय ॥
बातें करिये जो चार उक्ति ।
कै अर्थ धर्म कै काम मुक्ति ॥
इन चारिहु में नहिं सधै एक ।
तो मिथ्या जनमें बिन बिबेक ॥
हांसी चवाव गिल्ला विवाद ।
का इन बातन में है सवाद ॥
कहिबो सुनिबो मतलब प्रमान ।
कर मनसा सुमिरन सुरत ध्यान ॥

बैठत उठंत चितवत चलंत ।
खातहु कमात सुमिरन करंत ॥
जो अंतर सुमिरन सहज आय ।
तो बाहर कर्म न लगे ताय ॥
जो मनसा गति यह कहत बेद ।
मति गति साधन यह ज्ञान भेद ॥
जो मति न सधै मन चर्म भोय ।
तौ टोप दिये नहिं मुक्त होय ॥
जो मति गति साधन सुरत ध्यान ॥
तो पाग न रोकत तत्वज्ञान ॥
यह मनहीं को साधन बिचार ।
नहिं बंधन सुत परवार नार ॥
का होत मुंड़ाये मूंड़ बार ।
का होत रखाये जटाभार ॥
का होत भामिनी तजे भोग ।
जौ लौं नहिं चित थिर जुरो जोग ॥
थिर चित्त करै सुमिरन मंझारि ।
ऊपर साधै सब लोक चार ॥
यह राजजोग सुख को निधान ।
सोई ज्ञान मंत्र जानौं प्रमान ॥
राजन साधो यह राजजोग ।
अर्जुन जनक प्रथु आदि लोग ॥
सुख राज करौ बर भये सिद्ध ।
कोइ अतिथ भये इनमें प्रसिद्ध ॥
यह अतिथन ते हैं अति अनूप ।
सुन राजजोग सिद्धान्त भूप ॥
सुख मारग यह प्रथिचन्द राय ।
याहि सम न आहि दूजो उपाय ॥

यह राजजोग यहि भांति जान ।
मनसा सुमिरन धुनि रूप ध्यान ॥
जो यह न सधै धुनि ज्ञान गूढ़ ।
तो अजपा साधन स्वास रूढ़ ॥
जो यह न सधै अजपा उच्चार ।
तो इष्टदेव धर ध्यान सार ॥
जो ध्यान न आवै बिना देख ।
तो प्रतिमा साधै इष्ट भेख ॥
नित प्रतिमा पूजन दरस नित्त ।
सोइ मूरति राखै ध्यान चित्त ॥
यहि भांति ध्यान उर सकै आन ।
यह ध्यान रहन नरनाह जान ॥
जो ध्यान न सधै न लगै चित्त ।
तो नेम सहित जप मंत्र नित्त ॥
जो मंत्र न बिधि सों जपै राव ।
तो पावन प्रभु को लेव नाव ॥
तन सुद्ध होय मुख सुद्ध बानि ।
मन सुद्ध होय सर्वज्ञ जानि ॥
मन को सुभाव भनिबो अकत्थ ।
तौ सुमिरन साधन ज्ञान गत्थ ॥
मुख को स्वभाव बकबो नरेस ।
त्यों नाम भजन चरचा सु देस ॥
करि भक्ति भजन सुमिरत सुबुद्धि ।
भेटो मन की भ्रमना कुबुद्धि ॥
जित नित मनसा भ्रमवै अनन्त ।
तित तित सुमिरन साधन सुनन्त ॥
कुछ दिन साधन करते उपाय ।
परि जात बहुरि मनसा सुभाय ॥

मनसा सुमिरन धुनि ध्यान लीन ।
यह राजजोग जानहु प्रवीन ॥
जो राजजोग यह सधै राज ।
तो मन बांछित सब होय काज ॥
अरु कर्म लिप्त कबहूं न होत ।
जगजीवन मुक्त सो सदा उद्दोत ॥
यह ज्ञानभेद बर बेद साख ।
अच्छर अनिन सिद्धान्त भाख ॥

राज जोग सिद्धान्त यह जान राज प्रथिचन्द ।
यह सन मत नहिं दूसरो खोज शास्त्र स्वच्छन्द ॥
जो चाहौ संसार सुख वर सिद्धान्त प्रकास ।
तो साधो सर्वज्ञ यह राजजोग अनयास ॥

# 14. CHARANDÁS.

Charandas, the famous saint of Delhi, was born in 1763 V. E. in a village called Dehra in Alwar State. His father Murlidhar was of the Dhoonsar caste and it appears that his religious turn of mind instilled in the mind of his gifted son a spirit of that devotion to God which subsequently raised him to the dignity of a saint. After the death of his father, Charatuhis removed with his mother to Delhi where he lived to a good old age of 79.

Ho had 52 disciples and as many gaddis of the sect founded by him exist to this day.

Numerous miracles are attributed to him and the follower of his sect and his castemen jpiously believe that he was an incarnation of Krishna. Most of these miracles are described in a book called the *Mazharulmarfat* by Pannalal Bhargava. He is said to have received his spiritual instruction from Shukdeva and in some of hymns Shukdeva is added to that of CharamUs,

# चरणदास की बानी

## अनहद शब्द महिमा

अनहद शब्द अपार दूर सूं दूर है।
चेतन निर्मल शुद्ध देह भरपूर है ॥१॥
निः अच्छर है ताहि और निःकर्म है।
परमातम तेहि मानि वही परब्रह्म है ॥२॥
याके कीने ध्यान होत है ब्रह्म हीं।
धारै तेज अपार जाहि सब भर्महीं ॥३॥
वा पटतर कोइ नाहिं जो योंही जानिये।
चांद सूर्य्य अरु सृष्टि के माहिं पिछानिये ॥४॥
याको छोड़ै नांहि सदा रहै लीनही।
यही जो अनहदसार जानि परवीनही ॥५॥
यों जिव आतम जान जो अनहदलीन हो।
सो परमातम होय जीवता जाय खो ॥६॥
ध्यानी को मन लीन होय अनहद सुनै।
आप अनाहद होय वासना सब भुनै ॥७॥
पाप पुन्य छुटि जाँय दोऊ फल ना रहैं।
होय परम कल्यान जो तिरगुन ना गहैं ॥८॥

## विनती और प्रार्थना

शब्द १

पतित उधारन बिरद तुम्हारो।
जो यह बात सांच है हरिजू,
तौ तुम हमकूं पार उतारो ॥१॥
बालपने औ तरुन अवस्था,
और बुढ़ापे मांही।

हमसे भई सभी तुम जानो,
तुमसे नेक छिपानी नाहीं ॥२॥
अनगिन पाप भये मनमाने,
नखसिख औगुन धारी।
हिरि फिरि कै तुम सरनै आयो,
अब तुमको है लाज हमारी ॥३॥
सुभ करमन को मारग छूटो,
आलस निद्रा घेरो।
एकहि बात भली बनिआई,
जगमें कहायो तेरो चेरो ॥४॥
दीनदयाल कृपाल बिसंभर,
श्रीसुकदेव गुसाईं।
जैसे और पतित जन तारे,
चरनदास की गहियो बाहीं ॥५॥

शब्द २

अबकी तारि देव बलबीर।
चूक मोसूं परी भारी कुबुधि के संग सीर ॥१॥
भौसागर की धार तीछन महा गंधीलो नीर।
काम क्रोध मद लोभ भंवर में चित न धरत अब धीर ॥२॥
मच्छ जहँ बलवंतपांचौ थाह गहिर गँभीर।
मोह पवन झकोर दारुन दूर पैलव तीर ॥३॥
नाव तो मंझधार भरमी हिये बाढ़ी पीर।
चरनदास कोइ नांहि संगी तुम बिना हरि हीर ॥४॥

शब्द ३

अब जग फंद छोड़ाओ जी हूं चरनकँवल को चेरो।
पड़ो रहूँ दरबार तिहारे संतन माहिं बसेरो ॥१॥
बिना कामना करूं चाकरी आठों पहरे नेरो।
मन सब भक्ति कृपा कर दीजे यही मोहिं बहुतेरो ॥२॥

खानेजाद कदीमो कहियो तुही आसरो मेरो ।
झिड़क बिड़ारी तहूँ न छोड़ूं सेवा सुमिरन तेरो ॥३॥
काहू ओर आन देवन सूं रहो नहीं उरझेरो ।
जैसे राखो त्योंहीं रहहूं कर लीजे सुरझेरो ॥४॥
तेरो घर बिन कहूं न मेरो ठौर ठिकानो डेरो ।
मोसे पतित दीनको हरिजू तुमहीं करो निबेरो ॥५॥
गुरु सुकदेव दया करि मोको और तिहारी फेरो ।
चरनदास को सरनै राखौ यही इनाम घनेरो ॥६॥

शब्द ४

यह मेरि बुद्धि कहां है तुव गुन करूं बखान ।
चतुरमुखी ब्रह्मा गुन गावैं तिनहुं न पायो जान ॥१॥
गुन गावत संकर जब हारे करने लागे ध्यान ।
गुन अपार कछु पार न पायो सनकादिक कथि ज्ञान ॥२॥
गुन गावत नारद मुनि थाके सहस मुखन सूं सेस ।
लीला को कछु पार ना पायो ना परमान न भेस ॥३॥
सक्ति घनी अनगिनित तुम्हारी बहुत रूप बहु नांवँ ।
जबहिं बिचारूँ हिये में हांरू अचरज हेरि हिरांवँ ॥४॥
अति अथाह कछु थाह न पाऊं सोच अचक रहि जाऊं ।
गुरु सुकदेव थके रन जीता मैं कहु कौन कहाऊं ॥५॥

शब्द ५

मोकूं कछू न चहिये राम ।
तुम बिन सबही फीके लागैं,
नाना सुख धन धाम ॥१॥
आठ सिद्धि नौ निद्धि आपनी,
और जनन को दीजै ।
मैं तो चेरो जन्म जन्म को,
निज करि आपनो कीजै ॥२॥
स्वर्ग फलन की मोंहि न आसा,

ना बैकुंठ न मोच्छहि चाहूं ।

चरनकमल के राखौ पासा,

यहि उरमाहिं उमाहूं ॥३॥

भक्ति न छोड़ूं मुक्ति न मांगू,

सुन सुकदेव मुरारी ।

चरनदास की यही टेक है,

तजूँ न गैल तुम्हारी ॥४॥

## करम धरम का निषेध

शब्द ६

साधो घूंघटभर्म उठाय होली खेलिये ॥टेक॥
बेद पुरान लाज तजि बेरी इनमें ना उरझैये ।
सिर सूं सकुच उतारि चुँदरिया पियसूँ रंग बढ़ैये ॥१॥
रूप न रेख है सु मूरति ताके बलि बलि जैये ।
अचल अजर अबिनासी सोई सनमुख दरसन पैये ॥२॥
सत चेतन आनंद सदाही निरभय ताल बजैये ।
पाप पुन्य की संका त्यागो जंह मरजाद न पैये ॥३॥
ओला नीर बिचारो जैसे यों आपा बिसरैये ।
चरनदास बासना तजि कै सागर बूंद समैये ॥४॥

शब्द ७

घट में तीरथ क्यों न नहाओ ।

इत उत डोलो पथिक बनेहीं ,

भरमि भरमि क्यों जन्म गवावो ॥ १ ॥

गोमती कर्म सुकारथ कीजे ,

अधरम मैल छुटावो ।

सीलसरोवर हित करि न्हैये ।

कामअगिन की तपन बुझावो ॥ २ ॥

रेवा सोई छिमा को जानो ,

तामें गोता लीजै ।

तन में क्रोध रहन नहिं पावै।
ऐसी पूजा चित दै कीजै ॥ ३ ॥
सत यमुना संतोष सरस्वति,
गंगा धीरज धारो।
झूंठ पटकि निर्लोभ होय करि।
सबहीं बोझा सिर सों डारो ॥ ४ ॥
दयातीर्थ कर्मनासा कहिये,
परसै बदला जावै।
चरनदास सुकदेव कहत हैं,
चौरासी में फिर नहिं आवै ॥ ५ ॥

शब्द ८

घट में खेलि ले मन खेला।
सकल पदारथ घटही माहीं हरिसूँ होय जो मेला ॥ १ ॥
घटमें देवल घटमें जोती घटमें तीरथ सारे।
वेगहिं आव उलट घट माहीं बीते परबी न्हा रे ॥ २ ॥
घट में है मानसरोवर सू भर मोती मराला।
घट में ऊँचा ध्यान शब्द का सोहं सोहं माला ॥ ३ ॥
घट में बिन सूरज उजियारा राति दिना नहिं सूझै।
अमृत भोजन भोग लगतु हैं बिरला जन कोइ बूझै ॥ ४ ॥
घट में पापी घट में धर्मी घट में तपसी जोगी।
गुन औगुन सब घट ही माहीं घटमें बैद हिरु रोगी ॥ ५ ॥
रामभक्ति घटही में उपजै घट में प्रेमप्रकासा।
सुकदेव कहैं चौथा पद घट में पहुंचै चरनहिदासा ॥ ६ ॥

शब्द ९

सब जग भर्म भुलाना ऐसे।
ऊँट कि पूँछ से ऊँट बँध्यो ज्यों भेड़चाल है जैसे ॥ १ ॥
खर का सोर भूंस कूकर की देखादेखी चाली।
तैसे कलुआ जाहिर भैरों सेढ़ मसानी काली ॥ २ ॥

गाँव भूमिया हितकरि धावैं जाय बटोही दौरे।
खदो सरवर इष्ट धरत हैं लोग लोगाई बौरे॥ ३॥
राखैं भाव स्वान गर्धभ को उनको लाय जिमावैं।
ढेढ़ चमारन को सिर नावैं ऊंची जाति कहावैं॥ ४॥
दूध पूत पाथर से मागैं जाके मुख नहिं नासा।
लपसी पपड़ी ढेर करत हैं वह नहिं खावै मासा॥ ५॥
वाके आगे बकरा मारैं ताहि न हत्या जानै।
लै लोहू माथे सों लावैं ऐसे मूढ़ अयानै॥ ६॥
कहैं कि हमरे बालक ज्यावो बड़ी आयुर्बल दीजै।
उनके आगे बिनती करते अँसुवन हिरदय भीजै॥ ७॥
भोये भटरे के पग लागैं साधु संत की निंदा।
चेतन को तजि पाहन पूजैं ऐसा यह जग अंधा॥ ८॥
सतसंगति की ओर न झांकैं भक्ति करत सकुचावैं।
चरनदास सुकदेव कहत हैं क्यों न नरक को जावैं॥ ९॥

शब्द १०

साधो भरमा यह संसारा॥ टेक॥
गति मति लोक बड़ाई उरझे कैसे हो छुटकारा॥ १॥
भर्म पड़े नाना बिधि सेतो तीरथ वर्त्तअचारा।
देहकर्म अभिमानी भूले छूंछ पकरि तत डारा॥ २॥
जोगी जोग जुक्ति करि हार पंडित बेद पुराना।
षट्दरसन पग आप पुजावैं पहिरि पहिरि रंग बाना॥ ३॥
जानत नाहिं आप हम को हैं, को है वह भगवाना।
को यह जगत, कौन गति लागी समझै ना अज्ञाना॥ ४॥
जा कारन तुम इत उत डोलो ताको पावत नाहीं।
चरनदास सुकदेव बतायो हरि हैं अंतर माहीं॥ ५॥

शब्द ११

ब्राह्मन सो जो ब्रह्म पिछानै ।
बाहर जाता भीतर आनै ॥ १ ॥
पांचौ बस करि झूंठ न भाखै ।
दया जनेऊ हिरदय राखै ॥ २ ॥
आतम बिद्या पढ़ै पढ़ावै ।
परमातम का ध्यान लगावै ॥ ३ ॥
काम क्रोध मद लोभ न होई ।
चरनदास कहैं ब्राह्मन सोई ॥ ४ ॥

शब्द १२

वह देस अटपटा बिकट पंथ ।
कोई गुरमुख पहुँचै होय संत ॥ टेक ॥
बहुत चले मग चाव चाव ।
औरन सूं कहि आव आव ॥ १ ॥
हमहुं पहुँच तुम्हें दे बसाय ।
ऐसो जान्यो सुलभ दाय ॥ २ ॥
बहुतक तपसी कष्ट साध ।
बहुतक पंडित पोथी लाद ॥ ३ ॥
बहुतक चुंडित जटाधारि ।
चहुं ओर पावक जारि जारि ॥ ४ ॥
बहुतक मुंडित पूजा राखि ।
बहुतक भक्तन पिछली साखि ॥ ५ ॥
बहुतक जोगी पवन जीति ।
हरिमिलिबे की करैं रीति ॥ ६ ॥
कायर थाके बाट माहिं ।
कछु इक आगे चले जाहिं ॥ ७ ॥

---

*यह पद नवलकिशोर प्रेस के छपे भक्तिसागर ग्रन्थ में भक्तिसागर वर्णन का एक प्रसंग चौपाइयों में है। संतबानी सीरीज़ में यह "करम भरम के निषेध" का एक पद है।

है कनक कामिनी लिये घेरि ।
    सो भी उनके पड़े फेरि ॥ ८ ॥
कोइ उनसे छुटि आगे जाय ।
    जहँ ऋषि सिद्ध लेवैं लगाय ॥ ९ ॥
सुकदेव कहैं सब डारि आस
    वहां प्रेमी पहुँचै चरनदास ॥ १० ॥

शब्द १३

सुनु रामभक्ति गति न्यारी है ।
जोग यज्ञ संजम अरु पूजा,
    प्रेम सबन पर भारी है ॥ १ ॥
जाति बरन पर जो हरि जाते,
    तौ गनिका क्यों तारी है ।
सेबरी सरस करी सुर मुनि ते,
    हीन कुचील जो नारी है ॥ २ ॥
दुस्सासन पत खोवन लाग्यो,
    सबही ओर निहारी है ।
होय निरास कृष्ण कहं टेरी,
    बाढ़ी चीर अपारी है ॥ ३ ॥
टेढ़ी लौंड़ी कंस रजा की,
    दीन्हो रूप करारी है ।
एक सों एक अधिक बृजनारी,
    कुबिजा कीन्ही प्यारी है ॥ ४ ॥
पांचो पंडवन जाय सजो है ;
    सगरी संजी संवारो है ।
बालमीक बिन काज न होतो,
    बाजो संख मुरारी है ॥ ५ ॥
साधों की सेवा में रांचो,
    भूप की सुगति बिसारी है ।

सैना भक्त के कारन हरि जू ,
    वाकी सूरत धारी है ॥ ६ ॥
दास कबीरा जाति जुलाहा ,
    भये संत उपकारी है ।
साखि सुनो रैदास चमारा ,
    सो जग में उजियारी है ॥ ७ ॥
कनक जनेऊ काढ़ि दिखाओ ,
    विप्र गये सब हारी है ।
अजामील सदना तिरलोचन ,
    नामा नाम अधारी हैं ॥ ८ ॥
धना जाट कालू अरु कूबा ,
    बहुत किये भौ पारी है ।
प्रीत बराबर और न देखे ,
    वेद पुरान बिचारी हैं ॥ १० ॥
चरनदास सुकदेव कहत है ,
    ता बस आप मुरारी है ॥ ११ ॥

शब्द १४

चारि बरन सूं हरिजन ऊंचे ।
भये पवित्तर हरि के सुमिरे तन के उज्जल मन के सूचे ॥ १ ॥
जो न पतीजै साखि बताऊँ सबरी के जूंठे फल खाये ।
बहुत ऋषीसर हांई रहते तिनके घर रघुपति नहिं आये ॥ २ ॥
भिल्लनि पांव दियो सरिता में सुद्ध भयो जल सब कोई जानैं ।
मंदहु तो सो निरमल हुवो अभिमानी नर भये खिसाने ॥ ३ ॥
ब्राह्मन छत्री भूप हुते बहु बाजो संख सुपच जब आयो ।
बालमीक जग पूरन कीन्हों जैजैकार भयो जस गायो ॥ ४ ॥
जाति बरन कुल सोई नीको जाके होय भक्तिपरकास ।
गुरु सुकदेव कहत हैं तो को हरिजन सेव चरनहीं दास ॥ ५ ॥

शब्द १५

सब जातिन में हरिजन प्यारे

रहनी तिनकी कोइ न पावै ,
तनसूं जग में मन सूँ न्यारे ॥ १ ॥
साखि सुनो अँबरीष भूपकी ,
दुरबासा जहँ आयो ॥
लागो स्राप देन राजा को ,
चक्र सुदरसन जारन धायो ॥ २ ॥
प्रभुजी आये दुरजोधन के ,
वह मन में गरवायो ॥
नाना बिधि के व्यंजन त्यागे ,
साग बिदुर घर रुचि सूँ पायो ॥ ३ ॥
सत युग त्रेता द्वापर कलियुग ,
मान संतको राखो ॥
भक्तन बस भगवान सदाहीं ,
वेद पुरानन में जो भाखो ॥ ४ ॥
ब्राह्मन छत्री वैश्य सूद्र घर ,
कहीं होय क्यों न बासा ॥
धनि वह कुल सुकदेव बखानै ,
यह तुम सुनो चरनहींदासा ॥ ५ ॥

शब्द १६

साधो टेक हमारी ऐसी ।

कोटि जतन करि छूटै नाहीं को कोऊ करो अब कैसी ॥ १ ॥
यह पग धरो सँभाल अचल होइ बोल चुके सोइ बोले ।
गुरुमारग में लेन न देनो अब इत उत नहिं डोले ॥ २ ॥
जैसे सूर सती अरु दाता पकरी टेक न टारै ।
तन करि धन करि मुख नहिं मोड़ैं धर्म न अपनो हारैं ॥ ३ ॥
पावक जारो जल में बोरो टूक टूक करि डारो ।

साधसंग हरिभक्ति न छोड़ूँ जीवन प्रान हमारो ॥ ४ ॥
पैज न हारूँ दाग न लागै नेक न उतरै लाजा ।
चरनदास सुकदेवदया से सब विधि सुधरैं काजा ॥ ५ ॥

शब्द १७

हमारे रामनाम की टेक टारी न टरै ।
लाख करो कोइ कोट करो जिय को तौ कुछ न सरै ॥ १ ॥
ज्यों कामी कूं तिरिया प्यारी ज्यों लोभी कूं दाम ।
अमलदार कूं अमल पियारो ऐसे हम कूं नाम ॥ २ ॥
कर सूं दृढ़ गहि गहिकै पकरो हारिल की लकड़ी भई ।
अब कैसे करि छूटै मोसों रोम रोम तनमनमई ॥ ३ ॥
ज्यों प्रहलादपैज दृढ़ कीन्ही हरनाकुस से बहु अरे ।
उबरो भक्त असुर गहि मारो परगट हो हरि आ खरे ॥ ४ ॥
गुरु सुकदेव सहाय करी है अब पग पाछे क्यों परै ।
चरनहिंदास बचन नहि मोड़ैं सूर सती मूए टरै ॥ ५ ॥

शब्द १८

सोई जन सूर जो खेत में मँड़ि रहै ,
भक्ति मैदान मे रहै ठाढ़ा ।
सकल लज्जा तजै महा निरभय गजै ,
पैजनीसान जिन आय गाढ़ा ॥ १ ॥
भये बहु बीर गंभीर जे धीरमति ;
सबन कूं जस कहत ग्रन्थ होई ।
तिन विषय कछू इक नाम बरनन करूं ;
सुनो हो सन्त दै चित्त सोई ॥ २ ॥
पिता सूं रूठि ध्रुव पांचही वर्ष को,
टेक गहि भक्ति के पंथ धायो ।
छल भयो ना डिगो टेक पूरी भई;
जीत मैदान हरिदर्स पायो ॥ ३ ॥

बाप ने त्रास दै बहु डिगायो ।
टेक जब ना टरी राम रच्छा करी;
दुष्ट कूं मारि कै जन जितायो ॥ ४ ॥
कबीर दादू धने पहिर बक्तर बने;
नामदेव सारिखे बहुत कूदे ।
सैन सदना बली भक्त पीपा बड़ो;
रामकी ओर कूं चले सूत्रे ॥ ५ ॥
मलुक जैदेव गजगाह कलँगी धरे;
सूर रैदास मुख नाहिं मोड़ा ।
ध्यान बंदूक में प्रेमरंजक जमा,
मीर माधव चला कुदाय घोड़ा ॥ ६ ॥
दास मीरा पिलो प्रेम सन्मुख चली;
छोड़ दइ लाज कुल नाहिं माना ।
और सेवरी मढ़ी तोड़ ऊंची गढ़ी;
दौर कर माचली प्रेम जाना ॥ ७ ॥
श्रीसुकदेव रनजीत सावँत कियो,
लड़े कलियुग विषम खंभ गाड़े ।
बहुत सेना लिये ललक हू हू किये,
चरनदासको संग नाहिं छाड़े ॥ ८ ॥

शब्द १६

जो नर इकछत भूप कहावै ।
सत्तसिंहासन ऊपर बैठे जतही चंवर ढुरावै ॥ १ ॥
दया धर्म दोउ फौज महा लै भक्तिनिसान चलावै ।
पुण्य नगारा नौबत बाजै दुरजन सकल हलावै ॥ २ ॥
पाप जलाय करै चौगाना हिंसा कुबुधि नसावै ।
मोह मुकद्दम काढ़ि मुलक सूं ला बैराग बसावै ॥ ३ ॥
साधन नायब जित तित भेजै दै दै संजम साथा ।
रामदोहाई लिगरे फेरैं कोइ न उठावै माथा ॥ ४ ॥

निरभय राज करै निश्चल ह्वै गुरु सुकदेव सुनावै।
चरनदास निश्चय करि जानौ बिरला जन कोइ पावै ॥ ५ ॥

शब्द २०

मनुवां राम के ब्यौपारी।
अबके खेप भक्ति की लादी बनिज कियो तैं भारी ॥ १ ॥
पांचो चोर सदा मग रोकत इन सूं कर छुटकारी।
सतगुरु नायक के सँग मिलि चल लूट सकै नहिं धारी ॥ २ ॥
दो ठग मारग माहिं मिलैंगे एक कनक इक नारी।
सावधान हो पेंच न खैयो रहियो आप सँभारी ॥ ३ ॥
हरि के नगर में जा पहुँचोगे पैहो लाभ अपारी।
चरनदास तोकूं समझावै रे मन बारम्बारी ॥ ४ ॥

शब्द २१

हमारे रामभक्ति धन भारी।
राज न डांड़ैं चोर न चोरैं लूटि सकै नहिं धारी ॥ १ ॥
प्रभु पैसे अरु नाम रुपैये मुहर मुहब्बत हरि की।
हीरा ज्ञान जुक्ति के मोती कहा कमी है ज़र की ॥ २ ॥
सोना सील भंडार भरे हैं रूपा रूप अपारा।
ऐसी दौलत सतगुरु दीन्ही जाका सकल पसारा ॥ ३ ॥
बांटौं बहुत घटै नहि कबहूं दिन दिन डेवढ़ी डेवढ़ी।
चोखा माल द्रव्य अति नीका बट्टा लगै न कौड़ी ॥ ४ ॥
साह गुरू सुकदेव बिराजैं चरनदास बनजोटा।
मिलि मिलि रंक भूप होइ बैठे कबहुँ न आवै टोटा ॥ ५ ॥

शब्द २२

आओ साधो हिलि मिलि हरिजस गावैं।
प्रेम भक्ति की रीति समुझ करि हित सूं राम रिझावैं ॥ १ ॥
गोबिंद के कौतुक गुनलीला ताको ध्यान लगावैं।
सेवा सुमिरन बंदन अर्चन नौधा सूं चित्त लावैं ॥ २ ॥
अबकी औसर भलो बनो है बहुरि दांव कब पावैं।

भजन प्रताप तरै भवसागर उर आनंद बढ़ावै ॥ ३ ॥
सतसंगति को साबुन लेकर ममतामैल बहावै ।
मनकूं धो निरमल करि उज्जल मगन रूप हो जावै ॥४॥
ताल पखावज झांझ मँजीरा मुरली संख बजावै ।
चरनदास सुकदेव दया सूं आवागमन मिटावै ॥५॥

## 15. SAHJOBAI.

Sahjo Bai is casually mentioned in the *ModerN Vernacular Literature of Hindustan* as the author of some hymns quoted in Krishnanand Vyasdeva's collection commonly known as the *Sursagar*,

According to the Misra Brothers, she was the second daughter of Hariprasad Dhusar and flourished about the year 1760.

She was a disciple of the famous saint Charan-das.

The editor of the *Sant Bani Series* says that several miracles are attributed to her.

She wrote in Brajbhakha and her sayings indicate a deep devotion to God.

# सहजो बाई की बानी

## गुरु महिमा ।

दोहा ।

सहजो कारज जगत के गुरु बिन पूरे नाहिं ।
हरि तो गुरु बिन क्योँ मिलैं, समझ देख मन माहिं ॥
परमेसर सूँ गुरु बड़े, गावत बेद पुरान ।
सहजो हरि के मुक्ति है, गुरु के घर भगवान ॥
अष्टादस और चारषट, पढ़ि पढ़ि अर्थ कराहिं ।
भेद न पावैं गुरु बिना, सहजो सब भर्माहिं ॥
सकल बिकल सब छोड़ कर, गुरुचरनन चित लाव ।
सहजो निश्चै हरि जपो, बहुर न ऐसो दाव ॥
दीपक ले गुरुज्ञान को, जगत अँधेरे माहिं ।
काम क्रोध मद मोह में, सहजो उरझै नाहिं ॥
सहजो गुरुपरताप सूँ, होय समुन्दर पार ।
बेद अर्थ गूँगा कहै, बादी कित इक बार ॥
सहजो सतगुरु के मिले, भये और सूँ और ।
काग पलट गति हन्स ह्वै, पाई भूली ठौर ॥
सहजो यह मन सिलगता, काम क्रोध की आग ।
भली भई गुरु ने दिया, सील छिमा का बाग ॥
निश्चै यह मन डूबता, मोह लोभ की धार ।
चरनदास सतगुरु मिले, सहजो लई उबार ॥
ज्ञानदीप सतगुरु दियौ, राख्यौ काया कोट ।
साजन बसि दुर्जन भजे, निकल गई सब खोट ॥
सहजो गुरु दीपक दियौ, रोम रोम उजियार ।
तीन लोक द्रष्टा भये, मिट्यौ भरमअँधियार ॥

सहजो गुरु दीपक दियौ, नैना भये अनन्त।
आदि अन्त मध एकही, सूझि पड़ै भगवन्त॥
सहजो गुरु दीपक दियौ, देख्यौ आतमरूप।
तिमिर गयो चाँदन भयो, पायो परघट भूप॥
सहजो गुरु परसन्न है, मेट्यौ मन सन्देह।
रोम रोम सूँ प्रेम उठि, भींज गई सब देह॥
सहजो गुरु परसन्न है, एक कह्यो परसंग।
तन मन तें पलटी गई, रँगी प्रेम के रंग॥
सहजो गुरु परसन्न है, मूँदि लिये दोउ नैन।
फिर मो सूँ ऐसे कही, समझ लेहि यह सैन॥
सहजो गुरु किरपा करी, कहा कहूँ मैं खोल।
रोम रोम फुल्लित भई, मुखे न आवै बोल॥
चिउँटी जहाँ न चढ़ि सकै, सरसों ना ठहराय।
सहजो कूँ वा देस में, सतगुरु दई बसाय॥
सिष पौधा नौधा अभी, गुरुकिरपा की बाड़।
सहजो तरवर फैल बड़, सुफल फलै यह झाड़॥
सहजो सिष ऐसा भला, जैसे माटी मोय।
आपा सौंपि कुम्हार कूँ, जो कछु होय सो होय॥
सहजो सिष ऐसा भला, जैसे चकई डोर।
गुरु फेरैं त्यौंही फिरै, त्यागै अपना खोर॥
सहजो गुरु ऐसा मिलै, जैसे धोबी होय।
दै दै साबुन ज्ञान का, मल मल डारै धोय॥
सहजो गुरु ऐसा मिलै, मेटै मनसन्देह।
नीच ऊँच देखै नहीं, सब पर बरसै मेह॥
सहजो गुरु ऐसा मिलै, जैसे सूरजधूप।
सब जीवन कूँ चाँदना, कहा रंक कह भूप॥
सहजो गुरु ऐसा मिलै, समदृष्टी निर्लोभ।
सिष कूँ प्रेम समुद्र में, करदे झोबाझोब॥

सहजो गुरु बहुतक फिरैं, ज्ञान ध्यान सुधि नाहिं ।
तार सकैं नहिं एक कूँ, गहैं बहुत की बाहिं ॥
ऐसे गुरु तो बहुत हैं, धूत धूत धन लेहिं ।
सहजो सतगुरु जो मिलैं, मुक्तिधाम फल देहिं ॥
कुटुँबजाल जित तित रुप्यो, पसु पंछी नर माहिं ।
सहजो गुरुबर्ती बचै, निगुरे अरुभत जाहिं ॥
बार बार नाते मिलैं, लख चौरासी माहिं ।
सहजो सतगुरु ना मिलै, पकड़ निकासैं बाहिं ॥
जन्म जन्म हरि संगही, मिलि रह्यो आठो जाम ।
सहजो गुरु के बिन मिले, पायो ना बिसराम ॥
सहजो गुरु पूरा मिलै, सिष मैला घट चित्त ।
मेंह बरसै कालर जिमीं, खेत न उपजै छित्त ॥
मलयागिरि के निकट जो सब द्रुम चन्दन होहिं ।
कीकर सीसों चीड़ बृच्छ, हुये न कबहूँ होहिं ॥
सिष माटी सिष पाथरा, सिष लकड़ी सम जोय ।
सहजो गुरुपारस लगे, कैसे कंचन होय ॥
सहजो गुरु समरथ कला, सर्वदेसी सर्वअंग ।
कोई कैसा ही सिष्य हो, सब पर गेरै रंग ॥
सहजो गुरु रँगरेज सा, सबही कूँ रंग देत ।
जैसा तैसा बसन है, जो कोई आवै सेत ॥
सहजो गुरु दरसन दियो, पूर रहे सब ठौर ।
जहाँ तहाँ गुरुही लखै, द्रिष्टि न आवै और ॥
देखत ही आनँद भये, सतगुरु पहुँचे आय ।
भवसागर दुखरूप सूँ, सहजो लई बचाय ॥
चरनदास के चरन पर, सहजो वारै प्रान ।
जगत व्याधि सूँ काढ़ि कर, राख्यो पदनिरबान ॥
सहजो गुरुमहिमा कही, पढ़ सुनि हिया सिराय ।
उपजै गुरुकी भक्ति दृढ़, दुबिधा दुर्मति जाय ॥

## साधमहिमा

दोहा।

साध मिले गुरु पाइया, मिटि गये सब सन्देह।
सहजो कूँ समही भयो, कह गिरवर कह गेह॥
साध मिले पूरी भई, जनम जनम की आस।
सहजो पायौ भाव तेँ, सतसंगत में बास॥
सहजो साधन के मिले, मन भयो हरि के रूप।
चाह गई, थिरता भई, रंक लख्यौ सोइ भूप॥
साध मिले हरि ही मिले, मेरे मन परतीत।
सहजो सूरज धूप ज्यों, जल पाले की रीति॥
साध मिले दुख सब गये, मंगल भये सरीर।
बचन सुनत ही मिटि गई जनम मरन की पीर॥
साध संग में चाँदना, सकल अँधेरा और।
सहजो दुर्लभ पाइये, सतसंगत में ठौर॥
सत संगत की नाव में, मन दीजै नर नार।
टेक बल्ली दृढ़ भक्ति की, सहजो उतरै पार॥
साध संग तीरथ बड़ो, तामें नीर बिचार।
सहजो न्हाये पाइये, मुक्ति पदारथ चार॥
जो आवै सतसंग में, जाति बरन कुल खोय।
सहजो मैल कुचैल जल, मिलै सु गंगा होय॥
सहजो संगत साधकी, काग हंस ह्वै जाय।
तजिके भच्छ अभच्छ कूं, मोती चुगि चुगि खाय॥
जब चेतै जबही भला, मोहनींद सूँ जाग।
साधू की संगत मिलै, सहजो ऊँचे भाग॥
जो जन आवै दूर करि, साधू ह्वै दरसाय।
सहजो साँभरखेत में, गिरि साँभर ह्वै जाय॥
सहजो संगत साध की, भली भई कुसलात।
नातर आवागमन में, जम ही करते घात॥

सहजो संगत साध की, छूटै सकल बियाध।
दुर्मति पाप रहै नहीं, लागै रंग अगाध॥
साध वृच्छ बानी कली, चर्चा फूले फूल।
सहजो संगत बाग में, नाना फल रहे भूल॥
सहजो दरसन साध का, दो नैनों भर लेहि।
तिहूँ ताप नश जायँगे, सीतल होगी देहि॥
सहजो दरसन साध का, देखूँ वारूँ प्रान।
जिनकी किरपा पाइये, निर्भय पद निर्बान॥

## साधलच्छण

दोहा

निर्दुन्दी निर्बैरता सहजो अरु निर्वास।
संतोषी निर्मलदसा, तकै न परकी आस॥
ज्ञान मध्य इस्थिर दसा, ध्यान मध्य गलतान।
सहजो साधू राम के, तजैं बड़ाई मान॥
जो सोवैं तौ सुन्न में, जो जागैं हरिनाम।
जो बोलैं तौ हरिकथा, भक्ति करैं निःकाम॥
तन मन मेटैं खेद सब, तज उपाधि की चाल।
सहजो साधू राम के तजैं कनक और बाल॥
दीर्घ बुद्धि जिनकी महा, सील सदा ही नैन।
चेतनता हिरदे बसै, सहजो सीतल बैन॥
तनकूँ साधे ही रहैं, चित कूँ राखैं हाथ।
सहजो मनकूँ यौं गहैं, चलै न इन्द्रिन साथ॥
नित ही प्रेम पगे रहैं, छके रहैं निज रूप।
समदृष्टी सहजो कहै, समझैं रंक न भूप॥
सुरत नहीं ब्योहार में, जगत रीति सूँ पीठ।
सनमुख हैं गुरुभक्ति में, सहजो हरि के ईठ॥
साध असंगी सँग तजैं, आतम ही को संग।
बोधरूप आनन्द में, पियैं सहज को रंग॥

दुर्जन ना साजन नहीं, नहीं बैर नहि प्रीत।
सकल बिकल उनके नहीं, सहजो हरिजनरीत॥
सहजो हरिजन मुक्त हैं, डार दुई की पोट।
चाह गई संसा मिटा, बंधन छूटे कोट॥
राग द्वेप सूँ रहित हैं, बैरागी निरबन्ध।
सहजो इच्छा ना रही, माया ब्रह्म की संध॥
आसन संजम साध करि, साध प्रान आपान।
सहजो मुद्रा जौ सधै, तौ जोगी परवान॥
तीनों बंध लगाय के, अनहद सुनै टकोर।
सहजो सुन्न समाधि में, नहीं साँझ नहिं भोर॥
ना सुख विद्या के पढ़े, ना सुख बादबिवाद।
साध सुखी सहजो कहै, लागै सुन्न समाध॥
मुये दुखी जीवत दुखी, दुखी भूख आहार।
साध सुखी सहजो कहै, पायो नित्त बिहार॥
चाह दुखी, आसा दुखी, महा दुखी अज्ञान।
साध सुखी सहजो कहै, पायो केवल ज्ञान॥
धनवन्ते सबही दुखी, निर्धन हैं दुखरूप।
साध सुखी सहजो कहै, पायो भेद अनूप॥
रंक दुखी, राजा दुखी, दुखी सकल संसार।
साध सुखी सहजो कहै, पाया भेद अपार॥
ना सुख दारा सुत महल, ना सुख भूप भये।
साध सुखी सहजो कहै, तृस्नारोग गये॥

## बैरागउपजावन को अंग

दोहा

सहजो भज हरि नाम कूँ, तजो जगत सूँ नेह।
अपना तो कोइ है नहीं, अपनी सगी न देह॥
यही कही गुरुदेव जू, यही पुकारैं सन्त।
सहजो तज या जगत कूँ, तोहि तजैगो अन्त॥

कलह कलपना दुख घना, सदा रहै मन भंग।
अकस भरे कूँ छोड़िये, सहजो जग बेढंग॥
जैसे सँड़सी लोह की, छिन पानी छिन आग।
ऐसे दुख सुख जगत के, सहजो तू मत पाग॥
अचरज जीवन जगत में, मरिबो साँचो जान।
सहजो अवसर जात है, हरि सूँ ना पहिचान॥
जग सेया जग में पगा, जग सँग दीन्हे प्रान।
राम तजै जग सूँ रचै, सहजो निश्चै हान॥
झूठा नाता जगत का, झूठा है घर बास।
यह तन झूठा देखकर, सहजो भई उदास॥
जब लग चावल धान में, तब लग उपजै आय।
जगछिलके कूँ तजि निकस, मुक्तिरूप ह्वै जाय॥
कुँटब सँगाती बीच में, आदि अन्त नहिं होय।
बीच मिले बिच ही गये, सहजो संग न कोय॥
सहजो स्वारथ सब लगे, दारा सुत औ बीर।
जीवत जोतैं बैल ज्यों, मुए चढ़ावैं सीर॥
